Johnson is a clerk in the Fada government office. His education in the mission school has already tempted him to imitate the white man's way of life. He meets Bamu, a ferry girl, likes her and proposes to marry her. Before the bargaining is done, Johnson is jubilant. The reader is led into his mind which is 'full of marriage and the ferry girl. He imagines her in a blouse and skirt, shoes and silk stockings, with a little felt hat full of feathers and makes a jump of two yards. All the advertisements of stays, camisoles, night gowns in the store catalogues pass through his imagination'.[2] He believes that his wife Bamu in the white lady's dress will be civilised and superior to the bush people whom he hates. A little later Johnson's actual position is made clear. The reader is told that he is a temporary clerk still on probation. But he is already much in debt within six months of his arrival. He spends money in giving parties almost every night and 'he seems to think that a man in his important position, a third-class government clerk is obliged to entertain on the grandest scale, with drums and smuggled gin.'[3]

Johnson is frantically eager to marry Bamu not only because she is beautiful but he is sure that after marriage she will be a civilised government lady. Johnson has no doubt that he is civilised and when he reads the letter of Celia, the English woman to her English husband, Rudbeck, 'he is convinced that she will admire Bamu very much and he imagines himself displaying Bamu to her and explaining that he is a civilized husband and how much Bamu appreciates being a

[1] Frederick, R. Karl, *A Guide to Contemporary, English Novel*, 1963, p. 130.

[2] Joyce Cary : *Mr. Johnson*, pp. 15-16.

[3] Ibid., p. 19.

111477

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

government lady, like herself.'[1] He goes home, builds up a picture of Mrs. Rubdeck from his imagination and tells his wife, 'she will be your friend, my dear Bamu, and you must study carefully and see how she behaves herself. She is a government lady and you are now a government lady and must learn civilized behaviour.'[2] The idea of being 'civilised' is rooted in his consciousness. Later, when he gets a job in a road-building project started by Rudbeck, his reason for road-building is that it will make people civilised. Nevertheless, Johnson, we find, is a victim of the civilisation which he has not been able to understand and assess properly. He is full of hatred for the native tribes but submissively plays into the hands of any white person he meets. As soon as he meets Mrs. Rudbeck, his one desire is to impress her that he is perfectly civilised. He cannot resist talking to her even about his wife and this he does in a lively dialogue in character in his broken English :

'I think you meet my wife, mam. She like to see you. She mos' clever girl, got very good brains'.

'But I should be delighted—do introduce me'.

'Oh, yes, mam—I like you to know her. She too lonely for all dese bush women in dis place. She too much civilized.'

'But you must bring her to see me.'

'Oh, yes, mam. I bring her. She bless you den. She long to see some civilised lady in Fada.'

'Did she come from the mission with you ?'

'She come small small from mission—just a little-she no talk English too good. But she always do like educated girl—she got clever brains. She always dress herself like proper government wife. She no 'gree for bush girl in Fada'.

'No' poor thing. She must be lonely.'

'Oh, yes, mam. She too lonely. She never fit to come to dis savage place, but she love me too much.

[1] Ibid., p. 63.

[2] Ibid., p. 64.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

She got too kind heart. She mos' clever kind girl in Fada. I tink, mam, you wait here small small. I go tell her you here.'[1]

Johnson wants Bamu to put on the white lady's dress so that Mrs. Rudbeck may get the impression that she is really civilised. Bamu, again, refused to wear the same. Mrs. Rudbeck entering admires Bamu in the native dress. Johnson agrees with Mrs. Rudbeck :

'She wear a cloth this morning, small small for clean de house,'

'Oh, but it suits her beautifully—I hope she always wear the native dress. It is so much nicer than those terrible mission frocks.[2]

This change in Johnson's outlook is not inconsistent and gives an individual dimension to his character. He becomes a full blooded individual. As E. M. Forster says, the round character is capable of 'surprising in a convincing way.'[3] Johnson, in spite of his obsession with the white man's civilization, does not cling to his belief doggedly. So far his attitude had been to debunk the native dress. Johnson gains moments of wisdom through experience. There is the native boy, Saleh, who was once the African Waziri's best friend but was thrust into prison because of his act of disobedience. Johnson meets him in prison and seeing the boy's fate reflects philosophically :—

'A most surprising thing, 'Johnson says in wonder, 'That boy was a most influential person the Waziri's best friend he had great power, and now, poor chap, well. You saw him. It makes you think, friends.'[4]

He never cared to think that his attempt to imitate an alien way of life was tragic and ironical. When he is about to die his state of mind fluctuates. 'His body and legs are not

[1] *Ibid.*, p. 106.

[2] *Ibid.*, pp. 107-108.

[3] E. M. Forster : *Aspects of the Novel*, 1963, p. 85.

[4] *Mr. Johnson*, p. 223.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

heroic. They are so languid with fear that they seem to be dead already.[1] But he is too innocent to analyse the cause of his sad fate. He is still devoted to Rudbeck and transcends his personal self when he realizes the greatness of Rudbeck. He emerges as a tragic hero. Like Lord Jim, he 'is no more', but, as Conrad writes of Lord Jim, 'the reality of his existence' has an immense and overwhelming force.[2]

Cary's study of another individual character is Aissa in *Aissa Saved*. Aissa, once the most popular African serving girl in Fanta's beer-house in Kolu, spoils her career through her own carelessness. She quarrels with Fanta, African barman, gets involved with Gajere, a native, a worthless fellow and has a child by him. She is rude and obstinate in her manners. 'She was the sort of girl who could not take advice and could not control herself like a sensible creature. She could not understand that her good days were over.' And then comes the splendid Cary manner, inimitable, witty, paradoxical and lyrical: 'Like a spoilt beauty she thought that the world must be turned upside down to give her sunshine at midnight.'[3] One of the methods of individualising characters for Cary is sympathetic presentation. Aissa, who abuses a member of Council, insults all the priests and mallams and juju men for their refusal to give her baby medicine because she cannot pay has her own reasons. 'The stupidest could perceive the workings of her brain while she rushed from place to place, bewildered, incredulous, tumbling from one trouble into another, and always a worse one. Everyone except the youngest understood because everybody had suffered the same kind of misfortunes himself.'[4] Sick and starving, jeered at by elders and their children of the Shibi village she is helped by two mission-boys who take her to the mission. She undergoes a change there, both physical and spiritual, and becomes 'a quick and hard-working pupil'[5]

[1] *Ibid.*, p. 248.
[2] J. Conrad: *Lord Jim*, p. 376.
[3] *Aissa Saved*, p. 46.
[4] *Ibid.*, p. 47.
[5] *Ibid.*, p. 47.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

In the conflict between the pagans and the missionaries following her conversion, Aissa illustrates Cary's art where the individual character however swept along the stream of events through which other characters also pass, stands apart from the crowded scene and is conspicuously his own recognisable self. Aissa in the novel now joins the Christians and represents their temperament, the next moment she goes over to the Pagans and starts howling at the Christians. This shows her fluid self which does not display her marked individual traits. She is just one of the many characters who are enmeshed in the rush of events. But there are moments when she stands apart and evolves her own religion. What enables Aissa to have a vision of God is the Creative Imagination at work in her which other characters quite obviously lack: such a vision comes upon her in the bush after she has been thrown there by Aditutu, a native woman. She closes her eyes and finds that she was full of the spirit of Jesus. She felt him in every part of her like strong beer making her heart beat furiously with the courage of a warrior, her brain hot with bold glorious thoughts, and all her muscles jump with energy and joy.'[1]

The character of Amanda in *The Moonlight* is a fascinating study of a modern girl whose attitude to sex is indefinite and changes too often when she comes into contact with two young male characters of different temperaments. Amanda is attracted to Harry, one of the mowers. But she cannot adjust herself to the position of a farmer that Harry is. She cannot accept Robin as well. Like her mother Ella, she cannot elope with him when his wife is still alive. She has also that little bit of conscience. We are puzzled to find her say a little later: 'I don't think I've any morals at all. No. I'm sure I haven't. Why should I have ?"[2] Cary admirably dramatises the vacillations of Amanda who cannot commit herself to a definite principle.[3] Amanda has a sexual revulsion. She cannot

[1] Ibid., p. 178.

[2] *The Moonlight*, p. 172.

[3] *Ibid.*, pp. 169-172.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stand the noise coming from the farm where Harry is at work and who stands for natural expression of sexual vitality. She, not surprisingly, yields to the sensualism of Robin, though she knows that it is something mechanical. Her spite towards Harry is her inability to reconcile this conflict between fleshly sensualism and spontaneous response to sex. So we find her nervous, restless and emotionally unstable. Throughout the novel Amanda suffers from a Hamlet Complex which justifies her state of indecisiveness. She is angry with her mother for plotting to send her to the fair with Harry. But at the fair a change comes over her. She is shaken of her stiffness towards Harry. 'She welcomed the feeling of a joint existence with Harry, a perfect clockwork harmony, in which her body and Harry's body and the hammering, throbbing music were all part of one long, slow, complicated intoxication.'[1] This lyrical sensation marks the triumph of Harry's buoyant masculinity over Amanda's aversion to sex. This may lead some to think that Cary has failed to maintain consistency in characterisation. The suspicion is clarified when we come to the final portion of the novel and find Amanda left by Robin, and Harry, unwilling to be tied down by marriage-chains. We have little doubt that her delight in sexual contact with Harry was not an expression of her moral standpoint and fixity of purpose. Amanda is a product of an age which threw up problems of sex and marriage to which the conventional Victorian morality was not an easy solution. Hence, she remains for us an enigma and a character in "recoil", so characteristic of the twentieth century and the modern novel as exemplified by Ihab Hassan in his book *Radical Innocence* (1961).

These illustrations show that Cary's art is mature and he is not a minor novelist as he is supposed to be. Johnson, an African clerk in *Mr. Johnson*, who finds himself in a dilemma because he cannot understand an alien culture is convincingly portrayed. Aissa, a christianised pagan, in *Aissa Saved* is imbued with the Creative Imagination which moves her to seek

[1] *Ibid.*, p. 215.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

communion with God and thus stands apart as an individual being though she is almost lost in the conflict between the pagans and the missionaries. Amanda in *The Moonlight* is a vacillating modern girl who cannot form a definite attitude to such questions as sex and marriage. Cary's characterisation is capable of various shades which are the hallmarks of a major novelist of the century.

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचार्य हेमचन्द्र कालीन भारतीय समाज†

डा० जयशंकर मिश्र
इतिहास विभाग

जैन आचार्य हेमचन्द्र (जन्म वि० सं० ११४५, मृत्यु वि० सं० १२२९) अपने युग के प्रकाड पंडित और अप्रतिम विद्वान थे। वे साहित्य और भाषा-शास्त्र के विभिन्न विषयों के अतिरिक्त तर्कशास्त्र-मीमांसा और इतिहास-संस्कृति के भी समान विचारक थे। चौलुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज और कुमारपाल की राज्यसभा के वे अग्रणी और सर्वश्रेष्ठ पंडित थे। संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश आदि भाषाओं पर इनका समान अधिकार था। इन्होंने विभिन्न विषयों पर विभिन्न भाषाओं में रचना की है। प्राकृत द्वयाश्रय और कुमारपालचरित, सिद्धहेमशब्दानुशासन, छंदोनुशासन, लिंगानुशासन, उणादिगणसूत्र, देशी-नाममाला, अभिधानचिन्तामणि, त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित, योगशास्त्र, प्रमाणमीमांसा, अनेकार्थसंग्रह इनके प्रमुख ग्रंथ हैं। इन ग्रंथों में इन्होंने साहित्य के विभिन्न शाखाओं-प्रशाखाओं पर नए सिरे से विचार किया है, साथ ही तत्कालीन भारतीय समाज पर भी यत्र-तत्र प्रकाश डाला है, जिससे तत्कालीन समाज का स्वरूप स्पष्ट दिखाई पड़ता है। आज तक हेमचन्द्र के समाज-संबंधी विवरण उपेक्षित से रहे हैं। यहाँ तक कि, डा० ए० के० मजुमदार ने अपने 'चोलुक्याज अव गुजरात' ग्रंथ में भी इस संबंध में कुछ नहीं लिखा है। प्रस्तुत निबन्ध में उनके तत्संबंधी उल्लेखों का विश्लेषण और मूल्यांकन किया जा रहा है।

वर्ण-व्यवस्था

भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था का अस्तित्व प्राचीन है। वर्ण चार थे, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।[1] आचार्य हेमचन्द्र के समय में भी चार वर्ण थे।[2] उनका कथन है कि चार वर्णों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं।[3] हेमचन्द्र के समय से कुछ पूर्व भारत की यात्रा करने वाले अरब-लेखक[4] अलबीरुनी (मृत्यु १०४८ ई०) ने भारत के इन्हीं

†नोट—प्रस्तुत निबन्ध में डा० बुद्ध प्रकाश लिखित Some Aspects of Indian cul. on the Eva of Muslim Invasion पुस्तक से अनेक स्थलों पर सहायता ली गई है।

[1] **शतपथ ब्राह्मण**, ५. ५. ४९; **निरुक्त** ३. ८; 'अपण्डक जातक'—**जातक**—भदंत आनंद कौशल्यायन, प्रथम खंड, पृ० १३६, १९४१, पाणिनि; 'ब्राह्मण क्षत्रियविटशूद्राः' (वर्णानामानुपूर्वेण पूर्वनिपातः, २।२।३४ वा०)।

[2] चत्वार एव वर्णाश्चातुर्वर्ण्यम—**सिद्धहैमशब्दानुशासन**, ७।२।१६४।

[3] "चातुवर्ण्य द्विजक्षत्रवैश्यशूद्र नृणा भिदः"—**अभिधान चिन्तामणि**, ३।८०७।

[4] "अलबीरूनी का भारत प्रवास और भ्रमण"—**काशी नागरीप्रचारिणी पत्रिका**, वर्ष ६६, अंक १, सं० २०१८, पृ० ६८-७८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चार वर्णों का उल्लेख किया है।[1] वस्तुतः ये चार वर्ण प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। इस वर्ण व्यवस्था का प्रेरक तत्व निश्चय ही व्यक्ति का व्यवसाय और कर्म था, जिस पर समाज-विश्लेषकों की दृष्टि थी। प्राचीन काल से चार वर्णों में विभाजित भारतीय जाति मध्ययुग में भी तद्नुरूप ही थी। यद्यपि वर्ण-विभाजन में जन्मगत आधार का बीज 'कुल' और 'वंश' के नाम से आ गया था, तथापि वर्ण-व्यवस्था में व्यक्ति के व्यवसाय और कर्म का महत्त्व अपेक्षाकृत अधिक था।[2]

ब्राह्मण

हिन्दू समाज में ब्राह्मणों की स्थिति उच्चतम थी। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक आदि सभी पक्षों में उनकी प्रधानता मान्य थी। प्राचीन धर्मशास्त्रों ने इनकी उत्पत्ति ब्रह्मा के मुख से मानी है।[3] कदाचित् इसी कारण इनकी सर्वोच्चता हिन्दू समाज में मान्य थी। आचार्य हेमचन्द्र का कथन है कि ब्राह्मण ब्रह्मा की संतान हैं।[4] यहाँ "ब्रह्मा" से उनका तात्पर्य हिन्दुओं के पौराणिक "ब्रह्मा" से नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक गुण-संपत्ति युक्त और सद्चरित्रता से विभूषित व्यक्ति "ब्रह्मा" के नाम से संबोधित किया गया है। अतः "ब्राह्मण्य" शब्द उनके लिए प्रयुक्त होता था।[5] हेमचन्द्र का दृढ़ मत है कि जो ब्राह्मण सद्चरित्रता, मननशीलता आदि गुणों से रहित है तथा अपने मौलिक कर्त्तव्यों को त्याग कर "आयुधजीवी" (अस्त्र-शस्त्र से जीविकोपार्जन करने वाला) हो जाता है, वह नाम मात्र का ब्राह्मण होता है।[6] ब्राह्मणों के अन्य पर्यायवाची नामों में उन्होंने "षट्कर्मा" नाम भी दिया है।[7] शुक्र के अनुसार जो ज्ञान, कर्म और उपासना से देवता के आराधन में तत्पर, शांत, दांत और दयालु था, वही ब्राह्मण था।[8] "षट्कर्मों" में ये कर्तव्य थे: १—वेद पढ़ना, २—वेद पढ़ाना, ३—यज्ञ करना, ४—यज्ञ कराना, ५—दान

---

[1] **तहकीक-मालिल-हिंद,** पृ० ५० (अनुवादक, संखाउ, अलबीरूनीज़ इंडिया)।

[2] "पूर्वमध्ययुगीन भारतीय वर्णव्यवस्था", **बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी जर्नल,** अङ्क ८, भाग १, पृ० २२३-३४, ६२

[3] **महा०,** शांति०, ७२. १७-१८; ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वैश्याः शूद्राश्च द्विजसत्तम।
पादोरुपक्षः स्थलता मुखतश्च समुद्गता ॥
विष्णु पुराण १. ६. ६।

[4] "ब्रह्मणोऽपत्यं ब्राह्मणाः," **सिद्धहैमशब्दानुशासन,** ७।१।१८४।

[5] **अभिधान चिन्तामणि,** ६. १४१९, **लिंगानुशासन,** पृ० १४२, पंक्ति २०।

[6] "ब्राह्मणानाम्नि"—"यत्रायुधजीविनः काण्डस्पष्टा नाम ब्राह्मणाः भवन्ति। आयुधजीवी ब्राह्मण एव ब्राह्मणक इत्यन्ये।"—**सिद्धहैमशब्दानुशासन,** ७।१।१८४।

[7] "अवदानं कर्म शुद्धं, ब्राह्मणस्तु त्रयीमुखः ॥
भूदेवो वाडवो विप्रो द्वयग्राम्यां जाति-जन्म-जाः।
वर्णजेष्ठः सूत्रकण्ठः षटकर्मा मुखसम्भवः ॥ **अभिधान चिन्तामणि,** ३. १८११-१२।

[8] ज्ञानकर्मोपासनाभिर्देवताराधनेरतः।
शांतोदांतोदयालुश्च ब्राह्मणश्चगुणैः कृतः ॥ **शुक्र०** ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेना, और ६—दान देना।[१] अलबीरूनी ने भी ब्राह्मणों के कुछ इसी प्रकार के कार्यों का निर्देश किया है। वह लिखता है कि ब्राह्मण के संपूर्ण जीवन में पुण्य के कार्य, दान लेना और दान देना हैं। वह निरन्तर पढ़े, यज्ञ करे[२] तथा वेद को पढ़ाए।[३] शुक्र का यह विकल्प है कि ब्राह्मण दांत (जितेन्द्रिय), कुलीन, मध्यस्थ (समबुद्धि), अनुद्वेगकारी अटल, परलोक से डरनेवाला, धार्मिक, उद्योगी और क्रोध रहित हो।[४] हेमचन्द्र ने ब्रह्मतेज उन्हीं ब्राह्मणों में वर्तमान बताया है, जिनमें आध्यात्मिक बल हो।[५] अतः कहा जा सकता है कि समाज में ब्राह्मणों के सद्आचरण, सद्व्यवहार, सद्वृत्ति और सद्भाव से निवास करने की अपेक्षा की जाती थी। "सभाशृंगार" नामक ग्रंथ में ब्राह्मणों के लिए निर्देश किया गया है कि जो धोती और उत्तरीय धारण करे, सिर भद्र रखे तथा शिखा फहराए, भाल पर तिलक लगाए, गायत्री मंत्र का जप करे, दिन में तीन बार संध्या करे, प्रातः स्नान करे, नित्य दान करे, वेद पढ़े, वेदान्त का ज्ञाता हो, सिद्धान्त चर्चा करे, देव, गुरु, ऋषि और पितृ का तर्पण करे, वही नैष्ठिक ब्राह्मण है।[६] इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि उपरिलिखित निर्देशों के विपरीत चलने वाला प्रकृततः ब्राह्मणों की श्रेणी में नहीं आता था। ऐसा लगता है कि हेमचन्द्र के काल में ब्राह्मण अपने स्वाभाविक कर्त्तव्यों से विमुख होने लगे थे तथा विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में रुचि लेने लगे थे, इसीलिए हेमचन्द्र ने उन्हें केवल नाम का ब्राह्मण कहा है और उनके ब्राह्मणेत्तर कर्तव्यों की भर्त्सना की है। हेमचन्द्र कहते हैं कि "कलिंग में ब्राह्मणों की प्रतिष्ठा नहीं है।[७] इस अप्रतिष्ठा का कारण अपने कर्त्तव्यों से च्युत होना तो है ही, साथ ही उनकी वैमनस्यता भी है।[८] वे दूसरे धर्मावलंबियों के प्रति द्वेष-भाव रखते थे। हेमचन्द्र ने "ब्राह्मणश्रमणम्" का उदाहरण देकर उनके मनोमालिन्य का संकेत किया है।

---

[१] अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा।
दानं प्रतिग्रहंचैव ब्राह्मणानामकल्पयत॥ **मनु०** १.८८॥

[२] **तहकीकमालिल्हिंद,** पृ० २६१।

[३] **वही,** पृ० २७०।

[४] दान्तं कुलीनंमध्यस्थमनद्वेगकारस्थिरम्।
परत्रभीरुधर्मिष्ठामुधुवत्तक्रोधवर्जितम्॥ **शुक्र०** ४.४३६।

[५] सूत्र—"ब्रह्मावर्चसम" **सिद्धहैमशब्दानुशासन,** ७।३।८३।

[६] उत्तरासंग धोती, सऊतरिऊ जनोइ, हाथि प्रबीती,
सिरु भद्रियउ, सिखा फरहरती, तिलकु वधारियउ,
गात्री सारु, त्रिकाल संध्याराधनु, प्रभात स्नानु, नित्यदानु।
वेद पढ़इ, वेदांन्त जाणइ, सिद्धांत वखाणइ,
देव तर्पणु, ऋषि तर्पणु, पितृ तर्पणु,
इसउनैष्टिकु ब्राह्मणु। **"सभाशृंगार"** संपा० अगरचंद नाहटा, का० ना० प्र० सभा, पृ० १४८।

[७] "न कलिंगेषु ब्राह्मणमहत्तमम"—**सिद्धहैमशब्दानुशासन,** ५।२।११।

[८] "नित्यवैरस्य", **वही,** ३।१।१४१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मणों को प्राचीनकाल में कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त थे, जो राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और बौद्धिक सभी प्रकार के थे। इस युग में भी ब्राह्मणों को ऐसी सुविधाएँ प्राप्त थीं, जिनसे वे समाज में अन्य वर्णों की अपेक्षा श्रेष्ठ समझे जाते थे। डाक्टर बुद्ध प्रकाश ने आचार्य हेमचन्द्र का उद्धरण देते हुए ब्राह्मणों की विशेष सुविधाओं की समीक्षा की है।[1]

ब्राह्मणों को आपत्तिकाल में जब कर्त्तव्य से च्युत होना पड़ता था, तब उन्हें पोषण के लिए ब्राह्मणेतर व्यवसाय अपनाना पड़ता था। इस तरह के आपातकालिक कर्मों का निर्देश भारतीय धर्मशास्त्रकारों ने किया है। ऐसी अवस्था में इतर कर्म को ग्रहण करने वाला ब्राह्मण केवल नाम का ब्राह्मण होता था, कर्म से वह ब्राह्मण नहीं होता था। आपातकाल में ब्राह्मण "आयुधजीवी"[2] "व्यापारोपजीवी"[3] तथा "व्याजोपजीवी" हो सकता था।[4] किन्तु आचार्य हेमचन्द्र ने ब्राह्मणों के इतर कर्म निंद्य माने हैं और उसे सामाजिक दृष्टि से अनुचित बताया है। उनका मत है कि जो ब्राह्मण सोम का विक्रय करता है, घी का विक्रय करता है तथा तेल का विक्रय करता है, वह निंदनीय है।[5] निश्चय ही आचार्य हेमचंद्र का विचार ब्राह्मणों के प्रति तटस्थ सा है। उनके विचार से प्रत्येक वर्ण को अपना कर्म करना चाहिए। किन्तु इसी युग के कुछ ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिनसे स्पष्ट होता है कि ब्राह्मण विभिन्न कर्मों को करते थे। ब्राह्मण मंत्री होते थे,[6] नगर-प्रमुख होते थे,[7] दंडनायक होते थे,[8] मूर्तिकार होते थे,[9] अभिलेखों के रचयिता होते थे।[10] वे राष्ट्र और राजा की रक्षा अपनी सलाह देकर करते थे।[11] विक्रम संवत् १२१३ के कुमारपाल के नाडौल अभिलेख में उसके मंत्री का नाम वहड़देव लिखा है, जो संभवतः उसके प्रारंभिक राज्यकाल में उदयन का पुत्र था। वह दंडाधिपति के साथ-साथ महामात्य भी था।[12]

---

[1] Buddha Praksh: *Some Aspects of Indian Culture on the Eve of Muslim Invasions. p.* 39.

[2] EI., II, 30 1.

[3] **मनु०** १०. ८९।

[4] **कृत्यकल्पतरु**, गृहस्थकांड, २१४-२१।

[5] **शब्दानुशासन**, ५।९।१५९।

[6] **राजतरंगिणी**, ८. १०८, के *BI.*, 3, 32; *IHQ.* XV, p. 581.

[7] राजतरंगिणी, ७. १०८।

[8] *EI.*, II, 301.

[9] बकुलस्वामी (गिरनार अभिलेख, *RLARBP.*, 322)

[10] कमौली प्लेट में मनोरथ, *EI.*, II, 394; सोमेश्वर, गुजरात में *EI.*, I, 31; चालुक्य भीम द्वितीय के अन्तर्गत माधव *EI.*, XV, 57.

[11] *EI., I*,p. 293.

[12] **रासमाला**, अध्याय १३, पृ० २३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हेमचन्द्र ने विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मणों को उनके प्रदेश के नाम के साथ संबोधित किया है, जैसे सौराष्ट्र में निवास करने वाले ब्राह्मण "सौराष्ट्रिक" अथवा "सुराष्ट्र ब्राह्मण" कहे गए हैं, अवंति में निवास करने वाले "अवन्ति ब्राह्मण" कहे गए हैं तथा काशी में बसने वाले "काशि ब्राह्मण" नाम से अभिहित हैं।[1] "पांचाल ब्राह्मणों" का भी उल्लेख हेमचन्द्र ने किया है।[2] हेमचन्द्र द्वारा दिए गए, विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मणों के इन उल्लेखों से उनकी व्यापकता और उनका विस्तार प्रकट होता है। साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि उन प्रदेशों के ब्राह्मणों का समाज में उत्कृष्ट स्थान था।

क्षत्रिय

क्षत्रियों का हिन्दू समाज में प्रमुख स्थान था। समाज के परिपोषण और रक्षण में उनका अभूतपूर्व योग था। देश और जनता की व्यवस्था का रक्षात्मक और निर्देशात्मक भार क्षत्रिय समुदाय पर था। मध्यकाल में ही नहीं, प्राचीन काल में भी जब-जब देश पर शत्रुओं का आक्रमण हुआ, क्षत्रियों ने निष्ठा और साहस के साथ देश और प्रजा की रक्षा की। अतः शूरता और वीरता की दृष्टि से क्षत्रियों का मान समाज में ब्राह्मणों की अपेक्षा अधिक था। नवीं शती के अरबी लेखक इब्न खुर्दाज्बा ने लिखा है कि क्षत्रियों के संमुख सभी सिर झुकाते हैं, लेकिन वे किसी को सिर नहीं झुकाते।[3] इस कथन से स्पष्ट है कि उनका समाज में आदरपूर्ण स्थान था।

हेमचन्द्र ने "क्षत्रिय" शब्द को "क्षत्र" शब्द से व्युत्पन्न मानकर तथा "इय" प्रत्यय के साथ जोड़कर जाति अर्थ में प्रयुक्त होना बताया है।[4] किन्तु लक्ष्मीधर ने "क्षत्रिय" शब्द को "क्षतात्त्राणम्" से निःसृत माना है।[5] "क्षतातत्राणम्", अर्थात् उनका कर्म था अन्य तीन वर्णों के लोगों की हानि अथवा भय से रक्षा करना। हेमचन्द्र ने "क्षत्रिय" और "राजन" शब्द पर विचार करते हुए लिखा है कि क्षत्रिय जाति के अभिषिक्त व्यक्ति "राजन्" के नाम से अभिहित थे और क्षत्रियेतर जाति के प्रशासक व्यक्ति "राजन्य" के नाम से संबोधित किए जाते थे।[6] यही नहीं, हेमचन्द्र ने संघीय शासन में भाग लेने के अधिकारी "क्षत्रिय" कुल

---

[1] "सुराष्ट्रे ब्रह्मा सुराष्ट्र ब्रह्मः। यः सुराष्ट्रेषु वसति स सौराष्ट्रिको ब्राह्मण इत्यर्थः। एवमवन्ति ब्राह्मणः, काशि ब्राह्मणः"—**सिद्धहेमशब्दानुशासन, ७।३।१०७।**

[2] "पंचालस्य ब्राह्मणस्य राजा पांचालः, पंचालस्य ब्राह्मणस्यापत्यं वा पांचालः" **वही, ६।१।११४।**

[3] **किताबुल-मसालिग-वल् ममालिक,** पृ० ७१, लीडन, १८८९।

[4] "क्षत्रादित्यः—" "क्षत्रस्यापत्यं क्षत्रियः जातिश्चेत"—**सिद्धहेमशब्दानुशासन,** ३।३।१।९३।

[5] **कृत्यकल्पतरु,** गृहस्थ०, पृ० २५२।

[6] "जातो राज्ञः"—"राजन् शब्दादपत्यै जातौ गम्यमानायां यः प्रत्ययो भवति, यथा राज्ञोऽपत्यं राजन्यः क्षत्रियजातिश्चेत्। राजनोऽन्यः।—**शिद्धहैमशब्दानुशासन, ६।१।९२।**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के व्यक्तियों को भी "राजन्य" नाम दिया है।[1] अतः इस विवेचन से स्पष्ट है कि क्षत्रिय वर्ग के अंतर्गत "राजन्" और "राजन्य" दोनों आते थे।

क्षत्रियों का कर्म अत्यंत महत्वपूर्ण था। शुक्र के अनुसार जो लोक की रक्षा करने में दक्ष, वीर, दांत, पराक्रमी और दुष्टों को दंड देने वाला हो, वही क्षत्रिय है।[2] आचार्य हेमचन्द्र ने क्षत्रियों की "शूरता" को ही "पुरुषार्थ" माना है।[3] ऐसा लगता है हेमचन्द्र ने क्षत्रियों के "पुरुषार्थ" के अंतर्गत अन्य सभी कर्मों को निहित कर लिया है। हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती सम्राट् भोज की यह व्यवस्था है कि जो वीर, उत्साही शरण देने और रक्षा करने में समर्थ, दृढ़ और विशाल शरीर वाले थे, वे संसार में क्षत्रिय हुए। उनका काम ब्राह्मणों के लिए निर्दिष्ट कार्यों के अतिरिक्त विक्रमशील होना, प्रजा की रक्षा, उनके भाग आदि का प्रबन्ध और व्यवस्था करना था।[4] अतः हेमचन्द्र द्वारा निर्दिष्ट "क्षत्रिय" वर्ग के पुरुषार्थ का भाष्य भोज के उपरिलिखित कथन से भली प्रकार हो जाता है। एक स्थल पर आचार्य हेमचन्द्र ने क्षत्रियों के पाँच नाम दिए हैं, जो इस प्रकार हैं: 'क्षत्रम्, क्षत्रिय, राजा, राजन्य और बाहुसंभव'।[5] लेकिन, इतना अवश्य है कि क्षत्रिय वर्ग का मुख्य कार्य प्रजा और शासन की देखभाल करना था। इस संबंध में अरबयात्री अलबीरुनी का कथन युक्तियुक्त है कि "क्षत्रिय वेद को पढ़ता है, पढ़ाता नहीं। वह यज्ञ करता है, पुराणों के नियमानुसार आचरण करता है। वह प्रजा पर शासन करता है और उनकी रक्षा करता है। क्योंकि वह इसी निमित्त पैदा किया गया है।[6]

आचार्य हेमचन्द्र ने विभिन्न प्रदेशों में रहने वाले क्षत्रियों को प्रदेशों के नाम के साथ जोड़कर नवीन नाम दिए हैं। उनके अनुसार मगध में "मागध जाति" के क्षत्रिय वास करते थे।[7] इसी प्रकार यौधेय, मालव, पांचाल आदि जाति के क्षत्रिय तत्तत प्रदेशों में बसते थे। हेमचन्द्र ने इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रियों को "आदि क्षत्रिय" माना है।[8] भोज परमार के नाम पर मालवा के परमार क्षत्रियों को इन्होंने "भोजवंशजा" कहा है।[9] "सभाश्रृंगार" नामक ग्रंथ में राजपूत क्षत्रियों के छत्तीस वर्ग मिलते हैं: जो इस प्रकार हैं:" परमार, राठौर, कौहाण (चौहान या चाहमान), गहिलौत (गिहलौत) दहिया, सेणचाः बौरी, बगछा, सौलंकी, सीसोदिया, खैरमारी, नाकुंभ, गोहिल, चावड़ा, झाला,

---

[1] "राजन्यादिभ्योऽकञ्"—**वही**, ६।२।६६।

[2] **शुक्र०**, १.४१।

[3] "क्षत्रियः पुरुषांणां पुरुषेणु वा शरतमः"—**सिद्धहैमशब्दानुशासन**, २. २. १०-९।

[4] येतु शूरा महोत्साहाः शरण्या रक्षण क्षमाः ॥
दृढ़व्यायत देहाश्च क्षत्रियास्त इहाभवन्।
विक्रमोलोकसरंक्षा विभागौ व्यवसायिता ॥ **सबरांगणसूत्रधार**, ७. ११-१२।

[5] "क्षत्रं तु क्षत्रियो राजा, राजन्यो बाहुसंभवः ॥**अभिधानचिन्तामणि**, ३. ८६३।

[6] **तहकीक-माल्लि-हिंद**, पृ० २७४।

[7] "मगधानां राजा, मगधस्यापत्यं वा मागधः"—**सिद्धहैमशब्दानुशाशन**, ६।१।११६।

[8] "इश्वाकुः आदि क्षत्रियः"—**उणादिसूत्रवृत्ति**, ७५६।

[9] "भोज्या—भोजवंशजा क्षत्रियाः"—**सिद्धहैमशब्दानुशासन**, २।४।८१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छुर, कगवा, जैठुवा, रोहर, वूस, बोरण, खीची, खरवड़, डोडिया, हरिवड़, डाभी, तूंअर, कोरड, गोड, मकवाड़ा, यादव, कछवाहा, भाटी, सोनिगरा, देवड़ा, चंद्रावत।[1] ये छत्तीस राजकुल थे जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में निवास करते थे।

वैश्य

भारतीय समाज में राष्ट्र की अर्थ-नीति, व्यापार-प्रणाली का भार वैश्यों के हाथ में था। देश और समाज की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ और सुसंगठित बनाने के लिए वैश्य वर्ग को नियोजित किया गया था। अतः राष्ट्र के आर्थिक व्यवहार का संचालन वैश्य करते थे।

आचार्य हेमचन्द्र ने "वैश्य" के लिए "अर्य" शब्द का प्रयोग किया है।[2] उनका यह प्रयोग पाणिनि के आधार पर है। पाणिनि ने भी वैश्य के लिए 'अर्य' व्यवहृत किया है सम्भवतः उन्होंने पाणिनि के तत्संबंधी सूत्र को थोड़े परिवर्तन के साथ गृहीत कर लिया है। हेमचन्द्र ने वैश्यों के छः नाम दिए हैं : अर्या, भूमिस्पर्शः, वैश्या, ऊरव्या, ऊरुजाः और विशः।[3] इस प्रकार स्पष्ट है कि हेमचन्द्र के काल तक वैश्यों के लिए उपरिलिखित छहो नाम प्रचलित थे।

वैश्यों का प्रमुख कार्य पशुओं की रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, वेद पढ़ना, व्याज लेना और खेती करना था।[4] इस संबंध में हेमचन्द्र का कथन है कि वाणिज्य, पशु पालन और कृषि वैश्यों की प्रधान वृत्तियाँ हैं।[5] उन्होंने इनके छह आजीविका का भी निर्देश किया है जो इस प्रकार हैं "आजीव, जीवनम, वार्त्ता, जीविका वृत्ति और वेतन।[6] अलबीरूनी का कथन है कि वैश्य का धर्म है कि खेती करे, भूमि को जोते, पशु पाले और ब्राह्मणों की आवश्यकता को पूरी करे।[7] वैश्यों के व्यापार करने का निर्देश अलबीरुनी ने नहीं किया है। अलबीरूनी के पूर्ववर्ती अरब लेखक इब्नखुर्दाज्बा ने वैश्यों को कारीगर और घर-गृहस्थी के कार्यों में निपुण बताया है।[8] हेमचन्द्र से कुछ ही पहले होने वाले अरब लेखक अल-इदरीसी ने वैश्यों को कला-कौशल में निपुण तथा मिस्त्री निर्देशित किया

---

[1] **सभाशृंगार**, पृ० १४९।
नोटः—कल्हण ने अपनी "राजतरंगिणी (७. १६१७) में भी राजपूतों के ३६ कुलों का निर्देश किया है, जिससे स्पष्ट होता है कि ये "कुल' १२वीं सदी के बहुत पहले सर्व विदित थे।

[2] "स्वामिवैश्यर्यः"—**सिद्धहैमशब्दानुशासन**, ५।१।३३।

[3] "अर्यः स्वामि वैश्ययो"—**पाणिनि०**, ३. १०. १०३।

[4] "अर्या भूमिस्पर्शो वैश्या, ऊरव्या ऊरुजा विशः"—**अभिधान चिन्तामणि**, ३.८६४।

[5] **मनु०** १. १९०, **कौ० अ०**, १. ३७, **शुक्र०** १. ४२।

[6] "वाणिज्यं पाशुपाल्यं च, कर्षणं चेति वृत्तयः। **अभिधान चिन्तामणि**, ३. ८६४।

[7] "आजीवो जीवनं वार्त्ता, जीविका वृत्ति वेतने"—**वही**, ३. ८६५।

[8] **तहकीक-मालिल्-हिंद**, पृ० २७१।

[9] *ED.*, Vol. II, p. 16.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है ।[1] अतः स्पष्ट है कि आचार्य हेमचन्द्र के काल तक आते-आते वैश्यों के कर्मों में काफी परिवर्तन होता गया । वे केवल व्यावसायिक कार्य से ही सम्बद्ध थे ।

हेमचन्द्र ने व्यापार करनेवाले वैश्यों को आठ प्रकार का बतलाया है : "वाणिजः, वणिक, क्रय विक्रयिक, पण्याजीवी, आपणिक, नैगमः, क्रयिक, और क्रयी ।[2] वस्तुएँ खरीदने वालों को उन्होंने तीन नाम दिए हैं, क्रायक, क्रयिक और क्रयी ।[3] इसी तरह तीन नाम वस्तुएँ बेचने वाले को भी दिए हैं : विक्रायक, विक्रयिक और विक्रयी ।[4]

डा० अल्तेकर[5] और घुर्ये का मत है कि वैश्य कालान्तर में शूद्र की स्थिति तक आ गए । किन्तु हेमचन्द्र के उपरिलिखित विवरण के विवेचन से यह स्पस्ट परिलक्षित होता है कि मध्यकाल में वैश्यों की स्थिति शूद्रों के समानान्तर नहीं थी, बल्कि प्राचीन काल से उनका जो स्थान समाज में था, वह अब भी था । अंतर केवल एक बात का था, वह यह कि उनको प्राचीन काल में वेद पढ़ने का जो अधिकार था. वह इस काल में सम्भवतः आबद्ध सा हो गया था । किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि उनकी अवस्था शूद्रों के समकक्ष थी । भारतीय ग्राम विभिन्न जाति के लोगों के आवास से सर्वथा परिपूर्ण होते थे । ग्राम अथवा शहर की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले सभी व्यवसाय के लोग उसमें रहते थे जिसमें केवल वैश्य और शूद्र ही नहीं ब्राह्मण और क्षत्रिय भी शामिल थे । "सभाश्रृंगार" के एक वर्णन से विदित होता है कि नगर में अनेक व्यवसायों को करने वाले तथा सभी वर्ण के लोग निवास करते थे—

> "तथा महासार्थवाह । इभ्य श्रेष्ठि । व्यवहारिक । दौपिक । नैस्तिक । प्रमुख अस्तोक । कवि अणलोक ।
>
> तथा सुवर्णकार । कांस्यकार । दंतकार । लोहकार । शिल्पकार । रथकार । सूत्रधार । सूपकार । चित्रकार । कुंभकार । मालाकार रूप प्रमुख बसइं ।.....
>
> नगर ज्ञातीय । श्रीमालज्ञातीय । डीडवाल । संडरवाल । जालंधरीय । सत्यपुरीय ।
>
> प्रमुख ब्राह्मण ।
>
> सोमवंशीय । सूर्यवंशीय । हरिवंशीय । उग्रकुली : भोगकुली । सोलंकीय गुहिल्ल । उच्च । परमार । प्रतिहार । चौलुक्य । सकल प्रमुख क्षत्रिय ।

---

[1] *Ibid.*, p. 76.

[2] "सत्यानृतं तु वाणिज्यं, वणिज्या वणिजो वणिक ।
क्रयविक्रयिकः पण्याजीवाऽऽपणिकनैगमाः ।। **अभिधानचिन्तामणि**, ३. ८६७ ।

[3] **वही**, ३. ८६८ ।

[4] **वही** ।

[5] *The Rashtrakutas and their Times*, pp. 332-33.

[6] *Caste and Class in India*, pp. 57, 64, 88, 96.

[7] सभाश्रृंगार, पृ० ११ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिल्पकार। स्वर्णकार।.....प्रमुख वैश्य वर्ण।
प्रमुख, सौद्र।[1]

इस वर्णन से वैश्यों की निम्नता कहीं भी नहीं झलकती है। ग्राम अथवा नगर में वे एक साथ रहते थे और अपने व्यवसाय का पालन करते थे। वस्तुतः वैश्यों के स्तर के संबंध में डा० अल्तेकर और डा० घुर्ये का कथन युक्तियुक्त नहीं है। आचार्य हेमचन्द्र का कथन ही वैश्यों के व्यवसाय और उनकी स्थिति का सर्वप्रकारेण प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी संपुष्टि "सभाशृंगार" के उपर्युक्त वर्णन से होती है।

शूद्र

आचार-विचार और व्यवहार-क्रम में शूद्रों का स्थान अन्य वर्णों की तुलना में चौथा था। समाज के अन्य वर्णों के कर्मों और अधिकारों की अपेक्षा इनके अधिकार सीमित थे। न उन्हें वेद पढ़ने का अधिकार था, न व्यापार करने का। समाज की सर्वविधि सेवा करना ही उनका मुख्य कर्म था। ईश्वर की ओर से शूद्र का एकमात्र कर्म ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य, तीनों वर्ण की शुश्रूषा करना ही प्राचीन धर्मशास्त्रों में बताया गया है।

हेमचन्द्र ने दो प्रकार के शूद्र[2] बतलाए हैं, एक आर्यावर्त में रहने वाले और दूसरे आर्यावर्त के बाहर रहने वाले। आर्यावर्त में रहने वाले शूद्रों के दो वर्ग थे, पाञ्या और अपाञ्या। जो शूद्र अभिजात्यवर्ग के बर्तनों में भोजन-पान कर सकते थे तथा मांजने से बर्तन शुद्ध हो जाते थे[3], वे पाञ्या नाम से संबोधित किए गए। और, जो शूद्र इस योग्य नहीं थे, वे अपाञ्या कहे गए। शूद्रों के विषय में सम्राट् भोज का विकल्प है कि 'अपने मान का ख्याल न करने वाले, पूर्ण रूप से पवित्र न रहने वाले, चुगलखोर और धर्म से विरत रहने वाले शूद्रजाति के अन्तर्गत हुए। कौशल दिखाकर, मुख से विशेष प्रकार की आवाज निकालकर, कारीगरी और पशु-पालन से जीविका चलाना तथा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य—तीनों वर्ण की सेवा करना उनका प्रधान धर्म है।[4] भोज के इस कथन से स्पष्ट होता है कि जो शूद्र मानी, पवित्र और धर्म-पालन करते थे, वे शूद्र वर्ण से ऊँचे रहते थे। आचार्य हेमचन्द्र ने भी इस पर विचार किया है। उनका यह दृढ़ मत है कि शीलवान

---

[1] एकमेवतु, शुद्रस्या प्रभुः कर्मसमादिशत्।
एतेषामेव वर्णानां शूश्रषामनसयय॥ **मनु०** २. ९१, **याज्ञ२** ५.१२०, **महा० शांति०**, ७२. ८।

[2] "पाञ्यशूद्रस्य"—**सिद्धहेमशब्दानुशासन**, ३। १। ४३।

[3] "यैर्भुक्ते पात्रं संस्कारेण शुद्धयति ते पात्रमर्हन्तीति पाञ्याः", **वही**, ३। १। १४३।

[4] नातिमानभृतो नाति शुचयः पिशुनाश्च ये।
ते शूद्रजातयो जाता नाति धर्मरताश्च ये॥
कलारम्भोपजीवित्यं शिल्पिता पशुपौषणम्।
वर्णात्रितयशुश्रूषा धर्मस्तेषामुदाहृतः॥ **समरांगणसूत्रधार**, ७.१५–१६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति ही 'आर्य' हैं।[१] जो व्यक्ति ज्ञान, दर्शन और चरित्र रखता है, वही आर्य है।[२] इस प्रकार शूद्र भी इन्हीं गुणों को रखकर 'आर्य' हो सकते थे। अगर ऐतिहासिक तथ्यों को देखा जाय तो आचार्य हेमचन्द्र का कथन खरा उतरता है। गिरि-पश्चिम शासन के दुर्जय परिवार और वेलनांडु के प्रधान, महामंडलेश्वर पद तक पहुँच गए थे, जो शूद्र थे।[3] यद्यपि डा० घोषाल का यह मत है कि इस काल (१००० ई० से १३०० ई०) की कृतियाँ और टीकाएँ शूद्रों के व्यवसाय और स्तर के संबंध में पुराकालीन स्मृतियों का अनुसरण करती हैं।[४] परन्तु यह कथन पूर्णतः एकांगी है। इस सम्बन्ध में प्रोफेसर डा० बुद्ध प्रकाश ने लक्ष्मीधर का उद्धरण देते हुए इस मत की स्थापना की है कि शुद्ध मस्तिष्क वाला (अथवा सद्चरित्र) शूद्र, भ्रष्ट ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य से अच्छा था।[५] निश्चय ही इस युग के लेखकों ने पुरानी लीक का अनुसरण न कर युग की माँग का समर्थन किया है। जैसा कि ऊपर कहा गया है, आचार्य हेमचन्द्र और सम्राट् भोज का मत है कि शूद्र पवित्रता, धर्मानुसरण, ज्ञान और दर्शन से 'आर्य' पद को प्राप्त कर सकता है। यही नहीं, मेधातिथि के काल में शूद्रों की सामाजिक स्थिति और उनका व्यवसाय सद्भावना की दृष्टि से देखा गया है। मेधातिथि और विश्वरूप दोनों ने यह आधार लिया है कि शूद्र न सेवक बनाए जा सकते हैं, न ब्राह्मण पर निर्भर किए जा सकते हैं। वे व्याकरण तथा अन्य विद्याओं के शिक्षक हो सकते हैं, स्मृतियों द्वारा निर्दिष्ट उन सभी कृत्यों को संपन्न कर सकते हैं, जो अन्य वर्णों के लिए है।[६] अतः यह समीक्षा डा० घोषाल के मत का खंडन कर देती है तथा मध्यकालीन शूद्रों की स्थिति और समाज में उनके स्थान की उच्चता दिग्दर्शित करती है।

आचार्य हेमचन्द्र ने कुम्हार, नापित, बढ़ई, लोहार, तन्तुवाय-बुनकर, रजक-धोबी, तक्ष, अयस्कर, आदि वर्ग के लोगों को शूद्र के अंतर्गत माना है।[७] उनके अनुसार शूद्रों के

---

१ "शीलमस्माकं स्वम्"—**सिद्धहेमशब्दानुशासन**, २। १। २१।

२ "अर्यति गुणान् आप्नोतीति आर्यः।" **वही**।

3 Ganguly, D. C. : *The Eastern Chalukyas*, p. 170.

४ "The description of Sudra's occupation and status in the comentares and digests of this period followed the old Smriti lines." *The Struggle for Empire*, p. 475.

५ "Inspite of these cast-complexes, the position of the lower classes improved during this period. Laksmidhara held that a pure-minded Sudra was better than a notorious Brahmana, Ksatriya or Vaisya...
Some Aspects of Indian Culture on the Eve of Muslim Invasions, p. 39.

६ **मेधातिथि**—मनु० ३. ६७, १२१, १५६, १०. १२७।

७ **सिद्धहेमशब्दानुशासन**, ६।१।०२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छह नाम थे, शूद्र, अन्त्य वर्ण, वृषल, पद्यः, पज्जः और जघन्यज।[1] "आभीर" जाति को हेमचन्द्र ने "महाशूद्र" कहा है।[2] कात्यायन ने भी उन्हें "महाशूद्र" स्वीकार किया है।[3] इस प्रकार शूद्रों में भी महाशूद्र थे, जो सम्भवतः शक, हूण और यवन जैसी विदेशी जातियों के लोगों की तरह थे।

अन्य (निम्न) जातियाँ

इन चार वर्णों के अतिरिक्त समाज में और भी अनेक जातियाँ थीं, जो इन वर्णों की अपेक्षा निम्न थी, जिनका कार्य भी निम्न था।[4] आचार्य हेमचन्द्र ने प्रधानतः तेरह जातियाँ बताई हैं, जो अनुलोम-प्रतिलोम के कारण बनी थीं, जिन्हें वे मिश्र जाति कहते हैं।[5] मिश्र जातियाँ ये थीं: "मूर्धावसिक्त, अम्बष्ठ, पराशव, निषाद, माहिष्य, उग्र, करण, आयोगव, क्षता, चाण्डाल, मागध, वैदेहक, सूत्र और रथकारक। ऐसी जातियों के विषय में अपरार्क का कथन है कि चांडाल, पुक्कस, भिल्ल, पारसी, महापातकियों से छू जाने पर सवस्त्र (सचैल) स्नान करे।[6] अतः इस कथन से स्पष्ट होता है कि ये जातियाँ अस्पृश्य थीं। आचार्य हेमचन्द्र ने "धोबी" को "शूद्र" के अंतर्गत रखा है जबकि संवर्त का कथन है कि कैवर्त (केवट या मल्लाह), मृगयु (मृग मारने वाला), व्याध (बहेलिया), शौनि (कसाई), शाकुनिक (चिड़ीमार) तथा रजक (धोबी) अस्पृश्य हैं।[7] अलबीरुनी ने इन अस्पृश्य जातियों के आठ वर्ग बताए हैं: धोबी, मोची, मदारी, टोकरी और ढार बनाने वाले, माझी (नाविक), मछुआ (मछली मारने वाले), पशु-पक्षी-हिंसक और बुनकर। वह आगे कहता है कि हाड़ी, डोम, चांडाल, और बधतौ निम्नतम कार्य करते हैं।[8]

हेमचन्द्र[9] नें इन जातियों की उत्पत्ति के विषय में भी प्रकाश डाला है, जिनसे यह विदित होता है कि ये जातियाँ कैसे उत्पन्न हुई ?

---

[1] "शुद्रोऽन्त्यवर्णा वृषलः पद्यः पज्जो जघन्यजः। **अभिधानचिन्तामणि,** ३. ८९४।

[2] "कथं महाशूद्रो—आभीजातिः नात्र शूद्र शब्दो जातिवाची किं तर्हि महाशूद्रशब्दः। यत्र तु शुद्र एव जातिवाची तत्र भवत्येव ङीनिषेधः। महती चासां शुद्रा च महा शूद्रेति—**सिद्धहेमशब्दानुशासन, २।४।२४**

[3] ४।१।४।

[4] *Some Aspects of Indian Culture on the Eve of Muslim Invasions.* pp. 40, 111-17

[5] **अभिधानचिन्तामणि,** ३. ८९४-९९।

[6] **अपरार्क,** पृ० २९३।

[7] **संवर्त**—वही, पृ० ११०६।

[8] **तहकीक-मालिल्-हिंद,** पृ० ५०।

[9] "क्षत्रियायां द्विजाद् मूर्धावसिक्तो विट्स्त्रियां पुनः॥
अम्बष्ठोऽथ पारशवनिषादां शुद्रयोषिति।
क्षत्राद् माहिष्यो वैश्यायामुग्रस्तु वृषलस्त्रियाम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१—**मूर्धावसिक्तः** जो व्यक्ति ब्राह्मण पुरुष और क्षत्रिय स्त्री के संयोग से उत्पन्न हुआ, वह "मूर्धावसिक्त" कहा गया।

२—**अम्बष्ठ :** वे थे, जो ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न हुए थे।

३—**पराशव-निषाद :** जो ब्राह्मण पुरुष और शूद्र स्त्री से उत्पन्न हुआ था, उन्हें "पराशव-निषाद" कहा गया।

४—**माहिष्य :** वर्ग के वे लोग थे जो क्षत्रिय पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न हुए थे।

५—**उग्र :** "क्षत्रिय पुरुष और शूद्र स्त्री से जो उत्पन्न हुए वे "उग्र" कहलाए।

६—**करण :** वे थे, जो वैश्य पुरुष और शूद्र स्त्री से पैदा हुए थे।

७—**आयोगव :** जो शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री के संयोग से उत्पन्न हुए, वे आयोगव कहलाए।

८—**क्षता :** जिनकी उत्पत्ति शूद्र पुरुष और क्षत्रिय स्त्री से हुई थी वे "क्षता" कहे गए।

९—**चण्डाल :** शूद्र पुरुष और ब्राह्मण स्त्री से जिनका जन्म हुआ वे "चाण्डाल" की श्रेणी में आए।[1]

१०—**मागध :** इनका जन्म वैश्य पुरुष और क्षत्रिय स्त्री से हुआ था, इस कारण इनका नाम "मागध" हुआ।

११—**वैदेहक :** जो व्यक्ति वैश्य पुरुष और ब्राह्मण स्त्री से पैदा हुए वे "वैदेहक" की श्रेणी में आए।

१२—**सूत :** इस नाम से वे लोग अभिहित हुए जो क्षत्रिय पुरुष और ब्राह्मण स्त्री के संयोग से उत्पन्न हुए।

१३—**रथकारक :** जो व्यक्ति माहिष्य पुरुष (क्षत्रिय पुरुष और वैश्य स्त्री से जो उत्पन्न थे) और करणी स्त्री (जो स्त्री वैश्य पुरुष और शूद्र स्त्री के संयोग से पैदा हुई थी) से उत्पन्न हुआ हो, वह रथकारक कहा गया।

इस तरह आचार्य हेमचन्द्र का उपर्युक्त विवरण तत्कालीन समाज के स्वरूप को व्यक्त करने में सुष्ठ आधार प्रस्तुत करता है।

———

वैश्यात् तु करणः शुद्रात् त्वायोगवो विशः स्त्रियाम्।
क्षत्रियायां पुनः क्षत्रा, चण्डालो ब्राह्मणस्त्रियाम्॥
वैश्यात् तु मागधः क्षत्र्यां, वैदेहको द्विजस्त्रियाम्।
सूतस्तु क्षत्रियाज्जात, इति द्वादश तद्भिदः॥
माहिष्यण तु जातः स्यात्, करण्यां रथकारकः। **अभिधानचिन्तामणि,** ३.८९५-९९।

[1] मनु के अनुसार भी चांडाल की उत्पत्ति शूद्र पिता और ब्राह्मणी माता से हुई थी—**मनु०** १०. १२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंडित बालकृष्ण भट्ट का नाट्य-साहित्य

मधुकर भट्ट
शोधछात्र, 'हिन्दी विभाग'

पंडित बालकृष्ण भट्ट का हिन्दी-गद्य निर्माताओं में विशिष्ट स्थान है। अनेक कष्टों को झेलते हुए आपने जिस मनन और योग से "हिन्दी-प्रदीप" का संपादन लगातार तैंतीस वर्षों तक किया है उसे हिन्दी-साहित्य संसार कभी भुला नहीं सकता। भट्ट जी अपने समय के कुशल उपन्यासकार और नाटककार थे। निबंध और आलोचना के तो आप जनक ही थे। हिन्दी में आलोचना का सूत्रपात भट्ट जी ने ही किया। "उन्हें आधुनिक हिन्दी आलोचना का जन्मदाता कहना अनुचित न होगा। भारत और योरप के साहित्यों की तुलना पहले-पहल उन्होंने ही अपने लेख में की। वेदों की, कणाद और कपिल के शास्त्रों तथा कालिदास और भवभूति के काव्यों की, तुलना करते हुए उन्होंने जो कुछ लिखा है वह उनकी विद्वत्ता, विचार-स्वाधीनता तथा शब्दकृपण-शैली का बड़ा अच्छा उदाहरण है।"[१]

पं० बालकृष्ण भट्ट की रचनाएँ काल के अंधकार में इतनी लुप्त थीं कि उनका पता लगाना बड़ा कठिन हो गया। उनकी रचनाओं के सम्बन्ध में विद्वानों में बहुत मतभेद रहा है। जहाँ तक नाटकों का प्रश्न है भारतेन्दु युग में भारतेन्दु के बाद अधिक नाटक लिखने वालों में भट्ट जी प्रथम हैं। विगत कई वर्षों से यह दुर्भाग्य का विषय रहा है कि हिन्दी के किसी विद्वान् ने भट्ट जी के नाटकों की वास्तविक संख्या नहीं दी। डा० राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ही एक ऐसे लेखक हुए जिन्होंने भट्ट जी की रचनाओं की प्रमाणिक सूची प्रस्तुत की है। परन्तु उन्होंने भी केवल उन्हीं नाटकों का उल्लेख किया है जो "हिन्दी-प्रदीप" में प्रकाशित हुए हैं। जब कि उनके अतिरिक्त कई ऐसे प्रहसनों और नाटकों की रचना भी भट्ट जी ने की है जो तत्कालीन अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए थे।

बाबू ब्रजरत्न दास ने अपने एक लेख में भट्ट जी के ६ नाटकों का उल्लेख किया है :—"कलिराज की सभा" "शर्मिष्ठा नाटक" "पद्मावती नाटक" "रेल का विकट खेल" "चन्द्रसेन" और "दमयन्ती-स्वयंवर"।[२] वास्तव में ब्रजरत्न दास जी ने जो नाम दिए हैं वे सब नाटक 'हिन्दी-प्रदीप' में प्रकाशित तो हुए हैं पर उनमें से भट्ट जी द्वारा लिखित केवल तीन नाटक ही हैं—'पद्मावती', 'चन्द्रसेन' और 'दमयन्ती स्वयंवर'। इसके अतिरिक्त सभी नाटक अन्य लोगों के लिखे हैं।

सबसे आश्चर्य और खेद की बात तो यह है कि स्वयं भट्ट जी के सुपौत्र पंडित धनंजय भट्ट "सरल" लिखते हैं—"भट्ट जी के कुछ नाटक ये हैं—"शर्मिष्ठा", "पद्मावती" "चन्द्रसेन" "मृच्छ कटिक" "किरातार्जुनीय" "पृथु चरित्र" "शिशुपाल बध" "नल दमयन्ती"

---

१ भारतेन्दु हरिश्चन्द्र—डा० रामविलास शर्मा पृ० ११७–११८, प्रथम संस्करण।
२ भारतेन्दु मंडल—ब्रजरत्न दास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदि।[१] जहाँ इतनी भ्रान्तिपूर्ण धारणाएँ स्वयं भट्ट जी के सुपौत्र लिख रहे हैं, वहाँ दूसरे लोग लिखते हैं तो कोई विशेष चिन्ता की बात नहीं है। स्व-सम्पादित "भट्ट-नाटकावली" में "सरल" जी ने स्वर्गीय भट्ट जी कृत नाटकों की श्रेणी में "मृच्छकटिक" तथा "शर्मिष्ठा" नाटक का जो उल्लेख किया है वह सर्वथा निर्मूल एवं निराधार है। उक्त दोनों नाटक "हिन्दी-प्रदीप" में प्रकाशित अवश्य हैं परन्तु वे भट्ट जी द्वारा लिखे नहीं गए। "मृच्छकटिक" "हिन्दी-प्रदीप" में पृ० ६ सितम्बर १८८० से धारावाहिक प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ था परन्तु उसके लेखक पंडित गदाधर जी थे। इसी प्रकार शर्मिष्ठा नाटक के लेखक श्री रामचरण शुक्ल हैं, इसका प्रकाशन "हिन्दी-प्रदीप" में मार्च सन् १८८० पृ० ९ से प्रारम्भ हुआ। इस प्रकार हम देखते हैं कि स्व० भट्ट जी की रचनाओं के सम्बन्ध में भ्रमात्मक प्रचार का बहुत कुछ श्रेय उनके सुपौत्र श्री धनन्जय भट्ट को भी है जिन्होंने बिना "हिन्दी-प्रदीप" की फाइल को देखे-समझे उसमें प्रकाशित रचनाओं को भट्ट जी की घोषित कर दिया।

भट्ट जी के नाटकों के सम्बन्ध में डा० सोमनाथ गुप्त को भी बहुत भ्रम है। उन्होंने न तो भट्ट जी के नाटकों के बारे में कुछ जानने का प्रयत्न किया है और न "हिन्दी-प्रदीप" की फाइल का दर्शन ही किया है जो उनके ग्रन्थ को देखने से स्पष्ट है। डा० गुप्त का भ्रम तो वहीं से स्पष्ट होता है जब वे लिखते हैं—"भट्ट जी के सुपुत्र पं० धनन्जय भट्ट "सरल" ने अपने पिता द्वारा लिखित और स्वयं सम्पादित दमयन्ती स्वयंवर नाटक के वक्तव्य में पृ० २ पर लिखा है।[२] वास्तव में श्री धनन्जय भट्ट स्वर्गीय पंडित बालकृष्ण भट्ट के सुपुत्र नहीं सुपौत्र हैं। सच पूछा जाय तो भारतेन्दु-युग का अभी व्यापक और प्रामाणिक अध्ययन नहीं हुआ है इसलिए तत्कालीन साहित्य एवं लेखकों के विषय में ऐसी भूलें प्रायः मिलती हैं।

नवीन और आधुनिकतम शोध के आधार पर इन पंक्तियों के लेखक ने भट्ट जी के कुल प्रामाणिक नाटकों की सूची में उनके १७ नाटकों की गणना की है। उक्त सत्रह नाटकों में से १३ नाटक "हिन्दी-प्रदीप" में धारावाहिक रूप में प्रकाशित हुए हैं और शेष तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं में। कुछ नाटक और प्रहसन ऐसे भी हैं जिसका उल्लेख आज तक किसी भी विद्वान ने नहीं किया।

पं० बालकृष्ण भट्ट के नाटकों को विषय की दृष्टि से हम तीन वर्गों में रख सकते हैं :—

१—पौराणिक नाटक
२—सामाजिक नाटक और
३—ऐतिहासिक नाटक

भट्ट जी के पौराणिक नाटकों में हम उनके सात नाटकों की गणना कर सकते हैं जो निम्नलिखित हैं :—

---

[१] भट्ट नाटकावली—धनन्जय भट्ट "सरल" पृ० ४
[२] हिन्दी नाटक साहित्य का इतिहास—डा० सोमनाथ गुप्त द्वि० सं० पृ० १००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१—बृहन्नला नाटक	"हिन्दी-प्रदीप"	सितम्बर १८८१ पृ० ८ से प्रारंभ
२—सीता-बनवास	,, ,,	सितम्बर १८८२ पृ० १३ से ,,
३—दमयन्ती-स्वयंवर	,, ,,	जुलाई-अगस्त १८९२ पृ० १९ ,,
४—मेघनाद बध	,, ,,	नव०-दिसम्बर १८०४ पृ० ४ ,,
५—किरातार्जुनीय नाटक	,, ,,	दिसम्बर १८९९ पृ० १६ से प्रारम्भ
६—शिशुपाल बध	,, ,,	अगस्त १९०३ पृ० ४० ,,

और ७—पृथु चरित या वेण संहार—हिन्दी-प्रदीप—कार्तिक सं० १९६६ पृ० २४ से प्रारंभ।

भट्ट जी के सामाजिक नाटकों में हम उनके चार नाटकों की गणना कर सकते हैं:—

१—शिक्षा-दान जैसा काम वैसा परिणाम (प्रहसन)—हिन्दी-प्रदीप—सितम्बर से दिसम्बर १८९६ पृ० ४० से प्रारम्भ।

२—आचार-विडम्बन—हिन्दी-प्रदीप—अक्टूबर १८९९ पृ० १०–१६

३—नई रोशनी का विष ,, ,, —अक्टूबर १८८४ पृ० १५ से प्रारम्भ

४—पतित-पंजम—हिन्दी-प्रदीप—अगस्त १८८८ पृ० १४ से प्रारम्भ।

उक्त चार सामाजिक नाटक "हिन्दी-प्रदीप" में प्रकाशित हुए हैं। इसके अतिरिक्त भट्ट जी के दो सामाजिक नाटक जो तत्कालीन पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए "बालविवाह" और "रेल का विकट खेल" हैं।

पं० बालकृष्ण भट्ट ने दो ऐतिहासिक नाटकों का भी प्रणयन किया जिसमें एक मौलिक है और एक अनूदित। उनका मौलिक ऐतिहासिक नाटक "चन्द्रसेन" "हिन्दी-प्रदीप" में सितम्बर १८७७ के पृ० ७ से धारावाहिक रूप में प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ। यह चार अंकों का नाटक है और इसकी कथा अलाउद्दीन के समय की है। डा० राजेन्द्र शर्मा ने इसे तीन अंकों का माना है परन्तु चतुर्थ अंक सितम्बर १८७८ के पृ० १४ से प्रारम्भ होता है और दिसम्बर १८७७ के पृ १५ पर समाप्त होता है।

भट्ट जी का दूसरा ऐतिहासिक नाटक "पद्मावती" माइकेल मधुसूदन दत्त के नाटक का हिन्दी अनुवाद हैं। "पद्मावती" नाटक का प्रकाशन "हिन्दी-प्रदीप" में दिसम्बर १८७८ पृ० ६ से प्रारम्भ होता है।

उक्त नाटकों के अतिरिक्त भट्ट जी के कई नाटक और प्रहसन यत्र-तत्र पत्रिकाओं में विखरे दिखाई पड़े हैं जिसमें "भारत वर्ष और कलि" प्रहसन प्रमुख है। "भारत वर्ष और कलि" भट्ट जी का भारत की तत्कालीन समस्याओं पर लिखा गया एक प्रहसन है। इस प्रहसन का प्रकाशन "हिन्दी-प्रदीप" प्रकाशित होने के पहले ही सन् १८७६ में १ अप्रैल सोमवार को "सुदर्शन समाचार" में हो गया था। "सुदर्शन समाचार" उस समय का एक पाक्षिक पत्र था जिसके संपादक पंडित बद्रीदत्त ज्योतिविद थे। यह पत्र देहरादून से प्रकाशित होता था। इसमें भट्ट जी के कई और लेख भी प्रकाशित मिलते हैं। उक्त पाक्षिक पत्र की पूरे एक वर्ष की फाइल इन पंक्तियों के लेखक के पास सुरक्षित है।

खेद का विषय है कि भट्ट जी के इतने नाटक होते हुए भी सभी पुस्तकाकार उपलब्ध नही हैं। चार नाटक ही पुस्तकाकार प्रकाशित हैं। जिसमें "दमयंती स्वयंवर (हिन्दी-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहित्य सम्मेलन, प्रयाग), जैसा काम वैसा परिणाम, बृहन्नला और वेणी-संहार (काशी नागरी प्रचारिणी सभा) हैं।

उन्नीसवीं शती में जब हिन्दी नाटक-साहित्य अपना आकार ग्रहण कर रहा था उस समय भट्ट जी उन साहित्यकारों में से थे जिन्होंने हिन्दी-नाटक साहित्य को एक निश्चित पथ ही नहीं दिया वरन् उसको निश्चित स्वरूप प्रदान किया और आगे आने वाले नाटक-कारों का मार्ग प्रदर्शन भी किया। भट्ट जीं का सम्पूर्ण नाटक साहित्य भाव-पक्ष की दृष्टि से अत्यन्त सबल और मार्मिक है : उन्होंने संस्कृत नाट्य-साहित्य के विधानानुसार नाटकों का प्रणयन किया है। "किरातार्जुनीय" नाटक में भट्ट ने नाटक के स्तोत्र के विषय में सूत्रधार से कहलाया है—"हाँ अच्छी सुध आई महाकवि भारवी की गंभीर अर्थ गर्भित कविता इसके लिए बहुत ही उपयुक्त होगी कहा भी है "भारवेर हि–गौरवम्।—उसी ने (नाटककार ने) यह किरातार्जुनीय दै मुझे आज्ञा दिया कि जा इसके अभिनय द्वारा अपना गन दिखाय।"

भट्ट जी के पौराणिक नाटकों की संख्या सबसे अधिक है। मेरी समझ से उसका एकमात्र कारण यह है कि वे भारतवासियों को अपना प्राचीन गौरव दिखलाकर फिर से जगाना चाहते थे। उन्हें भारतीय संस्कृति और भारत के प्राचीन गौरव पर बहुत विश्वास था। भट्ट जी के नाटक पुनर्जागरण और नवीन उद्भावनाओं के प्रतीक हैं। उनके सामाजिक एवं ऐतिहासिक नाटकों में भी उनका स्वतंत्र व्यक्तित्व नवीन विचारों के साथ प्रस्फुटित हुआ है।

—:o:—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परमाणु-संरचना

१—आइसोटोप

डॉ० नन्दलाल सिंह
अध्यक्ष—स्पेक्ट्रास्कोपी विभाग

परमाणु में **प्रोटॉन** और **इलेक्ट्रॉन** होते हैं। प्रोटॉन का भार इकाई माना गया है। इलेक्ट्रॉन का भार १/१८४० अथवा ०·०००५४ इकाई होता है, जो नगण्य है। फिर किस कारण परमाणु-भार **हाइड्रोजन** के भार की तुलना में पूर्ण संख्या में नहीं पाया जाता ?

यह प्रश्न बहुत दिन तक पहेली बना रहा। १९वीं शताब्दी के प्रारम्भ में ही जब **डाल्टन** ने परमाणुवाद की घोषणा की तभी **प्राउट** ने कहा था कि अन्य तत्त्वों के परमाणु हाइड्रोजन के बने होते हैं, किन्तु परमाणु-भार पूर्णसंख्या न मिलने से **प्राउट** की कल्पना पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शुद्ध मापन की एक सीमा होती है और उसके अनुकूल सम्भव है कि पूर्ण संख्या से कुछ विचलन पाया जाय किन्तु विचलन इतना अधिक नहीं हो सकता। सन् १९०० ई० तक परमाणु-भार जितनी यथार्थता से निकाल लिए गए थे उतनी यथार्थता तक रसायन का कोई अन्य स्थिरांक नहीं निकाला गया था। इनका मान दशमलव के बाद ४-५ स्थान तक मालूम किया गया। इसमें तनिक भी सन्देह न रह गया कि परमाणु-भार का मान पूर्ण संख्या अथवा हाइड्रोजन परमाणु-भार का ठीक अनुपाती कभी नहीं होता। यद्यपि प्राउट की कल्पना उस समय ठुकरा दी गई थी तथापि वही विचार बराबर जाग्रत रहा और कहा गया कि परमाणु में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन होते हैं। अब यदि परमाणु-रचना की आधुनिक कल्पना सत्य है और परमाणु की रचना प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन से होती है तो परमाणु-भार क्यों पूर्ण संख्या नहीं होता ?

संयोगवश जब **रुदरफोर्ड** परमाणु-रचना के इस नए सिद्धान्त की स्थापना कर रहे थे तभी परमाणु के अन्य कई रहस्यों का पता लगा, जिनसे प्रश्न का उत्तर स्पष्ट होने लगा और २०वीं शताब्दी के वैज्ञानिकों को बहुत परेशानी नहीं उठानी पड़ी। अब तक विदित हो गया था कि रासायनिक विधि से जब तत्त्व अलग किए जाते हैं और शुद्ध किए जाते हैं तब अकेले तत्त्व नहीं रहते बल्कि वे एक मिश्रण के रूप में पाए जाते हैं और उस मिश्रण में उसी तत्त्व के कई रूप पाए जाते हैं जिनके रासायनिक गुण समान होते हैं; किन्तु उनका भार भिन्न होता है। इसी मिश्रण का परमाणु-भार पूर्ण संख्या नहीं होती। इसकी कुछ विशेष व्याख्या विवरण सहित यहाँ आवश्यक है।

उदाहरण के लिए **आयोनियम** तत्त्व का पता सन् १९०६ ई० में ऐल विश्वविद्यालय के प्रो० **बी० बी० बोल्टवुड** ने लगाया। उन्होंने इस तत्व को पिचब्लेण्ड से निकाला था। इस खनिज में **यूरेनियम** बहुत होता है और इसी में से क्यूरी दम्पति ने कई वर्ष पूर्व रेडियम निकाला था। रेडियम की खोज से दुनियाँ में एक क्रान्ति आ गई। प्रयोगों से पता लगा कि आयोनियम के रासायनिक गुण थोरियम से मिलते-जुलते हैं। इसकी रूप-रेखा, रंग,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसका द्रवणांक, इसकी घुलनशीलता सभी **थोरियम** के समान पाई जाती है; किन्तु दोनों के परमाणु-भार में अन्तर होता है। आयोनियम का परमाणु-भार २३१·५ होता है जब कि थोरियम का २३२·१ होता है। दोनों की तुलना करने से पता लगा कि दोनों रासायनिक दृष्टि से न केवल समान हैं, अपितु बिलकुल अभिन्न हैं। यदि दोनों मिला दिए जायँ तो उनको अलग करना सम्भव नहीं। क्योंकि रासायनिक विधि से अलग करना दो वस्तुओं की घुलनशीलता के अन्तर पर विशेषरूप से निर्भर होता है। भिन्न **क्वथनांक** (boiling points)और भिन्न संयोजकता होने पर भी मिश्रण से दो वस्तुओं को अलग करना सम्भव है; किन्तु आयोनियम और थोरियम के रासायनिक गुण अभिन्न होते हैं। इसलिए इनको अलग करना संभव नहीं, तब भी दोनों के परमाणु-भार में अन्तर पाया जाता है। परमाणु-भार में अन्तर ०·६ इकाई मिलता है जो मापन की यथार्थता के कारण नहीं हो सकता क्योंकि मान दशमलव बिन्दु के कई स्थान बाद तक शुद्ध निकाला गया है। अतः आयोनियम और थोरियम ऐसे तत्त्व हैं जिनके रासायनिक गुण में तनिक भी भेद नहीं, किन्तु इनके परमाणु-भार में ०·६ इकाई का अन्तर सत्य है।

यह एक जटिल समस्या थी। साथ ही इनके सम्बन्ध में एक दूसरी समस्या भी उठ खड़ी हुई। स्मरण रहे कि **रेडियम** से स्वतः अल्फाकण इलेक्ट्रॉन और गामा किरण निकलते रहते हैं। इनके निकलने पर रेडियम सार अथवा रेडान शेष रह जाता है। रेडान भी रेडियोधर्मी होता है और थोड़ी ही देर बाद रेडियम–A में बदल जाता है। उसी कारण रेडियम–A टूट कर स्वतः रेडियम–B होता है, जो रेडियम–C में परिवर्तित होता ह। यह परिवर्तन क्रम-क्रम से जारी रहता है और अन्त में एक स्थायी तत्त्व मिलता है जो **सीसे** (lead) के समान होता है। इस तत्त्व में वही रासायनिक गुण और रूप-रंग पाया जाता है जो सीसे में। इसका स्पेक्ट्रम् (spectrum) भी वैसा ही होता है जैसा सीसे का। यदि साधारण सीसा इसमें मिला दिया जाय तो उसे किसी भी रासायनिक रीति से अलग नहीं किया जा सकता। इन सब समान गुणों के होते हुए दो सीसे भिन्न रूप से पैदा होते हैं।

एक अन्य जटिल समस्या और सामने आई। इसी समय एक तीसरे प्रकार का सीसा पाया गया, जो **थोरियम** के रेडियोधर्मी परिवर्तन से उत्पन्न होता है। थोरियम की परमाणु-संख्या ९० है और यह तुरन्त स्वतः परिवर्तित हो जाता है। रेडियम के समान इसकी भी रेडियोधर्मी परिवर्तन की एक श्रृंखला बनती है और अन्त में साधारण सीसे के समान स्थायी तत्त्व मिलता है। इसके भी सारे रासायनिक गुण सीसे के समान पाए जाते हैं।

इन सभी समस्याओं की सूझ प्रो० **फ्रेडरिक सादी** (Frederic Soddy) को सन् १९१० ई० में ही हुई। सर्वप्रथम उन्होंने आयोनियम, थोरियम और तीन प्रकार के सीसे की पहेली सुलझाया। बड़े साहस के साथ उन्होंने घोषित किया कि इन तीनों सीसों के परमाणुभार भिन्न होने चाहिए। उन्होंने बताया कि थोरियम के सीसे का परमाणु-भार साधारण सीसे के परिमाणु-भार से अधिक और रेडियम के सीसे का परमाणु-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भार साधारण सीसे के परमाणु-भार से कम होना चाहिए। स्वतंत्र रूप से ऐसी ही घोषणा **कैसिमीर फजाँ** ने भी की और दोनों की भविष्यवाणी सत्य सिद्ध हुई। साधारण सीसे का परमाणु-भार २०७.२ है जब कि थोरियम-सीसे का २०७.९ और रेडियम शीशे का २०६.१ होता है। पहले का परमाणु-भार ०.७ इकाई अधिक और दूसरे का १.१ इकाई कम पाया गया। परमाणु-भार का मान धुरीण वैज्ञानिकों ने उच्चतम विधि से निकाला था। अमेरिका के प्रो० **थियोडोर डब्लू० रिचार्ड्स** और जर्मनी के प्रो० **होनिगस्मिट** के शुद्ध और यथार्थमापन की ओर कोई अंगुलि नहीं उठा सकता था। अब प्रत्यक्ष रूप में दो तत्त्व ऐसे प्रस्तुत हैं जिनके रासायनिक गुण समतुल्य हैं किन्तु उनके परमाणु-भार में भेद है। प्रश्न उठता है कि ऐसा किस प्रकार सम्भव हो सकता है ?

प्रो० सादी ने ऐसे तत्त्वों को **आइसोटोप** (समस्थानिक तत्त्व) कहा है। ग्रीक भाषा में iso के माने same>alike—सम, और topos के माने spot या space बिन्दु, स्थान होता है। समस्थानिक तत्त्व वे होते हैं जो आवर्तसारिणी में एक ही खाने में पाए जाते हैं। उनकी परमाणुसंख्या एक ही होती है और उनके सभी रासायनिक गुण एक ही होते हैं, उनका परमाणु-भार चाहे जो कुछ हो।

हमने देखा कि तत्त्व के रासायनिक गुण केन्द्र की बाहरी इलेक्ट्रॉन संख्या पर निर्भर होते हैं और यह संख्या **न्यूक्लियस** के धनात्मक आवेश की मात्रा के बराबर होती है। अतः यदि दो तत्त्वों के रासायनिक गुण समान हैं तो उनके न्यूक्लियस पर धनात्मक आवेश समान होने चाहिए। उनके केन्द्र के बाहरी इलेक्ट्रॉनों की संख्या एक ही होनी चाहिए और परतों में इन इलेक्ट्रॉनों का वितरण भी एक ही प्रकार का होना चाहिए। साथ ही हमने यह भी देखा है कि केन्द्र में प्रोटॉन की संख्या आवश्यकता से अधिक पाई जाती है। तभी तो परमाणु-भार परमाणु-संख्या का लगभग दूना होता है। जैसे **हीलियम** न्यूक्लियस में परमाणु-भार के अनुसार परमाणु-संख्या २ के स्थान पर ४ प्रोटॉन होते हैं, किन्तु इनमें कुछ प्रोटॉनों के साथ कुछ और लगे होते हैं जिससे हमें केन्द्र का धनात्मक आवेश २ इकाई मिलता है। उस समय बिना किसी सबूत के मान लिया गया कि २ अधिक प्रोटॉनों के धनात्मक आवेश का निराकरण हर एक के साथ एक इलेक्ट्रॉन रखने से हो जाता है। जैसे **लीथियम** की परमाणु-संख्या ३ और ७ है तो ३ प्रोटॉन को छोड़कर बाकी ४ के साथ एक-एक कर ४ इलेक्ट्रान* होते हैं जिससे इन चारों पर आवेश शून्य हो जाता है और केन्द्र पर बचा हुआ धनात्मक आवेश ३ इकाई मिलता है। बाहरी इलेक्ट्रॉनों की संख्या ३ लेकर लीथियम के परमाणु न्यूक्लियस में हम प्रोटॉनों की संख्या की व्याख्या निम्नलिखित रूप से कर सकते हैं :—मान लीजिए कि लीथियम न्यूक्लियस में

(१) ६ प्रोटॉन हैं जिनमें तीन स्वतंत्र हैं और ३ के साथ एक-एक कर ३ इलेक्ट्रॉन,

(२) ७ प्रोटॉन हैं जिनमें ३ स्वतंत्र हैं और ४ के साथ एक-एक कर ४ इलेक्ट्रॉन,

(३) ८ प्रोटॉन हैं जिनमें ३ स्वतंत्र हैं और ५ के साथ एक-एक कर ५ इलेक्ट्रॉन,

तीनों व्यवस्थाओं के अनुसार न्यूक्लियस पर स्वतंत्र धनात्मक आवेश ३ इकाई होता है जो

*नोट—हम आगे चलकर देखेंगे कि न्यूक्लियस के भीतर इलेक्ट्रान नहीं समां सकते।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाहरी इलेक्ट्रॉनों की संख्या और उनकी परतों में वितरण पूर्ववत् कायम रखता है। अतः तीनों तरह के लीथियम एक ही खाने में स्थान पा सकते हैं यद्यपि पहले में परमाणु-भार ६ इकाई, दूसरे में ७ इकाई और तीसरे में ८ इकाई पाया जाएगा।

प्रो० सादी ने इन्हीं तीन प्रकार के लीथियम का नाम आइसोटोप* रखा। तीनों के रासायनिक गुण समान हैं किन्तु परमाणु-भार भिन्न होते हैं। उन्होंने इसी प्रकार की व्याख्या आयोनियम और थोरियम के संबंध में भी दी और तीन प्रकार के सीसे का भेद बतलाया। आयोनियम और थोरियम आइसोटोप होते हैं। उनकी परमाणु-संख्या ९० है। उनके केन्द्र पर एक ही मात्रा का धनात्मक आवेश पाया जाता है। उनके परमाणु में बाहरी इलेक्ट्रॉनों की संख्या ९० है और इलेक्ट्रॉनों का परतों में वितरण समान रूप से पाया जाता है। उनमें भेद न्यूक्लियस की भिन्नता से होता है। एक में आवेशरहित प्रोटॉनों की संख्या दूसरे से भिन्न पाई जाती है; अर्थात् कुल प्रोटॉनों की संख्या भिन्न है। अतः उनके परमाणु-भार में अन्तर होता है।

इसी प्रकार सीसा, रेडियम-सीसा और थोरियम-सीसा में अन्तर परमाणु-भार के भेद से पाया जाता है। इन तीनों के लिए परमाणु-संख्या ८२ होती है। उनके रासायनिक गुण एक समान पाए जाते हैं किन्तु आवेशरहित प्रोटॉनों की संख्या में भिन्नता पाई जाती है जिसके कारण परमाणु-भार में अन्तर होता है। ये तीनों आइसोटोप हैं।

प्रो० सादी ने आइसोटोपों के परमाणु-भार की भिन्नता की व्याख्या तो दी; किन्तु उससे यह स्पष्ट न हो सका कि परमाणु-भार का मान पूर्ण संख्या में क्यों नहीं पाया जाता? उन्हें इसका भी उत्तर मालूम था। आयोनियम और थोरियम स्वयं शुद्ध आइसोटोप नहीं होते। दोनों एक से अधिक आइसोटोप के मिश्रण होते हैं। समझने के लिए पुनः लीथियम का उदाहरण लीजिए। ऊपर हम देख चुके हैं कि लीथियम में तीन आइसोटोपों का अनुमान किया जा सकता है जो रासायनिक दृष्टि से अभिन्न होते हैं। सामान्य लीथियम का परमाणु-भार ७ इकाई होता है, हल्के लीथियम का परमाणु-भार ६ इकाई होता है और भारी लीथियम का भार ८ इकाई होता है। मानलीजिए कि सामान्य लीथियम, जो प्रकृति में मिलता है इन तीनों में से २ आइसोटोपों का मिश्रण है। यदि उनमें एक सामान्य लीथियम और दूसरा हल्का लीथियम हो और दोनों बराबर मात्रा में हों तो प्राकृतिक लीथियम का परमाणु-भार $७+६/२=६.५$ होना चाहिए, किन्तु वास्तविक परमाणु-भार ६.९४ पाया जाता है और यह अपूर्ण संख्या ७ के निकटस्थ है। इसलिए हल्का आइसोटोप कम मात्रा में मिलना चाहिए। हिसाब लगाने से पता चलता है कि २० सामान्य लीथियम आइसोटोपों के साथ यदि एक हल्का आइसोटोप मिश्रित हो तो परमाणु-भार का मान ६.९४ हो जाता है। इसी नियम के अनुसार यदि हम कल्पना करें कि प्राकृतिक तत्त्व आइसोटोप के मिश्रण हैं तो बहुत से तत्त्वों में परमाणु-भार की अपूर्ण संख्या होने का कारण मालूम हो जाता है। फिर निकटतम पूर्ण संख्या को लेकर जितना अन्तर मिलता है उससे

* आइसोटोप परमाणु का बाहरी रूप समान किन्तु उसी परमाणु संख्या के न्यूक्लियस में भिन्नता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम बता सकते हैं कि तत्त्व में विभिन्न आइसोटोप किस अनुपात से प्रकृति में पाए जाते हैं। यद्यपि सन् १९१० ई० तक ये सभी बातें कल्पना मात्र थीं किन्तु आज सूक्ष्मतर प्रयोगों द्वारा सत्य हो चुकी हैं और उस समय की परिस्थितियों को ध्यान में रख कर हम कह सकते हैं कि उन वैज्ञानिकों की निर्मल कल्पनाएँ सचमुच सराहनीय हैं।

इस कहानी के सिलसिले में हमें आइसोटोप की चर्चा बराबर करनी होगी। अतः यह आवश्यक है कि इस परिच्छेद को समाप्त करने से पहले हम यह समझ लें कि किसी तत्त्व के भिन्न आइसोटोपों का नामकरण कैसे किया जाता है? एक ही तत्त्व के विभिन्न आइसोटोपों को पहचानने के लिए उनका नियमानुकूल निर्देशन करना आवश्यक है। लीथियम की परमाणु-संख्या ३ है। इसके सामान्य आइसोटोप का भार ७ होता है। इस आइसोटोप का संकेत $_3Li^7$ है और उसके दूसरे आइसोटोप के लिए $_3Li^6$ रखा गया है और तीसरे आइसोटोप के लिए $_3L^8$ रखा गया है; किन्तु तीसरा अब तक प्रकृति में पाया नहीं गया। इन संकेतों में Li तो लीथियम तत्त्व का संकेत ही है। बाईं ओर नीचे संख्या ३ तत्त्व की परमाणु-संख्या है और दाहिनी ओर ऊपर आइसोटोप का भार रक्खा गया है। प्रायः आइसोटोप भार द्वारा ही निर्दिष्ट किया जाता है और तत्त्व की परमाणु-संख्या जिससे पाठक परिचित हैं, नहीं दी जाती। इस तरह लीथियम के दोनों आइसोटोपों को Li^-_6 और Li^-_7 से व्यक्त करते हैं। सन् १९१० ई० के बाद ही कई तत्त्वों के आइसोटोपों का पता लगाया गया किन्तु इनके खोज की विधि दूसरी रही और निष्कर्ष भी प्रो० सादी के अनुमान से बिल्कुल भिन्न पाए गए।

२—आइसोटोप समूह

तनिक अपनी पूर्व परिचित गाइज़लर नली पर फिर से ध्यान दीजिए और स्मरण कीजिए कि उसमें क्या-क्या निरीक्षण किए गए थे। हम जानते हैं कि गाइज़लर नली काँच की बनाई जाती है। नली की हवा वायु-शोषक पम्प के द्वारा निकालकर उसके दोनों सिरे बन्द किए जाते हैं। सिरों पर धातु के तार जड़े होते हैं और इन्हीं को ट्रान्सफार्मर अथवा **इण्डक्शन क्वायल** के सिरों से जोड़कर एकदेशीय विद्युत का प्रवाह नली के भीतर कराया जाता है। ऋणात्मक सिरे से इलेक्ट्रॉन निकलकर धनात्मक सिरे की ओर जाते हैं। ऋणात्मक सिरे को **कैथोड** और धनात्मक सिरे को **एनोड** कहते हैं।

नली के भीतर ज्योंही विद्युत-धारा प्रवाहित होती है, त्योंही धारा गैस के परमाणुओं के ऋणात्मक इलेक्ट्रॉनों को उनसे अलग करने लगती है और उन्हें अपने साथ लेकर धन-द्वार (एनोड) की ओर जाती है। परमाणु स्वयं धनात्मक आयन बन जाते हैं जो निसन्देह एनोड की ओर से कैथोड की ओर जाते हैं। इन धनात्मक आयनों की भी एक धारा बन जाती है। इनको धनात्मक किरण (positive rays) अथवा एनोड किरण कहते हैं। आइसोटोप की जानकारी हमें इन्हीं धनात्मक किरणों के अध्ययन से प्राप्त हुई।

धनात्मक किरणों के अध्ययन के लिए सर जे० जे० **टामसन** ने एक भिन्न रूप की नली तैयार की। यदि इनका उद्गम एनोड है और वे कैथोड की तरफ़ जाती हैं तो उनका पता कैथोड के पीछे की ओर लगाया जा सकता है। इस उद्देश्य से टामसन ने कैथोड को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एल्यूमीनियम के मोटे पत्र का बनाया और उसमें एक बारीक सुराख बना दिया ताकि एनोड किरणें इस बारीक छिद्र से सीधी कैथोड के पीछे निकलें और उनका अनुसंधान किया जा सके। नली को कैथोड की ओर बढ़ाकर उन्होंने फोटो-प्लेट रखने का आयोजन कर लिया और अनुमान के अनुसार फोटो-प्लेट पर घुलने के बाद सुराख के बराबर काला धब्बा बना पाया जिससे धनात्मक किरणों (पाजिटिव रेज़) का अस्तित्व सिद्ध हुआ।

इस प्रयोग के सिलसिले में दूसरा कदम और भी लाभदायक सिद्ध हुआ। यदि इन किरणों में गैस के धनात्मक आयन, जो परमाणुओं की बाहरी पर्त के एक-एक इलेक्ट्रॉन को निष्कासित कर पाए गए हैं, विद्यमान हैं तो उनमें वस्तुतः परमाणु का पूरा भार होना चाहिए। टामसन को इनका भार निकालने की विधि मालूम थी क्योंकि उन्होंने ही कई वर्ष पूर्व इलेक्ट्रॉन का भार मालूम किया था। उसी विधि को उन्होंने इन धनात्मक (positive) किरणों के लिए भी लगाया। उन्होंने अनुमान किया कि प्रबल चुम्बकीय क्षेत्र इन किरणों को अवश्य विचलित कर सकेगा और चुम्बक लगाने पर किरणें सीधी न जाकर ऊपर अथवा नीचे की ओर मुड़कर फोटो-प्लेट पर अपना प्रभाव डालेंगी और काला धब्बा बनाएँगी। यह भी अनुमान किया गया कि परमाणु-भार के अनुसार ही किरणों का विक्षेपक पाया जाएगा और यदि किरण समूह में भिन्न भार के आयन होंगे तो वे भिन्न मान से विक्षिप्त होंगे। भारी आयन कम और हल्के अधिक सीधे मार्ग से मुड़ जाएँगे। जितने भिन्न भार के आयन होंगे उतने ही धब्बे प्लेट पर दिखाई पड़ेंगे और उनकी दूरी सीधी रेखा वाले बिन्दु से भार की उत्क्रमानुपाती पाई जाएगी।

प्रो० टामसन ने पहले **नियोन** गैस पर प्रयोग किया। प्रकाशमान नियोन नलिकाओं (neon signs) से आजकल दूकानों तथा कारखानों के नाम और व्यवसायों का विज्ञापन किया जाता है। इसकी लाल रोशनी से सभी परिचित हैं। सन् १९१० ई० में इसे बहुत कम लोग जानते थे। प्रो० जे० जे० टामसन ने बहुत ही शुद्ध गैस का उपयोग किया था। इस गैस की एनोड किरण को चुम्बक द्वारा विक्षिप्त कराकर जब उन्होंने फोटो लिया तो सीधे मार्ग वाले बिन्दु से विक्षिप्त होकर एक गाढ़ा धब्बा इतनी दूरी पर मिला जितनी दूरी पर २० इकाई भार वाले परमाणुओं को पड़ना चाहिए था। नियोन का परमाणु-भार २० इकाई से तनिक अधिक होता है। इससे भी दूर एक हल्का धब्बा मिला जिसकी दूरी का हिसाब ४ इकाई भार के अनुकूल पड़ता था। यह धब्बा निस्सन्देह हीलियम परमाणु का था। हीलियम और नियोन साधु गैसों (noble gases) के सदस्य हैं। विशुद्ध नियोन के साथ हीलियम तथा अन्य साधु गैसों का हटाना दुष्कर होता है। एक तीसरे धब्बे की भी झलक मिली जिसकी दूरी अरगान परमाणु के ४० इकाई भार के अनुकूल पाई गई। **अरगान** का परमाणु भार ३९.९ इकाई होता है। यहाँ तक तो सब बातें ठीक थीं परन्तु गौर से देखने पर गाढ़े धब्बे के समीप बहुत बारीक धुन्ध धब्बे (diffuse spot) की झलक मिली जिसकी दूरी का हिसाब २२ इकाई भार से मिलता था। जे० जे० टामसन ने नियोन को कई बार शुद्ध किया; किन्तु हर बार जब नियोन का गाढ़ा धब्बा २० इकाई भार के अनुकूल मिलता तो समीप में क्षीण धब्बा २२ इकाई भार वाला अवश्य पाया जाता। तो क्या नियोन दो प्रकार के हो सकते हैं—एक २० इकाई परमाणु-भार का और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरा २२ इकाई भार का जिनको रासायनिक विधि से अलग नहीं किया जा सकता ? यदि दो प्रकार के नियोन हैं तो प्राकृतिक नियोन में इन दोनों आइसोटोपों का होना सम्भव है और इस मिश्रण में नियोन—२२ की मात्रा बहुत थोड़ी होती है जिसके कारण नियोन का परमाणु भार २२.१८ पाया जाता है ।

इन बातों का अनुशीलन सन् १९१३ ई० में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की कैवोडिश प्रयोगशाला में किया गया । उस समय प्रयोगशाला के डाइरेक्टर सर जे० जे० टामसन् थे और वहीं पर एक कर्मठ युवक एफ० डब्लू **एस्टन** अनुसंधान में संलग्न थे । एस्टन ने इन अनुमानों की सत्यता की परीक्षा-विधि सोच निकाली । उन्होंने सोचा कि यदि दोनों प्रकार के नियोन को रासायनिक विधि से अलग करना सम्भव नहीं तो केन्द्र के बाहरी इलेक्ट्रानों के गुणों पर ध्यान न देकर केन्द्र के भार पर आश्रित गुणों के आधार पर भौतिक विधि से अलग करना सम्भव हो सकता है । यदि नियोन को द्रवित कर लिया जाय और द्रव बन जाने पर उसका तापक्रम धीरे-धीरे बढ़ाया जाय तो दोनों आइसोटोपों में कुछ पहले ही गैस में हल्का-सा परिवर्तन होगा, क्योंकि भारी आइसोटोप के परमाणुओं को द्रव से निकल भागने में कठिनाई पड़ेगी । यदि तापक्रम स्थायी रखकर द्रवित नियोन का अधिकांश उड़ा दिया जाय तो नीचे भारी आइसोटोप अधिक मात्रा में पाया जाएगा । एस्टन ने इसी सिद्धान्त के आधार पर पहला प्रयोग किया, किन्तु सफल नहीं हुए । उन्हें कोई अन्तर न मिला । तब उसी सिद्धान्त के आधार पर उन्होंने दूसरा प्रयोग किया । इस बार उन्होंने पक्की मिट्टी का उपयोग कर प्रसरण रीति से दोनों को अलग किया । इसी चिकनी मिट्टी की नलियाँ बनाई जाती हैं । उन्होंने दो बर्तनों को लिया और उन्हें एक नली से जोड़ दिया । इस नली के मध्य से चिकनी मिट्टी की दिवाल बनाया । नियोन गैस एक बर्तन में भर दी गई और उसे दूसरे बर्तन में चिकनी मिट्टी की दीवाल के भीतर से प्रसरण-रीति से जाने दिया गया । चिकनी मिट्टी की दीवाल में अत्यंत सूक्ष्म छिद्र होते हैं । इन्हीं छिद्रों से निकलकर नियोन के परमाणुओं को दूसरे बर्तन में जाना था । एस्टन ने विचारा कि इन छिद्रों से हल्के आइसोटोप के परमाणु शीघ्र निकल जाएँगे और पहले बर्तन में कुछ समय बाद भारी आइसोटोप की मात्रा बढ़ जाएगी । इस प्रयोग में एस्टन को तनिक सफलता मिली । दूसरे बर्तन में हल्के आइसोटोपों की मात्रा कुछ अधिक और पहले में भारी आइसोटोपों की मात्रा उसी हिसाब से कुछ अधिक पाई गई फिर भी पूर्ण रूप से निर्णय न हो सका ।

इन दोनों विधियों का सूक्ष्म विवरण यहाँ इसलिए दिया गया है कि इन्हीं विधियों का उपयोग सावधानी से करके बाद में लगभग सभी आइसोटोप प्राकृतिक मिश्रण से बड़ी उत्तम रीति से अलग किए गए । वास्तव में, परमाणु-बम में काम आने वाले सभी तत्त्वों का संग्रह पर्याप्त मात्रा में इन्हीं विधियों से सुगम हुआ । संयोगवश एस्टन को उस समय इतनी सफलता नहीं मिली जितनी सफलता बाद में उन्हीं प्रयोगों से अन्य वैज्ञानिकों को मिली ।

ऐसे प्रयोग सन् १९१४ ई० में प्रथम विश्वव्यापी समर के प्रारम्भ ही में किए गए । इंगलैंड के बहुत से नवयुवक युद्ध में भाग लेने चले गए और प्रयोगशालाओं की प्रगति रुक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गई। एस्टन युद्ध में बच गए। और फिर सन् १९१९ में अपने काम पर आ डटे, किन्तु इस बार वे आइसोटोपों की इन भौतिक विधियों को छोड़कर प्रो० जे० जे० टामसन की रीति का अनुसरण करने लगे।



चित्र संख्या (१)

एस्टन ने गाइज़लर-नली को कैथोड सिरे की ओर जे० जे० टामसन से भी अधिक बड़ी बनाया और चित्र संख्या (१) के अनुसार बारीक छिद्रदार लम्बा कैथोड बनाया। ताकि धनात्मक आयन छितरा न सकें केवल सीधे मार्ग से निकलें। लम्बे छिद्र के होने से फोटो-प्लेट पर बारीक धब्बा केवल सीधे मार्ग से चलने वाले आयनों से बन पाता है। अब यदि कोई प्रबल चुम्बक इस आयनपुंज के पास बाहर लगाया जाता है तो आयन पुंज अपने सीधे मार्ग से मुड़ जाते हैं और वक्राकार मार्ग से चलकर फोटो-प्लेट पर पड़ते हैं। मार्ग की वक्रता आयन के भार पर निर्भर होती है। अतः फोटो-प्लेट पर विभिन्न भार वाले आयनों के कई धब्बे बनते हैं। इन धब्बों के बीच की दूरी आयनों के भार पर निर्भर होती है। आयन का भार दरअसल न्यूक्लियस का भार होता है। अतः इस तरीके से आइसोटोपों की अलग परीक्षा हो सकती है।

प्रथम महासमर के पूर्व टामसन ने नियोन–२२ के क्षीण धब्बे को नियोन–२० के गाढ़े धब्बे के सन्निकट देखा था और उन्होंने नियोन के दो आइसोटोपों का अनुमान किया था। अब इस नए परिशुद्ध (precise) उपकरण से एस्टन को लगभग हरएक तत्त्व में गाढ़े धब्बे के साथ क्षीण धब्बे मिले। धब्बों से विभिन्न आयनों का आपेक्षिक भार निकालना सरल था और थोड़े ही समय में एस्टन ने कई तत्त्वों के आइसोटोपों का पता



चित्र संख्या (२)

लगा लिया। साथ ही धब्बों का गाढ़ापन आयनों की संख्या पर निर्भर होता है। इस प्रकार एस्टन किसी तत्त्व के आइसोटोपों की आपेक्षिक मात्रा भी मालूम करने में सफल हुए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्र संख्या (२) में दो भिन्न आइसोटोप की रेखाएँ दिखाई गई है। गाइज़लर नली का सम्वर्धित बायाँ कैथोड-सिरा बड़ा चुम्बक भिन्न भार के आयनों को विभिन्न मान से मोड़ देता है। हल्के आयन वजनी आयनों की अपेक्षा अधिक मुड़ते हैं।

जिन-जिन तत्त्वों का अध्ययन एस्टन ने किया लगभग सभी में उन्हें आइसोटोप मिले। एस्टन के काम को अमेरिका में के० टी० **बेनब्रिज** ने आगे बढ़ाया और दोनों ने मिलकर सम्पूर्ण तत्त्वों की परीक्षा की। सभी तत्त्वो में आइसोटोप मिले। इनकी संख्या विभिन्न तत्त्वों में आइसोटोप तक पाई गई और ९२ मूल तत्त्वों में सब मिलाकर २५० आइसोटोप मिले। तत्त्वों के भीतर आइसोटोपों की संख्या में अनोखा क्रम पाया गया। सम संख्या वाले तत्त्वों में इनकी संख्या ८ तक होती है और विषम संख्या वाले तत्त्वों में प्रायः ३ आइसोटोप से अधिक नहीं मिलते। अभी तक इस विधान का पता नहीं मालूम हो सका है।

अब हम मूल प्रश्न, परमाणु-भारों की अपूर्ण संख्या की व्याख्या भली-भाँति समझ सकते हैं। प्राकृतिक तत्त्व आइसोटोप के मिश्रण होते हैं। यदि तत्त्व का भार उसके आइसोटोपों की आपेक्षिक मात्रा के अनुसार ज्ञात किया जाता है तो परमाणु-भार का मान अपूर्ण संख्या पाई जाती है। यदि किसी तत्त्व का परमाणु-भार पूर्ण संख्या के बिल्कुल निकट होता है तो उसमें केवल एक ही आइसोटोप पाया जाता है। जैसे यदि फ्लोरीन का परमाणु-भार १९·०० है, सोडियम का २३·०० और हीलियम का ४·०० होता है तो इनमें एक ही आइसोटोप होता है।

३–गुरु-हाइड्रोजन

अनेक आइसोटोपों की खोज से एक विचित्र परिस्थिति उत्पन्न हुई। प्रारम्भ में ऑक्सीजन के परमाणु-भार १६·०० को भार की इकाई यों ही मान लिया गया था। जब तक आइसोटोप का पता नहीं लगा था तब तक यह संख्या अवश्य बहुत अनुकूल पाई गई। इस संख्या की मान्यता बाद में भी बनी रहती यदि ऑक्सीजन में केवल एक ही आइसोटोप ${}_8O^{16}$ पाया जाता किन्तु आक्सीजन में O^{16} के साथ दो और प्राकृतिक आइसोटोप O^{17} तथा O^{18} पाए जाते हैं। O^{16} के प्रति ५०० परमाणु-भार के साथ O^{17} अथवा O^{18} ऑक्सीजन परमाणु का आइसोटोप मिलता है। यदि O^{16} का भार १६·००० लिया जाय तो प्राकृतिक ऑक्सीजन मिश्रण का परमाणु-भार १६·००० म ३ इकाई भार अधिक होना चाहिए; अर्थात् आक्सीजन का परमाणु-भार १६·००३ होना चाहिए। हमें याद रखना है कि हाइड्रोजन परमाणु-भार २० वर्ष पहले बड़ी शुद्धता से नापकर १·००७७८ पाया गया था। इस मान में ०·०२ प्रतिशत की अशुद्धि मापन-विधि का दोष मानकर क्षम्य समझी जाती; किन्तु इतने अधिक अन्तर का कारण समझना कठिन था। यदि हाइड्रोजन में भी कोई आइसोटोप होता तो शायद कठिनाई न पड़ती, किन्तु हाइड्रोजन के आइसोटोप का पता न तो एस्टन को लग सका था और न बेनब्रिज को। संवर्धित गाइजलर-नली में जिसे आज भार स्पेक्ट्रोमीटर (man spectrometer) कहते हैं हाइड्रोजन गैस के साथ जब-जब प्रयोग किया गया तब-तब केवल एक ही धब्बा प्लेट पर पाया गया। अन्य कोई धब्बा नहीं मिला; किन्तु गुरु हाइड्रोजन का सन्देह सदा बना रहा। हाइड्रोजन से भारी आइसोटोप अवश्य है, परन्तु इसकी मात्रा इतनी कम है कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसका प्रभाव न तो एस्टन के फोटो-प्लेट से और न बेनब्रिज के स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा ही ज्ञात हो सका। हिसाब लगाने से यह अनुमान किया गया कि यदि हाइड्रोजन का आइसोटोप है तो तौल के अनुपात से साधारण हाइड्रोजन के ५००० भाग में १ भाग इस आइसोटोप का होना निश्चित है क्योंकि तभी हाइड्रोजन का परमाणु-भार १००७८ हो सकता है किन्तु इतनी सूक्ष्म मात्रा में पाए जाने वाले आइसोटोप का अस्तित्व, जिसका पता न एस्टन की विधि से और न बेनब्रिज के सुग्राही उपकरण से ही लगता है, किस प्रकार सिद्ध किया जाय ?

साधारण हाइड्रोजन परमाणु में एक प्रोटॉन और एक इलेक्ट्रॉन होता है। इसके आइसोटोप के न्यूक्लियस में २ प्रोटॉन होंगे जिनमें सम्भवतः एक प्रोटॉन एक इलेक्ट्रॉन के संयोग से आवेशशून्य होगा। इस तरह न्यूक्लियस पर केवल इकाई आवेश पाया जाता है जो बाहर के एक इलेक्ट्रॉन से संतुलित रहता है और आइसोटोप का भार २ इकाई होता है। इसका भार हाइड्रोजन परमाणु का दूना होता है। भार में अन्तर होना एक बड़े महत्व की बात थी और इसी कारण दोनों में भेद पाना सम्भव हो सका।

नियोन-२० और नियोन-२२ म अन्तर भार के हिसाब से १० प्रतिशत होता है और प्रसरण तथा वाष्पीकरण विधियों से प्रो० एस्टन उन्हें अलग करने में असफल हो चुके थे। इसी तरह **क्लोरीन** के आइसोटोप-क्लोरीन–३५ और क्लोरीन–३७ के भार में बहुत कम अन्तर होता है। इन्हें भी अलग करने में बहुत थोड़ी सफलता मिली थी। हाइड्रोजन के आइसोटोपों के भार में दूने का अन्तर होता है, अतः उनको अलग करने में सफल होने की सम्भावना अधिक थी। यदि एस्टन की बताई हुई वाष्पीकरण तथा प्रसरण रीति सैद्धान्तिक दृष्टि से ठीक है तो हाइड्रोजन के आइसोटोप अवश्य अलग किए जा सकते हैं।

प्रो० **हैराल्ड सी० यूरे** इसी सिद्धान्त पर विश्वास रखते थे और वे इसी रीति से इस प्रयोग में संलग्न हुए। उनकी धारणा थी कि यदि द्रवित हाइड्रोजन को निश्चित तापक्रम पर धीमें-धीमें वाष्पीभूत किया जाय तो हल्का आइसोटोप पहले हवा में उड़ जाएगा और दूने भार का आइसोटोप छूट जाएगा। इस प्रकार अधिक मात्रा में द्रवित हाइड्रोजन लेकर हल्के आइसोटोप को धीरे-धीरे वाष्पित कर शेष द्रव में दूने भार वाले आइसोटोपों की मात्रा अधिक हो सकती है और तब उसका प्रभाव फोटोग्राफी के प्लेट पर एस्टन की विधि से देखा जा सकता है।

यूरे के प्रोत्साहन से एफ० जी० **ब्रिकवेड** ने ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड में १ गैलन द्रव हाइड्रोजन तैयार किया और धीमें-धीमें उसे वाष्पीभूत किया। जब एक ग्राम ($\frac{1}{28}$ औंस) द्रव हाइड्रोजन शेष रह गया तो उन्होंने इसे यूरे के यहाँ भेज दिया। कोलम्बिया विश्व-विद्यालय में यूरे और जी० एम० **मर्फी** ने इस द्रव को भार **स्पेक्ट्रोमीटर** में तनिक लगाया और एस्टन की विधि से धनात्मक आयन का फोटो लिया। उनको साधारण हाइड्रोजन के गाढ़े धब्बे के साथ दूसरा धब्बा मिला जो पहले कभी नहीं पाया गया था। यह धब्बा ठीक दूने भार के अनुरूप पाया गया जो **गुरु हाइड्रोजन** ${}_1H^2$ का धब्बा था। इसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्त्वपूर्ण अनुसंधान के उपलक्ष्य में यूरे को सन् १९३४ में नोबुल पुरस्कार मिला। यह गुरु हाइड्रोजन ${}_1H^2$ बड़े ही महत्त्व की कणिका पाई गई और इसी का नाम **ड्यूटरियम** रक्खा गया और इसका संकेत D निश्चित किया गया। साथ ही जिस तरह हाइड्रोजन के न्यूक्लियस को प्रोटॉन कहा गया उसी प्रकार गुरु हाइड्रोजन के न्यूक्लियस का नाम **ड्यूट्रान** रखा गया।

जल के अणु में दो परमाणु हाइड्रोजन होते हैं और एक परमाणु आक्सीजन का होता है। ड्यूटेरियम हाइड्रोजन का आइसोटोप है। अतः वह हर एक रासायनिक क्रिया में हाइड्रोजन का स्थान ग्रहण कर सकता है। इसी कारण D_2O अणु का होना निश्चित माना गया जिसमें सामान्य हाइड्रोजन के स्थान पर दो गुरु हाइड्रोजन हों। ऐसे अणुओं से बने जल को (heavy water) कहा गया। साधारण जल में निःसन्देह कुछ अंश भारी पानी होना चाहिए, किन्तु इसे अलग कैसे किया जाय अथवा इसकी मात्रा जल की राशि में कैसे बढ़ाई जाय? गुरु जल की मात्रा बढ़ाने के लिए साधारण जल उसी भाँति निश्चित तापक्रम पर धीरे-धीरे उबाला गया ताकि साधारण जल उड़ जाए जैसे पहले ड्यूटेरियम की मात्रा बढ़ाने के लिए द्रवित हाइड्रोजन को निश्चित ताप पर उबाला गया था। गुरु जल के समाहार (concentration संकेंद्रण) का पता तौल से लगाया जाता है। साधारण जल के अणु में एक ऑक्सीजन परमाणु का भार १६ और दो हाइड्रोजन परमाणु की २ इकाई मिलाकर भार १८ इकाई होता है; किन्तु गुरु जल के अणु का भार २० इकाई होता है। इस प्रकार तौल के हिसाब से २० भाग में २ अथवा १० में १ का अनुपात पाया जाता है। हम प्रयोगशाला में तौलकर $\frac{१}{१०००}$ की यथार्थता तक भार मालूम कर सकते हैं। अतः १ भाग गुरु जल का पता १००० भाग साधारण जल में लगाया जा सकता है। गुरु जल का पता सहज में लग सकता है और इसे सरल रीति से अलग किया जा सकता है। अतः परमाणु-रचना के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के अनुसन्धानों में भी इसकी उपयोगिता बढ़ी, जैसे शारीरिक विज्ञान में। रासायनिक दृष्टि से साधारण जल और गुरु जल में कोई भेद नहीं होता और इनका उपयोग हमारे शरीर में भी बिना किसी भेदभाव के होता है। इतना अवश्य अनुभव किया जाता है कि पी लेने पर साधारण शुद्ध जल का पता ठीक नहीं लगता कि कहाँ गया और शरीर में कब तक रहा? किन्तु जब गुरु जल पिया जाता है तो इसकी गुरुता के कारण गुरु जल का पता मूत्राशय में लगता है। इसके कारण मूत्र की गुरुता बढ़ जाती है।

अनेक यौगिकों में साधारण हाइड्रोजन के स्थान पर ड्यूटेरियम लगाया जा सकता है और ऐसे खाद्य-पदार्थों की क्रिया शरीर के भीतर क्रमशः देखी जा सकती है। ड्यूटेरियम का ही नहीं बल्कि ऑक्सीजन $O\text{-}1^8$ तथा अन्य आइसोटोपों का भी अध्ययन इसी रीति से किया गया है। आज शरीर विज्ञान में ऐसे अनुसंधानों के कारण बड़ा परिवर्तन हो रहा है।

ड्यूटेरियम द्वारा परमाणु-रचना की जानकारी में भी बहुत सहायता मिली और गुरु जल परमाणु-शक्ति के उद्घाटन में विशेष उपयोगी सिद्ध हुआ। वास्तव में, ड्यूटेरियम तथा गुरु जल के अन्वेषण से ही आइसोटोप की व्याख्या पूर्ण हो सकी और परमाणु-भार का ठीक मतलब समझ में आया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४ न्यूट्रॉन

आइसोटोप तथा उनकी रचना के संबंध में हमलोग एक मौलिक प्रश्न की पहले कुछ अवहेलना करते आए हैं। हमने प्रोटॉनों की संख्या के बराबर न्यूक्लियस का धनात्मक आवेश मान लिया और परमाणु-भार की कमी की पूर्ति ऐसे प्रोटॉनों से किया जिनके साथ एक-एक इलेक्ट्रॉन लगे हों ताकि भार बढ़ जाय और आवेश की मात्रा न बढ़े। यथा हीलियम की क्रमसंख्या ३ और भार ७ होता है तो केन्द्र के बाहर ३ इलेक्ट्रॉन और भीतर ३ प्रोटॉन माने गए और भार की पूर्ति के लिए केन्द्र में ४ प्रोटॉन ऐसे समझे गए जो एक-एक इलेक्ट्रान से युक्त होकर आवेशशून्य रहते हैं।

हाइड्रोजन के बाद जितने तत्त्व हैं सब में भार परमाणु-संख्या से अधिक ही होता है। यूरेनियम के न्यूक्लियस में ९२ स्वतंत्र प्रोटान परमाणु संख्या के बराबर और १४६ प्रोटान एक-एक इलेक्ट्रॉन से युक्त आवेशशून्य माने गए। न्यूक्लियस के भीतर इलेक्ट्रॉन किस स्थिति में रहता है और इसके ऋणात्मक आवेश से प्रोटॉन के धनात्मक का निराकरण कैसे होता है? इसके लिए बहुत-सी तर्कपूर्ण कल्पनाएँ की गईं। किन्तु किसी से भी मूल प्रश्न का और समाधान न हो सका। विज्ञान में ऐसे ही संदेहात्मक तर्कों के संबंध में अनेक प्रश्न उठते रहते हैं उनके समाधान के लिए प्रयोग किए जाते हैं और प्रयोगफल को लेकर जटिल प्रश्नों पर विचार विनिमय होता है। वैज्ञानिकों की दृष्टि इसी न्यूक्लियस रचना पर केन्द्रित हुई और वे इसी प्रश्न को सुलझाने में संलग्न हुए। उन्होंने न्यूक्लियस के दुर्ग को अल्फा और प्रोटॉन की गोलियों से बेधना शुरू किया।

सन् १९३० ई० में **डब्लू० बोथे** (W. Bothe) और **एच० बेकर** (H. Becker) ने अल्फाकणों का प्रयोग **बेरीलियम** तत्त्व पर किया। बेरीलियम की परमाणु संख्या ४ है: इस प्रयोग में बोथे और बेकर को बहुत ही तीव्र किरणें बेरीलियम से निकलती हुई मिलीं। उन लोगों ने पहले समझा कि जैसे रेडियम से गामा किरणें निकलती हैं वैसे ही अल्फा कणों के आघात से गामा किरणें निकलती है किन्तु यह धारणा गलत सिद्ध हुई। **फ्रेडेरिक जूलियो** (Frederic Joliot) और उनकी पत्नी (इर्निक्यूरी, क्यूरी दम्पति की पुत्री) ने सन् १९३२ ई० में ऐसे ही प्रयोग बेरीलियम पर किए। इन लोगों ने देखा कि बेरीलियम की तीव्र किरणें सीसे (lead) के पर्दे को पार कर जाती हैं जब कि वही पर्दे गामा किरणों को पार नहीं होने देते। साथ ही देखा गया कि यदि बेरीलियन को घेरकर मोम का पर्दा अथवा कोई अन्य हाइड्रोजन यौगिक का पर्दा रक्खा जाता है तो इन पर्दों से नये प्रोटॉन अधिक शक्ति के साथ निकलते हैं। यह भी एक गूढ़ पहेली बनी और लोग इसके रहस्य को समझने में संलग्न हुए।

इसी वर्ष **जेम्स चैडविक** ने भी बेरीलियम पर इसी प्रयोग को दुहराया और उन्हें भी वही तीव्र किरणें मोम से निकलती मिली जैसी बोथे और बेकर तथा जूलियो क्यूरी ने पाया था। उन्होंने एक कदम और बढ़ाया। चुम्बकीय क्षेत्र का प्रभाव देखा और पाया कि ये तीव्र किरणें तनिक भी विक्षिप्त नहीं होती। अतः निष्कर्ष निकला कि वे गामा और एक्स किरणों के समान आवेशशून्य होती हैं; किन्तु उनका वेग प्रकाश के वेग का ०.१ होता है जब कि गामा और एक्स किरणें प्रकाश के वेग से चलती हैं। अब चैडविक ने इन तीव्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किरणों को नाइट्रोजन के परमाणुओं पर डाला और देखा कि कोई-कोई नाइट्रोजन परमाणु इनके आघात से भड़क उठते हैं। मानों उन पर एकाएक एक गहरी चोट पहुँची हो। ऐसा कभी गामा और एक्स किरणों के प्रयोग से नहीं देखा गया था। नाइट्रोजन परमाणु पर ऐसे आघात को देखकर अनुमान किया गया कि इन तीव्र किरणों में आवेशशून्य कणिकाएँ हैं जो चुम्कीय क्षेत्र में अपने मार्ग से विक्षिप्त नहीं होती।

शीघ्र ही चैडविक ने दिखलाया कि इनका भार प्रोटॉन के बराबर ठीक एक इकाई होता है। उन्होंने इनका नाम "न्यूट्रॉन" रक्खा जो बहुत ही उपयुक्त सिद्ध हुआ। इस अनुसन्धान के उपलक्ष्य में चैडविक को सन् १९३५ में ई० नोबुल पुरस्कार प्रदान किया गया।

न्यूट्रॉन का ठीक पता लगते ही परमाणु-केन्द्रीय विज्ञान (Nuclear Physics) में नवीन प्रयोगों की एक बाढ़ सी आ गई और यहीं से परमाणु बम की नींव पड़ी। यहाँ इतना ही बताना पर्याप्त होगा कि न्यूट्रॉन की खोज से परमाणु-संख्या के हिसाब से न्यूक्लियस के भार की अधिकता की व्याख्या सुन्दर रूप से हो सकी। केन्द्रों के भार में अधिकता इन्हीं न्यूट्रॉनों के कारण होती है। उन पर कोई आवेश नहीं पाया जाता। हीलियम के न्यूक्लियस में २ प्रोट्रॉन और २ न्यूट्रॉन होते है। न्यूक्लियस के भीतर इलेक्ट्रानों के रहने की आवश्यकता नहीं रह गई। लीथियम के न्यूक्लियस में ३ प्रोट्रॉन और ४ न्यूट्रॉन होते हैं। यही विधान अन्य तत्त्वों के केन्द्र में है।

अब परिस्थिति सुलझी हुई दीखती है। न्यूक्लियस का आवेश केवल प्रोटॉनों के आवेश के बराबर धनात्मक होता है जो बाहरी इलेक्ट्रॉनों के भार के जोड़ के बराबर होता है। हाइड्रोजन को छोड़ बाकी तत्त्वों का भार उनकी परमाणुसंख्या का दूना होता है। अतः न्यूक्लियस में न्यूट्रॉनों की संख्या लगभग प्रोटॉनों की संख्या के बराबर पाई जाती है।

चित्र संख्या (३) में कुछ प्रमुख तत्त्वों के न्यूक्लियस की रचना बताई गई है। इनमें एल्यूमीनियम, बेरियम और यूरेनियम के न्यूक्लियस पर थोड़ा ध्यान दीजिए। एल्यूमीनियम के १३ प्रोटॉनों के साथ १४ न्यूट्रॉन हैं, बेरियम के न्यूक्लियस में ५६ प्रोटॉनों के साथ ८१ न्यूट्रॉन हैं और यूरेनियम के केन्द्र में ९२ प्रोटॉनों के साथ १४६ न्यूट्रॉन हैं। इनमें प्रोटॉनों तथा न्यूट्रॉनों की संख्या बराबर नहीं है। बेरियम में अन्तर अधिक और यूरेनियम में अन्तर और भी अधिक है। ये तत्त्व और इनके आइसोटोप हमारी कहानी के लिए बहुत ही महत्त्व के हैं। इनका उपयोग फिर आगे चलकर किया जाएगा।



परमाणु-रचना के संबंध में अबतक हमें यही जानकारी है। आगे हम देखेंगे कि परमाणु-केन्द्र के विघटन से रेडियम तथा रेडियमधर्मिता के अनुसार कृत्रिम शक्तियाँ कैसे निकलती हैं।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SOME RARE PERSIAN MANUSCRIPTS OF THE B.H.U. LIBRARY

DR. AMRIT LAL ISHRAT
Department of Persian

Perhaps a microscopic number of Scholars may be aware of the fact that a grand collection of Persian Manuscripts, some of them extremely rare, old, unique and much sought after, exists in the Sri Ram Section of the Gaekwad Library of the B.H.U. These manuscripts were donated to the B.H.U. Library, in good old days, by Lala Srī Ram, Rais o Delhi, a renowned Philanthropist, and the famous author of the "Khum Khānah-i-Jāveed", the well known work in Urdu, containing the Biographies of the Urdu poets.

Lying under the dust of oblivion, away from the touch of a human hand, many of these valuable manuscripts have become worm-eaten and defective, despite the Librarian's best efforts to maintain them in good condition. Since a thorough survey of them was an academic task which had not only become long overdue but was of great desirability also, I took up the work of preparing a descriptive catalougue of this collection in November 1964 and finalised it, by the grace of God, in June 1965.

According to the official record, the total number of these manuscripts is 890, but actually it is not less than 1100. The reason is that in many cases, two, three or four Manu cripts have been bound together under one number. Under the present scheme, they are arranged under the headings of Lexicogrphy, Philosophy, Metaphysics, Sūfism,Ethics, Islamic literature, Philology, Rhetoric, Different Sciences i.e. Mathematics, Astronomy, Astrology, Palmistry, Chemistry, Medicine, Different Arts i.e. Calligraphy, Music etc., Literature i.e. Prose, Poetry, Romance, Fables, Fictions, Letters, Miscellaneous, History of Literature, Translations from Sanskrit, World History, History of the Mughals, History of Persia and other countries, History Of India and Biography.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

First and foremost in extent is the poetical section which occupies nearly one half of the collection and includes several early and valuable copies of the classical poets, as well as a fair muster of their successors in Iran and India, down to the the 19th century A.D.

Historical section is equ lly important as it contains a number of manuscripts which are quite rare. Next comes the translations from Sanskrit which include a large collection of Persian versions of Hindu religious literature like, Rāmaʾna, Mahābhārata, Shrimad Bhāgwata, fragments and complete copies of different Purānās. Islamic section is also very rich and contains a good number of works by some of the leading and towering personalities and champions of both Shiah and Sunni faiths.

History

Out of the rare and interesting manuscripts under this head, the following may be noticed as specially worthy of attention.

P X 34
15

Tazkirat-ul-Waqi'at

Memoirs of the reign of Humāyun, by Jauhar, surnamed "Aftābchi" or ewer-bearer, who was in constant attendance upon his royal master i.e. Humāyun, the second Mughal king, during the most eventful and tragic period of his life. Humāuyn appointed him in 1555 A.D., as collector of Haibatpur and subsequently of the village of Tātār Khān, and he calls himself towards the end of the Memoirs as "Khizānchi" i.e. treasurer of the Government of Panjab and Multan. The author commenced the work in 1586-87 A.D. i.e. 32 years after the death of Humayun. The manuscript is slightly worm-eaten. Dated 1288 A.H.=1871 A.D. by Mirza Hossain Hamadāni.

P X 34
14

"Shish Fath-i-Qala'-i-Kangra"

Written after the death of Jahāngir, who is referred to here by it posthumous title, it is a six fold account of the expedition which Shāh Jahān, then Governor of Gujrāt, sent under the command of Rājā Bikramājit against the rebel Suraj

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Mal, son of Rājā Basu, in the 13th year of Jahāngīr's reign A.H. 1027=1617-18 A.D. In order to display the inexhaustible wealth of his rhetorical resources, the author relates the same events in six separate pieces, written in so many different styles of composition. The author is Mirza Jalāl Tābā Tabāi of Isfahān, who came to India in 1634 A.D. and became a court chronicler of Shāh Jahān.

"Masir-i-Talibi"

P X 6
01

A detailed and very informative account of Mirzā Abu Tālib Khān's journey to Europe, from 1799 to 1804 A.D., compiled by the author, immediately after his return and completed according to the versified chronogram on the last page in A.H. 1219=1804 A.D. The author is Mirzā Abu Tālib Khān of Lucknow, who may rightly claim to be one of the pioneers of modern Historiography. He was born at Lucknow in 1752 A.D., went to England in 1799 A.D. and left a vivid account of his travels in this manuscripts. He traced the prosperity of Britain to the Industrial Revolution, before most of his contemporaries, whether Indian or British, were aware that such a revolution had taken place. He was perhaps the first to realise vividly the importance of economic factors on the course of history and anticipated some of the findings of Marx by more than fifty years. He was a prolific writer and is identical with the compiler of the famous Tazkirah "Khulāsat-ul-Afkār" and the author of the Diwān-i-Tālib.

"Nādir Nāmah"

P X 33
03

A minute and circumstantial account of Nādir Shah's actions in Delhi, composed in 1757-58 A.D. by mirzā Mahdi Ali Khān Astarabādi, who was attached to the service of the king of Persia, and was present as Nādir's, private secretary at his interviews with Mohd. Shāh Rangīla, the ruler of Delhi.

"Imad-ul-sa'adat"

P X 34
28

A history of "Burhān-ul-Mulk" and his successors in the Govt. of Oudh, down to 1808-09 A.D. by Gulam Ali naqvi,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

who was born in Rai Bareilly and entered the service of Colonel John Baillie, the resident at the court of Lucknow in 1807 A.D. It was by Col. Baillie's desire that he wrote the present work in 1809 A.D. As Burhān-ul-Mulk Sa'ādat Khan, the founder of the Oudh dynasty, and his successors played an important part in all the battles, that distracted India in the 18th century, this work contains, in fact, a history of the Mughal empire during that eventful period.

P X 34
29

"INTIKHAB-I-AKHBAR-I-RIYASAT-I-SINDHIA"

A large collection, containing a selection of Akhabār or news-letters, in three chapters, relating to the Marāttah affairs between 1788-1790 A.D. beginning with the news-letters of the Durbar of Patel Bahādur and ending with an account of Gulām Qādir Rohīla.

P X 34
33

"TARIKH-I-SINDH"

History of Sindh, from the Mohammedan conquest to the annexation by the emperor Akbar, composed by Mohd. Ma'sum Bin Saiyid Safa'ī, with the pen-name "Nāmī" ,who died shortly after 1607 A.D. Beginning with the history of the early kings of Sindh and ending with the subjugation of the country by Akbar in 1592-93 A.D., the work closes in this copy with the capitulation of Jānī Beg whose death is recorded in a few lines.

TRANSLATIONS FROM SANSKRIT

P IX 9
19/1

"SIRR-I-AKBAR"

An old and rare copy, transcribed in 1150 A.H.=1737 A.D. by Durgā Mall, is a collection of "Upanishads" or Upnakhats, which was compiled and translated from Sanskrit, by Prince Dārā Shukūh, the eldest and the talented son of Shāh Jahān, with the help of some learned Pandits of Banāras and finished A.H. 1067=1657 A.D. i.e. two years before the prince was killed by his bigotted brother Aurangzébe, on the plea of heresy.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"Shiva Purāna"

P IX 9
18

Persian version of the Shiva Purāna, divided like the Sanskrit original, as the translator claims, is in seventy four Adhyayas. The translator is Kishan Singh, with the pen-name of "Nashāt" son of Rai Prān Nāth, a Khatri of the Mangal tribe and inhabitant of Siālkot, who also wrote a Persian version of the "Pancha Krosi" and the short narrative in ornate prose styled "Gharib-ul-Inshā" in 1744 A.D.

"Rāmayana"

P IX 9
16

A compendious poetical translation of the Rāmāyana, styled the story of Rāmā and Sitā, by Sheikh S'ad Ullah "Masīh" or Masīha Kairānwi Panīpatī. The author, who, according to Ethé, is not to be confused with Hakim Rukna "Masīh" of Kāshān to whom this poem has been wrongly ascribed, was the adopted son of Muqarrab Khan (who died in 1646 A.D.) and flourished under Jahāngīr, whom he praises in this poem. Among the Introductory Chapters, there is also a laudation of India and the author's spiritual guide Pīr Mohd. Abu'l Baqā.

"Gulzar-i-Hal"

P IX 9
15

Completed in 1662 A.D. and transcribed in 1720 A.D. this is a very rare translation of the Sanskrit Drama "Prabhodha Chandrodaya", which was composed by Kishan Dāss Bhat or Kishan Dāss Misrā. This Persian version was made by Bānwali with the Nom De Plume Wali, "who is identical with Bānwali Dāss, a Munshi of Prince Dārā Shukūh and the author of the "Rājāwalī".

"Maha Bharata"

P IX 9
10/1

The Persian translation of the Mahā Bhārata, made at the emperor Akbar's request, under the auspices of his great Prime Minister Abul' Fazl bin Mubārak. The order for the translation was given by the emperor who afterwards bestowed upon the work, the title "Razm Nāma" or Book of Wars, in A.D. 1582, and four scholars were engaged in the task, viz., the famous historian Abdul Qādir Badāyūni, Naqīb Khān,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Modh. Sultān Thānisarī and Mullā Shi'ri-Abu'l Fazl wrote his very important introduction to the whole work in A.D. 1587, and his brother, Faizī, turned two years later, some ports of it into ornamental and highly embellished prose. This copy, was transcribed as indicated on the fly-leaf, in the 43rd year of 'Alamgīr's reign i.e. 1112 A.H. = 1700 A.D. and is wanting in Abul Fazl's preface. It contains Parva I, II and III.

"Jog Bashisht"

P IX 9
08/1

A Persian version of the "Yoga Vashishta" of Vashishtha Sanskrit work on Hindu gnosticism, made under the auspices of Prince Dārā Shukūh in 1656 A.D.

Sri Bhagvata Maha Purāna

P IX 9
04/2

Persian version of the 11th Chapter of Sri Bhāgvata, in elegant poetry, in Masnavi form, intermixed with Ghazals, by Rai Amānat Rāi. Transcribed in 1744 A.F., during the reign of Modh. Shāh Rangīla, by Debī Singh.

MEDICINE

"Zakhirah-i-Khwarazm Shahi"

P VII 2
36

A very valuable manuscript, containing the 5th and 6th volumes of the "Treasure of the Khwārazm Shāh" i.e. the oldest "Thesaurus" of the whole medical Science in Persian, composed by Zain-ud-Din Abu Ibrāhīm who entered the service of the first Khwārazm Shāh (or rather Governor of Khwārazm under the Saljūqī Sultān Sanjar) with the honorary epithet Qutb-ud-Din, (ruled 1098-1127 A.D.), and dedicated this work to his sovereign. The author died in 1136-37 A.D.

"Ikhtiyarat-i-Badi'i"

P VII 2
11

A worm-eaten copy of the famous Materia Medica by Hāji Zain-ud-Din, who was born in 1330 A.D. and died in 1403-1404 A.D. He composed this work in 1368-69 A.D. on the basis of his previous composition "Miftāh-ul-Khazāin", styling the two Divisions of the book as the first and the second Maqāla respectively. First Maqāla, on "Simple Drugs" is in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

alphabetical order. Second Maqāla is on compound medi aments.

"Ma'dan–ul–Shifa" P VII 2 13

A standard work on medicine, compiled from Indian sources in 1512-13 A.D. by Bhuwah ibn Khān and dedi ated to the Lodhi King Sikandar Shāh bin Bahlul Shāh (1489-1517 A.D.). The work is commonly known as "Tib-i-Sikandari" and comprises 1182 pages.

"Tuhfat–ul–Mominin" P VII 2 20/1

The famous work on the Materia Medica, compiled on the basis of the Arabic Book "Jami'-ul-Baghdadi" and many other Arabic and Indian medical treatises by Mohd. Momin Hossaini, chiefly for the purpose of correcting the many errors and inacuracies in the "Ikhtiyārāt-i-Badī'-i. The author lived in the court of Shāh Sulaimān Safavī (1666-1694 A.D.) to whom it is dedicated.

"Ikhtiyarat–i–Qasimi" P VII 2 18

A compendium of Medicine, according to the Indian system, by Mohd. Qāsim Hindu Shāh of Astarābad commonly called Firishtah, the author of the well known general history of India known as "Tārīkh-i-Firishtah", who died in 1624 A.D.

SCIENCE

"Dānish Nama" P VI 1 01

A work on the different branches of physical science i.e. Natural history, Metereology, Mineralogy,, Botany, Physiology Psychology and Anatomy, by Ghias-ud-Din, whose life-time is not known but who, according to the internal evidence cannot have lived later than the 13th or 14th century A.D.

"Khulasat–ul–Hisab" P VI 2 01

Dedicated to the emperor Shāh Jahān and transcribed in 1729 A.D., the work is divided into two parts. The first part is a translation of "Baij Kanth", a tract in Sanskrit on Mathematics, by Bahā Shankar Achāraj. The second part

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

contains explanations and illustrations of Mathematical problems in Persian verse. The author is Maulavi "Atā-ullah.

"Bal-i-Huma"

P VI 6
01

An interesting tract in Persian verse, on Chemistry by Ahmad Ali.

LITERATURE

"Nairang-i-Tasvir"

P IX 3
02

An excellent long poem, in the form of Masnavi, composed on the marriage of king Farrukh Siyar of India (1712-1719 A.D.) with the daughter of Rājā Ajīt Singh of Mārwār, praising the different matrimonial ceremonies in and elegant style. The author is Mīr Abdul Jalīl of Bilgirām who completed it in 1718 A.D.

"Diwan-i-Ujubeh"

P IX 3
17

A collection containing ghazals, Qasidas, Ruba'is and a Masnavi by the Sufi poet Ra'iz-ud-Din Abdul Karim Zanjāni, with the pen-name of "Ujūbeh", a pupil of Abul Qāsim Zahbi Shīrāzi who spent most of his time in Āzarbāijān.

"Diwan-i-Badr-i-Chach"

P IX 3
36

A very good manuscript, containing the lyrical poems of Badr-ud-Din Mohd. of Chāch (the Modern Tāshqcand) usually called Badr-i-Chāch i.e. the full moon of Chach, who was the panegyrist of Sultan Mohd. Bin Tughluq (1325-1351 A.D.) and died after 1345-46 A.D. Besides his Diwān, he composed a "Shāh Nāma" in honour of the exploits of his patron, completed in 1345-46 A.D. This Diwān contains chiefly Qasidas, with a few Ghazals and Quitas at the end.

"Diwan-i-Barakat"

P IX 3
41

Poetical works of Barkat Ali Khān with the "Nom-De-Plume" of Barakat, probably of Khairabad, who was a panegyrist of Shāh '-Alam, the first (1707-1712 A.D.). This copy contains a prose-preface, Qasidas, Ghazals, Tarji Bands and Ruba'is.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"ANWAR-I-HAQIQAT"

An excellent Sufic Masnavi by Saiyid Farzand Ali, with the pen-name of Farrukh, of Jagraon, District Ludhiana, East Panjab, who was a contemporary and friend of the well known Persian poet Mirza Yaghmā of Iran (Died 1859 A.D.). P IX 3 57

"AKBAR NAMA"

Named after Mohd. Akbar Khan, the second son of Doost Mohd. Khān of Kabul (1809-1840 A.D.) the Masnavi contains an account of the different battles and some historical events of the first half of the 19th century A.D. in which Akbar Khan, took the leading part. P IX 3 71

"QASA'ID-I-SAIF-I-ISFARANG"

Qasidas of Saif-ud-Din Araj of Isfarang, in Transoxiana, who according to the most trust-worthy sources, lived in the 12th century A.D. and was a panegyrist of Sultan Sanjar Saljūqi and others. P IX 3 96

"KULLIVAT-I-MAILI HARAVI

Poetical works of Maili Haravi i.e. Mirza Quli Maili Haravi, who came to India from Harāt and was poisoned by his patron Naurang Khān in Mālwa, some time before 1588 A.D. P IX 3 110

"DIWAN-I-NAU'I"

Poetical works, including a Masnavi styled Sūz-wa-Gudāz" of Mullā Mohd. Riza, Nau'i of Khabūshān, near Mashhad in Khurāsān, who was about 1593-94 A.D. in the serivce of Prince Dāynāl and in Burhānpūr 1610-11 A.D. P IX 3 134

"KULLIYAT-I-NASIH SHIRAZI"

Poetical works of Nasīh Shīrāzi, who was a panegyrist of Prince Murād Baksh, the son of Shāh Jahān, containing Ghazals, Quasidas Qitas, Tarji 'Bands and Brief Mansavis. P IX 3 135

"KULLIVAT-I-QUDSI"

Poetical works containing Qasidas, Tarkib Bands Tarji 'Bands, Masnavi Shāh Jahān Nāma, Masnavi Dar Sifat-i- P IX 3 162

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Kashmir, Ghazals etc. of Hāji Mohd. Jān Qudsi of Mashhad, who came to India in 1631-32 and was greatly honoured by Shāh Jahān. He died according to the best authorities in 1646 A.D. and is buried in Kashmir. This copy is preceded by a preface in prose or encomium of Qudsī by Jalāl-d-Din Mohd. Tabātabāi, who came from Isfahān to India and became a court chronicler of Shāh Jahān in 1634-35 A.D.

"Masnaviat-i-Salim Tehrani"

P IX 3
178

A very old copy, containing eight Masnavis of Mohd. Quli Salīm of Tehrān, called Durushti or Thrushti, who came from Iran to India under Shah Jahan, entered the service of Islām Khan the Subahdar of Bangālah, and died 1647 A.D.

"Qasa'id-i-Sana'i Tūsi"

P IX 3
179

Qasidas of Khwāja Hussain Sana'ī of Tūs or Mashhad, who came to India under Akbar, was the teacher and friend of the famous Poet-Laureate Faizī and died in 1588 A.D.

"Diwan-i-Waqif Lahuri"

P IX 3
211

The lyrical poems of Nur-ul-'Ain, Wāqif Lāhūri, who was born in Batāla, East Panjab (District Gurdāspur), was a contemporary of Sirāj-ud-Din Ali Khān, Arzoo and died 1786 A.D. Wāqif is the most esteemed poet of Lahore, but his works are nevertheless almost unknown. He died at Lahore and was a man of wealth and considerations.

"Hangama-i-Ishq and Karnāma-i-Ishq"

P IX 52
21

Two love stories in elegant Persian prose, told by the famous Hindi poet Malik Mohd. Ja'isi, the author of Padmāvat, and rendered into Persian in 1729-40 A.D. by the renowned Persian writer Rai Anand Ram Mukhlis, who died in 1751 A.D.

"Subh-i-Sadiq"

P IX 51
04

A brief tract, in prose and poetry, on the treachery of the world, by Malik-us-Shu'arā, Qāzi Mohd. Sādiq Khan Akhtar, followed by some Ghazals and Ruba'is of the author.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"Majma'-ul-Bahrain" 887 (3) 211

"Confluence of the two seas" by Prince Mohd. Dārā Shukūh, the eldest son of the emperor Shāh Jahān, who attempted in this treatise, to reconcile Brahmanism and Muhammadanism by showing the close relationship between Hindu Pantheism and Iranian Sufism.

"Dastur-i-Mahabbat" P IX 3 107

A love story, in verse, originally a Hindu Romance rendered into Persian by one Lachmi Narain.

In addition to the above-noted manuscripts, the following uncommon works have also been noticed.

"Diwans of Mirzā Nasr-i-Danish, Fakhri, Ghulām Ghaus' "Ah," Hāmid Azarbāijāni, Haider Mustafa Ābadi, Kashfī, Girāmī Bukhārī, Navīd Dehlvi, Nazīr Bilgirāmī, Qausī, Sharaf Qazvīnī, Sāhir, Rizā Gujrātī, Zakhmī, Zarreh, Yateem, Nisbatī, Niāz.

Masnavis = Laili and Majnun, by Maktabī Shīrazī
Mehr-wa Māh, by Arzū
Zuhra-wa Mushtari, by Nakhlī Bukhārī
Pand-i-Gharīb, by Rāqim
Haft Bahr, by Mahtāb Rāi Miskīn
Shāh Rāh-i-Najāt, by Majzūb
Chashma-i-Faiz and Rauza-i-Faiz, by Faiz

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PERSPECTIVES OF SWINBURNE FROM HIS LETTERS

(Mrs) SAROJ AGRAWALA
Women's College

'On fire with admiration and with love
of someone or of something always.'

In 1849, a young boy of twelve, attractive and small, with expressive blue eyes and a shock of red hair, went to visit Wordsworth six months before the latter's death. The aged Laureate was attentive to the boy, told him the story of General Wolfe reciting Gray's 'Elegy', was, in fact, so kind, so venerable and so famous that the young Etonian dissolved into tears of ecstasy. One summer he was taken to St. James Place to visit Samuel Rogers—at that period a happy feline old man of eighty-seven. The distinguished poet, host and banker, placed his two hands upon the flaming head of the boy with the remark 'I prophesy that you will be a poet too :' That young boy was Algernon Charles Swinburne, son of Admiral Swinburne and Lady Swinburne, a respected family of Northumberland. He turned out to be a flaming poet of his time.

Of all the Victorian poets, he has been under the shadow of an eclipse for quite a long time and the reasons are many. He belongs to the category of the most long-lived poets of English Literature and in his own life time, the whirligig of taste had taken a swift half-turn. Pre-Raphaelitism with which he had been partly associated in the beginning of his poetical career was a thing of the past. During the Eighteen Nineties, Swinburne had become 'a respectable person capable of writing a really profound decadent love-poem' in the words of Holbrook Jackson.[1]

Now that the Victorian age has had its quota of hostile condemnation, the poets of the age are seen in a better pers-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pective and Swinburne also, may be redeemed from the various charges, levelled against him by his contemporaries.

The recent publication of his letters, nearly 2,000 in number, covering the period from 1854, when Swinburne was seventeen, until his death in 1909, is the most comprehensive and up-to-date collection. With unexpurgated texts. it is nearly five times larger than any previous collection. While affirming many of the known facts about the poet, it reveals many new facets of the poet's personality. Swinburne was really 'the poet' as Victor Hugo referred to him in his letters but these letters reveal an enormous and consuming interest in a great variety of subjects. Swinburne was vitally interested in art, music, drama ,archaeology, law, crime and sadism. Like his poems many of his noble letters were inspired by political and religious beliefs. "*At his epistolary best, Swinburne rivals the finest letter writers in the language*" writes Mr. Cecil Y. Lang of Syracuse University.[2] '*His correspondence*' comments New York Times," *provides the most illuminating commentary conceivable on his own poetry.*"[3]

Swinburne published his first work about a hundred years ago and when *Atalanta in Calydon* was published in March 1865, he happily acknowledged the praise of Lady Pauline Trevelyan thus :

"*I was in hopes it would find favour with you and I think it is the best executed and sustained of my larger poems. It was begun last autumn twelve month—— and finished just after I got the news in September last, of Mr. Landor's death, which was a considerable trouble to me, as I had hoped against hope or reason that he who in the spring, at Florence, had accepted the dedication of an unfinished poem would live to receive and read it.*"[4]

The funeral circumstances he felt had '*a little deepened the natural colours of Greek fatalism here and there*"[5] so he was charged with '*rebellious antagonism*', yet he had completely enjoyed his work. He felt satisfied by the pure Greek tone of the play calling it '*the first poem of the sort in modern times, combining lyric and dramatic work on the old principle.*"[6] His critical insight was so mature at that young age that he could,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

with complete confidence, assert the claims of superiority for his creation. In the same letter he continued :

"Shelley's Prometheus is magnificent and unhellenic, spoilt too, in my mind, by the infusion of philanthropic doctrinaire views and 'progress of the species', and by what I gather from Lewe's life of Goethe, the Iphigenia in Tauris must be also impregnated with modern morals and feelings. As for Prof. Arnold's Merope, the clothes are well enough but where has the body gone ? So I thought and still think, the field was clear for me."[7]

The dedication of *Atalanta in Cayldon* has a very amusing background and Swinburne's first meeting with Landor, *"the most ancient of all demi-Gods"* was rather too dramatic, confusing and shocking for the feeble old poet who was in his eightees. The account of the meeting would have made 'a sufficiently dolorous epistle' but for the intervention of 'an occasionally beneficient providence'. When Swinburne had written a note of apology and explanation saying how and why he had made up his mind to call upon him and expressing (as far was expressible) his intense admiration and reverence in the plainest and sincerest way he would manage, there came a note of invitation, which he answered by setting off again for Landor's lodging. Writing to Lord Houghton, he expressed his intense joy when he found him *"as alert and brilliant and altogether delicious as he guessed others may have found him twenty years since"*.[8] Swinburne had propensities to revere the old and adore the child and in his enthusiasm he himself was child-like. He prized the expression of acceptance or goodwill on Landor's part in return to his homage *"for all other men as great are so much younger that in his (Landor's) case one sort of reverence serves as the lining for another."*[9] So Swinburne got the 'shock of adoration which one feels at thirteen towards great men." The emotion of worship that religious people usually feel for God, he felt for Landor, Hugo, Mazzini and a few others because he found his God 'indubitable and incarnate' before his eyes in these eminent personalities of his time. Moreover, Landor's poems always fitted on to his own way of feeling and thought infinitely more than even Tennyson's modern version. He felt sure that *'Hamadryad is a purer and better piece of work*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

from the highest point of view that art can take than such magnificent hashes and stews of old and new with a sharp sauce of personality as Oenone and Ulysses.'[10] 'The highest point of view that art can take' is a phrase very frequently used by him and he judged all the ancient and the modern writers by a uniform standard. He never meant to be disloyal to Tennyson in whose church they were all in his time born and baptized but he strongly felt that Tennyson, by temperament, was neither a Greek nor a Heathen.

Swinburne worshipped not God but the god-like in man and he was quite candid and frank to express his views, so much so, that he was advised by his friends to tone down his views. He certainly was not a conventionally orthodox pious Christian. His tirades against 'the supreme-evil God' are well-known. H. N. Fairchild in *Religious Trends in English Poetry*—talking about Christianity and Romanticism writes of the three-fold pull experienced by men in the Victorian era—towards faith in God, towards faith in man, towards faith in matter. Swinburne being a romantic to the core of his being affirms two romantic heresies that man is self-sufficient and that man creates values including God and morality. Swinburne's religion was entirely man-centered. He was extremely interested in the great suit of Man versus God and others. In 1869, he wrote to W. M. Rosseti :

"I wish to be understood as professing myself not merely a free-thinker but a democrat, not merely a democrat but a free-thinker. I wish this because you sometimes find the two unhappily (and still more illogically) separated. I feel it my mission as an Evangelist and apostle (whenever necessary) to atheise the republicans and republicanize the atheists of my acquaintance."12

When he read an article in a number of *Rappel* on the Anti-Catholic council of Naples he wanted to enlist as a member of the Congress of Free-thinkers and wrote to W. M. Rosseti how he had in his head a sort of Hymn for this Congress :

"To sing the human triumph over things—the opposing forces of life and nature—and over the God of his own creation, till he attains truth, self-sufficiency and freedom. It might end somehow thus with a cry of triumph over the decadence of a receding Deity

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

And the love-song of earth
as thou diest sounds
Over the grave of her Kings;
Glory to Man in the highest;
For man is the master of things.[13]"

This aggressive defiance of the Christian God was the fruit of his Hellenic temper. In 1875, Swinburne's words written in a letter to E.C. Stedman assume a deeper significance, when critically examined in this context.

"I always feel the Greek history and mythology in its deeper sense and wider bearing much nearer to us even yet than those of the Jews, alien from us in blood and character. Even the poet of Job is a semitic alien, while the poet of Prometheus is an Aryan kinsman of our own; his national history of far more real importance to us, his poetry far closer to our thought, passion, speculation, conscience than the Hebrew."[14]

Superficially, Swinburne seems to be an anti-Christ and that is the popular estimate. But in his letters not only is his thought centred around God, Christ and Bible, he reveals himself to be essentially opposed only to the then popular notions of Christianity. An age, fed upon the honeyed sentiments of Tennysonian thought, was naturally shocked by the outrages committed by this young audacious slip of a poet, for instance, in the series of sonnets on Louis Napoleon published in the *Examiner*. The *Spectator* had called the sonnets 'a deadly and indecent insult to the faith of the vast majority of Christians. Swinburne in a letter to the Editor of the Spectator tried to clear away the fog of imputations enveloping him and his poetry, particularly the series of sonnets. He had tried to express his feelings of disgust at the insult:

"Offered to the name and memory of tradition of Christ by the men who, in gratitude for the support given to the Church by Louis Bonaparte and his empire, bestowed on the most infamous of all public criminals, the names till then reserved for one whom they professed to worship as God, of 'Saviour' and 'Messiah'.....It is not in my humble opinion, necessary to subscribe to the creeds or articles of any Church, to earn the right of feeling and of expressing horror and disgust at this desecretion of terms which must in some sense be sacred to all who have any faith or hope in the *higher life of man*, if it were only

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

for the association with so much that was most noble, most venerable and most precious in the past records of that life."[15]

The believer in 'the higher life of man' tried to express his feelings in terms as bitter and strong as could be supplied by his 'reverence for the association thus outraged." This 'another Shelley' as he was called, by the *Contemporary Review*, was an apostle of liberty, 'Liberty one and indivisible'. The absolute faith in "free thought, without which there can be no free life."[16] confronted 'a man-made theoracy' and simply disbelieved it. He was not merely a democrat, but a free-thinker, not merely a free thinker but a democrat and his professed aim was 'to atheize the republicans and republicanise the atheists' of his acquaintance. The poet, an unacknowledged legislator of the world, considered it his duty to speak and to speak effectively, to a selected group of hearers in the public, though since the times of the Romantics the gulf between the speaker and the hearers had been widening considerably. He was opposed to theism which was simply "an assumption, superimposed upon a mystery."[17] Theism "me nt man's reason abdicating in favour of passion." Is it not an anamoly that the poet of passion, the poet belonging to the 'fleshly school of poetry' should be so rational and should believe in reason absolutely and unreservingly.

Swinburne in his life had only one strong attachment, the attachment to literature, ancient and modern, Greek, French and Italian included. His encyclopaedic memory and his vast learning are in a way, responsible for the decline in his poetry's popularity. Like the modernist poets he drew inspiration from cla sical literature and he seems to belong not only to the Victorian era but anticipated some of the trends of the future poetry as well. The immense energy and effort which his writings reveal, left a very mild impression on the reading public's mind and is it not one of the characteristics of modernist poetry ? His letters reveal what meticulous care he took, not only in the selection of words but also in the choice of facts. He wanted his works to be based on 'notorious facts'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

and to be acceptable for its "fidelity and orthodoxy to the dear old story so that Tristram may not be mistaken for his late Royal Highness, the Duke of Kent or Iseult for Queen Charlotte or Polomydes for Mr. Gladstone."[18] Thus his letters reveal Swinburne to be not only a great poet and a great critic but also a great friend and a great gentleman. It is really a pleasure to hear a human voice speak so clearly and so candidly in these letters.

References

1. The Eighteen-Nineties : Holbrook Jackson, Penguin Books.
2. The Swinburne Letters, Vol. I-VI, Edited by C. Y. Lang, Yale Univ.
3. Ibid.
4. The Swinburne Letters : Vol. I, Letter No. 73, pp. 115.
5. Ibid.
6. Ibid.
7. Ibid.
8. Ibid.
9. Ibid.
10. Ibid.
11. Religious Trends in Eng. Poetry, Vol. IV, H. N. Fairchild, Columbia Univ., P. 1957.
12. The Swinburne Letters, Vol. II, Letter No. 312, P. 37.
13. Ibid.
14. The S. Letters, Vol. III, L. No. 650, pp. 67-68.
15. ,, Vol. II, L. No. 480, p. 244.
16. ,, ,, ,, 321, p. 54.
17. ,, ,, ,, 316, p. 43.
18. ,, ,, ,, 319, p. 51.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैन न्याय का विकास

श्री दरबारी लाल कोठिया
शोध-छात्र, भारतीय-दर्शन व धर्म विभाग

जैन अनुश्रुति के अनुसार जैन धर्म में इस युग सम्बन्धी चौबीस तीर्थंकर (अर्हत्-धर्म-प्रवर्त्तक महापुरुष) हुए हैं। इनमें पहले तीर्थंकर श्री ऋषभदेव हैं, जिन्हें आदिब्रह्मा, आदिनाथ और वृषभ भी कहा जाता है और जिनका उल्लेख भागवत आदि वैदिक पुराण-ग्रन्थों में भी हुआ है एवं जिन्हें जिन-धर्म-प्रवर्त्तक बतलाया गया है। इनके बाद क्रमशः विभिन्न समयों में बीस तीर्थंकर और हुए[1], जो महाभारत-काल से बहुत पूर्व हुए हैं। इनके पश्चात् महाभारत-काल में श्रीकृष्ण के समकालीन बाईसवें तीर्थंकर अरिष्टनेमि हुए, जो उनके चाचा समुद्रविजय के पुत्र थे। इनके कोई एक हजार वर्ष पीछे तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ हुए, जो काशी-नरेश विश्वसेन के राजकुमार थे। इनके अढ़ाई-सौ वर्ष बाद चौबीसवें तीर्थंकर वर्द्धमान-महावीर हुए, जो भ० बुद्ध के समकालीन हैं और जिन्हें आज लगभग अढ़ाई हजार वर्ष हो गए हैं।

जैन धर्म की अत्यन्त प्रामाणिक मान्यता है कि ये तीर्थंकर जो धर्मोपदेश देते हैं उसे उनके गणधर (योग्यतम प्रधान शिष्य) बारह अंगों में निबद्ध करते हैं, जिन्हें जैन-शास्त्रीय भाषा में द्वादशांग-श्रुत कहा जाता है।[2] इस द्वादशांगश्रुत का जैन लोग आर्ष, आगम, सिद्धान्त, प्रवचन आदि संज्ञाओं द्वारा भी उल्लेख करते हैं। इस तरह ऋषभदेव से लेकर वर्द्धमान महावीर तक के सभी (चौबीसों) तीर्थकारों का उपदेश द्वादशांग श्रुत कहलाता है। यह द्वादशांग श्रुत १–अंगप्रविष्ट (द्वादशांग) और २–अंगबाह्य के भेद से दो प्रकार का है। इन दोनों के भी उत्तर भेदोपभेद विविध हैं। अंगप्रविष्ट के बारह भेद हैं। वे इस प्रकार हैं—१ आचार, २ सूत्रकृत, ३ स्थान, ४ समवाय, ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति, ६ नाथधर्मकथा, ७ उपासकाध्ययन, ८ अन्तकृद्दश, ९ अनुत्तरौपपादिकदश, १० प्रश्नव्याकरण, ११ विपाक-सूत्र और १२ दृष्टिवाद। दृष्टिवाद के भी चार भेद हैं—१ परिकर्म, २ सूत्र, ३ प्रथमानुयोग, ४ पूर्वगत और ५ चूलिका। इनमें परिकर्म के ५, पूर्वगत के १४ और चूलिका के ५ उत्तर भेद भी हैं। परिकर्म के ५ भेद ये हैं—१ चन्द्रप्रज्ञप्ति, २ सूर्यप्रज्ञप्ति, ३ जम्बू-द्वीपप्रज्ञप्ति, ४ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति (यह पाँचवें अंग व्याख्याप्रज्ञप्ति से अलग है)। पूर्वगत के १४ भेद निम्न प्रकार हैं—१ उत्पाद, २ आग्रायणीय,

---

[1] उनके नाम ये हैं —अजित, शम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ, सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ, पुष्पदन्त, शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म, शान्ति, कुन्थु, अर, मल्लि, मुनिसुवत और नमि।

[2] इन सब का विस्तृत विवेचन अकलंकदेव (वि० ७ वीं शती) कृत तत्वार्थवार्तिक और षट्खण्डागम (वि० १ ली शती) की विशाल टीका वीरसेनाचार्य (वि० ९ वीं शती) कृत धवला की १ जिल्द (पृ० ९६-१२२) में देखिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ वीर्यानुप्रवाद, ४ अस्तिनास्तिप्रवाद, ५ ज्ञानप्रवाद, ६ सत्यप्रवाद, ७ आत्मप्रवाद, ८ कर्मप्रवाद, ९ प्रत्याख्याननामधेय, १० विद्यानुवाद, ११ कल्याणनामधेय, १२ प्राणावाय, १३ क्रियाविशाल और १४ लोकविन्दुसार। चूलिका के ५ भेद इस प्रकार हैं— १ जलगता, २ स्थलगता, ३ मायागता, ४ रूपगता और ५ आकाशगता।

श्रुत का दूसरा भेद जो अंगबाह्य है उसके १४ भेद हैं— १ सामायिक, २ चतुर्विंशति स्तव, ३ वन्दना, ४ प्रतिक्रमण, ५ वैनयिक, ६ कृतिकर्म, ७ दशवैकालिक, ८ उत्तराध्ययन, ९ कल्पव्यवहार, १० कल्प्याकल्प्य, ११ महाकल्प, १२ पुण्डरीक, १३ महापुण्डरीक और १४ निषिद्धिका। यह अंगबाह्य श्रुत अंगप्रविष्ट श्रुत के आधार से आचार्यों द्वारा रचा जाने से अंगबाह्य कहलाता है। और अंगप्रविष्ट तीर्थंकर सर्वज्ञदेव के साक्षात् उपदेशों को सुन कर विशिष्टबुद्धि गणधरों द्वारा संकलित किया जाता है, अतः उसे अंगप्रविष्ट कहा जाता है। श्रुत बहुविध, शाखा, उपशाखा और प्रशाखाओं में भी विभक्त है और बहुत विशाल तथा समुद्र की तरह गम्भीर एवं अपार है। इस द्वादशांग श्रुत के आधार से ही उत्तरकालीन आचार्य विविध ग्रन्थ-राशि रचते हैं। इन बारह अंगों में जो बारहवाँ 'दृष्टिवाद' अंग है उसमें विभिन्न वादियों की मान्यताओं का निरूपण और समालोचन रहता है।[1] यह दृष्टिवाद श्रुत ही जैन मान्यतानुसार जैन न्याय का उद्गम स्थान है। अतएव श्रुतप्रवाह की अपेक्षा जैन न्याय का उद्गम भगवान ऋषभदेव के द्वादशांग श्रुतगत दृष्टिवाद तक पहुँच जाता है।

भगवान् ऋषभदेव से लेकर भगवान् पार्श्वनाथ तक का द्वादशांग श्रुत विच्छिन्न और लुप्त हो जाने से अनुपलब्ध एवं अप्राप्य है तथा वर्द्धमान-महावीर का द्वादशांग श्रुत भी आज पूरा उपलब्ध नहीं है, केवल उसका बारहवाँ दृष्टिवाद-अंग ही अंश रूप में पाया जाता है, शेष ग्यारह अंग और बारहवें अंग का बहुत भाग नष्ट और लुप्त हो चुका है। यद्यपि श्वेताम्बर परम्परा ग्यारह अंगों की उपलब्धि और बारहवें अंग का विच्छेद स्वीकार करती है। तथापि प्रामाणिक आचार्य-परम्परा, जैन अनुश्रुतियों और जैन पुराणों के विश्वसनीय आख्यानों से प्रकट है कि भगवान् महावीर के पहले सुदूर काल में भी श्रुत-प्रवाह प्रवाहित था और मुख्यतः वह मौखिक था—दृढ़ धारणा-शक्ति के आधार पर उसे स्थिर रखा जाता था। भगवान् महावीर का द्वादशांग श्रुत भी बहुत काल तक लगभग उनके पाँच सौ वर्ष बाद तक—प्रायः मौखिक ही रहा और बहुत पीछे उसे आंशिक रूप से निबद्ध—ग्रन्थरचना रूप से संकलित—किया गया है।

आज भी जो हमें दृष्टिवाद का अंशरूप श्रुतावशेष प्राप्त है वह लगभग दो हजार वर्ष पूर्व रचित है उसमें भी जैन-न्याय के उद्गम बीज मिलते हैं। आ० भूतबलि और पुष्पदन्त-कृत "षट्खण्डागम" में सिया पज्जत्ता, सिया अपज्जत्ता, मणुस अपज्जत्ता दव्वपमाणेण केवडिया? असंखेज्जा तथा आचार्यमूर्धन्य कुन्दकुन्द स्वामी के प्रवचनसार, पंचास्तिकाय, आदि आगम-ग्रन्थों में 'जम्हा', 'तम्हा' 'सिय अत्थि णत्थि अहयं' जैसे युक्तिप्रवण शब्द-प्रयोग

[1] "...एषां दृष्टिशतानां त्रयाणां षष्ट्युत्तराणां प्ररूपणं निग्रहश्च दृष्टिवादे क्रियते।"
—धवला जिल्द १ पृष्ठ १०८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और प्रश्नोत्तर प्रचुरता से उपलब्ध होते हैं। जिनसे स्पष्ट है कि जैन न्याय का उद्गम द्वादशांग श्रुतगत 'दृष्टिवाद' भंग है। श्वेताम्बर आगमों में भी 'से केणट्ठेणं भंते, एवमुच्चई', 'जीवाणं भंते ? किं सासया असासया ? गोयमा ! जीवा सिय सासया सिय असासया। गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासया भावट्ठयाए असासया' जैसे तर्क-गर्भ प्रश्नोत्तर जगह-जगह पाए जाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि जैन न्याय के उनमें भी बीज निहित हैं। श्री उपाध्याय यशोविजय[1] (ई १७ वीं शती) ने कहा है कि "स्याद्वादार्थो दृष्टिवादार्णवोत्थः" अर्थात् स्याद्वादार्थ—जैनन्याय दृष्टिवादरूप अर्णव (समुद्र) से उत्पन्न हुआ है। वस्तुतः 'स्याद्वाद न्याय' ही जैन न्याय है और इसलिए प्रत्येक जैन तीर्थंकर के उपदेश को स्याद्वादन्याययुक्त कहा गया है। स्वामी समन्तभद्र (वि० सं० २ री, ३ री शती) जैसे युगप्रवर्त्तकाचार्यों ने भ० महावीर और उनके पूर्ववर्ती सभी तीर्थंकरों को 'स्याद्वादिनो नाथ तवैव युक्तम्[2] 'स्याच्छब्दस्तावके न्याये'[3], 'स्याद्वादन्यायविद्विषाम्'[4] आदि पद-प्रयोंगों द्वारा स्याद्वादन्याय-प्रतिपादक उद्घोषित किया है। अतः यह मानने योग्य है कि जैनन्याय का उद्भव 'दृष्टिवाद' से हुआ है।

कुछ लोगों का मत है कि जैन न्याय, ब्राह्मण न्याय और बौद्ध न्याय के पीछे प्रतिष्ठित हुआ है, इसलिए उसका उद्भव उन्हीं दोनों न्यायों से हुआ प्रतीत होता है। परन्तु उनका यह मत अभ्रान्त नहीं है, क्योंकि जब हमें भगवान् महावीर के उपलब्ध उपदेशों में विपुल मात्रा में जैन न्याय के बीज मिलते हैं और खासकर उस हालत में, जब उनके उपदेशों का संग्रहरूप दृष्टिवाद नाम का एक स्वतन्त्र अंग ही ऐसा मौजूद है जिसमें विभिन्न दृष्टियों, मतों, सिद्धान्तों का खण्डन-मण्डन किया जाता है और यह खण्डन-मण्डन, पक्ष-प्रतिपक्ष, युक्ति-प्रतियुक्ति तथा हेतु-तर्क-प्रमाणों के बिना असम्भव है, तब यह सिद्ध है कि जैन न्याय का उद्गम स्थान जैन श्रुत ही है, अन्य नहीं।

हमारे इस कथन की पुष्टि एक अन्य प्रमाण से भी होती है। जैन न्याय के समुद्धारक महान् जैन तार्किक भटाकलंक देव के पहले, उनके उल्लेखानुसार प्रायः कुछ गुण-द्वेषी तार्किकों ने जैन न्याय को छल, जाति, निग्रहस्थानादि कल्पनारूप अज्ञानतम के माहात्म्य से मलिन कर दिया था, इस मैल को उन्होंने किसी प्रकार धो कर उसे निर्मल बनाया था।[5] इससे स्पष्ट है कि जैन न्याय का उद्भव अन्य (ब्राह्मण और बौद्ध) न्यायों से नहीं हुआ, बल्कि उनके द्वारा जैन न्याय मलिन बना दिया गया था जिस मलिनता को, अकलंक जैसे महान् जैन न्याय समुद्धारकों ने दूर किया है।

---

[1] देखो, अष्टसहस्त्री टीका पृष्ठ १।
[2] स्वयम्भूस्तोत्रगत शम्भवजिनस्तोत्र श्लोक १४।
[3] अरजिन स्तोत्र श्लोक १०२। [4] आप्तमी० श्लोक १३।
[5] "बालानां हितकामिनामतिमहापापैःपुरोपार्जितैः,
माहात्म्यात्तमसः स्वयं कलिबलात्प्रायो गुणद्वेषिभिः।
न्यायोऽयं मलिनीकृतः कथमपि प्रक्षाल्य नेनीयते,
सम्यग्ज्ञानजलैर्वचोभिरमलैस्तत्रानुकम्पापरैः॥ —न्यायविनि० श्लो० २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छान्दोग्योपनिषद् (अ० ७) में एक 'वाको वाक्य' शास्त्र-विद्या का उल्लेख है, जिसका अर्थ तर्कशास्त्र, उत्तरप्रत्युत्तरशास्त्र, युक्ति-प्रतियुक्तिशास्त्र किया जाता है।[१] और इसी तरह आन्वीक्षिकी नाम की एक विद्या का, जिसे न्यायविद्या अथवा न्यायशास्त्र कहा जाता है, ब्राह्मण साहित्य में कथन मिलता है।[२] तथा तक्षशिला के विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र एवं न्यायशास्त्र के अध्ययन-अध्यापन के संकेत मिलते बतलाए जाते हैं।[३] अतः हमारा कहना यह नहीं है कि जैन न्याय के समय में अन्य न्याय नहीं रहे। हमारा कहना तो इतना ही है कि जैन न्याय का उनसे उद्भव नहीं हुआ—उसका उद्भव अपने 'दृष्टिवाद' श्रुत से हुआ है। यहाँ हम यह भी उल्लेख कर देना चाहते हैं कि जैनेतर न्यायों में बहुत कुछ विशिष्टता एवं उत्तमता (अनेकान्त का समर्थन, जैसी वस्तु) इसी दृष्टिवाद से आई हुई प्रतीत होती है; क्योंकि वह महान् रत्नाकर है—उस विषय का सबसे बड़ा समुद्र अथवा आकर है। आचार्य सिद्धसेन[४], अकलंक[५] और विद्यानन्द[६] भी यही कहते हैं। आचार्यप्रवर सिद्धसेन[७] एक जगह तो यह भी कहते हैं कि "जिस प्रकार समुद्र में समस्त नदियाँ अवतरित होती हैं उसी प्रकार तुम्हारे स्याद्वादशासन में समस्त एकान्त दृष्टियाँ अवतीर्ण हैं। परन्तु जिस प्रकार पृथक्-पृथक् नदियों में समुद्र नहीं देखा जाता; उसी तरह पृथक्-पृथक् एकान्त दृष्टियों में तुम्हारा स्याद्वादशासन (अनेकान्तशासन) नहीं देखा जाता"। फलतः जैन न्याय (स्याद्वाद) का उद्गम इतर न्यायों (नित्यत्वादि एकान्त समर्थक दृष्टियों) से न हो कर सुदूरवर्ती स्याद्वादात्मक दृष्टिवाद नाम के बारहवें श्रुतांग (सूत्र)[८] से हुआ है। हाँ, यह जरूर है कि पिछले कुछ कालों में उक्त न्यायों के क्रमिक विकास के साथ जैन न्याय का भी क्रमिक विकास हुआ है और उनकी विविध शास्त्र-रचना जैन न्याय की विविध शास्त्र-रचना में प्रेरक हुई है।

---

१ देखें, डाक्टर भगवानदास कृत 'दर्शन का प्रयोजन' पृष्ठ १।

२ 'कः पुनरयं न्यायः ? प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्यायः। आन्वीक्षिकी—न्यायविद्या न्यायशास्त्रम्।' —न्यायभाष्य (वात्स्यायनकृत) पृष्ठ ४।

३ देखें, 'प्राचीन भारत के शिक्षा केन्द्र' शीर्षक निबन्ध (श्रीकृष्णदत्त बाजपेयी लिखित) विक्रमस्मृतिग्रन्थ पृष्ठ ७१८।

४ "सुनिश्चितं नः परतन्त्रयुक्तिषु स्फुरन्ति याः काश्चन सूक्तसम्पदः।
तवैव ताः पूर्वमहार्णवोत्थिता जगत्प्रमाणं जिनवाक्यविप्रुषः॥"
—द्वात्रिंशत्का १-३०।

५ देखो, तत्वार्थवार्त्तिक पृष्ठ २९५। ६ देखो, अष्टसहस्री पृ० २३८

७ "उदधाविव सर्वसिंधवः समुदीर्णास्त्वयि सर्वदृष्टयः।
न च तासु भवानुदीक्ष्यते प्रविभक्तासु सरित्स्वोदधेः॥" —द्वात्रिंशत्का ४-१५।

८ "सुत्तं अट्ठासीदि-लक्ख-पदेहि ८८००००० अबंधओ अवलेवओ अकत्ता अभोत्ता णिग्गुणो सव्वगओ अणुमेत्तो णत्थि जीवो जीवो चेव अत्थि पुढवियादीणं समुदएण जीवो उप्पज्जइ णिच्चेयणो णाणेण विणा संचेयणो णिच्चो अणिच्चो अप्पेति वण्णेदि। तेरासियं णियदिवादं विण्णाणवादं सद्दवादं पहाणवादं दव्ववादं पुरिसवादं च वण्णेदि।" —धवला, जिल्द १, पृष्ठ ११०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैन न्याय का विकास

जैन न्याय के विकास को तीन कालों में बाँटा जा सकता है और उन कालों के नाम निम्न प्रकार रखे जा सकते हैं :—

१. समन्तभद्र–काल (ई० २०० से ई० ६५० तक)।

२. अकलंक–काल (ई० ६५० से ई० १०५० तक)।

३. प्रभाचन्द्र–काल (ई० १०५० से ई० १७०० तक)।

१. समन्तभद्र-काल

स्वामी समन्तभद्र ने भारतीय दार्शनिक क्षेत्र के जैन दर्शन क्षेत्र में युगप्रवर्तक का कार्य किया है। उनसे पहले जैन दर्शन के प्राणभूत 'तत्व स्याद्वाद' को प्रायः आगम रूप ही प्राप्त था और उसका आगमिक तत्वों के निरूपण में ही उपयोग होता था और सीधी-सादी विवेचना कर दी जाती थी—विशेष युक्तिवाद देने की उस समय आवश्यकता न होती थी, परन्तु समन्तभद्र के समय में उसकी अत्यन्त आवश्यकता महसूस हुई; क्योंकि ऐतिहासिक विद्वान् जानते हैं कि विक्रम की दूसरी–तीसरी शताब्दी का समय भारत वर्ष के इतिहास में अपूर्व दार्शनिक क्रान्ति का समय रहा है। इस समय विभिन्न दर्शनों में अनेक क्रान्तिकारी विद्वान् पैदा हुए। यद्यपि भगवान् महावीर और महात्मा बुद्ध के काल में यज्ञप्रधान वैदिक परम्परा का बढ़ा हुआ प्रभाव काफी कम हो गया था और श्रमण—जैन तथा बौद्ध परम्परा का प्रभाव सर्वत्र व्याप्त हो चुका था, तथापि कुछ शताब्दियों के बाद ही वैदिक परम्परा का प्रभाव पुनः प्रसृत हुआ और वैदिक विद्वानों द्वारा श्रमण परम्परा के सिद्धान्तों की नुक्ता-चीनी और काट-छाँट प्रारम्भ हो गई। फलस्वरूप श्रमण बौद्ध परम्परा में अश्वघोष, मातृचेट, नागार्जुन प्रभृति विद्वानों का प्रादुर्भाव हुआ और उन्होंने भी वैदिक परम्परा के सिद्धान्तों एवं मान्यताओं का सबलता के साथ खण्डन और अपने सिद्धान्तों का मण्डन, प्रतिष्ठापन तथा परिष्कार करना शुरू कर दिया। उधर वैदिक परम्परा में बाद को कणाद, गौतम (अक्षपाद), बादरायण, जैमिनी आदि महा उद्योगी वैदिक विद्वानों का आविर्भाव हुआ और उन्होंने भी अपने वैदिक सिद्धान्तों एवं मान्यताओं का संरक्षण-प्रयत्न करते हुए अश्वघोषादि बौद्ध विद्वानों के खण्डन-मण्डन का सयुक्तिक उत्तर दिया। इसी संघर्ष में ईश्वरकृष्ण, असंग, वसुबंधु, विंध्यवासी, वात्स्यायन प्रभृति कितने ही विद्वान दोनों परम्पराओं में और हुए। इस तरह उस समय सभी दर्शन अखाड़े बन चुके थे और एक दूसरे दर्शन के विद्वान को परास्त करने में जुटे थे। इस सब का आभास हमें उस काल में रचे गए अश्वघोष, मातृचेट, नागार्जुन, कणाद, गौतम, जैमिनि, बादरायण प्रभृति विद्वानों के उपलब्ध साहित्य से होता है। जब ये विद्वान अपने-अपने दर्शन के एकान्त पक्षों और मान्यताओं के समर्थन तथा परपक्ष के निराकरण में लगे हुए थे उसी समय दक्षिण भारत के क्षितिज पर जैन परम्परा में समन्तभद्र का उदय हुआ। ये प्रतिभा की मूर्ति और क्षात्रतेज से सम्पन्न थे। उनमें सूक्ष्म और अगाध पाण्डित्य तथा समन्वय-कारिणी प्रतिभा बेजोड़ थी। इसी से उन्होंने विद्वानों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था।[१] श्रीयुत एस० एस० रामस्वामी आयंगर, जैसे विश्रुत विद्वानों को भी निम्न उद्‌गार प्रकट करने पड़े हैं: 'दक्षिण भारत में समन्तभद्र का उदय, न सिर्फ, दिगम्बर सम्प्रदाय के इतिहास में ही, बल्कि संस्कृत साहित्य के इतिहास में भी एक खास युग को अंकित करता है।'[२]

समन्तभद्र के समय में जिन एकान्तवादों का अत्यधिक प्राबल्य था और जिनका समन्वय करने के लिए उन्हें अभूतपूर्व लेखनी उठानी पड़ी, वे प्रायः निम्न थे :—

भावैकान्त, अभावैकान्त, द्वैतैकान्त, अद्वैतैकान्त, नित्यैकान्त, अनित्यैकान्त, भेदैकान्त, अभेदैकान्त, हेतुवाद, अहेतुवाद, अपेक्षावाद, अनपेक्षावाद, दैववाद, पुरुषार्थवाद, आदि।

भावैकान्तवादी का कहना था कि सब भावरूप ही हैं अभावरूप कोई भी वस्तु नहीं है 'सर्वं सर्वत्र विद्यते' सब सब जगह है न कोई प्रागभागरूप है, न प्रध्वंसाभावरूप है, न अन्योन्याभावरूप है और न अत्यन्ताभावरूप है। इसके विपरीत अभाववादी कहता था कि सब जगत् अभावरूप है शून्यमय है, जो भावमय समझता है, वह मिथ्या है। यह दार्शनिकों का पहला संघर्ष था।

दूसरा संघर्ष था एक और अनेक का। एक (अद्वैत वादी) कहता था कि वस्तु एक है अनेक नहीं, अनेक का दर्शन केवल माया-विजृम्भित है। इसके विरुद्ध अनेकवादी सिद्ध करता था कि पदार्थ अनेक हैं एक नहीं हैं। यदि एक हों, तो एक के मरने पर सब का मरना और एक के पैदा होने पर सबके पैदा होने का प्रसंग आएगा जो कि न दृष्ट है और न इष्ट।

तीसरा द्वन्द्व था नित्य और अनित्य का। नित्यवादी का कथन था कि वस्तु नित्य है। यदि वह अनित्य हो तो उसके नाश हो जाने के बाद फिर यह दुनिया और स्थिर विविध वस्तुएँ क्यों दिखाई देतीं हैं? अनित्यवादी कहता था कि वस्तु हर समय नष्ट होती है वह कभी स्थिर नहीं रहती। यदि नित्य हो तो लोगों का जन्म, मरण, विनाश, अभाव, परिवर्तन आदि नहीं होना चाहिए।

चौथा संघर्ष था सर्वथा-भेद और सर्वथा-अभेद को स्वीकार करने का। सर्वथा भेदवादी का कहना था कि कार्य-कारण, गुण-गुणी और सामान्य-सामान्यवान् आदि पृथक्-पृथक् हैं, अपृथक् नहीं। यदि अपृथक् हों तो एक का दूसरे में अनुप्रवेश हो जाने से दूसरे का भी अस्तित्व टिक नहीं सकता। इसके विपरीत सर्वथा अभेदवादी प्रतिपादन करता था कि कार्य-कारण आदि सर्वथा अपृथक् हैं, क्योंकि यदि वे पृथक्-पृथक् हों तो जिस प्रकार पृथक्-सिद्ध घट और पट में कार्य-कारणभाव या गुण-गुणीभाव नहीं है उसी प्रकार कार्य-कारणरूप से अभिमतों अथवा गुण-गुणीरूप से अभिमतों में कार्य-कारणभाव और गुण-गुणीभाव कदापि नहीं बन सकता है।

---

[१] जैसा कि आचार्य जिनसेन (ई० ९ वीं शती) ने आदि पुराण में कहा है :
"कवीनां गमकानां च वादिनां वाग्मिनामपि।
यशः समन्तभद्रीयं मूध्नि चूडामणीयते।"

[२] देखो, "स्टडीज़ इन साउथ इंडियन जैनिज़्म।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाँचवाँ संघर्ष था अपेक्षैकान्त और अनपेक्षैकान्त का। अपेक्षैकान्तवादी कहता था कि वस्तु की सिद्धि अपेक्षा से होती है। कौन नहीं जानता कि प्रमाण से ही प्रमेय की सिद्धि होती है और इसलिए प्रमेय प्रमाणापेक्ष है? यदि वह उसकी अपेक्षा न करे तो प्रमेय सिद्ध नहीं हो सकता। अनपेक्षावादी का तर्क था कि सब पदार्थ निरपेक्ष हैं कोई भी किसी की अपेक्षा नहीं रखता। यदि रखे तो परस्पराश्रय होने से एक भी सिद्ध नहीं हो सकेगा।

छठां संघर्ष था हेतुवाद और अहेतुवाद का। हेतुवादी कहता था कि हेतु-युक्ति से सब सिद्ध होता है, प्रत्यक्षादि से नहीं, क्योंकि प्रत्यक्ष से देख लेने पर भी यदि वह हेतु की कसौटी पर नहीं उतरता तो वह कदापि श्रद्धेय नहीं है—"युक्तया यन्न घटामुपैति तदहं दृष्ट्वापि न श्रद्दधे।" अहेतु—आगम वादी का कथन था कि आगम से हर एक वस्तु का निर्णय होता है। यदि आगम से वस्तु का निर्णय न माना जाए तो हमें ग्रहोपरागादि का कदापि ज्ञान नहीं हो सकता है; क्योंकि उसमें हेतु का प्रवेश नहीं है।

सातवाँ संघर्ष था दैव और पुरुषार्थ का। दैववादी का मत था कि सब कुछ भाग्य से होता है। यदि तुम्हारे भाग्य में न हो तो वह तुम्हें नहीं मिल सकता। पुरुषार्थवादी घोषित करता था कि पुरुषार्थ से ही सब कुछ होता है, बिना पुरुषार्थ के भोजन का ग्रास भी मुँह में नहीं आ सकता।

इस तरह कितने ही संघर्ष दार्शनिकों में उस समय चल रहे थे। ये दार्शनिक अपने-अपने दृष्टिकोण को बड़ी ताकत से उपस्थित करते थे और उसका जी-तोड़ समर्थन भी करते थे, परन्तु दूसरे के दृष्टिकोण को समझने और उसका समन्वय करने का प्रयत्न नहीं करते थे। जैन तार्किक समन्तभद्र ने इन दार्शनिकों के दृष्टिकोणों को न केवल समझने का ही प्रयास किया, अपितु उनके समन्वय का भी अभूतपूर्व प्रयत्न किया। उन्होंने स्याद्वाद-न्याय और उसके फलित सप्तभंगीवाद की विशद योजना द्वारा उक्त संघर्षों का बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से शमन किया और भारतीय दर्शन क्षेत्र में न केवल अद्भुत् क्रान्ति पैदा की, अपितु उत्तरवर्ती जैन तार्किकों के लिए एक प्रशस्त मार्ग का निर्माण भी किया और इसी से अकलंक, विद्यानन्द जैसे महान् जैन तार्किकों ने उन्हें इस कलियुग का स्याद्वादतीर्थ-प्रभावक, स्याद्वादाग्रणी आदि रूप से स्मृत किया है।[1] यद्यपि स्याद्वाद और सप्तभंगों का प्रयोग आगमों में तदीय विषयों के निरूपण में होता था[2] तथापि अपेक्षा-अनपेक्षा, दैव-पुरुषार्थ, हेतुवाद-अहेतुवाद जैसे विषयों में भी स्याद्वाद और सप्तभंगों का प्रयोग और उनका अत्यन्त विशद नियोजन सर्वप्रथम समन्तभद्र के ग्रन्थों में ही दृष्टिगोचर होता है। उन्होंने "नययोगान्न सर्वथा[3] "नयैर्नयविशारदः[4]" जैसे पद-प्रयोगों द्वारा नयवाद से वस्तु-व्यवस्था होने का

---

[1] 'तीर्थं सर्व-पदार्थतत्व-विषय-स्याद्वाद-पुण्योदधे
र्भव्यानामकलंकभावकृतये प्राभावि काले कलौ।
येनाचार्यसमन्तभद्रयतिना तस्मै नमः सन्ततं॥' अष्टश पृ. १।

[2] सिय अत्थि णत्थि उहयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं।
दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि॥' —पंचास्तिकाय गा० १४।

[3] आ० मी० का० १४। [4] आ० मी० का० २३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विधान बनाया और 'कथंचित्ते सदेवेष्ट'[१] "सदेव सर्वं को नेच्छेत् स्वरूपादिचतुष्टयात्'[२] जैसे वचनों द्वारा उस विधान को व्यवहार रूप दिया।

समन्तभद्र ने उक्त संघर्षों का शमन किस प्रकार किया और लोगों के एकान्त आग्रह को दूर करके उन्हें वस्तु-व्यवस्था के साधनभूत अमोघ औषध—स्याद्वाद का दर्शन किस प्रकार कराया ?

पहले संघर्ष के बारे में वे कहते हैं कि वस्तु को कथंचित् भावरूप और कथंचित् अभावरूप मानिए।[३] दोनों को सर्वथा—सब प्रकार से केवल भावात्मक ही मानने में दोष हैं[४], क्योंकि केवल भावरूप मानने पर प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अन्योन्याभाव और अत्यन्ताभाव इन अभावों का लोप हो जाएगा और उनके लोप हो जाने पर वस्तु क्रमशः अनादि, अनन्त, सर्वात्मक और स्वरूपहीन हो जाएगी। इसी प्रकार केवल अभावरूप वस्तु को मानने पर भाव का लोप हो जाएगा और उसके लोप हो जाने पर अभाव का साधक ज्ञान अथवा वचनरूप प्रमाण भी नहीं रहेगा। तब किसके द्वारा अभावैकान्त का साधन और भावात्मक भावैकान्त का निराकरण किया जा सकेगा ? विरुद्ध होने से दोनों एकान्तों का मानना एकान्तवादियों के लिए सम्भव नहीं है और अवाच्यतैकान्त अवाच्य होने से ही अयुक्त है। अतएव वस्तु कथंचित् - स्व-द्रव्य, स्व-क्षेत्र, स्व-काल और स्व-भाव की अपेक्षा से अस्तित्व—भावरूप ही है और कथंचित्—पर-द्रव्य, पर-क्षेत्र, पर-काल और पर-भाव की अपेक्षा से नास्तित्व—अभावरूप ही है। घड़ा अपनी अपेक्षा से तो अस्तित्वरूप है और वस्त्रादि परपदार्थों की अपेक्षा से नास्तित्व - अभावरूप है और इस तरह उसमें अपेक्षाभेद से दोनों विधि-निषेध धर्म मौजूद हैं। यही समस्त पदार्थों की स्थिति है। अतः भाववादी का कहना भी सच है और अभाववादी का कथन भी सच है। सिर्फ शर्त यह है कि दोनों को अपने-अपने एकान्त आग्रह को छोड़ देना चाहिए और एक-दूसरे की दृष्टि का आदर करना चाहिए।

दूसरे संघर्ष को दूर करते हुए वे प्रतिपादन करते हैं[५] कि वस्तु (सर्व पदार्थ-समह) सत्सामान्य (सत्रूप) से तो एक है और द्रव्य आदि के भेद से अनेक है। यदि उसे सर्वथा एक (अद्वैत) माना जाए तो प्रत्यक्ष दृष्ट क्रिया-कारकभेद लुप्त हो जाएगा, क्योंकि एक ही स्वयं उत्पाद्य और उत्पादक दोनों नहीं बन सकता—उत्पाद्य और उत्पादक दोनों अलग-अलग होते हैं। इसके सिवाय, सर्वथा अद्वैत के स्वीकार करने में प्रतीत पुण्य-पाप का द्वैत, सुख-दुःख का द्वैत, इहलोक-परलोक का द्वैत, विद्या-अविद्या का द्वैत और बन्ध-मोक्ष का द्वैत नहीं बन सकते हैं। इसी तरह यदि वस्तु सर्वथा अनेक हो तो सन्तान (पर्यायों और गुणों

---

[१] आ० मी० १४।
[२] आ० मी० १५।
[३] देखो आ० मी० १४, १५।
[४] देखो आ० मी० ९, १०, ११, १२, १३।
[५] देखो आ० मी० का० ३४, २४, २५, २८, २९ आदि। यहाँ भी सप्तभंगी की योजना प्रदर्शित की गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में अनुस्यूत रहने वाला एक द्रव्य), समुदाय, साधर्म्य और प्रेत्यभाव आदि कुछ नहीं बन सकेगा। अतएव दोनों एकान्तों का समुच्चय ही वस्तु है और इसलिए दोनों एकान्तवादियों को अपने एकान्त हठ को त्यागकर दूसरे के अभिप्राय को मान करना चाहिए। तभी पूर्ण वस्तु सिद्ध होती है और विरोध अथवा अन्य कोई दोष उपस्थित नहीं होता।

तीसरे संघर्ष का समाधान करते हुए वे कहते हैं[1] कि वस्तु कथंचित् नित्य भी है और कथंचित् अनित्य भी। द्रव्य की अपेक्षा से तो वह नित्य है और पर्याय की अपेक्षा से अनित्य है। वस्तु न केवल द्रव्यरूप ही है क्योंकि परिणामभेद और बुद्धिभेद पाया जाता है। और न केवल पर्यायरूप ही है क्योंकि 'यह वही है जो पहले था' इस प्रकार का अभ्रान्त प्रत्यभिज्ञान प्रत्यय होता है। यदि वस्तु सर्वथा नित्य हो तो उसमें विकार (परिवर्तन) नहीं आ सकता है। इसके साथ ही पुण्य-पापकर्म और उनका प्रेत्यभाव फल (जन्म-मरण, सुख-दुःख आदि) एवं बन्ध-मोक्ष आदि कुछ नहीं बनते हैं। इसी तरह यदि वस्तु सर्वथा अनित्य हो तो प्रत्यभिज्ञान प्रत्यय न हो सकने से बद्ध को ही मोक्ष आदि व्यवस्था तथा कारण से ही कार्योत्पत्ति आदि सब गड़बड़ हो जाएगा। जिसने हिंसा का अभिप्राय किया वह हिंसा नहीं कर सकेगा और जिसने हिंसा का अभिप्राय नहीं किया वह हिंसा करेगा। तथा जिसने न हिंसा का अभिप्राय किया और न हिंसा की, वह कर्मबन्ध से युक्त होगा और उस हिंसा के पाप से मुक्त कोई दूसरा होगा, क्योंकि वस्तु सर्वथा अनित्य—क्षणिक है। अतएव वस्तु को, जो द्रव्य-पर्यायरूप है, द्रव्य की अपेक्षा से तो नित्य और पर्याय की अपेक्षा से अनित्य दोनोंरूप स्वीकार करना चाहिए। और तब हिंसा के अभिप्राय वाला ही हिंसा करता है और वही हिंसक, हिंसाफल-भोक्ता एवं उससे मुक्त होता है, आदि व्यवस्था सुसंगत हो जाती है। अतः इन नित्य-अनित्य एकान्तवादी दार्शनिकों को सर्वथा एकान्त के आग्रह को छोड़ कर दूसरे की दृष्टि को भी समझना और अपनाना चाहिए।

इस तरह समन्तभद्र ने सभी उपस्थित संघर्षों का शमन करके तार्किकों के लिए एक नई दिशा का प्रदर्शन किया और उन्हें स्याद्वादन्याय से वस्तु-व्यवस्था होने की अपूर्व दृष्टि बतलाई। उनका स्पष्ट कहना था[2] कि भाव-अभाव, एक-अनेक, नित्य-अनित्य आदि जो

---

[1] देखो, आ० मी० का ५६, ३७, ४०, ४१, ५१।

[2] सदेक-नित्यवक्तव्यासद्विपक्षाश्च येनयाः।
सर्वथेति प्रदुष्यन्ति पुष्यन्ति स्यादितीहिते॥
सर्वथानियमत्यागी यथादृष्टिमपेक्षकः।
स्याच्छब्दस्तावके न्यायेनान्येषामात्मविद्विषाम्॥ स्वयं० १०१, १०२।
य एव नित्यक्षणिकादयो नया मिथोनपेक्षाः स्वपरप्रणाशिनः।
त एव तत्वं विमलस्य ते मुनेः परस्परेक्षाः स्वपरोपकारिणः॥ स्वयं० ६१।
निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत्। आ० मी० १०८।
मिथोनपेक्षाः पुरुषार्थहेतुर्नाशा न चाशी पृथगस्ति तेभ्यः।
परस्परेक्षाः पुरुषार्थहेतुर्दृष्टा नयास्तद्वदसिक्रियायाम्॥ युक्त्य० का० ५१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नय (दृष्टियाँ) ह वे सर्वथा मानने से तो दुष्ट (विरोधादि दोष युक्त) होते हैं और 'स्यात्', 'कथंचित्', एक अपेक्षा से मानने से वे पुष्ट होते हैं—वस्तुस्वरूप का पोषण करते हैं। अतएव सर्वथा-नियम के त्यागी और अन्य दृष्टियों की अपेक्षा करने वाले 'स्यात्' शब्द के प्रयोग अथवा 'स्यात्' की मान्यता को जैन न्याय में स्थान दिया गया है। और निरपेक्ष नयों को मिथ्या तथा सापेक्ष नयों को वस्तु (सम्यक्त्य) बतलाया गया है।[1]

समन्तभद्र ने प्रमाणलक्षण, नयलक्षण, सप्तभंगीलक्षण, स्याद्वादलक्षण, हेतुलक्षण, प्रमाणफलव्यवस्था आदि जैन न्याय के कतिपय अंगों-प्रत्यंगों का भी प्रदर्शन किया, जो प्रायः अब तक नहीं हुआ था अथवा अस्पष्ट था। अतएव समन्तभद्र को जैन न्याय-विकास के प्रथम युग का प्रवर्तक कहना अथवा इस प्रथम युग को समन्तभद्रकाल के नाम से उल्लेखित करना सर्वथा उचित है।[2] समन्तभद्र के इस महान् कार्य को श्रीदत्त, पूज्यपाद, सिद्धसेन, मल्लवादि, सुमति और पात्रस्वामी प्रभृति जैन विद्वानों ने अपनी महत्वपूर्ण रचनाओ द्वारा उल्लेखनीय गति दी है। सन्मतितर्क तो समन्तभद्र के सूत्रात्मक कथनों का विशद और अनुपम भाष्य है। समन्तभद्र ने जिस बात को संक्षेप में अथवा संकेत रूप में कहा था उसको सिद्धसेन ने उसी समन्तभद्र-प्रदर्शित पद्धति से पल्लवित एवं सुविस्तृत करके अपनी अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और समस्त एकान्तवादों का समन्वय करके अनेकान्तवाद की प्रतिष्ठा की। श्रीदत्त का जल्पनिर्णय, पूज्यपाद का सारसंग्रह और सर्वार्थसिद्धि, सिद्धसेन का सन्मतितर्क, मल्लवादिका नयचक्र और पात्रस्वामी का त्रिलक्षण-कदर्थन प्रभृति जैन-न्याय-रचनाएँ इस काल की महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं। इनमें जल्पनिर्णय, सारसंग्रह और त्रिलक्षणकदर्थन अनुपलब्ध हैं। मेरे विचार से इस काल में और भी अनेक न्याय-ग्रन्थ रचे गए होंगे, क्योंकि जैन विद्वानों में पठन-पाठन, उपदेश और ग्रन्थ-रचना की प्रवृत्ति मुख्य रहती थी। प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान शान्तरक्षित (ई० ७ वीं ८ वीं) और उनके शिष्य कमलशील ने तत्वसंग्रह और उसकी विशाल टीका--पंजिका में जैन तार्किक सुमति, पात्र-स्वामी आदि के ग्रन्थ-वाक्यों को उद्धृत करके उनका आलोचन किया है।[3] परन्तु उनके वे ग्रन्थ[4] आज उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। इस तरह इस समन्तभद्रकाल में जैन न्याय की एक योग्य और उत्तम भूमिका तैयार हो गई थी।

२. अकलंक-काल

इस भूमिका पर जैन न्याय का उत्तुंग और सर्वांग सुन्दर महान् प्रासाद जिस कुशल और तीक्ष्णबुद्धि शिल्पी ने खड़ा किया वह है अकलंक। समन्तभद्र की तरह अकलंक के

---

[1] द्रष्टव्य-आप्तमीमांसो, युक्त्यनुशासन, स्वमन्त्रस्तोत्र, आदि

[2] पं० अजितकुमारजी शास्त्री आदि विद्वानों ने भी यह स्वीकार किया है, देखो उनका 'स्याद्वाद को न्याय के ढाचे में ढालने वाले आद्य विद्वान्' शीर्षक निबन्ध, जैन दर्शन-स्याद्वादांक (पृ० १७०) वर्ष २, अंक ४-५)।

[3] देखो, तत्वसंग्रह पृ० ३७९, ३८६, ३८३ आदि।

[4] श्रवणबेलगोला के चन्द्रगिरि पर्वत पर शक सं० १०५० में उत्कीर्ण शिलालेख नं० ५४।६७ में सुमति-सप्तक नाम के एक महत्वपूर्ण तर्क-ग्रन्थ का उल्लेख मात्र मिलता है। —ले०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काल में भी जबरदस्त दार्शनिक क्रान्ति हो रही थी। एक तरफ शब्दाद्वैतवादी भर्तृहरि, प्रसिद्ध मीमांसक कुमारिल, न्यायनिष्णात उद्योतकर प्रभृति वैदिक विद्वान थे तो दूसरी तरफ धर्मकीर्ति और उनके तर्कपटु शिष्य एवं व्याख्याकार, प्रज्ञाकर, धर्मोत्तर, कर्णकगोमि आदि बौद्ध तार्किक थे। शास्त्रार्थों और शास्त्रों के निर्माण की पराकाष्ठा थी। प्रत्येक दार्शनिक की हरचन्द कोशिश प्रायः यही होती थी कि किसी तरह अपने पक्ष का साधन और परपक्ष का निराकरण करके अपनी विजय और अपने सिद्धान्त की प्रतिष्ठा की जाए, तथा प्रतिवादी विद्वान की पराजय और उसके सिद्धान्त की मखौल उड़ाई जाए। यहाँ तक की विरोधी विद्वान् के लिए 'पशु', 'अह्लीक' जैसे अशिष्ट और अश्लील पदों का प्रयोग करना साधारण-सी बात हो गई थी। वस्तुतः यह काल जहाँ तर्क के विकास का मध्यान्ह है, वहाँ इस काल में न्याय का बड़ा उपहास हुआ है। अनुमान के उत्कृष्ट नियमों द्वारा छल, जाति, निग्रहस्थानों को वस्तु-निर्णय में उपयोगी बतला कर उनको साटोप समर्थित करना, केवल हेतु को ही शास्त्रार्थ का अंग मानना, क्षणिकवाद, नैरात्म्यवाद, विज्ञानवाद, शून्यवाद आदि ऐकान्तिक वादों का समर्थन करना इस युग का कार्य रहा है। अकलंक[1] ने देखा कि न्याय का पवित्र मार्ग बहुत कुछ मलिन हो चुका है और समन्तभद्र की अनूठी स्याद्वादन्याय की भूमिका अनयविशारदों ने दूषित एवं विकृत कर दी है तो उन्होंने दो कार्य किए—एक तो न्यायमार्ग को निर्मल बनाया और दूसरा कितना ही नया निर्माण किया। यही कारण है कि उन्होंने अपने[2] प्रकरणों (ग्रंथों) में चार प्रकरण तो केवल न्याय-शास्त्र पर ही लिखे हैं। इन चार में न्यायविनिश्चय बड़ा है और सिद्धिविनिश्चय, प्रमाणसंग्रह तथा लघीयस्त्रय उससे छोटे हैं। न्यायविनिश्चय में ४८०, सिद्धिविनिश्चय में ३६७ प्रमाणसंग्रह में ८७ और लघीयस्त्रय में ७८ मूल कारिकाएँ हैं। इनकी स्वोपज्ञ वृत्तियों का परिमाण उनसे अलग है। यहाँ हम अकलंकदेव के उक्त दोनों कार्यों का कुछ दिग्दर्शन करा देना आवश्यक समझते हैं।

१. अकलंकदेव का दूषणोद्धार

(क) समन्तभद्र ने आप्तमीमांसा में मुख्यतः आप्त की सर्वज्ञता और उनके स्याद्वाद उपदेश की संसिद्धि की है[3] और सर्वज्ञता—केवलज्ञान तथा स्याद्वाद में साक्षात् और असाक्षात् सर्वतत्व प्रकाशन का भेद बतलाया है।[4] कुमारिल ने सर्वज्ञता पर और धर्मकीर्ति ने स्याद्वाद (अनेकान्त-सिद्धान्त) पर क्रमशः मीमांसाश्लोकवार्तिक और प्रमाणवार्तिक में आक्षेप किए हैं। कुमारिल ने लिखा है—

एवं यैः केवलज्ञानमिन्द्रियाद्यानपेक्षिणः।
सूक्ष्मातीतादिविषयं जीवस्य परिकल्पितम् ॥
नतें तदागमात्सिद्धचेन्न च तेनागमो विना। मीमां० पृ० ८७।

---

[1] देखो, न्यायविनिश्चय की पहली कारिका, जो पहले, फुटनोट में दी जा चुकी है।

[2] अकलंक के तत्त्वार्थवार्तिक, आप्तमीमांसाभाष्य (अष्टशती), न्यायविनिश्चय, सिद्धिविनिश्चय, प्रमाणसंग्रह और लघीयस्त्रय ये छह ग्रन्थ हैं।

[3] देखो, आप्तमीमांसा कारिका ५ और ११३।

[4] 'स्याद्वाद-केवलज्ञाने सर्वतत्त्वप्रकाशने।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् जो सूक्ष्मादि विषयक अतीन्द्रिय केवलज्ञान पुरुष का माना है वह जैन मान्यतानुसार आगम के बिना सिद्ध नहीं होता और उसके बिना आगम सिद्ध नहीं होता और इसलिए सर्वज्ञता के मानने में अन्योन्याश्रय दोष आता है।

अकलंकदेव कुमारिल के इस दूषण का परिहार करते हुए जबाब देते हैं :—

एवं यत्केवलज्ञानमनुमानविजृम्भितम् ।
नतें तदागमात् सिद्धयेत् न च तेन विनाऽऽगमः ॥
सत्यमर्थबलादेव पुरुषातिशयो मतः ।
प्रभवः पौरुषेयोऽस्य प्रबन्धोऽनादिरिष्यते । —न्यायविनि. ४१२, ४१३।

अर्थात् 'यह सच है कि केवलज्ञान आगम के बिना और आगम केवलज्ञान के बिना सिद्ध नहीं होता, तथापि अन्योन्याश्रय दोष नहीं,; क्योंकि पुरुषातिशय (केवलज्ञान) अर्थबल (प्रतीतिवश) से ही माना जाता है और इसलिए बीजांकुर की तरह उनका (आगम और केवलज्ञान का) प्रबन्ध अनादि (सन्तानप्रवाहरूप) बतलाया गया है।

(ख) धर्मकीर्तिका स्याद्वाद—अनेकान्त-सिद्धान्त पर यह आक्षेप है :—

सर्वस्योभयरूपत्वे तद्विशेषनिराकृतेः ।
चोदितो दधि खादेति किमुष्ट्रं नाभिधावति ॥ —प्रमाणवा० १-१८३

अर्थात् 'यदि सब पदार्थ उभयरूप-अनेकान्तात्मक हैं, तो उनमें कोई भेद न रहने से किसी को 'दही खा' ऐसा कहने पर वह क्यों ऊँट की ओर नहीं दौड़ता ?"

इस आक्षेप का जबाब अकलंक ने निम्न प्रकार दिया :—

दध्युष्ट्रादेरभेदत्वप्रसंगादेकचोदनम् ।
पूर्वपक्षमविज्ञाय दूषकोऽपि विदूषकः ॥
सुगतोपि मृगो जातो मृगोपि सुगतः स्मृतः ।
तथापि सुगतो वन्द्यो मृगः खाद्यो यथेष्यते ॥
तथा वस्तुबलादेव भेदाभेदव्यवस्थितेः ।
चोदितो दधि खादेति किमुष्ट्रमभिधावति ॥

—न्यायविनि० का० ३७२ से ३७४।

भेदः साक्षादसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतमं भवेत् ॥' —आ० मी० का० १०५।

अर्थात् 'दधि और ऊँट में अभेद का प्रसंग दे कर उन्हें एक बतलाना धर्मकीर्ति का पूर्व पक्ष (अनेकान्तमत) को न समझना है और ऐसा करके वह दूषक हो कर भी विदूषक हैं। वह इस बात से कैसे इन्कार कर सकता है कि सुगत भी पहले मृग थे और मृग भी सुगत हुआ माना गया है। फिर भी जिस प्रकार सुगत को वन्दनीय और मृग को भक्षणीय कहा जाता है और इस तरह पर्याय-भेद से वन्दनीय-भक्षणीय की भेद-व्यवस्था तथा सुगत व मृग में एक चित्तसन्तान (जीव द्रव्य) की अभेद-व्यवस्था की जाती है उसी प्रकार वस्तुबल (पर्याय और द्रव्य की अपेक्षा) से भेद और अभेद की व्यवस्था है। और इसलिए किसी को 'दही खा' यह कहने पर वह क्यों ऊँट की ओर दौड़ेगा ? क्योंकि उनमें द्रव्य की अपेक्षा अभेद होने पर भी पर्याय की अपेक्षा भेद है। अतएव भक्षणीय दही पर्याय को ही वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खाएगा, ऊँट पर्याय को, जो भक्षणीय नहीं है, खाने को नहीं दौड़ेगा। भेदाभेद (अनेकान्त) तो वस्तु का स्वभाव है उसका निषेध हो ही नहीं सकता।

अकलंकदेव के ये जवाब कुमारिल और धर्मकीर्ति पर कितनी सीधी और मार्मिक चोट करते हैं? इस तरह अकलंक ने दूषणोद्धार के अनिवार्य कार्य को बड़ी योग्यता और सफलता के साथ पूर्ण किया है।

२. जैन न्याय का नव-निर्माण

दूसरा कार्य उन्होंने यह किया कि जैन न्याय के जिन अंगों-प्रत्यंगों का तब तक विकास नहीं हो सका था उनका उन्होंने विकास किया अथवा उनकी प्रतिष्ठा की। उन्होंने अपने चार निबन्ध मुख्यतः न्याय-शास्त्र पर लिखे हैं। अतएव उन्हें इनमें जैन न्याय को सर्वांगपूर्ण प्रतिष्ठित करना ही चाहिए था। न्याय का अर्थ है—जिसके द्वारा वस्तु-तत्व जाना जाए और वह प्रमाण-नयात्मक है; क्योंकि प्रमाण और नय के द्वारा ही वस्तु-तत्व जाना जाता है।[1] अकलंक ने विभिन्न दार्शनिकों की विप्रतिपत्तियों के निरसन पूर्वक इन दोंनों के स्वरूप, संख्या (भेद), विषय, फल का विशद विवेचन, प्रत्यक्ष के सांव्यवहारिक और मुख्य इन दो भेदों की प्रतिष्ठा, परोक्ष प्रमाण के स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क अनुमान, आगम इन पाँच भेदों की इयत्ता का निर्धारण, उनका संयुक्तिक साधन और लक्षण-निरूपण, तथा इन्हीं के अन्तर्गत उपमान, अर्थापत्ति, सम्भव, अभाव आदि पर-कल्पित प्रमाणों का समावेश, सर्वज्ञ का अपूर्व युक्तिमय साधन, अनुमान के साध्य-साधक अंगों के लक्षणों और भेदों का विस्तृत प्ररूपण तथा कारण हेतु, पूर्वचर हेतु, उत्तरचर हेतु, सहचर हेतु आदि अनिवार्य हेतुओं की प्रतिष्ठा, अन्यथानुपपत्ति के अभाव से एक अकिंचित्करात्मक हेत्वाभासका स्वीकार और उसके भेदरूप से असिद्धादिका प्रतिपादन, दृष्टान्त, धर्मी, वाद, जाति और निग्रहस्थान के स्वरूपादि का जैन दृष्टि से व्याख्यान, जयपराजय-व्यवस्था आदि कितना ही नया निर्माण करके जैन न्याय को न केवल समृद्ध और परिपुष्ट किया है अपितु उसे भारतीय न्यायों में वह गौरवपूर्ण स्थान दिलाया है जो बौद्ध न्याय को धर्मकीर्ति ने दिलाया है। इस तरह अकलंक जैन न्याय के मध्ययुग-प्रवर्तक हैं। इसलिए इस युग को 'अकलंक-काल' के नाम से कहना उचित ही है।

अकलंक ने जैन न्याय की जो दिशा और रूपरेखा निर्धारित की उसी पर उनके उत्तरवर्ती सभी जैन तार्किक चले हैं। हरिभद्र, वीरसेन, कुमारनन्दि, विद्यानन्द, अनन्तवीर्य, सिद्धसेनगणि, वादिराज, माणिक्यनन्दि, आदि इन मध्ययुगीन उत्तरवर्ती आचार्यों ने उनके कार्य को बढ़ा करके उसे सुविस्तृत, सुप्रसारित और सुपुष्ट किया है। हरिभद्र के अनेकान्त-जयपताका, शास्त्रवार्तासमुच्चय, वीरसेन की तर्कबहुल धवला-जयधवला टीकाएँ, कुमार-नन्दि का वादन्याय, विद्यानन्द के विद्यानन्दमहोदय, तत्वार्थश्लोकवार्तिक, अष्टसहस्री, आप्तपरीक्षा, प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा, सत्यशासनपरीक्षा, युक्त्यनुसासनालंकार आदि,

[1] 'प्रमाणनयैरधिगमः'—तत्वार्थसूत्र १-६। 'नितरामियते ज्ञायतेर्थोनेनेति न्यायः अर्थपरिच्छेदकोपायो न्याय इत्यर्थः। स च प्रमाणनयात्मक एव'—न्यायदीपिका पृष्ठ ५ (टिप्पणम्)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनन्तवीर्य की सिद्धिविनिश्चयटीका, प्रमाणसंग्रहभाष्य, सिद्धिसेनगणि की गन्धहस्ति-तत्वार्थ-भाष्यटीका, वादिराज के न्यायविनिश्चयविवरण, प्रमाणनिर्णय और माणिक्यनन्दि का परीक्षामुख इस काल की अनूठी तार्किक रचनाएँ हैं। यह जैन न्याय-विकास का पूर्ण मध्यान्ह काल है।

३. प्रभाचन्द्र-काल

जैन न्याय-विकास का मध्याह्नोत्तर अथवा अन्तिम काल है। इस काल में प्रभाचन्द्र ने जैन न्याय पर जो विशालकाय व्याख्या-ग्रन्थ प्रमेयकमलमार्त्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्र लिखे, उनके बाद जैन न्याय पर वैसा व्याख्या ग्रन्थ फिर नहीं लिखा गया। हाँ, अभयदेव ने सन्मति-तर्कटीका और वादि देवसूरि ने स्याद्वादरत्नाकर लिखे हैं। फिर भी ये दोनों ग्रन्थ प्रभाचन्द्र की पद्धति से अनुस्यूत हैं और उन पर प्रभाचन्द्र के व्याख्या-ग्रन्थों का खासा प्रभाव है। इस काल में लघु अनन्तवीर्य, अभयदेव, वादि देवसूरि, अभयचन्द्र, हेमचन्द्र, मल्लिषेण सूरि, आशाधर, भावसेन त्रैविद्य, अजितसेन, अभिनव धर्मभूषण, चारुकीर्ति, विमलदास, उपाध्याय यशोविजय, आदि विद्वानों ने अपनी रचनाओं द्वारा जैन न्याय को संक्षेप और विस्तार से सुपुष्ट किया है। इस युग की रचनाओं में लघु अनन्तवीर्य की प्रमेयरत्नमाला, अभयदेव की सन्मतितर्कटीका, वादि देवसूरि का प्रमाणनयतत्वालोकालंकार और उसकी स्वोपज्ञटीका स्याद्वादरत्नाकर, अभयचन्द्र की लघीयस्त्रयवृत्ति, हेमचन्द्र की प्रमाणमीमांसा, मल्लिषेणसूरिकी स्याद्वादमंजरी, आशाधर का प्रमेयरत्नाकर, भावसेन त्रैविद्यका विश्वतत्वप्रकाश, अजितसेन की न्यायमणिदीपिका, चारुकीर्ति की अर्थप्रकाशिका और प्रमेयरत्नालंकार, विमलदास की सप्तभंगितरंगिणी और उपाध्याय यशोविजय के, जो ई० १७ वीं शती के अन्तिम तार्किक हैं, अष्ट-सहस्रीटिप्पण, ज्ञानबिन्दु, जैन तर्कभाषा विशेष रूप से उल्लेख योग्य जैन न्याय-ग्रन्थ हैं। अन्तिम तीन विद्वानों ने अपने न्याय-ग्रन्थों में नव्यन्यायशैली को भी, जो गंगेश उपाध्याय प्रभृति मैथिल नैयायिकों द्वारा प्रचलित की गई थी, अपनाया है और उससे अपने न्याय-ग्रन्थों को समलंकृत किया है। इनके बाद जैन न्याय की धारा प्रायः बन्द-सी हो गई और उसमें आगे कोई प्रगति नहीं हुई।

इस तरह जैन विद्वानों ने जहाँ जैन न्याय का उच्चतम विकास करके भारतीय ज्ञान-भण्डार को समृद्ध बनाया है वहाँ जैन साहित्य की सर्वांगीण समृद्धि और विपुलश्री को भी परिवर्द्धित एवं सम्पुष्ट किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राज-धर्म

आचार्य श्री विश्वनाथ शास्त्री
संस्कृत महाविद्यालय

हमारे अनन्त ज्ञान-विज्ञान के अक्षय भाण्डार वेद हैं। उनमें अनेक ऐसी वस्तुएँ हैं, जिनका उपयोग हम अपने ऐहिक एवं पारलौकिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए कर सकते हैं। वेद की संज्ञा श्रुति भी है। स्मृत्यादिशास्त्र, जिन्हें हम धर्मशास्त्र कहते हैं, विहित कर्मों का विधान करते हैं एवं अविहित तथा वेदविरुद्ध कर्मों का निषेध करते हैं। वेद की ही भाँति धर्मशास्त्र भी हमारे ऐहिक सुख-साधनों में अनुपम सहायक हैं। इनमें हमारे वर्तमान जीवन के लिए उपयोगी अनेक वस्तुओं एवं व्यवहारों का स्वरूप विवेचन तथा उनका विस्तार से फलाफल कथन मिलता है। 'राजधर्म' उन्हीं आवश्यक विषयों में से एक है। राजा को किन-किन गुणों से सम्पन्न होना चाहिए? उसे अपने राज्य की रक्षा के लिए कौन सी नीति बरतनी चाहिए? अपने अमात्यों तथा अनुजीवियों के प्रति उसे कैसा व्यवहार करना चाहिए? इत्यादि विभिन्न विषयों का ग्रहण 'राजधर्म' के अन्तर्गत किया जाता है।

प्रत्येक राजा को दीर्घदर्शी, उत्साही, शक्तिमान, गम्भीर तथा अदीर्घसूत्री होना चाहिए[1]। उसे ऐसा प्रयत्न करना चाहिए, जिससे उसके दोषों को कोई न जान सके और वह अपने गुप्तचरों द्वारा शत्रुओं के रहस्य को जान ले। जिस प्रकार कछुआ अपने मुख, चरण आदि को अपने शरीर में छिपा लेता है, वैसे ही राजा को भी चाहिए कि वह अपने अमात्यादि को, जो राज्य के अंग हैं, दान, मान तथा सत्कार द्वारा आत्मसात् कर ले।[2] राजा को विनीत, जितेन्द्रिय, गुणवान सहायकों से सम्पन्न तथा प्रजाओं का समान भाव से हितकर्ता होना चाहिए। उसके लिए प्रजाओं के हित की चिन्ता करते रहना---उनकी सुख सुविधा के लिए वापी-कूप-तड़ागादि का निर्माण कराना परमावश्यक है। राजा को कठोर वाणी कभी नहीं बोलनी चाहिए; उसके लिए स्मितभाषी होना अत्यन्त आवश्यक है[3]। राजा का शत्रुओं के मध्य में प्रचण्ड होना, सुहृद्वर्ग के मध्य में छल रहित होना तथा ब्राह्मणों के मध्य में क्षमावान् होना नीति के अनुकूल है[4]। राजा में उपर्युक्त गुणों

---

१. अदीर्घसूत्रश्च भवेत्सर्वकर्मसु पार्थिवः।
दीर्घसूत्रस्यनृपतेः कर्महानिर्ध्रुवं भवेत्। मत्स्यपुराण

२. 'नास्यच्छिद्रं परोविद्याद्विद्याच्छिद्रं परस्य तु।
गूहेत्कूर्म इवाङ्गानि रक्षेद्विवरमात्मनः।'— मनुः

३. 'स्मितपूर्वाभिभाषी स्यात्सर्वस्यैव महीपतिः।
वध्येष्वपि महाभाग भृकुटिं न समाचरेत्।' मत्स्यपुराण

४. 'स्वराष्ट्रे न्यायवृत्तः स्याद् भृशं चण्डश्च शत्रुषु।
सुहृत्स्वजिह्मः स्निग्धेषु ब्राह्मणेषु क्षमान्वितः।' मनुः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का होना परमावश्यक है। यदि वह अपने स्वभाव में इन गुणों का आधान नहीं करता, तो उसके राज्य में प्रजा हमेशा दुःखी रहेगी और वह अपने शत्रुओं द्वारा पराजित होकर अपमान होगा।

राजधर्म का निरूपण करते समय विहित धर्मों की चर्चा करना आवश्यक है।

(१) वर्णाश्रम धर्म की यथोचित व्यवस्थाः—

राजा का पहला धर्म यह है कि वह स्वयं वर्णाश्रम धर्म का पूर्णतः पालन करे और प्रजा के द्वारा भी वैसा ही कराए। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सभी अपने-अपने धर्मों का पालन करें। उसके राज्य में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास आश्रमों की मर्यादा का पालन किया जाय। राजा के लिए स्वदेश का पालन, परराष्ट्र का दमन, यज्ञ-दान-क्रिया आदि का अनुष्ठान तथा संग्राम में अपलायन ही धर्म बतलाया गया है[१]।

राज्य के सात अङ्ग :—

स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, दण्ड (सेना), कोष तथा मित्र, ये सात अङ्ग राज्य के माने जाते है[२]। इन सातो अङ्गों में मूल स्वामी ही है[३] इसलिए उसे अन्य छः अंगों की रक्षा का प्रयत्न करना चाहिए। प्रजाओं की रक्षा करना तथा ब्राह्मणों की शुश्रूषा करना राजा के लिए परम मंगलमय है[४]।

राजा को अविश्वस्त व्यक्ति का विश्वास नहीं करना चाहिए और न तो विश्वस्त का ही विश्वास करना चाहिए, क्योंकि विश्वास से उत्पन्न भय मूल को ही नष्ट कर देता है[५]। राजा को बगुले की तरह अर्थ चिन्ता, सिंह के सदृश पराक्रम, शूकर की तरह दृढ़ प्रहारी तथा कोकिल की तरह मधुर भाषी होना चाहिए[६]। भेड़िया जिस तरह बकरों को उठा ले जाता है, वैसे ही शत्रुरक्षकों की अनवधानता में राजा को चाहिए कि वह शत्रु को नष्ट कर दे। [७]यदि वह कदाचित शत्रु सीमा में फँस जाय, तो वहाँ से खरगोश की

---

१. 'स्वदेशपालनं धर्मः परराष्ट्राभिमर्दनम्।
यज्ञदानक्रिया चैव संग्रामे चापलायनम्।' याज्ञवल्क्य

२. स्वाम्यमात्या जनो दुर्गं कोशो दण्डस्तथैव च।
मित्राण्येताः प्रकृतयो राज्यं सप्ताङ्गमुच्यते।' याज्ञवल्क्य

३. 'सप्ताङ्गस्यापि राज्यस्य मूलं स्वामी प्रकीर्त्तितः'—

४. संग्रामेष्वनिवर्त्तित्वं प्रजानां परिपालनम्।
शुश्रूषा ब्राह्मणानां च राज्ञां निःश्रेयसं परम्।' याज्ञवल्क्य

५. 'न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नातिविश्वसेत्।
विश्वासाद्भयमुत्पन्नं मूलान्यपि निकृन्तति।'—मनुः

६. (i) बकवच्चिन्तयेदर्थान् सिंहवच्च पराक्रमेत्।
(ii) दृढ़प्रहरी च भवेत्तथा सूकरवन्नृपः।
भवेच्च मधुराभाषी तथा कोकिलवन्नृपः। विष्णुधर्मोत्तर

७. वृकवच्चावलुम्पेत् शशवच्च विनिष्पतेत।—विष्णुधर्मोत्तर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरह उछल कर चला आए। राजा को कौए की तरह शंकालु भी बने रहना चाहिए और किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए[1]। दोष का पूर्ण विचार किए बिना किसी को भी दण्ड देना उचित नहीं है। राजा को चाहिए कि वह अपनी मंत्रणा को कदापि प्रकाशित न करे और अपकारियों का कभी भी विश्वास न करे[2]।

राज्य में जो नाबालिक, कमजोर तथा निःसहाय हैं, उनके धन-सम्पत्ति की रक्षा राजा को तब तक करते रहना चाहिए, जब तक वे इस योग्य न हो जाँय कि अपनी सम्पत्ति का भार संभाल सके[3]। जिसके कुल में कोई भी न हो, उसके धन की रक्षा भी राजा को करनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति की यदि कोई वस्तु कदाचित चोरी चली जाय, तो राजा को उसे उतनी ही मात्रा में वह वस्तु अपने कोष से दिलवा देना चाहिए[4]। इसके बाद वह अपने दूतों को चोरों का पता लगाने को भेंजे। यदि वे दूत चोरों का पता न लगा सकें, तो राजा पहले उनकी मिथ्यावादिता का निश्चय करे, तत्पश्चात् प्रमाणों द्वारा उनका दोष सिद्ध हो जाने पर उन्हें अपने राज्य से निकाल दे[5]।

जिस राजा के राज्य में श्रोत्रिय ब्राह्मण भूखे रहते हैं, उस राजा का राज्य नष्ट हो जाता है तथा उस राज्य में रहने वाली प्रजा नाना प्रकार की व्याधियों से ग्रस्त होती है और कष्ट पाती है[6]। इसके विपरीत यदि कोई राजा श्रोत्रिय ब्राह्मणों की रक्षा करता हुआ धर्मपूर्वक राज्य करता है, तो उसके राज्य में धन-धान्य की वृद्धि होती है और वहाँ रहनेवाली प्रजा की आयु भी बढ़ती है[7]।

---

१. काकशङ्की काकवन्न कमपि विश्वसेत्।—विष्णुधर्मोत्तर

२. 'नापरीक्ष्य नयेद्दण्डं न च मन्त्रं प्रकाशयेत्।
विसृजेन्न च लुब्धेभ्यो विश्वसेन्नापकारिषु।' महाभारत

३. 'बालदायादिकं रिक्थं तावद्राजाऽनुपालयेत्।
यावत्स स्यात्समावृत्तो यावद्वाऽतीतशैशवः।' विष्णुधर्मोत्तर

४. 'सर्वेषामेव वर्णानां चौरैरपहृतं धनम्।
तत्प्रमाणं स्वकात्कोशाद्दातव्यमविचारयन्।'

५. 'आहृते च तथा वित्ते हृतमित्येव वेदिनम्।
निर्धनं पार्थिवः कृत्वा विषयात्स्वाद्विवासयेत्।'—

६. यस्य राज्ञस्तु विषये श्रोत्रियः सीदति क्षुधा।
तस्य सीदति तद्राष्ट्रं दुर्भिक्षव्याधितस्करैः।' विष्णुधर्मोत्तर

७. 'संरक्ष्यमाणो राज्ञा यः कुरुते धर्ममन्वहम्।
तेनायुर्वर्द्धते राज्ञो द्रविणं राष्ट्रमेव च।'—

८ "ब्राह्मणेषु तु यद्दत्तं विधिवत्पारलौकिकम्।
वेदलाङ्गलकृष्टेषु द्विजक्षेत्रेषु भार्गव।
उप्तस्य दानबीजस्य फलस्यान्तो न विद्यते।
तस्मात्पूज्या नमस्कार्याः संविभाज्यास्तथा द्विजाः।"—विष्णुधर्मोत्तर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जलाशयादि निर्माण एवं देव प्रतिष्ठा :—

राजा का यह परम पावन कर्त्तव्य है कि वह अपने राज्य में स्थित देवताओं की पूजा का यथोचित प्रबन्ध करे; तथा नए देव मंदिरों का निर्माण भी कराए। पुराने जलाशय कूप, वापी, तड़ागादि का जीर्णोद्धार एवं उनका पुनर्निर्माण कराना भी राजा का आवश्यक धर्म है। यदि राजा ब्राह्मणों को भूमिदान करना चाहे, तो उसे चाहिए कि वह उन्हें स्वमुद्राङ्कित ताम्रपत्र प्रदान करे, जिससे आगे होने वाला राजा यह जान सके कि अमुक व्यक्ति को अमुक राजा ने यह भूमि प्रदान की है। ब्राह्मणों को दिए जाने वाले दान की प्रशंसा करते हुए बतलाया गया है कि ब्राह्मणों को विधिवत् जो कुछ भी प्रदान किया जाता है, उसका अनंत फल होता है। जिस पर ब्राह्मण प्रसन्न होते हैं, उसका देवता भी अभिनंदन करते हैं। उनके प्रसन्न होने पर देवता भी प्रसन्न होते हैं, क्योंकि ब्राह्मण तो प्रत्यक्ष देवता हैं और देवता तो परोक्ष देव हैं।[1]

साध्वी स्त्रियों का पूजन तथा गौओं का पालन राजाओं का परम पावन कर्त्तव्य है। राजा को चाहिए कि वह जिन वस्तुओं को अब तक नहीं पा सका है; उन्हें प्राप्त करने का प्रयत्न करे तथा जिन्हें प्राप्त कर चुका है, उनकी यत्नपूर्वक रक्षा करे। रक्षित वस्तु को सदा बढ़ाता रहे और वृद्धिप्राप्त वस्तुओं का योग्य पात्रों में विनियोग करे।[2]

धनुर्वेदादि का अध्ययन :—

प्रत्येक राजा के लिए धनुर्वेदादि का अध्ययन करना आवश्यक है। उसे इतिहास, त्रयी, आन्वीक्षिकी, वार्ता, हस्तिविद्या, अश्वविद्या आदि का भी विधिपूर्वक अध्ययन करना चाहिए।[3] जो ज्ञानवृद्ध हों, उनकी उपासना राजा को सदैव करनी चाहिए। शास्त्र को जानने वाले एक ही विद्वान् गुरु की सेवा करके राजा को प्रचुर धनधान्य की प्राप्ति होती है।[4] जो राजा सदैव हित करने वाले सुहृद् की राय को नहीं सुनता, वह विद्वान् तथा कृत्-विद्य होने पर भी पराजित होता है।[5] मन, वाणी, और कर्म से जो राजा अपनी प्रजा को प्रसन्न रखता है, उसके ऊपर प्रजा भी प्रसन्न रहती है।[6] राजा को

---

१. 'यद्ब्राह्मणास्तुष्टतमा वदन्ति तद्देवताः प्रत्यभिनन्दयन्ति।
तुष्टेषु तुष्टाः सततं भवन्ति, प्रत्यक्षदेवेषु परोक्षदेवाः।—विष्णुधर्मोत्तर

२. अलब्धं चैव लिप्सेत लब्धं रक्षेच्च यत्नतः।
रक्षितं वर्द्धयेच्चैव वृद्धं पात्रेषु निक्षिपेत्।—मनुः

३. 'धनुर्वेदेतिहासे च यत्नः कार्यो विजानता।
हस्तिषृष्ठेऽश्वपृष्ठेचरथचर्यासु चैव हि।'—

४. 'एकोऽपि शास्त्रवित्प्राज्ञो गुरुणां पर्युपासिता।
राजानं राजपुत्रं वा प्रापयेन्महतीं श्रियम्।' महाभारत

५. 'सदैव हितकामानां सुहृदां न शृणोति यः।
प्राज्ञानां कृतविद्यानां स नरः शत्रुनन्दनः।'—

६. 'कर्मणा मनसा वाचा चक्षुषा च चतुर्विधम्।
प्रसादयति यो लोकं तं लोको नाप्रसीदति।'—महाभारत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनी सेना को नित्य तैयार रखना चाहिए तथा अपने पौरुष को भी बराबर प्रकट करते रहना चाहिए।[१]

सज्जनों पर अनुग्रह करना तथा असज्जनों का निग्रह करना भी राजा के लिए परमावश्यक है। ऐसा देखा जाता है कि शौर्य, विद्या, अर्थबाहुल्य तथा प्रभुत्व के कारण राजाओं का चित्त मोह को प्राप्त हो जाया करता है, और वे प्रजाओं का अहित करने लगते हैं।[२] इसलिए उस देश में रहने वाले विद्वान ब्राह्मणों को चाहिए कि वे राजा को राजधर्म की शिक्षा देकर उसके मोहग्रस्त चित्त को प्रबोधित करें।[३]

राजा एक ऐसा वृक्ष है, जिसके मूल ब्राह्मण हैं, प्रजागण ही उस वृक्ष के पत्ते हैं, मंत्रिगण उसकी शाखाएँ हैं, इसलिए राजा को चाहिए कि वह मूल (ब्राह्मणों) की रक्षा करे, क्योंकि मूल के सुरक्षित रखने पर वृक्ष का नाश संभव नहीं है।[४] अग्नि के समीप जाने पर वह जलाती है, किन्तु ब्राह्मण दूर से ही अपने शाप द्वारा जलाने की शक्ति रखते हैं[५]। ब्राह्मणों के तप के प्रभाव से ही समुद्र क्षार (अपेय) हो गया तथा इन्द्र विफल हो गए[६]। अतः राजा को चाहिए कि वह ब्राह्मणों की नियम पूर्वक वन्दना करता रहे।

राजाओं के लिए विहित पूजन—

संग्राम को प्रस्थान करते समय राजाओं के लिए खड्गादि द्वारा देवीपूजन करना आवश्यक बतलाया गया है। इसके अतिरिक्त कार्तिकेय-पूजन भी आवश्यक है। यहाँ इन दो देवताओं के पूजन को विहित बतलाकर अन्य देवताओं के पूजन का निषेध करना इष्ट नहीं है, क्योंकि कूर्मपुराण में शिव तथा विष्णु की पूजा भी विहित बतलाई गई है।

राजाओं के लिए निषिद्ध धर्म

शास्त्रों में मृगया (शिकार), पान (सुरापान), तथा अक्ष (जूआ), आदि का निषेध राजाओं के लिए किया गया है। इन वस्तुओं की अत्यधिक उपासना से राजाओं का राज्य तक नष्ट हो जाता है। यद्यपि मृगया आदि का थोड़ी मात्रा में, विनोदार्थ सेवन, उतना अधिक अनुचित नहीं है परन्तु उनका 'व्यसन' अनुचित है। राजा के लिए वाक्पारुष्य यथा

---

१. 'नित्यमुद्यतदण्डः स्यान्नित्यं विवृतपौरुषः।' मनुः

२. 'शौर्यविद्यार्थबाहुल्यात्प्रभुत्वाच्च विशेषतः।
सदा चित्तं नरेन्द्राणां मोहमायाति कारणात्।' कात्यायनः

३. 'तस्माच्चित्तं प्रबोद्धव्यं राजधर्मे सदा द्विजैः।
पवित्रं परमं पुण्यं स्मृतिवाक्यं न लंघयेत्।'

४. 'राजा वृक्षो ब्राह्मणास्तस्य मूलं पौराः पर्णं मन्त्रिणस्तस्य शाखाः।
तस्माद्राज्ञा ब्राह्मणा रक्षणीया मूले गुप्ते नास्ति वृक्षस्य नाशः'।

५. 'आसन्नं हि दहत्यग्निर्दूराद्दहति ब्राह्मणः।' यमः

६. 'ब्राह्मणानां च शापेन सर्वभक्षो हुताशनः।
समुद्रश्चाप्यपेयश्च विफलस्तु पुरन्दरः।' यमः

७. 'मृगयां पानमक्षांश्च वर्जयेत्पृथिवीपतिः।
एतान्यासेवमानास्तु विनष्टाः पृथिवीक्षितः।'— मत्स्यपुराण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परोक्ष निन्दा वर्जित है[1]। जो राजा समय पर मृदु तथा समय पर कठोर स्वभाव वाला बन जाता है, वही राजनीति में सफल होता है[2]। राजाओं के लिए दस प्रकार के व्यसन बतलाए गए हैं. पैशुन्य, साहस, द्रोह, ईर्ष्या, असूया, अर्थदूषण, क्रोध, वागदण्ड, वाक्पारुष्य तथा दण्डपारुष्य[3]। इनका सेवन राजा के लिए वर्जित है। जब तक विश्वस्त व्यक्ति द्वारा अच्छी तरह से परीक्षा न करा ली जाय, तब तक राजा को अज्ञात जलाशय अथवा अत्यधिक भीड़ वाले स्थान में प्रवेश नहीं करना चाहिए[4]। उसे अज्ञात हाथी अथवा अज्ञात घोड़े पर भी सवारी नहीं करनी चाहिए। ब्रह्मस्वहरण राजा के लिए सर्वथा निषिद्ध है। वास्तव में विष, विष नहीं है, बल्कि ब्रह्मस्व ही विष है; क्योंकि विष तो एक ही व्यक्ति को मारता है, किन्तु ब्रह्मस्व पुत्र–पौत्रादि तक को नष्ट कर देता है।[5]

राजाओं के लिए उपर्युक्त निषिद्ध धर्मों का सेवन वर्जित है। उन्हें राजनीति में बतलाए गए विहित धर्मों का ही पालन करना चाहिए. जिससे प्रजा सुखी रहे, तथा धनधान्य की वृद्धि हो।

---

१ 'वाक्पारूष्यं न कर्त्तव्यं दण्डपारुष्यमेव च।
परोक्षनिन्दा च तथा वर्जनीया महीक्षिता।'—

२ 'काले मृदुर्योभवति काले भवति दारुणः।
राजा लोकं दयाऽपेक्षी तस्य लोकद्वयं भवेत्।'—

3 'पैशुन्यं साहसं द्रोह ईर्ष्याऽसूयाऽर्थदूषणम्।
वाग्दण्डजं च पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोऽष्टकः।
वाक्यारुष्यं दण्डजं च पारुष्यमादायाष्टविधत्वम्' मनुः

४ 'न गाहेज्जनसम्बाधं नचाज्ञातं जलाशयम्।
नापरीक्षित पूर्वं तु पुरुषैराप्तकारिभिः।' विष्णुधर्मोत्तर

५ न विषं विषमित्याहुर्ब्रह्मस्वं विषमुच्यते।
विषमेकाकिनं हन्ति ब्रह्मस्वं सप्तपूरुषान्।—

क्रमशः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

NUCLEAR DISARMAMENT AND WORLD PEACE

HARSH BHASIN, B.Sc. Pt. II

After the horrors of near-total annihilation witnessed by mankind in a single generation during the two Great World Wars, the reason in Man has appealed to him and confronted him with the vital question—To be or not to be ? The choice, a sane one, with most of the peoples of the world (I say 'most and not 'all' because there still are powers like China who think that a new, better and prosperous civilization can be built on the ruins of one devastated by a nuclear war) has fallen on the former. Hence after the 1st World War, the League of Nations was founded ; after the IInd world war, the U.N.O. was established, and to-day we have peace-councils and peace-committees at all levels and in all walks of life—village peace-committees, town peace committees, national peace councils and more such organisations at the international level (e.g. world peace council). One organisation that has led to the formation of a chain of such committees and councils is the famous CND of Great Britain—the Committee for Nuclear Disarmament-with the Eminent Philosopher Sir (Now Lord) Bertrand Russel as its head. On the other hand, at the individual level, we have students and people from other walks of life who protest against nuclear armaments with their lone voices.

My aim in the foregoing paragraph has been to point out that mankind—or at least a majority of it—has opted for 'Survival' (in the choice between the latter and 'extinction') which, it realises, can only be achieved through the immortal weapon of the Gandhian Concept—*Peace*, and all our efforts are directed towards this aim, whether at the individual level or by a grandiose multi-million-dollar ultra-sophisticated organisation of international recognition and standing such as the United Nations organisation.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Next comes the relationship between "World Peace" and "Nuclear Disarmament". The reasons, aims and efforts for the establishment of the former have been discussed already so that the latter may be considered in the light of its relationship with the former, so that after linking them together, a conclusion can be drawn thereto. Our efforts shall now be directed towards this end.

Not very long ago an eminent Philosopher-Statesman said that in Pre-historic times, battles were fought with stones, in medieval times with bows and arrows and later with swords; in modern times the two world wars have been fought with modern armoury. But the Fourth World War (if there ever is one) will be fought again with bows and arrows. The significance of this self-explanatory statement cannot be over-emphasised. Facts must be faced ! And the cold, hard fact is that the Third World War will be fought by Push-button nuclear warfare. The world has already witnessed what only two Atomic Bombs did to Japan. To-day, there are Thermo-nuclear Devices each of which is capable of releasing energy a hundred fold of what the Hiroshima and Nagasaki Bombs did. And, moreover, the present stockpiles that exist in Russia, U.S.A.,Great Britain and France are sufficient to wipe out humanity completely from the face of the earth. It is to avoid such a nuclear holocaust from taking place that organisation like the CND, UNO etc. exist whose sole aim is to appeal to reason and make the masses aware of the inherent dangers which shall inevitably accompany a nuclear holocaust. Hence it is glaringly apparent that in the world of to-day, the security of the human race, its very existence on this globe of ours is threatend by nuclear stockpiles in possession of the so-called "Great" powers. Hence we see that World Peace to-day is directly linked with Nuclear Disarmament. Until these nuclear stockpiles exist, in the event of any conflict involving the major powers in any way, admittedly none will risk the use of atomic or hydrogen bombs in the initial skirmishes but once a side begins to lose, in order to save face, prestige and dignity at that critical moment,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

hesitation will not be encountered in the heat of the second, and it will be at this moment that these stockpiles will be used for unimaginable destruction. And it is only too-well known a fact that man's spirit of revenge at such a time is at its zenith so that retaliation will be inevitable. As one bomb will lead to another there will be, unlike in the previous world wars no conqueror or vanquished but instead there will just be nothing at all. It has been estimated that apart from the actual destruction caused by the bombs, there will be enough radiation polluting the atmosphere so as to make Life impossible not only among human beings but also among the plant and animal kingdoms. Hence the conception of some political leaders that "a new & better civilisation can be built on the ruins of one devastated by a nuclear war" is not worth the paper it is written on—much less the worth of its fanatic authors.

Hence in conclusion it may be pointed out that Nuclear Disarmament and World Peace in today's world is inseparable and that if the species of Homosapiens is to be preserved on this planet of ours, world opinion on this subject must be mobilised and a joint appeal be made to the reason of all those men calling themselves or styled by others as "Great", in whom lies the power to destroy or preserve, to follow India's example of utilising Atomic Energy for peaceful purposes only so that it can be looked upon by peoples of the world not as a source of dread but a safe in which lies success of the future of humanity and ask those who have a key thereto, to open this safe, by diverting their efforts to constructive endeavours—towards the betterment of the future of mankind.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राचीन भारत में राज्य और न्यायपालिका का सम्बन्ध

डॉ हरिहर नाथ त्रिपाठी
राजनीति-शास्त्र विभाग

राज्य के व्यवस्थित रूप ग्रहण करने पर राजशक्ति का रूप सामने आता है। एकराज,[१] अधिराज,[२] सम्राट्[३] एवं स्वराज शब्दों से प्रतीत होता है कि वैदिक काल में राजशक्ति का स्थापन और उनमें स्तरभेद हो चुका था। इस काल में राजकृत् एवं ग्रामणी के माध्यम से राजा का चुनाव होता था।[४] विश की रक्षा एवं सैनिक आवश्यकता से राजशक्ति का विकास हुआ। इस सैनिक शक्ति के विकास के साथ शक्तिमान् व्यक्तियों का वर्ग भी विकसित होता रहा, जिसे ब्राह्मण काल में राजा के साथ संबंध बनाने में सफलता मिली। अभिषेक में इन्हें विशेष सम्मान मिलने लगा। राजशक्ति दृढ़ करने में वैदिक काल में ग्रामणी, राजकृत् और ब्राह्मणकाल के रत्निन् प्रशासक के सहयोगी हो गए।[७] यद्यपि इस काल तक विश्-प्रतिनिधियों से ही राजा चुना जाता था तथापि उसे सभा एवम् समिति जैसी सार्वभौम सामाजिक संस्थाओं की परिधि में रखने का प्रयास किया गया।[८] इसमें प्रभावशाली वर्ग एवं व्यक्ति क्रियाशील थे। फलतः वैदिककाल में राजा तथा उसके पार्श्ववर्ती सामाजिक संगठन एवं प्रतिनिधियों में अधिकार और कर्तव्य की सीमा निर्धारित होने लगती है।

युद्ध काल में सशक्त कार्यपालिका की आवश्यकता होती है। उसे युद्ध और संरक्षण दोनों करने पड़ते हैं। युद्धकाल में राजा सेना का प्रधान एवं जनता का संरक्षक था[९]। शांतिकाल[१०] में उसे अपनी मर्यादा की रक्षा एवं समृद्धि में प्रजा से आदर प्राप्त हुआ[११]। इसी काल में वर्ण व्यवस्था समाज की आदर्श व्यवस्था बनी। इस स्थिति में वर्ण, उसके सामाजिक नेता ब्राह्मण एवं समाज-संरक्षण के साथ उस पर युद्ध विजय का दायित्व आया[१२]। फलतः सामाजिक विवादों में वह निर्णायक बनने लगता है और दूसरी ओर

---

१ ऋ० ८।३७।३।, अथर्व ३।४।१।
२ वही १०।१२८।९।, अथर्व ६।९८।१।, ९।१०।२४।
३ वही १।२५।१०।, २।२८।६।, ५।८५।१।, ६।६८।९।, ८।९२।१।,
४ वही २।२८।१।
५ वही १०।१७३।१।, १०।१२४।८।, अथर्व० ३।३।५।, ३।४।२ विश् द्वारा राजा का चुनाव। अथर्व० ३।५।७। राजकृत् एवं ग्रामणी द्वारा राजा का चुनाव।
६ अभितोजनान्। अथर्व० ३।५।७।
७ एतान कृण्वोऽभितो जनान्। अथर्व ३।५।६।७।
८ ऋ० ९।९२।६।, १०।९७।६।, ८।४।९।, अथर्व ७।१२।१।
९ ऋ० ३।४३।५। १० वही १।६७।१।
११ वही ४।५।८। १२ वही ४।५०।९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चरों से राज्य में अशान्ति उत्पन्न करने वाले तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करता है।[1] चर अपराधों की जानकारी के साथ-ही-साथ राजशक्ति के प्रति लोगों के भाव जानने का प्रयास करते हैं। एच० एन० सिन्हा ने इस आधार पर यह निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया है कि राजा ने अपराध-विधि प्रारम्भ करने का अधिकार प्राप्त कर लिया और वह दण्डापराध-विधि का विधायक हो गया[2]। किन्तु राजा विधि का प्रशासक ही रहा विधायक नहीं। वह ऐसे विवाद का प्रारम्भ करने वाला था जो अज्ञात हों। ऐसे अपराधों का प्रारम्भ राज्य के अतिरिक्त कोई भी समाज का सदस्य कर सकता था। सिन्हाजी ने अपने कथन का कोई प्रमाण नहीं दिया। अर्थशास्त्र के कंटकशोधन में कार्यपालिका को यह अधिकार अवश्य मिला है कि वह कुछ अपराधों के विवाद स्वयं प्रस्तुत कर सकती है। इस प्रकार के प्रमाण वेदों में उपलब्ध भी नहीं होते। स्मृतियों ने इस विषय पर विचार किया और प्रत्यक्षतः राजा की विधायिका शक्ति का खंडन किया है। इसी प्रकार व्यवहारविधि में भी राजा विधि का प्रशासक ही रहता है। भूमि,[3] सिंचाई[4] आदि विवाद में व्यवहार की किसी न किसी व्यवस्था का होना आवश्यक है और उसमें राजा का महत्त्वपूर्ण स्थान था। न्यायिक प्रशासन में वह न्यायाधीश के समान होने की ओर अग्रसर होता है[5] किन्तु विधि निर्माता नहीं होता।

इस काल में राजा ऋत एवं राष्ट्र का संरक्षक (राष्ट्रस्यमुधार्य) होता है[7] और साथ ही विश् का पालन भी करता है–**पार्युविशः**[8] **ऋतस्य गोपाः** (Upholder of Law)। ऋत की विशेषता से वैदिक समाज अवैदिक समाजों से पृथक् होता रहा। ऋत वैदिक समाज का आधार था। उसके विपरीत की स्थिति अनृत थी जिसे हम अवैदिक समाजों का विधान मान सकते हैं क्योंकि वेदों में अवैदिक जातियों के आधार को अनृत कहा गया है। अतएव अनृत पालन करने वाले अवैदिकों का उन्मूलन एवं ऋत की स्थापना राजा का कर्तव्य हो गया।[9] जनसंरक्षक (**गोपा जनस्य**) होने से 'विश्' उसे चाहते थे –**'विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु**।[10] इन कार्यों की संपन्नता शक्ति पर निर्भर करती है। फलतः राज्यशक्ति के विकाश का मूल स्थिर होने लगता है। यहाँ राज्य के तत्त्व विधि (ऋत) राष्ट्र, जनसंख्या (विश्) और सम्प्रभुता का संगठन हो जाता है। इनमें प्रमुखता विधि (ऋत) को दी जाती है। संगठन का आधार और उद्देश्य ऋत रहता है।

---

[1] वही १।२५।१३।, ४।४।३।, ८।६७।५।
[2] सावरेण्टी इन एशेंट इण्डिया, पृष्ठ २५।
[3] ऋ० १।११०।५।
[4] वही ७।४९।२।, अथर्व० १।६।४।, १९।२।२।
[5] वेदिक इण्डेक्स, जिल्द २ पृ० २१२।
[6] वही।
[7] ऋ० ७।६६।१३।, ७।६४।२।, १०।१७३।२।
[8] वही ४।४।६।
[9] वही ७।८५।२।, ७।६६।१९।
[10] गोपा जनस्य। ऋ० ३।४३।५।, ऋ० १०।१७३।१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवताओं में धर्म का संरक्षण वरुण करते हैं। मनुष्य यदि पृथ्वी पर ज्ञात एवं अज्ञात अवस्था में धर्म के प्रति द्रोह कर (उल्लंघन) शान्ति भंग करता है तो वरुण के समान राजा धर्म की रक्षा करता है।[१] ऋग्वेद में भी धर्म सदाचार एवं परम्परा के अर्थ में आता है जिसमें धार्मिक और लौकिक दो अंगों का समावेश है।[२] राजा वरुण के समान धर्म के समग्र अंश की रक्षा करता है।[३] धर्म विपरीत आचरण द्रोह कहा गया है और राजा को द्रोह का उन्मूलक। इस शक्ति एवं सामाजिक स्थिति के कारण वह 'विशों' में शक्तिमान् होने लगा।[४] इस प्रकार सामाजिक आवश्यकताओं ने 'राज्यसंस्था' के विभिन्न अंगों का विकास किया। त्रसदस्यु और कुरु ने तो अपने साथ दैवी शक्ति का संयोग भी लगा लिया।[५] किन्तु इसका उद्देश्य राजा की लौकिक आवश्यकता का विकास करना था। जिससे ऋत का मार्ग सफल हो सके। राजशक्ति के अंगों में विभिन्न दैवी शक्तियों का समावेश उसके साथ होने लगता है।[६]

इस समय राजशक्ति के विकास के साथ कुछ सामाजिक परिस्थितियों का भी विकास होता है। आर्थिक साधनों, सामाजिक संघटनों, व्यक्ति एवं समाज के संबंधों की अवान्तर स्थितियों के साथ ही वैदिक समाज का अवैदिक समाजों के साथ संघर्ष एवम् संपर्क महत्व-पूर्ण स्थिति है। इनका वैदिक समाजों के साथ संबंध होता है। इन कारणों से वैदिक समाज में जाति, वर्ण एवं उनके संस्कार, यज्ञीय कर्म, धार्मिक विधि आदि के नियमों की स्थापना नया रूप लेने लगती है। इस नए समाज में अवैदिक समाजों का सम्मिश्रण हो जाने पर उनसे वैदिक समाज की सुरक्षा का भी प्रश्न आता है। सुरक्षा के लिए सामाजिक विधि या आधार और उसके प्रयोग की दिशा का नियंत्रण, दोनों आवश्यक था। अतएव वैदिक विधियों के व्याख्याता ब्राह्मणों की सुरक्षा अनिवार्य हो गई। इस नई स्थिति का संबंध राज्यसंस्था से भी हुआ। समाज के सभी अंगो को धर्म से अभिभूत कर देने से भी वह धर्माधिष्ठित हो गया। इस काल में राजा के अभिषेक के धार्मिक रूप का उदय महत्व-पूर्ण है। अभिषेक की शपथ में धर्म जिसमें ब्राह्मण व्याख्यानमूलक विधि संनिविष्ट हो गई—की रक्षा अनिवार्य हुई। इस प्रकार 'राजशक्ति' को धर्मशक्ति के आवरण में समा-विष्ट कर दिया गया। राजशक्ति के पार्श्ववर्ती रत्निन् आदि का उदय वर्ग के रूप में होता है। रत्निन् की संख्या, उसकी सूची में प्राथमिकता एवं राजा के साथ सम्बन्ध से स्पष्ट हो जाता है कि राजसंस्था उच्चवर्गीय संगठन हो गई और राजा उसका प्रधान। रत्नियों में

---

[१] ऋ० ७।८९।५।

[२] धर्म शब्द विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त :—
ऋ० ३।१७।१ सदाचार के अर्थ में; ऋ० ७।८६।५। नैतिक विधि के अर्थ में;
ऋ० १०।५६।३। कर्तव्य के अर्थ में; ८।९८।१। कर्तव्य या अधिकार के अर्थ में।

[३] ऋ० ४।४।३।

[४] विराजानि जनस्य। ऋ० १०।१७४।५।

[५] ऋ० ३।४३।, ४।४।३।, ७।१३।, १०।१७३।२।

[६] अग्निशक्ति; ऋ० ४।१२।३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मणों के साथ कुछ उदाहरणों में महिषी एवं सेनानी के नाम प्रथम आए हैं।[1] अतएव राजशक्ति केन्द्रित होने के साथ वंशानुगत भी होने लगी।[2]

राजा के वंशानुगत परम्परा के विकास के अवसर पर भी ग्राम तथा अन्य स्थानीय संगठनों का अस्तित्व रहता है और वे क्रियाशील भी रहते हैं; किन्तु जब उनका नियन्त्रण राजा की ओर से होने लगता है तब 'ग्रामणी' राजपुरुष हो जाता है।[3] यद्यपि इस स्थिति में भी ग्रामणी 'राजकृत्' की स्थिति में रहता है। समाज के विभिन्न घटकों से सेनानी, पुरोहित, क्षत्री, संग्रहीतृ, भागदुघ, अक्षावाप आदि राज्य विभाग के प्रधान होते दिखाई पड़ते हैं किन्तु विधि-मंत्री या न्यायपालिका के प्रधान का कहीं पता नहीं चलता। फलतः राजा स्वयं न्यायपालिका का प्रधान होता हुआ प्रतीत होता है। यदि वरुण के रूप का राजा में विकास होता है तो अवश्य ही उसके समान ही राजा भी 'धर्मपति' (Lord of Law) हो जाता है।[4] वह ब्राह्मण और धर्म दोनों का संरक्षक रहता है।[5] अब वह राष्ट्रभृत् हो जाता है।[6] राष्ट्र में समाज एवम् प्रशासन की विभिन्न शक्तियों का समावेश था। सेना, प्रशासन एवम् न्याय के प्रधान के रूप में राजशक्ति अपने विकास के उस स्तर पर पहुँचती है जिसमें **'सारभौमता'** का बीजारोपण होता है।

न्यायपालिका के प्रधान एवम् विधि के संरक्षक होने के साथ ही राजा राज्य के अन्य घटकों पर शक्तिमान् होता हुआ 'सर्वश्रेष्ठ' हो जाता है। परिणामतः वह विधि की कतिपय सुविधाएँ प्राप्त कर 'असामान्य' नागरिक होने लगता है। अभिषेक में अध्वर्यु और राजसहायक दण्ड से उसका स्पर्श कर उसे दण्ड-वध से मुक्त करते हुए 'अदण्डय' होने की घोषणा करते हैं।[7] इस प्रकार की न्यायिक सुविधा उसे इसलिए मिलती है कि वह जो उचित हो उसे करे और जो उचित हो उसे कहे। लेकिन उचित का निर्णय, राजा की इच्छा से नहीं, विधि एवं विधि व्याख्याताओं, जो समाज के प्रतिनिधि थे, से होता है। इसी रूप में वह विधि का संरक्षक हो पाता है।[8] फलतः राजा विधि निर्माता नहीं होता और विधि सर्वोच्च बनी रहती है। सदाचार एवम् परम्परा के माध्यम से समाज विधि का स्रोत रहता है। लेकिन इस काल में राजा समाज में विभिन्न घटकों का प्रधान अवश्य हो जाता है। अतएव राजा को विधि पर नियन्त्रण का अवसर मिल सकता था। लेकिन वास्तविकता यह है कि विधि राजा पर नियन्त्रण और उसकी सीमा का निर्धारण करती है। इसी रूप में विधि 'सर्वश्रेष्ठ' का संरक्षण भी करती है। इस अनुशासन से परे होने पर राजा का अस्तित्व समाजशक्ति से नियन्त्रित एवं आवश्यकता पड़ने पर समाप्त हो सकता था।

---

[1] शत० ब्रा० ५।३।१।, तै० सं० १।८।९।, मै० सं० ११।६।५।, तै० ब्रा० १।७।३।

[2] शतपथ ब्राह्मण ५।४।२।८।, १२।९।३।३।

[3] शत० ब्रा० ३।४।१।७।

[4] वही ५।३।३।९।

[5] ऐ० ब्रा० ८।१७।

[6] शत० ब्रा० ९।४।१।१।

[7] शत० ब्रा० ५।४।४।७।

[8] वही ५।४।४।५।

[9] यजुर्वेद० ११।१।६।२४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस विषय का स्पष्टीकरण यजुर्वेद की समाजसापेक्ष विधि की व्याख्या और इस काल में की गई विधि की परिभाषा से हो जाता है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार विधि (धर्म) 'सत्य' है।[१] सत्य वही है जिसे धर्म घोषित करे और मनुष्य उसका पालन करे। शतपथ ब्राह्मण में जल एवं विधि (धर्म) का सम्बन्ध जिस रूप में अभिव्यक्त किया गया है उसका तात्पर्य है कि व्यक्ति एवं सामूहिक सुरक्षा का आधार विधि है।[२] यहाँ विधि दैवी तथ्य और समाज दैवी संगठन के रूप में सामने आते हैं। अतएव विधि की शक्ति राजशक्ति से महान् मानी गई। वरुण को धृतव्रत और इंद्र को विधि का संरक्षक कहा गया है। इसी प्रकार राजा मनुष्यों का पालक होने से 'धर्म का संरक्षक' ही होता है। ब्राह्मण काल में सर्वश्रेष्ठता (Sovereignty) का बाह्य प्रतीक विधि है किन्तु वह राजशक्ति के ही माध्यम से नहीं व्यक्त होती। अतएव धर्म संरक्षक होने से राजा विधि निर्माता नहीं होता। राजा का अस्तित्व स्वयं विधि के पालन में है।[3] स्पष्ट है कि राजशक्ति के साथ विधि (धर्म, और सामाजिक शक्तियों (धार्मिक कर्मकाण्ड) का समन्वय होता है। ऐन्द्र महाभिषेक एवं अन्य यज्ञीय विधियों के पालन से ही ऐन्द्रादि पद प्राप्त होते हैं किन्तु उनकी प्रक्रिया विधिसापेक्ष है। इन कर्मकाण्डों में सामाजिक स्वीकृति की आवश्यकता पुरोहितों से रत्नियों, विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों, राजवंश, शूद्रों आदि तक बिखरी हुई है। फलतः राजत्व समाज की देन है जिसे वह ले भी सकता है। राजत्व को दैवी बनाने वालों ने उसे लौकिकता एवं सामाजिकता की शक्ति से परे नहीं होने दिया।[४] विधि का स्रोत समाज है और समाज धर्म नियन्त्रित है। अतएव विधि राजा द्वारा संचालित न होकर धर्म नियन्त्रित रहती है। 'सर्वश्रेष्ठ' विधि, सदाचार, परम्परा, ब्राह्मण एवम् धर्म का संरक्षक मात्र रहती है।[५] न्यायपालिका 'सर्वश्रेष्ठ' से नियन्त्रित रहती है इसमें विधि की सर्वोच्चता का विकास सुरक्षित रहता ह। अतएव विधि 'क्षत्र का भी क्षत्र' बनी रही।[६]

ब्राह्मण काल एवं उसके बाद धर्मसूत्रों तक राजसत्ता एवं विधि पर सामाजिक शक्तियों का प्रभाव स्पष्ट हो जाता है। सार्वभौम विधि का व्यवहार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के स्तरभेद के साथ व्यक्त होता है। राजसत्ता में यह प्रभाव इस रूप में विकसित होता है कि गणतन्त्रात्मक संस्थाओं में भी जातीय प्रधानों को स्थान मिला। राजतन्त्र के विकास में राष्ट्र की बिखरी शक्तियाँ राजसंस्था के साथ इस रूप में समाविष्ट होने लगती है कि धर्म को छोड़कर उस पर कोई नियन्त्रण नहीं रह जाता। सर्वत्र वंशानुगत

---

१. शत० ब्रा० ७।३।११।, २।५।१।

२. यू० एन० घोशाल : ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन पोलिटिकल आइडियाज़, पृ० २३।

3 ऐतरेय ब्राह्मण ८।१२।

४ अथर्व वेद ४।२२।५। वाजसनेयी संहिता ९।४०। मैत्रायणी संहिता २।६।६। तै० सं० १।८।१।, १।८।१२। काठक संहिता १५।७। तै० सं० २।६।९। तै० ब्रा० १।७।६।

५ वही ७।१७–१८।

६ बृ० आ० उप० १।४।११–१५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजतन्त्र की स्थापना हो जाती है। सभा, समिति एवं रत्नियों के अस्तित्व का लोप होने लगता है। यद्यपि राजा के चुनाव में मंत्रिमंडल एवं देश के अन्य प्रतिनिधियों को सुविधा थी फिर भी उनके साथ बाध्यतामूलक योग्यता लगी थी। मृत राजा की इच्छा का ध्यान रखा जाता था और राजा उसी वंश का होता था। अब राजा ब्राह्मण को छोड़कर सभी का स्वामी हो जाता है।[७] लेकिन राजा में दैवी शक्ति के कारण ब्राह्मण भी उसकी पूजा करता है।[२] कर-संग्रहण का अधिकार उसे मिल जाता है।[3] सेना, न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के प्रधान के रूप में सभी कर्मचारियों की वह नियुक्ति करता है।[४] फिर भी उसे विधि निर्माण का अधिकर नहीं मिलता; उसे मात्र अध्यादेश का अधिकार मिलता है वह भी निश्चित सीमा में। फलतः इस विकसित राजशक्ति की अवस्था में भी राजा विधि, परम्परा, सामाजिक बिधि आदि का संरक्षक ही रहता है।[५] उसे यह अधिकार अवश्य मिलता है कि वह व्यक्ति को सामाजिक विधि के पालन में दण्ड शक्ति से बाध्य कर सकता है।[६] इसमें भी उसे विद्वान् ब्राह्मण का सहयोग लेना पड़ता है।[७] यहाँ पुरोहित एवं अन्य धार्मिक घटक 'संस्था' का रूप लेने की ओर प्रयास करते हैं और उन्हें राज्य से संबंध बनाने में सुविधा मिलती है। यह माना गया कि पुरोहितों की सहायता के बिना राज्य नष्ट हो सकता है[८] और वह राजा का निर्देशक है।[९] इस अवसर पर व्यवहार एवं अपराध विधि के वर्गीकरण का बीजारोपण होता है। जैमिनी ने 'ऋतु धर्म' एवं 'पुरुष धर्म' के भेद से वैधानिक एवं नैतिक पक्षों में भेद किया ह। 'पुरुष धर्म' 'ऋतु धर्म' के आधार पर विकसित होता है। यहीं मीमांसा ने वैयक्तिक एवं सामाजिक विधि के दो भेद किए हैं। प्रथम का अधिक सम्बन्ध धर्म से है, जिसका पालन सामान्य है किन्तु दूसरा अवश्य करणीय होने के साथ सामाजिक है। व्यवहार और धार्मिक विधि के विभाग का जो श्रेय बंगाल के टीकाकारों को दिया जाता है, उसका मूल यही है।

इस काल तक विधि का स्रोत वेद, परम्परा एवं शिष्ट जनो का आचरण बना रहा।[१०] धर्मपरिषद् एवं १० विद्वान ब्राह्मणों का निर्णय विवादमूलक विधि में प्रमाण माना जाता था।[११] निष्कर्ष यह कि राजा विधि का निर्देशन उस स्रोत में पाता है जिस पर

---

१ गौ० ध० सू० ११।१।
२ गौ० ध० सू० ११।७।८।, महा० शांति० ४०, ४१ और ४८
3 आप० ध० सू० २।१०।२६।९।
४ आप० ध० सू० २।१०।२६।४-५।
५ गौ० ध० सू० ११।९।२८।, वशिष्ठ० १९।८।, आप० ध० सू० १०।२७।१८।
६ आप० ध० सू० २।१०।२७।, वशिष्ठ० १९।८।
७ गौ० ध० सू० ८।१।
८ गौ० ध० सू० ११।१४।, ११।२७।, वशिष्ठ० १९। ४।
९ बौधा० गृ० सू० १।१०।१८।८।
१० गौ० ध० सू० १।१।१।३।, वशिष्ठ १।४।, बौधा० ध० सू० १।१।१।४-६।
११ बौ० गृ० सू० १।१।१।७-९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसका अधिकार एवं नियन्त्रण नहीं रहता। जाति एवं समाजधर्म, धर्म की शक्ति से संचालित होते हैं। फलतः धर्म विधि के आधार का ही निर्णय नहीं करता अपितु उसका प्रयोग भी नियन्त्रित करता है। राजा न्यायिक प्रशासन में अपने सहायक न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।[1] उनमें सबसे प्रधान न्यायाधीश प्राड्विवाक भी रहता है।[2] राजा स्वयं व्यवहारविधि और दण्डापराधविधि के प्रशासन का प्रधान रहता है।[3] राजा या न्यायाधीश किसी वर्ग के पक्ष में न रहकर विधि के अनुसार व्यवहार करते हैं।[4] अपराध का निर्णय अपराधी के स्तर, शारीरिक शक्ति, अपराध के स्वभाव आदि के आधार पर होता है।[5] न्यायिक प्रशासन का नियन्त्रण वेद, अंग, मीमांसा और पुराणों से निर्देशित होना प्रारम्भ होता है।[6] लेकिन उनके साथ स्थानीय आचारों की मान्यता बनी रही।[7] स्पष्ट है कि राज्य के विभिन्न घटकों के उदय होने पर भी राजा उसे नियन्त्रित नहीं कर पाता और वह स्वयं उनमें एक अवयव मात्र रहता है।

राजसत्ता के विकास के साथ स्थानीय संगठनों की शक्ति सुरक्षित रखी गई किन्तु केन्द्र के निर्देशन में। ग्राम एवं नगर कर्मचारियों के कार्य संचालन के लिए केन्द्र से विधि-संहिता प्रस्तुत की जाती थी। इस अवस्था में वे कर्मचारि राज्य या राजा द्वारा नियुक्त होने लगे।[8] प्रशासन न्याय, वेद, शास्त्र, अंग एवं पुराण के साथ स्थानीय आचारों के आधार पर होता रहा।[9] इस समय रथकार, क्षत्री, सूत, निषाद आदि जातियों के संमिश्रण की सामाजिक समस्या का प्रभाव न्यायपालिका पर भी पड़ा।[10] इन जातियों के नए आचार थे। उनके सम्मिश्रण से इस प्रश्न पर ध्यान देना आवश्यक था कि उन आचारों का समर्थन न हो, जो परम्परा प्राप्त वैदिक आचारों के विपरीत हों। इस समस्या के उदय के साथ राजशक्ति के तृतीयचरण का भी उदय हुआ। अतएव राजा को असामाजिक (वेद भिन्न) प्रवृत्तियों एवं आचार पर नियन्त्रण का पूर्ण अधिकार मिला। इसी अवसर पर कहा गया कि राजा चारों वर्णों एवं जातियों के आचारों का अध्ययन कर उन्हें मार्ग पर लाए।[11] समाज, विधि एवं राजा के संबंध में परिवर्तन हुआ। समाज को राजा इस रूप में नियन्त्रित करने लगा कि समाज के नियमों के पालन का उत्तरदायित्व उस पर आ गया। समाज की विधि का पालन हो, यह कार्य समाज एवं उसके संघटनों के स्थान पर राजा का हो गया। इसमें वह सामाजिक संघटनों की सहायता लेता है। फलतः समाज पर राज्य प्रभुता का प्रभाव जमने लगा। गणतन्त्रात्मक शक्तियों के ह्रास के साथ कुलीनतन्त्र के विकास का सम्पर्क राजतन्त्र से हुआ। जैन एवं बौद्ध संस्कृतियों के विकास से राजशक्ति सामाजिक संघटनों का नियन्त्रण करने में समर्थ हो गई। इन संस्कृतियों

---

[1] कावेल नं० ५४५, जिल्द ५, पृ० २०३-४।
[2] वही नं० २१८, जिल्द १, पृ० ११।
[3] वशिष्ठ० १६।२।
[4] वही १६।३।
[5] गौ० ध० सू० १२।५१।
[6] गौ० ध० सू० ११।१-९।
[7] वही ११।२०।
[8] जातक संख्या ५३४, ५३७।
[9] गौ० ध० सू० १२।५१, ११।२०।
[10] गौ० ध० सू० १।१७।
[11] वशिष्ठ० १९।७-८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का प्रसार राजशक्ति के माध्यम से विशेष रूप में सम्भव हो पाया। राज्यशक्ति के माध्यम से जैन एवं बौद्ध संस्कृतियाँ अपना स्थान बना पाईं। फलतः समाज राज्यशक्ति मुखापेक्षी होने लगा। नए संस्कारों एवं विधियों में संघर्ष होने पर राजा की स्थिति निर्णायक जैसी होने लगी। इस स्थिति में न्यायपालिका का विकास राजा से नियन्त्रित होने की दिशा में बढ़ा।

The 'all-States' WGi revealed its own unique trend. It first rose quite conspicuously from 163 in 1960 to 198.1 in 1961, and then declined moderately to 191.8, showing an increase of 18 per cent over 1960. Over the period 1951-60, however, the increase was much more significant, it being 84.3 per cent. On the whole, these trends show that the Madras region not only recorded the highest improvement in the workers' gains during 1962 over 1960 but also over 1951. Further, the West Bengal region not only revealed during 1962 an improvement over 1960 very near to the lowest recorded in Bombay but also over 1951.

Lastly, workers on an all-India basis obtained quite significant gains during 1961 and also 1962 over 1951. While these gains were only slightly less than those of Madras and U.P., they were greater than those of Bombay and conspicuously more than those of West Bengal.

Wage-Earners in relation to Community and Non-Wage-Earners

The preceding analysis has presented the changing economic position of factory workers over time both on an all-India and regional basis. It would be all the more interesting to assess their position in relation to the community in general during the first two years of the Third Plan for which alone the data like that of wages could be available. Accordingly, we shall calculate community's index, as we did before, with the help of the foregoing formula $\frac{Yi}{Pi} \times Ei = MGi$.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Table II shows that the all-time peak of 174.2 attained in 1960-61 was crossed over to 184.2 in 1961-62 and 203.2 in 1962-63. The percentage increase during 1962-63 over 1960-61 (the last year of the Second Plan) and 1951-52 (the first year of the First Plan) was 16.8 per cent and 98.1 per cent, respectively.

When the above trends in the MGi are co-ordinated with those of the WGi arrived above, we get the following broad generalisations :

*Broad Generalisations**

1. The gains to the community at 16.8 per cent were slightly less than those of wage-earners (18 per cent) over the first two years of the current Plan.

2. As compared to the corresponding regional gains, the community's gains were second only to those of the Madras workers (20.6 per cent) but seemed greater than those of U.P. (13 per cent), West Bengal (7.9 per cent and Bombay (7.3 per cent).

3. The gains to the community at 98 per cent during 1962-63 over 1951-52 were higher in comparison with those of wage-earners (84.3 per cent). They were higher even in comparison with those of Madras (93.6 per cent) and U.P. (91.5 per cent), not to mention the relatively smaller gains to the West Bengal workers (17.1 per cent).

4. The absolute as well as the relative advances of the community over wage-earners during 1960-61 (the last year of the Second Plan) could not sustain that relative supremacy into to over the Third Plan, due to the comparatively higher gains to the all India workers, in general, and the Madras workers, in particular. However, owing to significantly higher gains obtained during 1960-61 slight relative shrinkage

* It may be cautioned that even broad generalisations drawn through the co-ordination of the analysis of the WGi related to the calendar year and that of the MGi related to the fiscal year should be viewed as simply broad indicators of the general trends.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

could not affect appreciably their top position *vis-a-vis* wage-earners.*

5. Hence, non-wage-earners as a class could perhaps fare better than the class of wage-earners over the first two years of the Third Plan. The difference becomes all the more significant when gains derived in 1962-63 are compared to those of 1951-52.

6. To conclude, we find that during the second year of the Third Plan over the first year of the First Plan, non-wage-earners were at the top of the economic ladder followed by the community and the wage-earners, in general, and the wage-earners of Madras and U.P., in particular, They were followed by the wage-earners of Bombay and West Bengal ; the latter's economic gains over the 12-year period being the smallest among the wage-earners of the four selected regions.

---

* The Planning Commission's Labour and Employment Division in a recent Third Five Year Plan review of labour policies has aptly remarked that "workers in India have not made any advance in terms of real wage in the last ten years. However, between 1957-58 when the first wage census was undertaken and now, the percentage of workers whose dearness allowance is related to consumer price index has shown a marked imporvement".

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वप्नो का रहस्यमय संसार

डॉ० पद्मा अग्रवाल
मनोविज्ञान विभाग

स्वप्न का अर्थ है 'अपने में रमण करना'। रहस्य से तात्पर्य है जो गूढ़ हो, गुरुतर हो, छद्मवेषी हो आसानी से समझा न जा सके। दिवा-स्वप्न और निद्रावस्था कि अनुभूतियों में भेद होता है। दिवा-स्वप्न का प्रतिफल है - काव्य, उपन्यास, नाटक इत्यादि की रचना। प्रस्तुत लेख में जागृतावस्था की उड़ान का उल्लेख नहीं हुआ है जिसके फलस्वरूप व्यक्ति कवि अथवा कलाकर बनता है; इसमें उल्लेखित विषय निद्रावस्था की अनुभूतियाँ हैं, जो विवरण के पूर्व एक रहस्य सी रहती हैं। यथोचित विवरण-व्याख्या के पश्चात् ही स्वप्न संबंधी मनोवैज्ञानिक रहस्य का उद्घाटन होता है।

मानव की रुचि का विषय सदियों से विभिन्न काल और संस्कृति में स्वप्न रहा है और वर्तमान पाश्चात्य-साहित्य और विज्ञान में इस विषय पर पर्याप्त अनुसंधान हुए हैं और अब हमें इस गूढ़ विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण हस्तगत है। प्राचीन और मध्यकालीन युग में स्वप्न की अनुभूतियों पर विचार-विमर्ष गुह्यविद्या (occultism) का विषय माना जाता था और इस प्रकार स्वप्नों की दैविक व्याख्या मिलती है। यह विश्वास था कि निद्रावस्था में मनुष्य की आत्मा भौतिक शरीर छोड़ कर स्वछन्द रूप से इधर-उधर भ्रमण करती है और उसे ऐसे समय जो प्रकार-प्रकार की अनुभूतियाँ होती हैं, वही स्वप्न है। दर्शन में यह धारणा बहुत दिनों तक प्रचलित रही। परन्तु स्वप्न के इस सिद्धान्त का आधुनिक मनोविज्ञान में कोई स्थान नहीं है। मनोवैज्ञानिकों के लिए यह कपोल-कल्पना है। स्वप्न का दैविक महत्त्व नहीं होता। इसका संबन्ध दूसरे जगत से नहीं होता। न तो यह भविष्य का सूचक होता है, यद्यपि परामनोविज्ञान में टेलीपैथिक प्रकार के स्वप्नों का उल्लेख हुआ है। मनोविश्लेषण में तो स्वप्न के दैहिक सिद्धान्त (physiolgical theory) का भी खण्डन हुआ है। आधुनिक मनोवैज्ञानिक दैविक या कायिक व्याख्या को कोई महत्त्व नहीं देता। वह उसे अचेतन अथवा अज्ञात मन के रहस्य को खोलने की एक कुंजी मानता है। वस्तुतः यह अचेतन मन को पहुँचने का सोपान है। स्वप्न का मानसिक महत्व होता है। उसका संबंध शरीर अथवा अध्यात्मवाद से नहीं है; इसमें मानसिक तथ्यों का प्रदर्शन होता है। यह अन्वेषण फ्रायड ने प्रथम बार किया और इसकी पुष्टीकरण करने के लिए अनेक रोगियों के स्वप्नो का विश्लेषण करके यह प्रमाणित किया कि स्वप्न केवल अर्थयुक्त ही नहीं है बल्कि इनका औपचारिक महत्व (clinical value) भी होता है। स्वप्न संबन्धी अनुसंधानों का महत्व मनोविकार (psychopathology) भैषज्य मनोविज्ञान (medical psychology) औपचारिक मनोविज्ञान (clinical psychology) विकृत मनोविज्ञान (abnormal psychology) तथा अमेध मनोविज्ञान (depth psychology) में अत्यधिक है। रोग के निदान और उपचार में स्वप्न सहायक होता है। हमें यह स्पष्ट हो जाता है कि स्वप्नदृष्टा का व्यक्तित्व किस प्रकार का है, निचले स्तर पर घटित संघर्षों का क्या स्वरूप है, अथवा परिस्थीति से बाध्य होकर उनमें किस प्रकार की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भावना ग्रंथियाँ (complexes) निर्मित होकर उसके आंतरिक जीवन को छाये हैं। तभी उनके निराकरण-निष्कासन की समुचित व्यवस्था संभव है। वस्तुतः अचेतन स्तर पर निर्मित भावना ग्रंथियों का मुख्य उद्गम दमन प्रक्रिया है। किसी कारणवश जो भावनायें-इच्छाएँ वास्तविक जगत में नहीं तुष्ट होती, उनकी तुष्टी परोक्ष रूप से स्वप्न में हो जाया करती है। इससे स्वप्न द्वारा एक प्रकार की स्थानापन्न या प्रतीकात्मक तुष्टि होती है—अथवा भार हलका पड़ जाता है, व्यक्ति तनाव के दबाव से उन्मुक्त होता है। यह दमित भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सुलभ तरीका है। किसी प्रकार की अभिव्यक्ति या प्रदर्शन का सदैव मनोवैज्ञानिक महत्व होता है। इसी से तो यह कहा गया है कि स्वप्न का मूल्य-महत्व अपने में है और यह भावना ग्रंथियों से मुक्त होने का साधन है। स्वप्न की महत्ता-उपयोगिता का उल्लेख करते हुए एक मनोवैज्ञानिक ने सत्य ही कहा है—"तुम अपना स्वप्न कहो, मैं बतलादूंगा तुम क्या हो," (Tell me your dream and I will tell you what you are)। परन्तु स्वप्न विश्लेषण आसान कार्य नही है। विश्लेषक को उस रहस्य की कुन्जी खोलने के लिए कुशल मानव पारखी होना चाहिए। स्वप्न विश्लेषण एक युक्ति है। इसमें पारंगत होने पर ही सही-सही विश्लेषण संभव है। अधिकांशतः स्वप्नों में प्रतीकात्मक प्रदर्शन होता है। आभ्यान्तरिक भावनाओं का सीधे-सीधे प्रदर्शन नहीं होता। इसी से वास्तविक तथ्यों पर पहुँचने के लिये विश्लेषक को बहुत प्रयास करना पड़ता है। यह रोचक विषय है। भाव-इच्छाओं का क्षद्मभेष में प्रदर्शन होने के कारण स्वप्न को रहस्यमय कहा गया है। इस रहस्यमय संसार से अवगत होना जिज्ञासुओं का एक प्रकार से धर्म है।

इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करने के लिए इसको चार वृहद् भागों में बाँटा जा सकता है और फिर उस पर एक-एक करके विचार विमर्ष होगा जिससे विषय का एक समिष्ठ चित्रण उपस्थित होगा :

१—स्वप्न और अचेतन मन—अचेतन मन के बारे में विस्तृत व्याख्या—यह क्या है तथा इसकी कार्य पद्धतियों तथा इससे सम्बन्धी घटकों का उल्लेख।

२—स्वप्न की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि—उन परिभाषिक शब्दों का विवरण जिनके द्वारा अथवा जिनके बारे में ज्ञान होने पर ही इस रहस्यमय संसार से व्यक्ति परिचित होता है। मूल प्रेरकों अथवा डायनेमिक्स का उल्लेख—जिन संज्ञाओं से बाध्य होकर व्यवहार एक रंग या दूसरे रंग में रंगता रहता है।

३—कतिपय स्वप्नों का विश्लेषण अथवा स्वप्न में प्रस्तुत प्रतीकों की व्याख्या।

४—मन सम्बन्धी अन्य अभिव्यक्तियों के साथ स्वप्न की तुलना और मानव स्वभाव अथवा व्यक्तित्व के वैज्ञानिक चित्रण में तत्सम्बन्धी अनुसन्धान की उपयोगिता का उल्लेख।

स्वप्न और अचेतन मन—उन्नीसवीं शताब्दी में मनोविज्ञान में मानव क्रिया-व्यापार की व्याख्या के प्रसंग में चेतन मन सम्बन्धी तथ्यों तथा क्रियाओं का अध्ययन मात्र होता था। मनोविज्ञान के लिए यह चेतन मन का युग था। मन से तात्पर्य था 'चेतन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन'। बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में अचेतन मन की सत्ता वैज्ञानिक आधार पर स्थापित हुई और यह स्थापित हुआ कि चेतन मन, मन का एक छोटा सा भाग है— मन का बड़ा भाग अज्ञात अथवा अचेतन मन है। अचेतन मन चेतन मन से कहीं अधिक समृद्ध और शक्तिशाली है। इसके बारे में हमें ज्ञान नहीं है, किन्तु अनेक प्रकार की अभिव्यक्तियों अथवा क्रिया-व्यापार द्वारा एक सकारात्मक मानसिक शक्ति (positive psychic fo ce) के रूप में इसका अस्तित्व स्थापित हुआ है। स्वप्नों के रहस्यमय संसार का उद्घाटन बिना अचेतन मन के बारे में समझे-बूझे संभव नहीं है। स्वप्न का सम्बन्ध चेतन मन से नहीं होता। निद्रावस्था में चेतन मन निष्क्रिय होता है, अचेतन मन सक्रिय रहता है—बल्कि अधिक सक्रिय हो जाता है। अचेतन स्वर पर सक्रिय रक्षार्थ कार्यपद्धतियों (defence mec' ani ms) के फलस्वरूप दमित आन्तरिक भाव-इच्छाओं का रुपान्तर हो जाता है और वे विकृत होकर एक ऐसे रूप में प्रकट होती हैं जो छद्मवेष चेतन मन को स्वीकृत रहता है। अचेतन मन के विषय-तथ्यों का विवरण यह है कि यह (१) एक तो उन इच्छाओं-भावनाओं का संग्रहालय है जो वर्जित प्रकार की हैं, दमित की गई हैं— सामाजिक सीमाओं अथवा नियम-परम्परा के प्रतिकूल होने के कारण जिनका बहिष्कार-निष्कासन हुआ है। (२) दूसरे वे जिनके बारे में मनुष्य कभी भी चेतना न प्राप्त कर सका है—एक विशेष वर्ग की होने के कारण चेतना में न प्रवेश कर सकी हैं तथा (३) तीसरे वे घटक तथा तथ्य जो मानव जाति की निधि के रूप में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में एक सामान्य तथ्य के रूप में प्रयुक्त हों। पारिभाषिक शब्दावली में ये आरचेटाइप्स अथवा भाव-प्रतिमाएँ हैं। ये तथ्य मानव की सामान्य विशेषताओं की ओर संकेत करते हैं। उदाहरणार्थ, यह एक सामान्य मानव गुण और विशेषता है कि स्त्री पुरुष की ओर और पुरुष स्त्री की ओर आकर्षित होता है, यह एक सामान्य तथ्य और विशेषता है कि अध्यात्म की ओर मानव का ध्यान रहता ह चाहे वह भले ही कुछ व्यक्तियों में सुप्त रूप में रह जाय। हरेक व्यक्ति में स्त्रैणता सूचक एनिमा तथा पौरुषेय एनिमस होता है। हरेक व्यक्ति में देवत्व प्रतिमा (आरचेटाइपल इमेज़ ऑफ़ द डीटी) होती है। इन "आरचेटाइप्स" का मुक्त प्रदर्शन स्वप्न में होता है। अज्ञात मन के इस विशेष भाग का, जिससे ये सब भाव-प्रतिमाएं संकलित रहती हैं, नामकरण युंग ने सामूहिक अज्ञात मन अथवा "कलेक्टिव अन्कॉन्शस" के रूप में क्रिया है— अथवा ये सामूहिक अज्ञात मन की निधि हैं। इस प्रकार स्वप्न का सम्बन्ध केवल दमित इच्छाओं से ही नहीं है, बल्कि सामान्य मानसिक विशेषताओं से भी है जिनकी अभिव्यक्ति स्वस्थ और संतुलित मन के लिए आवश्यक है। युंग ने कुछ मानसिक जगत सम्बन्धी सामान्य तथ्यों की पुष्टि की है जिनका प्रदर्शन स्वप्न में होता है। यह अध्ययन बड़ा रोचक है और इसकी मान्यता इस आधार पर है कि हमे जहाँ-तहाँ इसका निर्विवाद प्रमाण मिलता है। स्वप्न का अर्थ समझने के लिए अचेतन मन में प्रस्तुत 'आरकेटाइप्स' के प्रकृति और विशेषताओं के बारे में जानना आवश्यक है। स्वप्न विश्लेषण के अवसर पर इन प्रतिमाओं के बारे में विस्तार से बतलाया गया है। अभी इतना ही कहना पर्याप्त है कि हमें स्वप्नों का रहस्य समझने के लिए इनके बारे में पूरा-पूरा ज्ञान आवश्यक है। इस प्रकार स्वप्न रुग्णावस्था के द्योतक नहीं होते, यह एक स्वाभाविक मानसिक प्रक्रिया है। कुछ स्वप्नों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का एकमात्र सम्बन्ध दमित निष्कासित इच्छाओं से होता है, कुछ उस वर्ग के हैं जिनमें मानव के मानसिक जगत संबंधी सामान्य तथ्यों का दिग्दर्शन होता है, और कुछ मिश्रित प्रकार के हैं। मनोविश्लेषण की समूची व्याख्या दमित इच्छाओं कामवृत्ति के प्रसङ्ग में है और इस प्रकार स्वप्न पूर्णतः व्यक्तिगत है। वस्तुतः कुछ ऐसे भी स्वप्न हैं जिसमें मानव की सामान्य प्रवृत्ति की प्रतिच्छाया मिलती है। अज्ञात अथवा अचेतन मन रहस्यमय है—इस कारण वे प्रक्रियाएं जिनकी अभिव्यक्ति हुई है, कम रहस्यमय नहीं होती।

२ स्वप्न की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करने के लिए हमें मनोविश्लेषण में प्रयुक्त विशेष शब्दावली का उल्लेख करना है जिनका अवलोकन होने से स्वप्न के रहस्य का उद्घाटन होता है। आधुनिक मनोवैज्ञानिकों के अनुसार स्वप्न एक इच्छापूरक क्रिया (wish fulfilment) है। वर्जित, निन्दनीय इच्छाओं की पूर्ति स्वप्न में होती रहती है। बात यह है कि प्रकृत मन में संचित इच्छाओं की तुष्टि प्रकृति का एक आवश्यक नियम है। संतुलन एक प्राकृतिक, दैनिक मनोवैज्ञानिक नियम है। फ्रायड की शब्दावली में अचेतन अथवा इदम् सुख-सिद्धांत (pleasure principle) से संचालित होता है—यह विवेकशील नहीं होता, इसे तो तत्कालिक सुख-तुष्टि चाहिए। यह व्यक्ति को तनाव की अवस्था में रहने नहीं देता। इसीसे तो स्वभावतः अचेतन मन में प्रकार-प्रकार के साधन निचले स्तर पर जुटाए गए हैं जिससे इसमें संकलित इच्छाओं का निष्कासन मनोनुकूल तरीके से होता रहे। स्वप्न एक प्रकार की स्थानापन्न तुष्टि (substitutive gratification) है, इस पर दो मत नहीं हैं। जिन इच्छाओं की तुष्टि होती है उनकी प्रकृति और स्वभाव के बारे में मतभेद है। बात यह है कि प्रवेगवादी मनोविज्ञान (dynamic psychology) में प्रतिपादित वृत्ति-सिद्धान्त में मूलतः भेद है—किस वृत्ति की मूल प्रेरक रूप में प्रधानता है और कितने प्रकार की वृत्तियाँ होती हैं, इस सम्बन्ध में पृथक-पृथक दृष्टिकोण हैं। मनोविश्लेषण में कामवृत्ति पर बल दिया गया है (फ्रायड), वैयक्तिक मनोविज्ञान में आत्म प्रतिपादन (एडलर), विश्लेष्णात्मक मनोविज्ञान में मानव के बहुमुखी स्वभाव पर बल दिया गया है। इस कारण कुछ मनोवैज्ञानिकों द्वारा स्वप्न में कामवृत्ति की तुष्टि होती है, कुछ के अनुसार आत्मप्रतिपादन की ओर कुछ के अनुसार इसमें सब प्रकार की इच्छाओं की तुष्टि होती है। स्वप्न के व्यक्त पक्ष (manifest content) और अव्यक्त पक्ष (latent content) में साम्य न होने का मूल कारण यही है कि सामाजिक बंधन सबसे अधिक कामवृत्ति के तुष्टि के ही संबंध में होता है। प्रकार-प्रकार की सामाजिक वर्जनाएँ (टैबूज) होती हैं जिनका खयाल हमें चेतन अथवा अचेतन स्तर पर रखना ही पड़ता है। कभी तो मूल तथ्यों को ऐसा विकृत रूप मिलता है जिससे यह विश्वास नहीं हो पाता कि ये हमारी ही मानसिक दशा के सूचक हैं। सामाजिक सीमाओं के होने के कारण व्यक्ति का अहं भी तुष्ट नहीं हो पाता। उसमें आत्महीनता (inferiority complex) का भाव उदय हो जाता है। स्वभावतः मानव समाज में प्रतिष्ठा चाहता है, व्यवसाय में सफलता, और वैवाहिक जीवन में संतुलन। ऐसा घटित न होने पर उसमें आत्मश्लाघा का भाव उदित हो जाता है। तब संभव है कि प्रकृति का नियम कार्यान्वित हो और वह जाने-अजाने में अपनी मानसिक अवस्था का सुन्दर चित्रण स्वप्न रूप में करे :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"एक विशाल महल—वह उसकी मालकिन है। दास-दासियों से घिरी वह अपने को पाती है। सहसा उसने देखा कि वह मकान के गुम्बज पर बैठी है। सम्पूर्ण शहर में उसका महल एक निराले ढंग का है। वह आह्लाद से भर उठी।"

टूटी झोपड़ी में रहने वाली स्त्री का यह स्वप्न उसकी आकांक्षाओं की पूर्ति का सुन्दर द्योतक है—महल, दास-दासी, गुम्बज, आह्लाद का भाव उसके लुके-छिपे भाव अथवा अहं की तुष्टि के द्योतक हैं।

जिन मनोवैज्ञानिकों ने मानव के बहुपक्षीय स्वभाव पर बल दिया है, उनके अनुसार स्वप्न द्वारा कामवृत्ति, धार्मिक, नैतिक तथा अहं-भाव की तुष्टि स्वप्नदृष्टा के स्वभाव अथवा परिस्थिति के अनुकूल स्वप्न में होती रहती है। कतिपय स्वप्नों की जो व्याख्या आगे चलकर की गयी है उससे यह स्पष्ट है कि स्वप्न के रहस्य का अर्थ व्यक्ति और उसके परिस्थिति के प्रसङ्ग में ही सम्भव है। यह तो स्वप्नदृष्टा के व्यक्तिगत जीवन का प्रश्न है—वातावरण के सम्पर्क के मेल से उसकी अभिरुचि का मोड़ किधर को है—संवेगात्मक जीवन सम्बन्धी भाव-ग्रन्थियाँ किस रूप और रंग की हैं :—

"समुद्र का मोहक किनारा—प्रकृति का सौरभ मोहक है। मन में एक कँपकँपी हुई। अच्छा होता यदि इसमें विभोर होकर अपना अस्तित्व खो देती। सहसा एक तरफ अग्नि जलते देखा। मन में आया हमें तो अपना व्यक्तित्व बनाये रखना है।"

इस स्वप्न का काम-संबंधी अहं-संबंधी तथा अध्यात्म-संबंधी महत्व है। अग्नि काम प्रतीक है और यह ईश्वर अथवा अध्यात्मक का भी प्रतीक है।

स्वप्न का अर्थ समझने के लिए हमें यह ध्यान रखना है कि स्वप्न के दो पक्ष होते हैं: व्यक्त पक्ष (manifest content) और अव्यक्त पक्ष (latent cantent)। स्वप्नदृष्टा जो कुछ देखता है और प्रातःकाल वर्णन करता है—वह स्वप्न का व्यक्त पक्ष है : 'विशाल समुद्र, ऊँची चट्टाने, अपने को अकेले बैठे देखना'। अव्यक्त पक्ष का अर्थ है वर्णित घटनाओं के वास्तविक महत्व का अन्वेषण करना—जैसे विशाल-समुद्र की क्या महत्ता है—चट्टान पर बैठा अकेला मानव किसका प्रतिनिधि है—किन भावनाओं-इच्छाओं का यह साकार रूप बना है। मूल तथ्य से वर्णित घटनाओं की ओर आगमन 'ड्रीम वर्क' या 'स्वप्न क्रिया' है। वर्णित घटनाओं से मूल तथ्य की ओर जाना 'ड्रीम इन्टर प्रिटेशन' या 'स्वप्न-विवरण' है। स्वप्न-विवरण कभी तो किसी एक विशेष घटना के आधार पर किया जाता है, कभी यह संपूर्ण विवरण पर आधारित रहता है, और कभी भाव-संबंधी घटना को समझ कर इसे समझने का प्रयास किया जाता है। कुशलतापूर्वक व्याख्या करने के लिए मानव स्वभाव पारखी की आवश्यकता होती है। यही नहीं स्वप्न का अर्थ समझने के लिए हमें मूलतः उन पद्धतियों के बारे में समझना होगा जिससे मूल तथ्यों को विकृत रूप प्राप्त होता है। प्रमुख कार्य-पद्धतियाँ—संक्षेपण (condensation) विस्थापन (displacement) नाटकीयकरण (dramatisation) और प्रतीकीकरण (symbolisation) की हैं। संक्षेपण की कार्यपद्धति के कारण वास्तविक भाव-विचार-इच्छाएँ ऐसे संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत होती हैं जिनका अर्थ समझना आसान नहीं रहता। विस्थापन-कार्यपद्धति के कारण आवश्यक अनावश्यक प्रतीत होने लगते हैं। शेक्सपियर की साहित्यिक रचना में लेडी मेकवेथ का हत्या के बाद हस्त-प्रक्षालन की क्रिया इस कार्य-पद्धति का सुन्दर उदाहरण है। इसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप में स्वप्नों में मूल्यों का स्थानान्तर हुआ करता है। प्रतीकीकरण की कार्यपद्धति के कारण स्वप्न में ऐसी वस्तुएँ-घटनाएँ देखी जाती हैं जिनसे मूल प्रारम्भिक इच्छाओं का प्रतिनिधित्व होता है। इस प्रकार इन रक्षार्थ कार्यपद्धतियों के कारण वास्तविक मूल तथ्य पूर्णतः विकृत हो जाते हैं और प्रारम्भिक रूप समझना आसान नहीं रह जाता।

अतीत की संवेगात्मक अनुभूतियों के बारे में ज्ञान प्राप्त करने पर स्वप्न का रहस्य खुल जाता है। मनोविश्लेषण के अनुसार बचपन की संवेदात्मक अनुभतियों की ही पुनरावृत्ति स्वप्न में होती है। यह व्याख्या के लिए एकांगी दृष्टिकोण है। वस्तुतः स्वप्न वर्तमान परिस्थिति के प्रसंग में होता है। बाल्यावस्था में हमें एक ढ़ाँचा मिल जाता और उसमें नए रंग का मेल समयानुकूल हुआ करता है। जिन परिस्थितियों में व्यक्ति है तथा जो वर्तमान संघर्ष का मूल तथ्य है—उससे स्वप्न का संबन्ध होता है। अतीत की महता वर्तमान के प्रसंग में होती है। इसी से यह कहा गया है स्वप्न की कथा-वस्तु का एक निश्चित अर्थ नहीं होता, यह प्रसंगानुकूल होती है। स्वप्नद्रष्टा की विशेष परिस्थिति को समझने के पश्चात् ही स्वप्न की सही-सही व्याख्या संभव है। एक ही तथ्य का अर्थ दो व्यक्तियों के लिए अलग-अलग होता है।

३ अब हमें कुछ स्वप्नों का विश्लेषण करना है जिससे इसमें प्रयुक्त प्रतीकों अथवा प्रतिकात्मक अभिव्यक्ति का अर्थ स्पष्ट हो जाय। मनोविश्लेषणं में कुल प्रतीकों का उल्लेख किया गया है जिनका प्रयोग स्वप्न तक ही सीमित नहीं होता, इनका प्रयोग अन्य क्षेत्रों में भी मिलता है। प्रतीकों द्वारा कुछ विशिष्ट भाव-इच्छाओं की ही अभिव्यक्ति होती है; किसी भी भाव-इच्छा की अभिव्यक्ति नहीं होती। प्रतीक का अभिप्राय अधिकांशतः शरीर के अंगों और क्रियाओं से होता है। 'जल में प्रवेश करना और जल के बाहर जाना' जन्य का प्रतीक है, 'राजा-रानी' 'माता-पिता के लिए है' 'यात्रा' मृत्यु का सूचक है, वस्त्र नग्नावस्था के लिए, मैदान, कमरा, महल, किला, संदूक, जेब, तितली, गिरजाघर स्त्री के लिए, और घड़ी, पिस्तौल, सूई, चाकू, पेंसिल चुम्बक पुरुष के लिए है। स्वप्न के प्रतिकों का कामात्मक महत्व होता है।

मनोविश्लेषण में 'जल' जन्म का प्रतीक माना गया है। पौराणिक आख्यान में भी जो जल से बालक के जीवन की रक्षा करता है वह उसकी माँ है। यहूदी बालक से पूछा गया—मोजेज़ की माँ कौन है? जवाब मिला 'राजकुमारी' क्योंकि राजकुमारी ने उसे जल से बाहर निकाला था। कायिक विकास की दृष्टि से भी जल जन्य का प्रतीक है। जन्म से पूर्व शिशु जल में ही रहता है। 'जल' को मन का भी एक व्यापक प्रतीक माना गया है। 'जल की बाढ़', गहराई, जल में तूफान अचेतन अथवा अज्ञात मन की विशालता, संघर्ष, रहस्य तथा प्रभुता का घोतक है। 'नदी में स्नान करना', समुद्र की उछाल तरंगों के मध्य अपने को अथाह विस्तृत जल से घिरे पाना इत्यादि का अर्थ है—स्वप्नद्रष्टा अज्ञात मन में गोते लगा रहा है। युंग, स्टेवक इत्यादि मनोंवैज्ञानिकों ने जल को एक मानसिक प्रतीक 'साइकिल सिम्बल' माना है। कुछ स्वप्नों का उल्लेख प्रसंगानुकूल होगा और इस प्रचलित प्रतीक का अर्थ स्पष्ट हो जाएगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"मैंने एक विशाल जल का सोता देखा। इसमें बहुत सी धाराएँ थी। एक धारा—ऊपर की ओर और दूसरी नीचे की ओर बहती थी। लगता था एक तीसरी धारा भी थी। किंतु सतह पर प्रवाह रहित जल था।"

व्याख्या की जाय तो यह स्वप्न-प्रतिमा जिसमें जल की विभिन्न धाराएँ दृश्य होती हैं—मानव मन की विभिन्न वृत्तियों का द्योतक है। ऊपर और नीचे की ओर बहना किसी वृत्ति की प्रमुखता और पुनः गौण अवस्था प्राप्त करने की संकेत करता है।

"मैं एक बड़े तालाब में तैर रहा हूँ। आश्चर्य है जल के अन्दर तैरने का अभ्यास न होने पर भी मैंने गोता लगाया और नीचे जाकर शेल-फिश और सी-बीड ले आया।"

इस स्वप्न से यह इंगित होता है कि स्वप्नदृष्टा को अपनी विस्मृति पर क्षोभ है। किन्तु मन रूपी तालाब में गोता लगाने में उसे कठिनाई न पड़ी। कीमती खज़ाना उसे हाथ लगा। मन की गहराई और समुद्र की गहराई सदैव सदृश होती है।

"वह समुद्र के तट पर बैठा है। समुद्र में भयंकर तूफान आता है और कगारा काटता बीच की सब वस्तुओं को बहा लेता है। तब वह अपने को एक सूनसान द्वीप में बैठा पाता है।"

इस दृष्टान्त में 'समुद्र' सामूहिक अज्ञात मन का प्रतीक है जो अभेद्य है और जिसके बारे में मानव का ज्ञान सदैव से अधूरा रहा। मन का यह भाग समुद्र-सदृश गहरा है और इसमें बहुत समृद्ध भाव-प्रतिमाएँ हैं जो युगों से मानव की निजी पैतृक सम्पत्ति रही हैं। समुद्र कगारा तोड़ता सभी वस्तुओं को अपने साथ बहा लेता है, यह इस बात का सूचक है कि अज्ञात मन की अवांछनीय इच्छाएँ प्रकट हुई हैं और ज्ञात मन में उनकी बाढ़ सी है। इस प्रकार का तूफान असंगत है और यह व्यक्तित्व के आकस्मिक परिवर्तन की ओर इंगित करता है। अज्ञात मन के भाव का विस्फोट न होने से स्वप्नदृष्टा एकांत स्थान पर जाने के लिये बाध्य हुआ। संभव है कि व्यक्तिगत भाव-इच्छाओं की अभिव्यक्ति नग्न रूप में हो जाने से उसे ग्लानि हुई और उसने अपने को सबसे सुदूर निर्जन स्थान में रखना चाहा। यह भी संभव है कि सर्जनात्मक शक्ति का बल जो निचले स्तर में अन्तर्हित है, उससे वह एकान्तवासी जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य हो गया है जो नई रचना का स्रोत है। अन्ततोगत्वा स्वप्नद्रष्टा एकान्तवासी बनता है।

अब कुछ सामूहिक अचेतन मन की भाव-प्रतिभाओं का उदाहरण देखिए:

"वह बहुत सी स्त्रियों से घिरा है। खुल कर हास्य-विनोद, व्यंग-कटाक्ष करना चाहता है। पिता की उपस्थिति होने से उसने उन लोगों से कहा 'अभी रुको, पिता को बिदा दे दूँ'।"

स्त्रियाँ स्त्रैणता सूचक 'एनिमा' की द्योतक हैं—अर्थात् यह कि पुरुषों का आकर्षण स्त्रियों के प्रति एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। किन्तु स्वप्नद्रष्टा अज्ञात मन की इच्छाओं के वश में एकांगी रूप से नहीं है कि वह अपने आदर्शों और मूल्यों की पूर्ण अवहेलना कर बैठे। स्वप्नदृष्टा में कर्तव्य और दायित्व की चेतना बनी रही। उसका आकर्षण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पता की ओर भी था जो रुढ़ि-परम्परा, अध्यात्म-तर्क-दर्शन का प्रतिरूप है। इसी से वह कहता है : 'रुको ! पिता को बिदा दे दूँ।' आदर्श और मूल वासना इदम् संबन्धी इच्छाओं के संघर्ष में उसका मन वास्तव में तो स्त्रैणता सूचक एनिमा की ही ओर झुकता है :

"एक अपरिचित स्त्री उसके सम्मुख आई। वह कभी तो उसे दोषी ठहराती है, कभी ताड़ना करती है, और कभी प्रेम-भाव प्रदर्शित करती है।"

'अपरिचित स्त्री' स्त्रैणता सूचक एनिमा का घोतक है। यह पुरुष में स्त्रीत्व की विशेषता है। हरेक स्त्री में पुरुष-गुण (एनिमस) और पुरुष में स्त्री-गुण विद्यमान होते हैं। कायिक विकास की दृष्टि से भी पुरुष-गुण का बीज स्त्री में और स्त्री का पुरुष में होना स्वाभाविक है। यह तो एक प्राकृतिक नियम है। कामविज्ञान में भी यह प्राकृतिक माना गया है। स्त्री के हारमोन्स और पुरुष के हारमोन्स की प्रधानता के अनुरुप यह निर्धारण होता है कि व्यक्ति पुरुष वर्ग का है या स्त्री वर्ग का। अब एक ऐसे स्वप्न का उदाहरण देखिए जिसमें 'एनिमा' के अतिरिक्त देवत्व भाव प्रतिमा (archety pal image of deity) का भी दिग्दर्शन होता है :

"एक पुरुष ने स्वप्न में देखा कि एक अपरिचित स्त्री उसका पीछा कर रही है। वह गोलाकार चक्कर काटने लगता है।"

स्वप्नदृष्टा एक ऐसे वातावरण में है जिसमें प्रलोभन ही प्रलोभन है। वह बचना चाहता है। गोलाकार देवत्व भाव-प्रतिमा का प्रतीक है। प्राचीन काल से ही मंडल, स्वस्तिका, स्पायरच अध्यात्म प्रतीक माने गए हैं और इनका प्रयोग शुभ कार्यों में होता रहता है, इस स्वप्न द्वारा यह संभावना प्रकट होती है कि स्वप्न दृष्टा भौतिक प्रलोभन से अपनी रक्षा कर लेवेगा और अध्यात्म जीवन व्यतीत करेगा।

अब मुझे धार्मिक प्रतीकों का कुछ दृष्टान्त देना है। धार्मिक प्रतीकों के बारे में विवेचना युंग और स्टेकल के ग्रन्थों में मिलती है। युंग ने ऐसे कई स्वप्नों का उल्लेख किया है जिनमें अचेतन मन की आध्यात्मिक प्रवृत्ति की छाया स्पष्ट दृष्टिगत होती है। 'अग्नि' देवत्वगुण का प्रतीक होता है। 'क्वैटरनिटी' धार्मिक संम्प्रदाय का द्योतक है। 'संख्या चार' की धार्मिक महत्ता होती है। यह अविभाजित गोलाकार, चौखूटा कमरा, चतुभुज ग्लोब, घड़ी, बाग के बीच फुहारा, गोल टोपी के रूप में प्रगट होता। आदिकाल से ही गोलाकार का अर्थ है—'देवता'। ग्रीक वार्शनिक प्लेटो के समय ही गोलाकार 'की प्रतिमा' सम्पूर्ण का घोतक मानी गई है।

"स्वप्न में गोलाकार दिखलाई पड़ा। गोलाकार सूर्य में परिवर्तित हो गया और स्वप्नदृष्टा के चारो ओर घेरा बना लिया। फिर घड़ी के रूप में दिखलाई पड़ा— एक गोलाकार जिसमें घड़ी के स्वरूप से केन्द्रीय भाग था चौकोर शहर के रूप में प्रकट हुआ और तब चौकोर गोलाकार के चाल में होता हुआ विलीन हो गया।"

यह स्वप्न रोगी के मानसिक क्षेत्र में परिवर्तन और प्रौढ़ता का द्योतक है। उसमें आध्यात्मिक दृष्टि से परिवर्तन हुआ है। "गोलाकार" संवेगात्मक प्रौढ़ता का भी सूचक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आध्यात्मिक विकास का अर्थ ही है—'संवेगात्मक प्रौढ़ता' "जब व्यक्ति संघर्ष की अवस्था में नहीं रह जाता बल्कि स्थित प्रज्ञा स्तर प्राप्त करता है जिसमें वह कमल की तरह जल में रहता है वह जल से अछूता रहता है। उसमें संवेगात्मक इच्छाएँ होती हैं—वह संवेदनशील रहता है किन्तु वह उद्वेलित होने के लिए तैयार नहीं। संवेगात्मक प्रौढ़ता अवेदनशीलता में नहीं है; यह वह अवस्था है जिसमें वह इनका दास नहीं रहता।

एक ऐसे स्वप्न का उल्लेख जिसमें नैतिक भावनाओं की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति हुई है :

"मैं परीक्षा के लिए तैयार नहीं था। शिक्षक के पास एक मोटा रजिस्टर था। मैंने इसे सोचा मेरी करतूतों का पूरा ब्यौरा तो उसमें लिखा है। क्या करूँ। चिन्ता और धड़कन के साथ मैं जग गया।"

इस स्वप्न का नैतिक महत्व है। स्वप्नद्रष्टा पाशविक भावनाओं से कुंठित नहीं है। उसमें धर्म और नीति के प्रति भय का भाव है। नैतिक मन (सुपर इगो) और इदम् के संघर्ष में विजय किसकी हो—यह दूसरी बात है।

कुछ एसे भी स्वप्न हैं जिनकी व्याख्या कई अर्थों में की जा सकती है और जिसमें सभी वर्ग के प्रतीकों—कायिक, मानसिक, धार्मिक और नैतिक के उदाहरण समवेत मिलते हैं। ऐसे स्वप्नों की व्याख्या कई अर्थ में की जा सकती है। अथवा व्यक्तिगत प्रसंग में इनका अर्थ पृथक-पृथक व्यक्तियों के लिए होता है। बहुमुखी प्रकार के स्वप्न :

"मैं एक बड़े गोल बाग में था। बाग के पीछे एक ढालू ढूहा था। मैं इसके चोटी पर चढ़ गई। मैंने देखा कि जल बहुत दूर तक फैला है। मंद वायु कुछ बढ़ी और अपनी क्षुद्रता का अनुभव किया। मैं विचार में मग्न हो गई। मेरा पैर फिसला। मैं गिरने वाली ही थी कि मैंने अपने को एक अपरिचित के हाथों में पाया।"

'चोटी पर चढ़ना' स्वप्नद्रष्टा की आशंका का सूचक है : 'जल का विस्तार' अज्ञात मन की समृद्धता का, 'वायु' हृदय की धड़कन का, और 'पैरों का फिसलना' आचरण की दृष्टि से पतित होने का सूचक है। अपरिचित व्यक्ति द्वारा युवती की पौरुष सूचक 'एनिमस' का प्रतिनिधित्व होता है। यह स्त्री में पुरुषत्व की विशेषता है। युवती के 'एनिमस' का बाह्यीकरण अपरिचित व्यक्ति के रूप में हुआ और उसकी रक्षा हो गई।

४—अन्य प्रकार की अभिव्यक्तियों और स्वप्न में साम्य होता है। कला जागृतावस्था का अनुभव है और स्वप्न निद्रावस्था का। जिस प्रकार कल्पना के पंखों पर उड़ने वाला कलाकार का संबंध बाह्य जगत से नहीं रहता. उसी प्रकार स्वप्नदृष्टा भी बाह्य जगत् में नहीं रहता। अपने सुप्त स्तर पर निर्मित-रची अनुभूतियों का अनुभव करता है। कला सृजन के बाद कलाकार को एक प्रकार का मानसिक संतोष तथा शान्ति मिलती है। स्वप्न दर्शन के पश्चात् स्वप्नदृष्टा को भी। कारण यह है कि इन क्रियाओं द्वार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में प्रवृत्त इच्छाएं अभिव्यक्ति पाती हैं। ये सुप्त इच्छाओं के प्रदर्शन और तृप्ति के लिए उत्कृष्ट माध्यम है। इसी प्रकार पौराणिक आख्यानों और स्वप्न में भी साम्य है। एक व्यक्ति का स्वप्न है और दूसरा जाति का।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य रूप में मन की विभिन्न अभिव्यक्तियों का चाहे वे स्थान के रूप में हों, कला के रूप में हों, पौराणिक आख्यानों के रूप में, धार्मिक रिचूयल रूप मे, इनका मनोवैज्ञानिक महत्व होता है। ये बाह्य जगत से समायोजन के विभिन्न तरीके हैं। स्वप्न का विशेष महत्व इसमें है कि यह एक समाजवादी तरीका है। कवि और कलाकार बनना हरेक के लिए संभव नहीं है। स्वप्न एक सामान्य अनुभूति है।

२ – इन अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहन देना समायोजन-संतुलन की दृष्टि से आवश्यक-अनिवार्य सा है।

३ – ये अभिव्यक्तियाँ स्वतः हुआ करती हैं—मनुष्य जाने में आयोजन नहीं करता। मानसिक जगत का भी क्रमिक और नियमित विकास हुआ है। सब साज-शृङ्गार ऐसे सजाए गए हैं कि आपो-आप क्रम–लय–व्यवस्था रहे और किसी प्रकार का विघटन न होने पाए।

संक्षेप में स्वप्न का संबंध मानसिक जगत से होता है। यह एक मानसिक प्रक्रिया है जो मन के निचले स्तर से संबंधित है। इसमें मानव की व्यक्तिगत तथा सामान्य भावनाओं-उद्गारों की जो सुप्त रूप में पड़े हैं उनकी अभिव्यक्ति होती है, जिससे व्यक्ति का अजाने ही बाह्य और आंतरिक जगत में समायोजन स्थापित हो जाता है। कला, काव्य इने-गिन की देन हैं। स्वप्न सामान्य व्यक्ति की धरोहर है जिसके द्वारा व्यक्ति आपोआप बाह्य जगत से समायोजित करने का आयोजन कर लेता है स्वप्न द्वारा संवेगों का निराकरण होता है। राष्ट्रीय एकता (national integration) के लिए समाज में विभिन्न आयोजन साज-शृंगार, शोध किए जा रहे हैं, यदि हम केवल प्रवृत्ति को वह रूप लेने दें जो वह हासिल करती हैं और करेंगी तो कृत्रिम आयोजन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हमें तो दर्शन के उस सिद्धान्त में विश्वास है जिसमें 'यूनिटी इन दिफरेन्स' का उल्लेख है। अथवा यह कि दो विरोधी भाव एक में ही प्रस्तुत होते हैं। उन्हें आपस में टकराने दो और जो रास्ता हासिल होगा– वह सही और शुभ होगा। प्रकृति में वह आयोजन है जिसमें विघटन व्यक्तिक्रम का स्थान ही नहीं है भले ही एक वारगी प्रलय का वीभत्स रूप सामने आए। परन्तु उसमें भी क्रम-व्यवस्था रहती है।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनमानी हिन्दी (३)[१]

डॉ० ब्रज मोहन
प्राचार्य, सेण्ट्रल हिन्दू कालिज

(२१) बनारस नगर में गोधौलिया से चौक की ओर बढ़िए। दाहिनेहाथ की ओर एक दुकान पर आपको यह लिखा हुआ मिलेगा :

"पत्थर की आँखें और आधुनिक चश्मों के व्यापारी।"

पाठक तनिक ध्यान दें ! हमारे विचार से निम्नलिखित वाक्य शुद्ध ह :

यहाँ पत्थर की आँखें बिकती हैं।
यहाँ पत्थर की आँखें बनती हैं।
यहाँ चश्मे बिकते हैं।
यहाँ चश्मे बनते हैं।
यहाँ चश्मे मिलते हैं।
यहाँ पत्थर की आँखों की मरम्मत होती है।
यहाँ पत्थर की आँखों की बिक्री होती है।
यहाँ पत्थर की आँखों का व्यापार होता है।
यह चश्मों की दुकान है।
यहाँ चश्मों की मरम्मत होती है।
चश्मों के लिए यहाँ आइए।
यहाँ पत्थर की आखें और चश्मे बिकते हैं।
यहाँ पत्थर की आँखें और चश्मे बनते हैं।
यहाँ पत्थर की आँखें और चश्मे मिलते हैं।
यह पत्थर की आँखों और चश्मों की दुकान है।
यहाँ पत्थर की आँखों और चश्मों की मरम्मत होती है।
हम पत्थर की आँखों और चश्मों के व्यापारी हैं।

किन्तु हमारे विचार में अधोलिखित वाक्य अशुद्ध हैं?

यह पत्थर की आँखे और चश्मों की दुकान है।
यहाँ पत्थर की आँखें और चश्मों की मरम्मत होती है।
हम पत्थर की आँखें और चश्मों के व्यापारी हैं।

इस व्याख्या से स्पष्ट हो गया होगा कि उपरिलिखित विज्ञापन का शुद्ध रूप यह होगा :

---

[१] इस माला के पहले दो लेख क्रमशः **'प्रज्ञा'** के इन अंकों में निकल चुके हैं : IX (२) X (२)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"पत्थर की आँखों और आधुनिक चश्मों के व्यापारी।"

(२२) अब चौक में पहुँचिए। थाने के पास आपको यह लिखा दिखाई देगा :

"केवल १० मोटर कार ठहरने का स्थान।"

प्राय समस्त भाषाएँ दूसरी भाषाओं से शब्द ग्रहण करती हैं। किन्तु उनके बहुवचन रूप अपने व्याकरण के नियमों के अनुसार बनाती हैं। अंग्रेजों ने हिन्दी शब्द "गुण्डा" लिया तो उसका बहुवचन 'गुण्डाज़' बनाया, न कि गुण्डों। इसी प्रकार के ये शब्द हैं :

एक वचन	बहुवचन
जंगल	जंगल्स
राजा	राजाज़
पण्डित	पण्डित्स

अतः यदि हम किसी हिन्दीतर भाषा का कोई शब्द लेकर अपनाएँगे तो उसका बहुवचन रूप हिन्दी व्याकरण के नियमों के अनुसार बनाएँगे। हमने 'इंजिन' अंग्रेजी से लिया है। पर हम कहते हैं :

पाँच इंजिन खड़े हैं।
इंजिनों में तेल डाल दो।

इन वाक्यों में 'इंजिन' और 'इंजिनों के स्थान पर 'इंजिन्स' नहीं हो सकता।

इसी प्रकार का एक शब्द 'स्कूल' है :

इस वर्ष १० नए स्कूल खुले हैं।
दोनों स्कूलों में आग लग गई है।

इन वाक्यों में 'स्कूल' और 'स्कूलों' के स्थान पर 'स्कूल्स' नहीं हो सकता।

अतः उपरिलिखित सूचना का यह रूप होना चाहिए :

"केवल १० मोटरकारों के ठहरने का स्थान।"

हमने कुछ दुकानों को इस प्रकार के नाम रखते देखा है :

"श्याम जी स्टोर्स"

इसमें भी वही गलती है। हम "स्टोर" को अपना सकते हैं किन्तु इसका बहुवचन रूप यथावसर "स्टोर" अथवा "स्टोरों" बनाएँगे।

(२३) आजकल इस ढंग का वाक्य धड़ल्ले से चल रहा है :

"आपका पत्र पढ़कर प्रसन्नता हुई।"

हमारे विचार में यह वाक्य अशुद्ध है। हम पहले कुछ ऐसे वाक्य देते हैं, जो शुद्ध हैं :

आपका पत्र पढ़कर मैं उठ खड़ा हुआ।
आपका पत्र पढ़कर मैं चल दिया।

अब हम दो अशुद्ध वाक्य देते हैं :

आपका पत्र पढ़कर रोष हुआ।
आपका पत्र पढ़कर प्रसन्नता हुई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारे विचार में उपरिलिखित वाक्य शुद्ध रूप में इस प्रकार लिखा जा सकता है :

आपका पत्र पढ़ा, प्रसन्नता हुई ।

आपका पत्र पढ़कर मैं पसन्न हुआ ।

आपका पत्र पढ़ने से प्रसन्नता हुई ।

इसी प्रकार निम्न वाक्य अशुद्ध हैं :

आपका पत्र पढ़कर विस्मय हुआ ।

किन्तु यह वाक्य शुद्ध है :

आपका पत्र पढ़कर विस्मित हुआ ।

(२४) शिव कुमार की छुरा भोंक कर मृत्यु हो गई ।

यहाँ भी उसी प्रकार की अशुद्धि है । शुद्ध रूप ये होंगे :

शिव कुमार छुरा भोंक कर मर गया । (यदि आत्म हत्या की हो)

शिव कुमार की छुरा भोंकने से मृत्यु हो गई ।

.....ने छुरा भोंक कर शिव कुमार की हत्या कर दी ।

(२५) एक अन्य प्रयोग का उदाहरण लीजिए :

"यह विषय ज्ञान की अपेक्षा रखता है ।"

कदाचित् लेखक का आशय यह है कि इस विषय के समझने के लिए ज्ञान आवश्यक है, अथवा उक्त विषय के प्रतिपादन के लिए ज्ञान की अपेक्षा है । यह भाव कई प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है । किन्तु उपरिलिखित वाक्य तो ऐसा है मानो कोई अंग्रेजी के इस वाक्य I have a pen का अनुवाद करे "मैं एक कलम रखता हूँ ।"

(२६) "मेरी परिस्थितियाँ आज्ञा नहीं देतीं कि मैं जाऊँ ।"

स्पष्ट है कि यह अंग्रेजी का शब्दानुवाद है । उक्त भाव को हम कई प्रकार से व्यक्त कर सकते हैं :

मेरी परिस्थितियाँ मुझे जाने से रोक रही हैं ।

जाना तो चाहता हूँ किन्तु परिस्थितियों से विवश हूँ ।

परिस्थितियाँ जाने दें तो अवश्य चला जाऊँ ।

परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं हैं, नहीं तो जाता अवश्य ।

(२७) "उन्होंने मुझे समझा कि मैं किस लिए हूँ और मैंने उन्हें समझा कि वह किस लिए हैं ।"

बलिहारी है इस हिन्दी की ।

(२८) एक समाचार पत्र का उद्धरण :

"खबरों का कहना है कि....."

क्या खबरें भी कहा करती हैं । यह इस प्रकार के अंग्रेजी वाक्यों का अनुवाद है :

It is said that.....

The news has it that.....

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इससे कहीं अच्छा हो यदि हम इस प्रकार लिखें :

"खबर है कि....."

अथवा, "सुनने में आया है कि....."

अथवा, "लोग कहते हैं कि....."

(२९) एक अन्य समाचार का नमूना देखिए :

"आसनसोल के पास पृथ्वी में आग लग गई है। आग के बढ़ने की आशा है।"

आग के बढ़ने की आशा होगी या आशंका ?

(३०) अंग्रेजी की कृपा से एक और भद्दी शैली हिन्दी में घर कर रही है :

"तुम", राम ने जाते जाते कहा, "कब आए ?"

हम अपनी भाषा में नए प्रयोग लेने के विरोधी नहीं हैं। नए मुहावरे भी लिए जा सकते हैं, नई शैली भी। किन्तु वह ऐसे होने चाहिए जिनसे भाषा भद्दी और भोंडी न हो जाय। उपरिलिखित वाक्य के कहने का तो सीधा सादा ढंग यही होगा।

राम ने जाते जाते कहा, "तुम कब आए ?"

(क्रमशः)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

REPOSE (अँगड़ाई)
(FROM. BRAHTESWAR TEMPLE TANJORE)
Drawing. By. M. V. Krishnan, Lecturer in sculpture,
College of Music & Fine Arts B.H.U.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदवी

श्री शम्भुनाथ राय
शोध सहायक, हिन्दी का ऐतिहासिक व्याकरण-विभाग

"हिन्दवी साहित्य", हिन्दी-साहित्य का महत्त्वपूर्ण अंग होते हुए भी साहित्य के इतिहासकारों द्वारा अब तक उपेक्षित रहा है। यद्यपि हिन्दी-साहित्य के इतिहास-ग्रंथों में **"अमीर खुसरो"**, **"नाम देव"** और **स्वामी प्रसाद "स्वामी"** जैसे कवि एवं सन्तों के नाम प्रतिभासम्पन्न कवियों की श्रेणी में आए हैं किन्तु 'हिंदवी-साहित्य' पर एक स्वतंत्र काव्य-धारा के रूप में विचार नहीं किया गया है। 'हिंदवी' पर स्वतंत्र रूप से जो ग्रंथ लिखे जा चुके हैं, उनमें **पं० राहुल सांकृत्यायन** रचित 'दक्खिनी-हिंदी-काव्य-धारा' डा० **बाबूराम सक्सेना** कृत 'दक्खिनी-हिंदी' और **डा० श्रीराम शर्मा** विरचित 'दक्खिनी-हिंदी का गद्य और पद्य' उल्लेख्य हैं, जिनसे हिंदवी के साहित्य-वैभव एवं उसके क्रमिक विकास का अंदाज़ लग जाता है। इन विद्वानों ने इसे 'दक्खिनी-हिन्दी' कह कर हिन्दी की सीमा में ले लिया है, परन्तु **डॉ० मुहीउद्दीन कादिरी** तथा **मुहम्मद हसन** 'आजाद' जैसे कतिपय विद्वानों ने 'उर्दू' को हिन्दी से पृथक् मानते हुए 'हिन्दवी' की गणना उर्दू के अन्तर्गत की है। यदि 'उर्दू' को हिन्दी से पृथक ही माना जाय, तो प्रश्न उठता है कि वास्तव में हिन्दवी इन दोनों में से किसकी सम्पत्ति है ? दरअसल इसका हक़ीकी कौन है ?

उपर्युक्त प्रश्न पर विचार करते समय सर्वप्रथम 'हिन्दवी' शब्द पर ही दृष्टि पड़ती है और जब हम इसके उद्गम की तलाश में आगे बढ़ते हैं तो लगभग एक सहस्राब्दि पीछे जाना पड़ता है। ध्यान देने पर इसके मूल में **'सिन्धु'** शब्द दृष्टिगोचर होता है। वस्तुतः 'हिन्दवी' का संबंध इसी 'सिन्धु' से है और यही 'हिन्दवी' का जनक है। इस 'सिन्धु' से 'हिन्दवी' के विकास की कहानी बड़ी मनोरंजक है। भारत के पश्चिमांचल के नद 'सिंधु' को ईरानी लोग **'हिन्द'** कहा करते थे। 'सिन्धु' का तटवर्ती प्रदेश भी सिंधु ही कहलाता था। अतः 'सिन्धु' का 'हिन्द' भी तथाकथित प्रदेश का बोधक था। इस 'सिन्धु' का 'हिन्द' रूप उसी प्रकार बना, जिस प्रकार 'मास' का 'माह', 'सप्ताह' का 'हफ्ता' और 'सम' का 'हम' हुआ। बात यह है कि 'संस्कृत' की। स्। ध्वनि फारसी में प्रायः। ह्। उच्चरित होती है। इसी आधार पर 'सिन्धु' का 'हिन्द' (सिन्धु > हिन्दु > हिन्द) रूप बना। 'सिन्धु' प्रदेश के निवासी **'सिन्धुक'** कहलाते थे। आगे चलकर उच्चारण—सौकर्य ने इसे 'सिन्धू' (सिन्धुक > सिन्धुअ > सिन्धू) बना दिया। इस 'सिन्धू' को ईरान वाले अपनी बोली में 'हिन्दू' कहा करते थे। कालान्तर में ये 'हिन्द' और 'हिन्दू' विस्तार पाए और सम्पूर्ण उत्तर-भारत 'हिन्द' कहलाने लगा एवं उसके निवासी 'हिन्दू'।

लगभग सातवीं शती में ही भारत तथा अरब, ईरान में विनिमय व्यापार प्रारम्भ हो गया था। मुसलमानों के व्यापारी बेड़े तथा काफिले भारत में आया-जाया करते थे। यह संबंध धीरे-धीरे बढ़ता गया और बहुत से मुसलमान सिन्धु प्रदेश में बस भी गए। अवसर पाकर सन् ७१२ ई० में मुहम्म बिन कासिम ने सिन्धु-नरेश दाहिर पर आक्रमण भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर दिया[1]। दैव-संयोग, विजयश्री भी उसी से हाथ रही। अब भारत में मुसलमानों की स्थिति तनिक और सुदृढ़ हो गई। 'सिन्धु' में मुसलमानों की संख्या भी बढ़ने लगी। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि मुसलमानों के आगमन के पूर्व सिन्धु-वासियों को विदेशी मुसलमान 'हिन्दू' कहा करते थे किन्तु जब मुसलमान भी वहाँ बस गए तब उनका पृथक अस्तित्व सूचित करना आवश्यक हो गया। अतः विदेशी मुसलमानों ने उन्हें 'हिन्दी' कहना आरम्भ किया। इसके स्पष्टीकरण हेतु अमीर खुसरो की एक उक्ति द्रष्टव्य है – 'जो हिन्दू थे, बादशाह ने उन्हें हाथियों के पैरों तले कुचलवाया (पर) मुसलमान जो 'हिन्दी' सुरक्षित बचे रहे[2]।" सर इकबाल के तराने "हिन्दी हैं हम वतन है, 'हिंदोस्तां हमारा" से भी यही ध्वनि आती है। पहले तो 'हिन्दी' केवल जाति बोधक शब्द था किन्तु आगे चलकर उसकी भाषा का भी बोधक बन गया। धीरे-धीरे हिन्दी ने जाति से नाता तोड़ लिया और वह केवल एक भाषा रह गई[3]। हिन्दू और मुसलमान दोनों ही परस्पर इसी भाषा का व्यवहार करने लगे। अतएव निःसंकोच कहा जा संकता है कि 'हिन्दू' तथा 'हिन्दी' दोनों शब्द भारत की उपज नहीं है अपितु अरब तथा ईरान की बहुत प्राचीन देन हैं।

आज सर्वसाधारण की यह धारणा बन गई है कि "हिन्दी" का अर्थ है "हिन्दुओं की भाषा।" कतिपय विद्वानों ने भी उक्त अर्थ में सहमति प्रकट की है। **डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या** के अनुसार–"इसका नाम सर्वप्रथम "हिन्दी" या "हिन्द्वी" (हिन्दवी) था, जिसका अर्थ "हिन्द या भारत की" अथवा "हिन्दुओं की भाषा" था[4]। डा० चाटुर्ज्या के पहले अर्थ में तो किसी को भी आपत्ति नहीं होगी, किन्तु दूसरा अर्थ सर्वथा निरापद नहीं प्रतीत होता। 'हिन्दी' से 'हिन्दुओं की भाषा' अर्थ स्वीकार किया जाय, इसके लिए कोई युक्तियुक्त प्रमाण नहीं है। यहाँ तो 'हिन्द' से तात्पर्य 'ज़बान-हिन्दी' (हिन्दी लोगों की भाषा) ही अधिक समाचीन है। यहाँ यह प्रश्न उठ सकता है कि बाहर से आए मुसलमानों (हिन्दी लोगों) ने हिन्दुओं से संपर्क स्थापित करने के लिए उनकी ही भाषा ग्रहण कर ली थी, अर्थात् 'जबान-हिन्दी' मूलतः 'जबान-हिन्दू' ही थी। परन्तु ऐसा सोच लेना भयंकर भूल होगी कि बाहर से आए मुसलमानों ने अपनी बोली को सर्वथा भुला कर हिन्दुओं की बोली को सीखा। वास्तविकता यों है कि भारत में आने पर मुसलमानों ने सहवासी "हिन्दुओं" की भाषा में बोलना प्रारम्भ किया जिसमें उनकी भाषा अरबी, फारसी के शब्द भी मिले थे। इसी भाषा का नाम "**ज़बान-हिन्दी**" पड़ा। भाषा तो धीरे-धीरे विस्तार पाने लगी। पर "ज़बान" पीछे छूट गई और "हिन्दी" अपने एक पर्याय "हिन्दवी" के साथ बढ़ चली।

---

१. राजबली पाण्डेय (डॉ०), हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, प्रथम भाग, पृ० ४३।
२. हाब्सन-जाब्सन – पेज ३१५।
३. उदयनारायण तिवारी (डॉ०) हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास, पृष्ठ १८४।
४. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या (डॉ०) भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी पृष्ठ १९२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'हिन्दी' तथा हिन्दवी (हिन्द्वी) के अतिरिक्त 'हिन्दुई, दकनी, 'दखनी, 'दक्खिनी,'' 'दक्खिनी-हिन्दी,' 'गुजरी' 'देहलवी' कदम-उर्दू; 'ज़बान-हिन्दुस्तान,' रेख्ता; तथा 'रेख्ती' नाम उक्त भाषा के लिए प्राप्त होते हैं। अब विचारणीय विषय यह है कि इस संज्ञा-समूह में से कौन सी संज्ञा तथाकथित भाषा तथा साहित्य के लिए उपयुक्त है। कई हिन्दवी-साहित्य-कारों ने अपनी भाषा को **'हिन्दी-ज़बान'** या **'हिन्दी'** कहा है। अमीर खुसरो की 'खालिक-बारी' में 'हिंदवी' के साथ ही अनेक बार 'हिंदी' शब्द व्यवहृत हुआ है। सत्रहवीं शती के प्रसिद्ध कवि **'वजही'** ने अपने सुविख्यात ग्रंथ **'सबरस'** की भाषा को हिंदी-ज़बान कहा है[1]। इसके अतिरिक्त **'शाह बुर्दानुद्दीन जानम,'** के 'इर्शादनामा' **'जुनूनी'** के 'मोज़ज़ह' और **'बुलबुल'** के 'मसनवी चंदर वदन व महर-यार' में भी 'हिंदी' शब्द भाषा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इतना ही नहीं आगे चलकर 'हिन्दी' शब्द रचनाओं तथा पात्रों के नाम में संयुक्त होकर भी आने लगा था—जैसे 'हिदायते-हिंदी', 'फ़िक्कए-हिंदी; और 'हिंदी-छोरी' आदि। इस प्रकार हिंदी नाम परम्परा से सक्षम होते हुए भी इसलिए अनुपयुक्त सिद्ध होता है कि उसकी विस्तृत सीमा में 'हिन्दवी' डूब जाती है। उसकी मूल-भूत प्रकृति का पृथक् अस्तित्व स्थापित नहीं हो पाता। इसके अतिरिक्त जब हम 'हिंदी' से तात्पर्य वर्तमान युग की साहित्यिक-हिंन्दी से लेंगे तब 'हिंदवी' उसकी परिधि से बाहर रह जाएगी। अतः आज 'हिंदी' संज्ञा उसके लिए भूषण नहीं अपितु दूषण ही प्रतीत होगी।

जिस प्रकार कुछ विद्वानों ने 'हिंदी' का अर्थ 'हिन्दुओं की भाषा' समझा उसी प्रकार कुछ अन्य लोगों ने उसी आधार पर 'हिन्दवी' को **'हिंदुई'** कहना उचित समझा। 'हिन्दी' से तो 'हिन्द की' या 'भारत की' ऐसा देश-परक अर्थ निकल भी जाता है पर 'हिन्दुई', से स्पष्टतः केवल जाति-परक अर्थ ('हिन्दुओं' की भाषा) ही निकलता है जिसका खंडन पहले ही हो चुका है। इस सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि 'सिंधु' का प्रथम विकार (विकास) 'हिंदु' ही हुआ होगा। अतः 'हिंदुई' का देशपरक अर्थ क्यों नहीं? इस प्रश्न के उत्तर में हम यही कहेंगे कि 'हिन्दु', 'सिन्ध' तथा 'हिन्द' के मध्य की कड़ी अवश्यमेव है किन्तु 'हिन्दु' प्रचार नहीं पा सका। भारत के लिए 'हिंद' शब्द का व्यवहार बहुलता से हुआ है और संप्रति होता भी है किंतु 'हिन्दु' को कभी भी यह गौरव नहीं मिला है। अतएव 'हिन्दवी' भाषा एवं साहित्य को 'हिन्दुई' से अभिहित नहीं किया जा सकता।

'दकनी', 'दखनी', 'दक्खिनी', तथा 'दक्खिनी-हिन्दी' एक दूसरे के पर्याय हैं और हिन्दवी के अर्थ में बहुत प्रचलित हैं। कई विद्वानों ने उक्त भाषा की 'दक्खिनी' संज्ञा स्वीकार की है। 'जार्ज **ग्रियर्सन**' ने भी इसे 'दक्खिनी' कहा है। उनके अनुसार 'दक्खिनी' साहित्यिक हिंदुस्तानी (उर्दू) का विकृत रूप नहीं है बल्कि 'साहित्यिक हिन्दुस्तानी' ही भ्रष्ट दक्खिनी का रूप है[2]। 'राहुल सांकृत्यायन' ने भी 'दक्खिनी-हिन्दी-काव्यधारा' लिख कर 'दक्खिनी' नाम का समर्थन किया है। डा० उदयनारायण तिवारी ने भी 'हाब्सन-

---

१. 'हिन्दोस्तान में हिंदी जबान सों इस लताफत इस छंदा सों नज्म और नस्र मिला कर गुलाकर यों 'नै बोल्या' सबरस, पृष्ठ ११

२. हिंदी साहित्य, द्वितीय खंड, पृ० ५४७, प्र० हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाब्सन कोष के दो उद्धरण[1] देकर दक्खिनी नाम की उपादेयता की और इंगित किया है। परन्तु आज 'दक्खिनी' से दक्षिण भारत की कन्नड़, मलयालम और तमिल आदि का भ्रम होने लगता है। संभवतः इस भ्रम को दूर करने के लिए ही पं० राहुल सांकृत्यायन तथा डा० बाबूराम सक्सेना ने इसे केवल 'दक्खिनी' कहना उचित नहीं समझा बल्कि उस के साथ 'हिंदी' शब्द भी जोड़ दिया। अब 'दक्खिनी-हिंदी' से तमिल, तेलगु आदि दक्षिणी भाषाओं के बोध की आशंका तो दूर हो जाती है किंतु समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हो पाता। क्योंकि जिस भाषा को 'दक्खिनी' कहा गया है, वस्तुतः वह दक्खिन (दक्षिण) की नहीं है। वह तो मूलतः उत्तर भारत के दिल्ली प्रदेश की सामान्य बोली है। सम्राट मुहम्मद तुगलक ने जब 'देवगिरि' (दौलता बाद) को राजधानी बनाया तब दिल्ली के निवासियों के साथ ही उनकी भाषा भी दक्षिण पहुँची और धीरे-धीरे विस्तार पाने लगी। इसमें पर्याप्त परिमाण में साहित्य सर्जना भी हुई पर इसका यह अर्थ नहीं कि दिल्ली तथा इर्द-गिर्द के निवासियों ने कुछ लोगों के दक्षिण चले जाने के बाद अपनी बोली तथा भाषा को भुला दिया। वास्तविकता तो यह है कि उत्तर भारत में भी 'हिंदवी' का बोल-बाला था और उसके कई महत्त्वपूर्ण ग्रंथ भी लिखे गए। अतएव 'हिंदवी' को 'दक्खिनी-हिंदी' कहना समीचीन नहीं है।

"हिन्दवी" के एक बड़े ही मशहूर शायर हो चुके हैं—शाह बुरहान। ये बीजापुर के निवासी थे, इन्होंने अपनी भाषा को "गुजरी" कहा है[2]। यद्यपि इसका गुजराती से कोई सम्बन्ध नहीं है फिर भी यह शब्द "गुर्जर" से ही व्युत्पन्न प्रतीत होता है। कानों में पड़ते ही इसमें "गुजराती" की गूँज सुनाई पड़ती है। डसके अतिरिक्त "गुजरी" के साथ कोई ऐसा आधार नहीं, कोई ऐसा तर्क नहीं कि इस संज्ञा से "हिन्दवी" का बोध हो सके। वास्तव में "गुजरी तो वही भाषा थी, जिसका आरम्भ दक्कन की साहित्यिक परम्परा के रूप में सोलहवीं शताब्दी में हुआ, यह परम्परा काफी समय तक चलती रही और अन्त में उत्तर की हिन्दुस्तानी या उर्दू के लिए रास्ता तैयार करके उसी में मिल गई"[3]। अतः जब "गुजरी" भी गुजर चुकी है तो फिर उससे "हिंदवी" का बोध कैसे संभव है। **"देहलवी"** और **"क़दीम उर्दू"** नाम से भी कुछ लोगों ने इसे विभूषित किया है। "देहलवी" में भी वही दुर्बलताएँ मिलती हैं जो कि दक्खिनी-हिन्दी या "दक्खिनी" में। रही बात "कदीम-उर्दू" की। डा० मुहीउद्दीन कादिरी, शमशुल्ला कादिरी, शेरानी और हाशिमी आदि विद्वानों ने इसे 'कदीम-उर्दू' कहकर उर्दू के साथ इसका पल्ला जोड़ने का प्रयास किया है। इस नाम से समस्या बहुत कुछ समाहित हो भी सकती थी किन्तु विवशता यह है कि "उर्दू" की कोई स्वतंत्र सत्ता है ही नहीं, वह तो हिन्दी की एक शैली मात्र है। यदि ऐसी स्थिति न भी होती तो भी एक महान बाधा यह आती है कि किसी भी हिंदवी-कवि ने अपनी भाषा को 'उर्दू'

---

१. (अ) 'दकनी हिंदुस्तान की एक विचित्र बोली है जिसे दक्षिण के मुसलमान बोलते हैं।'

(आ) 'दक्खिनी देश की स्वाभाविक भाषा है।'

हिंदी भाषा का उद्गम और विकास, पृ० १८६।

२. डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या-भारतीय आर्य-भाषा और हिन्दी, पृ० २०।

३. " " " " "

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं कहा है। वास्तव में उर्दू शब्द ही बहुत बाद का है। डा० चाटुर्ज्या के अनुसार "दूसरा नाम ज़बान उर्दू (फौजी डेरे की भाषा) बहुत आगे चलकर सत्रहवीं शताब्दी के अंत में उस समय प्रचलित हुआ जब कि मुगल सम्राट ने दक्षिण के मुसलमान राज्यों तथा मराठों का दमन करने के लिए दल पर दल भेजना आरम्भ किया"।[1] इस प्रकार "देहलवी" तथा "क़दीम उर्दू" दोनों नाम अनुपयुक्त सिद्ध होते हैं।

'हिंदवी' का एक नाम **'जबान-हिन्दुस्तान'** भी है। इसके तीन समानार्थक और हैं—'हिन्दुस्तानी-ज़बान,' 'हिन्दुस्तानी' तथा हिन्दुस्थानी। ये चारो नाम देश परक हैं और किसी ऐसी भाषा की ओर संकेत करते हैं जो कि 'हिन्दुस्तान की है। अब प्रश्न उठता है कि 'हिन्दुस्तान' किस प्रदेश का नाम है? यदि हिन्दुस्तान 'का तात्पर्य वर्त्तमान भारत से हो तो उसमें भिन्न-भिन्न प्रकृति की बोलियों तथा भाषाओं का बाहुल्य नज़र आता है और उपर्युक्त चारो नामों का लक्ष्य कोई एक भाषा प्रतीत होती है। संप्रति जन-सामान्य की दृष्टि में बंगाल तथा पंजाब के बीच का प्रदेश 'हिन्दुतान' एवं वहाँ के निवासी तथा उनकी भाषा 'हिन्दुस्तानी' कहलाती है। बंग-निवासी पश्चिम वालों को 'पश्चिमा' या 'हिन्दुस्थानी' कहते हैं। इसी प्रकार उक्त प्रदेश की भाषा को भी 'पश्चिमा' अथवा 'हिन्दुस्तानी' कहते हैं, किन्तु पंजाबी एवं मारवाड़ी को 'पश्चिमा' या 'हिन्दुस्थानी' नहीं कहते। अतएव तात्पर्य यही निकलता है कि दक्षिण भारत को छोड़कर बंगाल से पंजाब तथा राजस्थान तक जो भाषा प्रचलित हैं उसी का नाम है हिन्दुतानी। इसी हिन्दुस्तानी को विद्वानों ने उर्दू भी कहना चाहा है। मुहम्मद हसन आजाद के शब्दों में —"इतनी बात हर शख्स जानता है कि हमारी ज़बान (उर्दू) ब्रज भाखा से निकली है और ब्रज भाखा खास हिन्दुस्थानी जबान है।"[2] आजाद की इस उक्ति से स्पष्ट हो जाता है कि 'हिन्दुस्तानी' किसी भाषा का नाम नहीं है अपितु एक से अधिक भाषाओं का बोधक है।

इसके अतिरिक्त ब्रज भाखा 'जो कि 'हिन्दुस्तानी' की प्रमुख भाषा है, 'हिन्दवी' की प्राकृति से सर्वथा भिन्न पड़ती है। ऐसी स्थिति में भी विद्वानों ने न जाने किस आधार पर 'हिंदवी' को एक ओर 'हिन्दुस्तानी' कहा है और दूसरी ओर 'दक्खिनी'। भला इस असंगति में' 'हिन्दुस्तानी' संज्ञा कहाँ तक उपयुक्त होगी?

अब शेष रहे 'हिन्दवीं' के दो नाम - **रेख्ता** और **रेख्ती**। ये दो नाम कहाँ तक समीचीन हैं? इस विचार के पूर्व दो उद्धरण द्रष्टव्य हैं—[3]"दिल्ली की हिन्दुस्थानी के फारसी-मय रूप के सर्वप्रथम कवि वल्ली माने जाते हैं और ये दक्कन में रह चुके थे। तब भाषा पश्चकालीन उर्दू की तरह फारसी से बिलकुल लदी हुई न थी, फारसी के शब्द अपेक्षाकृत कम संख्या में मिलाए जाते थे, एक पंक्ति में कहीं कहीं छितरे हुए (रेख्ता) रहते थे। इसलिए आधुनिक उर्दू-हिन्दुस्थानी पद्य की भाषा का आद्य रूप 'रेख्ता' कहलाता था। पंद्रहवीं शती के कबीर के कुछ पद ही नहीं, बारहवीं तेरहवीं शती के 'बाबा फरीद' के पद्य

---

[1] भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, पृ० १९।

[2] आबेहयात, पृ० ६।

[3] सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या (डा०), भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ० २०१-२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी रेख्ता के कहे जाते हैं। इस दृष्टि से 'वली' की अपेक्षा 'बाबा फरीद' को 'बाब-ए-रेख्ता' (रेख्ता के जनक) कहना अधिक उपयुक्त होगा।"

"रेख्ता' हिन्दी की वह शैली है जिसमें 'फारसी शब्दों का सम्मिश्रण हो। प्रायः लोग रेख्ता तथा उर्दू को भ्रमवश एक दूसरे का पर्यायवाची समझ लेते हैं, किन्तु वास्तव में बात ऐसी नहीं है। उर्दू की अपेक्षा रेख्ता की व्याप्ति अधिक है। उर्दू को तो रेख्ते की विशिष्ट शैली कह सकते हैं, परन्तु रेख्ता को उर्दू कहना अशुद्ध होगा। रेख्ता वास्तव में पुरुषों की भाषा है। स्त्रियों की भाषा 'रेख्ती' कहलाती है। इस संबंध में एक और उल्लेखनीय बात है कि भाषा के अर्थ में रेख्ता का प्रयोग पुराना है।"[१]

इस आधार पर यह सिद्ध हो जाता है कि 'रेख्ता' शब्द का प्रयोग उर्दू से पुराना है। साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाता है कि इसका प्रयोग भाषा के अर्थ में नहीं हुआ है। यदि किसी ने भाषा के रूप में समझ भी लिया है तो भ्रमवश। वास्तव में 'रेख्ता' एक शैली विशेष का ही नाम है। यह 'हिन्दवी' का पर्यायवाची शब्द नहीं अपितु उसकी एक शैली है। इस प्रकार 'रेख्ता' से भी 'हिन्दवी' का बोध संभव नहीं और 'रेख्ती' तो 'रेख्ता' का ही स्त्रीलिंग रूप है।

अतः तथा कथित भाषा एवं साहित्य उसी शब्द के अभिहित किया जा सकता है, जिसका इतिहास लगभग एक सहस्राब्दि पुराना हो, जो हिन्दी की सीमा में विलीन न हो जाता हो, जो भाषा के अर्थ में प्रचलित रहा हो, जिसमें न तो 'गुजरी' की गूँज सुनाई पड़ती हो और न तो कन्नड़, मलयालम, तमिल तथा तेलुगु का भ्रम होता हो। वास्तव में ऐसी निरापद संज्ञा एकमात्र 'हिन्दवी' ही प्रतीत होती है।

———

[१] उदय नारायण तिवारी (डा०) हिन्दी भाषा का उदगम और विकास, पृ० १९७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयुर्वेद के मौलिक सिद्धान्तों का आधार-प्रकृति-पर्यवेक्षण

आचार्य प्रियव्रत शर्मा
निदेशक, स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान

प्राचीन काल में ऋषि-महर्षि प्रकृति के निकट सान्निध्य में रहते थे। एक ओर वे उसके इन्द्रधनुषी परिवर्तनों एवं कार्यकलापों को विस्मयविमुग्ध दृष्टि से निहारते थे, तो दूसरी ओर अपनी मर्मभेदी दृष्टि से उनके गूढ रहस्यों को हृदयंगम करने का प्रयत्न करते थे तथा इससे उत्पन्न प्रतिक्रिया को वे श्रद्धा-भयमिश्रित रूपों में अभिव्यक्त करते रहते थे। जीवन की सुविधाओं के लिए प्राकृतिक देवताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए तथा असुरों से रक्षा के लिए प्रार्थना के रूप में वैदिक ऋचाओं का प्रणयन हुआ, किन्तु इसमें भावना का ही प्रभुत्त्व नहीं रहा प्रत्युत् साथ-साथ उन्होंने बुद्धि का भी सहारा लिया जिससे इनके उपायों का अन्वेषण किया गया। रोगों के संबंध में भी यही बात है। यही कारण है कि ऋग्वेद में ओषधियों का निर्देश अल्प है जब कि अथर्ववेद में इनकी संख्या पर्याप्त बढ़ गई है।

प्रकृति के क्रीडांगण में मानव शरीर का अवतरण क्यों और कैसे हुआ? यह प्रश्न आदि-मानव को दर्शन की ओर ले गया जिससे मानव-शरीर का निर्माण कैसे हुआ, उसकी जीवन-प्रक्रिया कैसे संचालित होती है, उसमें अनेक विकार क्यों और कैसे उत्पन्न होते हैं तथा उनका निवारण किस प्रकार किया जाय आदि विचार आयुर्वेद के अवतरण का कारण बने। बाह्यप्रकृति के पर्यवेक्षण से उद्भूत तथ्यों का उपयोग ऋषि-महर्षियों ने शरीर के रहस्यों को समझने में किया और शारीरिक तथ्यों का उपयोग प्राकृतिक रहस्यों के उद्घाटन में किया। इस प्रकार बाह्य और आभ्यन्तर प्रकृति, लोक और पुरुष के साम्य का सिद्धान्त प्रादुर्भूत हुआ।

लोके विततमात्मानं लोकं चात्मनि पश्यतः।
परावरदृशः शान्तिर्ज्ञानमूला न नश्यति॥

—च० शा० ५ अ०

इसका स्पष्टीकरण करते हुए महर्षि चरक ने कहा है :—

"पुरुषोऽयं लोकसंमित इत्युवाच भगवान् पुनर्वसुरात्रेयः",
यावन्तो हि लोके मूर्त्तिमन्तो भावविशेषास्तावन्तः पुरुषे, यावन्तः पुरुषे तावन्तः लोके इति।

षड्धातवः समुदिता लोक इति शब्दं लभन्ते, तद्यथा-पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशं ब्रह्म चाव्यक्तमिति, एत एव च षड्धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते।

—च० शा० ५ अ०

इस प्रकार जब लोक-पुरुष-साम्य का सिद्धान्त निरूपित हो गया तब मानव-शरीर के रहस्यों को समझने का एक सरल मार्ग मिल गया। पृथिवी, अप्, तेज, वायु और आकाश इन पंचतत्त्वों से निर्मित लोक का संचालन जिस प्रकार अदृश्य चेतन तत्त्व द्वारा होता है उसी प्रकार इन पंच महाभूतों तथा आत्मा के समवायरूप षड्धात्वात्मक कर्मपुरुष (मानव-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर) की अवतारणा की गई। इस प्रकार शरीर का भौतिक और स्थूल रचनात्मक आधार मिल गया किन्तु जीवन के व्यापारों की व्याख्या करने के लिए इतना ही पर्याप्त नहीं था। इसके अतिरिक्त इसके द्वारा निर्जीव और सजीव पदार्थों में भी अन्तर स्पष्ट नहीं होता था, विशेष कर जब आत्मतत्त्व को सर्वव्यापक माना जाता रहा। अतः इस चेतना की अभिव्यक्ति जिन विविध व्यापारों के माध्यम से होती है उनका युक्तियुक्त विश्लेषण अत्यावश्यक हुआ। इसके लिए भी प्रकृति का आधार लिया गया और यह देखा गया कि प्राकृतिक व्यापार किस प्रकार और किन तत्त्वों से संचालित होते हैं। वैदिक काल में इन व्यापारों की दृष्टि से भूः, भुवः और स्वः इन तीनों लोकों के लिए क्रमशः अग्नि, वायु, और आदित्य संचालक माने गए हैं। किन्तु आयुर्वेदीय महर्षियों की जिज्ञासा का समाधान इतने से संभव नहीं था क्योंकि शरीर में बलाधायक किसी तत्त्व की अपेक्षा फिर भी रह गई। इसके लिए उनकी दृष्टि सोम पर गई। सोम वैदिक युग में बलाधायक रसायन ओषधि के रूप में बहुशः व्यवहृत था जिससे लोग बल, शक्ति और हर्ष प्राप्त करते थे। यह रसाधान का कर्म प्रकृति में चन्द्रमा के द्वारा होता है जो अपनी शीतल और अमृतमय रश्मियों से प्रकृति के कण-कण में शीतलता और रस का संचार करता है। इसीलिए उसे 'सुधांशु' और 'ओषधीश' कहते हैं। इसके अतिरिक्त, कालजन्य ऋतुपरिवर्तनों के द्वारा जिसमें मुख्यतः ताप का अन्तर विशेषरूप से अनुभवगम्य था शीत और उष्ण ये दों गुण स्पष्टतः क्रियाशील प्रतीत हुए जिनके द्वारा शरीर तथा उसके व्यापारों में पर्याप्त परिवर्तन का अनुभव होता था। इस आधार पर वैदिक काल में ही अग्नीषोमीय सिद्धान्त की स्थापना हो चुकी थी। इस प्रकार आग्नेय तथा सौम्य तत्त्व तो स्पष्ट थे ही एक मध्यवर्ती नियामक तत्त्व अपेक्षित था जो वायु के रूप में प्राप्त हुआ। जीवन के मुख्य व्यापार श्वास-प्रश्वास में शरीर में वायु का आवागमन तो स्पष्ट था ही, यह भी देखा गया कि यह शीत-उष्ण के नियामन में प्रमुख भाग लेता है और इस प्रकार योगवाह होने के कारण दोनों के गुणधर्म ग्रहण कर लेता है अतः आदर्श मध्यस्थ है:—

योगवाहः परं वायुः संयोगादुभयार्थकृत्।
दाहकृत्तेजसायुक्तः शीतकृत्सोमसंश्रयात्॥

—च० चि० ३ अ०

यह भी अनुभव किया गया कि शीतऋतु में शरीर बलिष्ठ और पुष्ट रहता है तथा ग्रीष्मऋतु में कुछ क्षीण और दुर्बल हो जाता है। यह विसर्ग (रसाधान) और आदान का कर्म प्रकृति में चन्द्रमा और सूर्य के द्वारा होता है। चन्द्रमा अपनी शीतल-स्निग्ध रश्मियों से प्रकृति में रसाधान करता है तो सूर्य अपनी तीक्ष्ण-प्रचंड किरणों से रस का शोषण कर लेता है। इन दोनों क्रियाओं का नियमन गति के माध्यम से वायु के द्वारा होता है जिसे विक्षेप कहा गया है। शीत-उष्ण का संचार तथा रस का यातायात वायु के द्वारा ही संपन्न होता है। इस प्रकार विसर्ग, आदान और विक्षेप ये तीन प्राकृतिक व्यापार क्रमशः चन्द्र, सूर्य और वायु के द्वारा संपन्न होते हैं। इसी आधार पर महर्षियों ने जीवन-व्यापारों के संचालन के लिए तीन तत्त्व स्थापित किए—कफ, पित्त और वात, जो क्रमशः चन्द्र, सूर्य और वायु के प्रतिनिधि रूप हैं और जो शरीर में विसर्ग, आदान और विक्षेप की क्रियाओं का संचालन करते हैं। महर्षि सुश्रुत ने इसको स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया है :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा ।
धारयन्ति जगद्देहं कफपित्तानिलास्तथा ।।

—सु० सू० २१ अ०

इस प्रकार प्रकृति-पर्यवेक्षण के आधार पर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धान्त—त्रिदोषवाद-की स्थापना हुई ।

यज्ञ में बलि के लिए पशुओं का प्रयोग होता था । उनके शरीर के अंग-प्रत्यंगों का निरीक्षण कर उस आधार पर शरीर रचना का प्रारंभिक ज्ञान विकसित हुआ । प्रकृति में विभिन्न तत्वों की साम्यावस्था रहने पर कार्य ठीक-ठीक होता है तथा वैषम्य होने पर कार्यों का संपादन ठीक नहीं होता, इसी आधार पर स्वास्थ्य एवं विकार की कल्पना की गई । तत्त्वों की वृद्धि एवं ह्रास विकार का कारण होता है । जैसे वायु बिल्कुल बन्द हो जाय या इतनी अधिक हो जाय कि आँधी-तूफान चलने लगे, ये दोनों ही वैकारिक हैं उसी प्रकार शरीर में वात के क्षय या वृद्धि से तज्जन्य विकार उत्पन्न होते हैं । ठीक इसी प्रकार पित्त (अग्नि) तथा कफ (शीत) के संबंध में है । चिकित्सा का भी अत्यन्त सरल लोक प्रचलित मार्ग है बढ़े हुए को घटाना और क्षीण को बढ़ाना और इस प्रकार उन्हें साम्यावस्था में ले आना । इसका उपाय भी समानता से वृद्धि और विपरीत से ह्रास यथा शैत्य से शीत की वृद्धि और उष्णता का ह्रास । साम्यावस्था और प्रकोपावस्था में लोकगत एवं शरीरगत वात, पित्त और कफ का तुलनात्मक विवरण अत्यन्त सुगम शैली में महर्षि चरक ने (चरक-संहिता सूत्र० १२ अ०) दिया है । बाढ़ के दिनों में नदियों का पानी अपनी सीमा तोड़ कर बाहर फैल जाता है और उस प्रदेश में अनेक उपद्रव करता है उसी प्रकार दोष भी कुपित होकर शरीर में प्रसृत होते हैं :—

"यथा महान् उदकसंचयोऽतिवृद्धिः सेतुमवदार्य अपरेण उदकेन व्यामिश्रः सर्वतः प्रधावति । एवं दोषाः कदाचिदेकशो द्विशः समस्ताः शोणितसहिता वा अनेकधा प्रसरन्ति ।

(सु० सू० २१ अ०)

ऋतुओं के अनुसार दोषों के प्रकोप और प्रशमन का निरूपण लोकनिरीक्षण के आधार पर किया गया है । वर्षाऋतु में झंझावात की प्रमुखता, शरद्ऋतु में कन्याराशिस्थ सूर्य की प्रखरता तथा वसन्तऋतु में शीत की परिणति को देखकर उन ऋतुओं में क्रमशः वात, पित्त और कफ दोषों के प्रकोप का काल निर्धारित किया गया है ।

लोक में जिस प्रकार शस्त्र की उत्पत्ति ऋतु, क्षेत्र, जल और बीज के संयोग से होती है उसी प्रकार गर्भ की उत्पत्ति भी इन्हीं घटकों के संयोग से होती है ।

ध्रुवं चतुर्णां सान्निध्याद् गर्भस्याद् विधिपूर्वकम् ।
ऋतुक्षेत्राम्बुबीजानां सामग्र्यादंकुरोद्भवः ।।

—सु० शा० २ अ०

बीज के समान शरीरोत्पादक होने से शुक्र एवं रज को बीज संज्ञा दी गई है । गर्भ अंकुर है जिसमें सभी अंगप्रत्यंग अव्यक्त रूप में होते हैं । बाल्यावस्था पुष्पमुकुलवत् है जिसमें शुक्र रहने पर भी उसकी अभिव्यक्ति प्रतीत नहीं होती ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर में अन्न के पाचन-व्यापार का निरूपण लोक-व्यवहार के आधार पर ही किया गया है। बाहर भोजन बनाने की जो प्रक्रिया है--पात्र में जल रखकर उसमें चावल डालते हैं और उसमें नीचे से अग्नि देते हैं। साथ-साथ पर्याप्त वायु भी लगनी चाहिए--वैसी ही प्रक्रिया की कल्पना शरीरगत भोजन के पाचन में की गई है। आमाशय स्थाली है जिसमें भुक्त अन्न रहता है। जल के लिए क्लेदक कफ की कल्पना की गई है। पित्त अग्नि के स्थान पर है जो अन्न का पाचन करता है तथा समान वायु के द्वारा उसका संधुक्षण होता रहता है। भोजन बनने के बाद ग्राह्य अंश को रख लेते हैं तथा त्याज्य अंश को फेंक देते हैं वैसे ही मल भाग बाहर निकल जाता है और प्रसाद भाग से धातुओं की उत्पत्ति है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है। कृषिकर्म में जल की सिंचाई से पौधों की वृद्धि और पोषण प्रत्यक्षतः देखा जाता है। यदि समय पर पानी न मिले तो फसल होना संभव नहीं। इसी आधार पर शरीर में रसधातु के संवहन और उससे उत्तरोत्तर धातुओं के निर्माण द्वारा उसके पोषण का निरूपण किया गया है। जल के संवहन के लिए जिस प्रकार नालियाँ बनाई जाती हैं उसी प्रकार शरीर में विविध पदार्थों के संवहन और स्थानान्तरण के लिए स्रोतों की स्थापना की गई है।

इसी प्रकार आयुर्वेद के अन्य क्षेत्रों में भी लोकव्यवहार के आधार पर विषय को हृदयंगम कराने का प्रयत्न किया गया है। आयुर्वेदीय महर्षियों ने प्रकृति-पर्यवेक्षण के द्वारा प्रकृति एवं विकृति के रहस्यों के उद्घाटन का प्रयास किया और विकृति के निवारण के द्वारा पुनः प्रकृति-स्थापन के लक्ष्य तक पहुँचने का उपक्रम किया। सांख्यदर्शन की प्रकृति और विकृति आयुर्वेदीय (स्वास्थ्य) और विकृति (रोग) का आधार है। जिस प्रकार विविधवर्णा प्रकृति अपने एकरूप निश्चित लक्ष्य की ओर निरन्तर प्रवाहित हो रही है उसी प्रकार आयुर्वेद भी विविध विकृतियों के पथ से होता हुआ प्रकृति-स्थापन के लक्ष्य की ओर आदिकाल से चला जा रहा है। आयुर्वेदीय महर्षियों ने प्रकृति-पर्यवेक्षण के आधार पर ऐसे मौलिक सिद्धान्तों की स्थापना की है जो आज भी विज्ञान के लिए मूल्यवान पाथेय हो सकते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"GOTRA AND EXOGAMY"

KRISHNA CHANDRA MISHRA

Research Scholar, Dept. of A.I.H.C. & Archaelogy

I

The institution of Gotra is a unique feature of Hindu social arganisation. Its origin, like that of many other social institutions of early Indo-Aryans, is shrouded in mystery and ignorance of this fact is considerably responsible for arousing some misgivings among scholars. Some of them have openly challenged the existence of Gotra and its most salient feature, viz. exogamy, at an early stage. Rules, regarding the prohibition of marriage with some near relations, are for them the rigid innovations of later lawgivers, For some times, this view had become conventional among scholars[1], and, consequently, we find that even, such an authentic and up-to-date treatise, like the "Hindu Sanskaras"[2] of Dr. R. B. Pandey, has finished by seconding it.

On page 300 of his thesis Dr. Pandey observes—"In the Brāhmaṇas all sorts of speculations were apace, but there is not a single reference to the institution of Gotra..... a fact of .....great significance. Vedic rituals are not connected with Gotra."

The validity of this statement may be questioned. The word *gotra* occurs time and again in *Ṛgveda*, though its implica-

[1] (*a*) Max Muller: Hist. of Skt. lit. pp 378-88.
(*b*) Bühler: Sacred law of the Aryans I-P. 126 ff.
(*c*) R. Fick: in (E)ncyclopaedia of (R)iligion and (E)thics. etc.
Notable exceptions are—
(*a*) J. Brough "The early Brahmanical system of Gotra and Pravara". (Cambridge 1953)
(*b*) Kane: Hist. of Dharmaśastra, Vol. II Pt. I.
(*c*) D. D. Kosambi: J.B.B.R.A.S. 1950 pp. 21-80.

[2] (Banaras 1949).

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

tion there, in the present sense of 'a patrilineal exogamous sibship', can not be proved above doubt. Nevertheless, as remarked by M. M. Dr. P. V. Kane "the conception, underlying the idea of *gotra* was, it is plain, quite familiar even in the days of Ṛgveda".[1]

Moreover, Brāhmaṇas refer to the institution of *gotra* directly, with reference to some sacrificial rites and there is ample evidence to prove its existence in those times[2]. *Tandya Br.* prescribes to give a *camasa* made of Udumbara to a *Sagotra* Brahmana[3]. Kauṣītaki lays rules to abide (in connection with a sacrifice) with a Brahmaṇa of equal *gotra.*[4] There propositions, indicate the existence of a priestly *gotra* system in the time of the Brahmaṇas. Names like '*Angirasīh prajā*' (*Taiṭ. Br.* II-2-3) point to the same fact.

Further it has been proved, with remarkable efficiency, by Brough[5] that the main *gotras* of Sūtra period were originally connected with the "hymn families" of Ṛgveda. And we have reasons to accept his conclusions.

II

The origin of exogamy is contemporaneous with *gotra* in India, and there is no force in the argument which denies its existence at an early stage.

Not much emphasis should be laid on Ṛgveda X-10 which contains a lively dialogue between Yama and Yami, described as twins. This dialogue is a fine piece of rhetoric, in the form of popular ballads, in which the Vedic bards are pleased to blend their metaphysical notions. The conclusion drawn from this hymn, by some modern critics, that the marriage between sisters and brothers was in vogue in those days, cannot be sustained. The hymn performs a dual function. On the mundane plane, this constitutes a lively discussion between the

---

[1] Hist. of Dharma. Vol. II Pt. I p. 419.

[2] Ibid.

[3] *Sagotrāya brahmaṇe deyaḥ somapīthasyāvidohāya.* Taṇḍ. 18-2-2.

[4] *Brāhmaṇe samānagotre vasedyat samane gotrennādyam*.....Kauṣ. Br. 25-12

[5] "Early history of the Gotras" JRAS : 1946-47.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

twins in which yami being unable to check her passions sinfully craves the company of her brother. Yama, on the other hand, not only remains adamant, but sternly rebukes her for her undesirable will, which was in no case "tolerable'. It thus inclucates a socio-ethical ideal of paramount necessity.

On the metaphysical plane, Yama and Yami, as imagined by R. C. Dutt,[1] are, in all probabilities, the personifications of the twin "day and night", darkness of night always following the light of day but never coming in contact with it. Yama represents the God of brighter region for pious men whereas, his twin sister Yami, of sinful mind, is dark, perhpas, identified with Nirṛti (hell).

The poem a priori serves a moral purpose—the vanquishment of Māra—the indominatable urge of sex—which is possible only by a self-restraint of the highest order. And it thus becomes a prototype of the various later legends of India, such as, Kaca+Devayanī and Arjuna+Urvaśī (Mbh. 1-77-2-46B.).

Thus, the conflict and breaches in the legal consagnuinity, with regard to matrimonial relation, which some writers infer from this hymn, is not true,

The ironical remark of Yama[2], about the later possibility of such a state in the society, may appear to some to go against our interpretation. But, really speaking, this is merely a straight premonition against indulging in such heinous practices, which anyone could have fore-cast on such occasions, for the benevolence of human society. In fact, this may prove to be ironical at any time, past or future, as all such predictions are bound to be.

Even taking it purely on the mundane plane the hymn will not seem to refer, at any rate, to any prevailing custom. It simply recounts an incident of discourse between the twin,

---

[1] Vedic Mythology. (p. 77).

[2] "*Āghātā gacchānuttarā yugāni*
yatra jāmayah krnavannajāmi" i—RV X—10-10.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

foul among which is severely condemned. Mere incidental occurrence is not a type-pattern, particularly at a time when marriage was already a recognised institution.[1]

III

To prove the opposite theory another passage from Śata. Br. is cited :

"*Idam hi caturthe puruse trtīye as* (*bā*) *samgacchāmahe*"— (1-8-3-6). It is affirmed on this basis that "marriages between the same family were the common occurrence in ancient period"[2]. But the inference, in this case too, is not valid, as it is based on an unwarranted interpretation of a dubious statement. The sentence in question is rather abruptly thrust amidst the legal claptrap of sacerdotal rules and regulations, which makes it all the more ambiguous. Let us survey the whole position with close observation.

The particular background is the pronouncing of a hymn (Sūktavaka) and the Brāhmaṇa lays down rules, in this connection, for placing two different laddles (*Juhu, upabhṛta*) in two opposite directions, east and west. A lively speculation arises on the seperation of these two sacrificial instruments. Here is the full translation of the pass ge by Julius Eggeling :

"Thus the seperation of (the eater and eaten) is affected in one and the same act ; and hence from one and the same man spring both the enjoyer and one to be enjoyed : for now kinsfolk live sporting and rejoicing together saying 'in the fourth or third man we unite'. And this is so in accordance with that (seperation of spoons)'.[3]

---

[1] R.V. X—25, wide A.C. Das : 'Ṛgvedic culture' p. 370.

[2] R. Fick i in E. R E (*vide* on *Gotra*) also, R. B. Pandey : Hindu Samskaras, pp. 299-300.

[3] S. B. E. Series i Vol. XII p. 238.
The original text is :—
"Tadvā etatsamāneva karman vyākriyate. Tasmādu samānādeva puruṣādattā ca ādyaśca jāyete. Idam hi caturthe puruṣe-tṛtiye saṅgacchāmahe—iti videvam dīvyamānā jātyā āsate. Etasmādu etat." S.P. 1.8.3.6.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Thus we have in this passage a reference to the union and seperation of laddles, which are compared with those of men in third or fourth generation. This not very clear reference is used by some ancient lawgivers and modern critics of Dharmaśastra to support their theory of endogamy being the rule in earlier times.

Harisvāmin, the commentator on the Śatapatha Brāhmaṇa ,raises a lengthy discussion and explains how some people practise marriage with the doughter of maternal uncle and paternal aunt, who is third in succession from the central figure (kūṭastha), Arguments for and against are scattered in the lawbooks. Some adherents of this view actually cite the passage from the Śatapatha Brhamaṇa in their support.

The pedigree of *sapinda* relationship is so much complicated and divergent according to various *smrti* writers that it cannot be described here, in extenso. It meant, technically, the relation up to seventh generation on father's side and fifth or fourth or third on mother's side . This needs to be known in determining the validity of inheritence, difilement and connubiality. The, institution of *gotra* overlaps *sapinda* on father's side, and it is counted on mother's side only to fix the validity of conjugal relation. The word *puruṣe* in the above passage from Satapatha, as interpreted by Harisvamin and other Smṛti writers, will also apply to fourth or third generation on mother's side, which is not one's own *gotra*. The advocates of *this* type of marriage quote another Vedic authority[1], a Khailika hymn of the Ṛgveda. Anyhow such a marriage finds support from the Mahabharata, where Arjuna married Subhadrā, the sister of SrīKṛṣṇa and his own maternal uncle's doughter. Harisvamin cites the name of Saurāṣtras with Kaṇvas and Dākṣiṇātyas as observing this practice. The Saurāṣtras are once described in the Maha-

[1] —Ayāhīndra pathibhirīlitebhih
yajñamimam no bhāgadheyam juṣasva
Tṛptām juhurmātulasyeva yoṣā
bhāgaste paitriṣvaseyīm vapamiba

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

bharata as mixed or promiscuous people[1]. This indicates that such a practice was not acknowledged by the orthodox Brahmaṇas of North. Thus the error on the part of some modern scholars lies in the fact, that while interpreting the above passage from Satapatha, they ignore the real import of *Sapiṇḍa* and take it to be an evidence for *Sagotra* marriage which, as we have seen above, is not correct.

As a matter of fact, the passage, cited above, is not in connection with connubiality, it is only a laudation of 'no seperation' among co-heirs.' As the two laddles—"*Juhu* and *upabhṛta*"—remained together till a long period, so we should co-exist till third or fourth progeny.[2]' This is undoubtedly a keen and prudent peroration of Harisvāmin in his commentary, and it is rash and unjust ,on the part of the law-writers to raise this laudatory portion to the position of an injunction for marriage.

IV

Another notable objection is from Prof. K. B. Gajendragadkar, who in his article, entitled "Manusmṛti and Sagotra marriage" has tried to establish that such a marriage was sanctioned by manu. His theory is based on the doubtful reading of Manu's famous verse—'*Asapindā ca yā māturasagotrā ca yā pituh*' (iii-5), In a quotation in the Mitākṣarā (Achārādhyāya, 53), the test of this verse (as printed in N.S. press edition) reads *Asapinda* in both case and not *Asagotrā*. This is held by the professor as a proof for the fact that Sagotra marriage was recommended by Manu. According to him, the original reading was *Asapinda* in both case, and it was tampered by the changing attitude of a succeeding generation,

---

[1] naṅkarā bai surāṣṭrah, Mbh. VIII-30-73.

[2] "Na cayam śrutirvivaha viṣayā, Kintviyatsantānāvadhi, avibhāgaprasamsā—yatha juhūpabhṛte cirakālam sahasthite tathā tṛtiya caturtha santānāvadhi sahasthitiḥ".—Harisvamin on Sata p. I-8-3-6

[3] An. B.O.R. I. Vol. XXIII., pp. 144-45

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

when *Sagotra* marriage became illegal. The suggests that the present reading in the Manusmṛti is due to a later redaction of the work.

This thesis appears to the farfetched and even baseless as we do not get any extrinsic or intrinsic evidence to label the variant of Manu's verse, found in Mitākṣarā, a stamp of 'originality'. On the contrary a careful perusal of the commentary will prove that such a reading is a mistake and is unsuitable to its context. The very next line after the above verse of Manu reads --*Tathā ca mātṛ gotrāmapyaparineyām kecidicchanti. Mātulasya iti smaraṇāt.*" This can make sense only if we accept that the verse of Manu followed by Vijñanesvara had originally contained "*Asagotrā ca yā pituh*". Otherwise the sentence will remain uneven and lacing in purport. Note the emphasis borne by particles *ca* and *api*. Thus ,the misleading character of the reading in the Mitākṣarā is palpably overt. Happily (two) other MSS are noted to contain the same reading. So far. no MS. of Manusmriti has been noted to contain the rival reading. We, therefore are led to conclude that present reading in the Mitakṣara is a scribal mistake and *sagotra* marriage was not held valid by Manu.

Another point of objection raised by Prof. Gajendragadkar is that 'Manu says that such a marriage is recommendable, (*praśasta*), thereby, indicating that they are not a altogether condemned'. But this is not corroborated by available evidence. On the contrary, it defies the canon of Pūrva-Mīmāṅsa that "if there is an unforeseen cause of a rule, and there is a break of such rule, (as in the present case) the principle act itself is rendered invalid and negatory thereby".[1] This is accepted as the basic principle for the interpretation of *smṛti* rules by all commentators, like Medhātithi on Manu (3-2) and Vijñāneśvara on Yājñavalkya (1-53). Presumptive evidence to the fact that marriage within one *gotra* was prohibited in the third century B.C. or even before, prior to Manu, is to be found in the *Gṛhysutras* of Govila (3-1-4), Manava (1-7-8),

[1] wide i Hist. of Dharma. II. Pt. I pp. 37-38.

21

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Dharmasūtras of Apastamba and Baudhāyana and finally in the Arthaśastra of Kauṭilya. We, therefore do not accept the suggestion that "Manu's statement is recommendatory rather than obligatory".

Thus, the theory of *Sagotra* or promiscuous marriage is explicably an outcome of some mis-understanding on the part of some modern writers. It has no recognition from any *sruti-smṛti* authority. Exogamy is the signal feature of the ancient Indian *gotra* institution.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

TEACHER-PUPIL RELATION IN THE GURUKULA SYSTEM

V. S. RAMCHANDRA SASTRY

Principal, Samskrit Mahavidyalaya

Vedas and *Sastras* explicitly declare that the ideal of man should be the acquisition of real knowledge. This has been summed up in the following couplet by *Sri Neela Kantha Dikshita.*

अपिमानुष्यकं लब्ध्वा भवन्ति ज्ञानिनो न ये।
पशुतैव वरं तेषां प्रत्यवायाप्रवर्त्तनात् ॥

Those, who having attained manhood, do not realise the ultimate truth, it would be better for them if they had been born as beasts, because then they would not be bound by Vedic Injunctions. Vedic sears have regulated the way of life to be led so as to aquire the knowledge of "*Atma-Brahma*" which is the noumenon or permanence behind the phenomenal world. Such a knowledge of the supreme needless to mention can be acquired only through a competent Guru. "आचार्याद्धैवविद्या विदिता साधिष्ठं प्रपात्" says the chandogya *Upanishad.*

In Vedic terminology only those whom the *Bhagavad-gita*, describes as '*Sthitaprajña,*" '*Gunatheetha*' *and Bhayavad-Bhakta,*' are *Gurus.* All others are '*Vidyarthies*'. The word '*Vidya* is often mentioned in Upanishads so denote *sakshatkara* or direct cognition of *Brahma.* Seekar after vidya is *vidyarthy.* Though Vidya is neither happiness nor the loss of misery, it is desired because, it is the only means that leads to eternal happiness. All other Knowledge pertaining to wordly maters is called "विज्ञानम्". In sanskrit ज्ञान is synonym for Vidya. Both ज्ञान and विज्ञान are effective only if aquired through a competent guru (teacher).

Sri Vedanta Disika has mentioned many essential characteristics of a Guru in the following sloka,

सिद्धं संत्सप्रदाये स्थिरधिपमनघं श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं
सत्त्वस्थं सत्यवाचं समयनिपतया साधुवृत्त्या समेतम् ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दम्भास्यादिमुक्तं जितविषयगणं दीर्घबन्धुं दयालुं
स्खालित्ये शासितारं स्वरहितपरं देशिकं भूष्णुरीप्सेत ॥

A pupil should select only him as guru, who is well experienced, has profound knowledge of sound traditions, has unblemished character, is well versed in Vedas, has realised the eternal truth, speeks always the truth, observes duties enjoined in shastras, is bereft of vanity and jealousy, has conquered *vishayas*' i.e. one who is indifferent to what the world considers as happiness, whose relation is long standing ; is full of compassion, corrects whenever a mistake is found in the pupil and always intending good for the humanity. These characteristics fit well in a *Brahma vidya* guru. If the two adjectives *Srotriyam* and *Brahmanishtham* are dropped the remaining attributes are applicable to all other teachers.

A sishya (pupil) is defined as follows :

सद्बुदिः साधुसेवी समुचित चरितस्तत्त्व बोधाभिलाषी
शुश्रूषुस्त्यम्तमानः प्रणिपतनपरः प्रश्नकालप्रतीक्षः ॥
शान्तोदान्तोऽनसूयुः शरणमुपगतः शास्त्र विश्वासशाली
शिष्यः प्राप्तः परीक्षां कृतविदभिमतं तत्त्वतः शिक्षणीयः ॥

A pupil is one who bears good character, serves the virtuous, is well behaved, is keen on acquiring knowledge, is free from vanity, waits for the opportune moment for queries, is humble and bereft of jealousy, exercises control over senses, is faithful to texts and has surrendered completely to the guru. A pupil should be instructed only after being examined the comptency to study the subject sought for. These attributes fit well in a pupil who aspires for Brahmavidya. These attributes in general are a sound definition for other pupils also.

Teacher-pupil relation begins right from infancy. Home-sweet home—is in itself a Gurukula. It is stated in the *4th Adhyaya* of *Brihadaranyaka Upanishad* that when a discussion took place between *yajñavalkya* and other professional philosophers yajñavalkya praised the questioner as

'मातृमान् पितृमानाचार्यवान बूयात् ।'

This denotes and emphasises the role of mother, father, and preceptor in connection with a pupil. Only pertinent and intelligent questions were allowed in discussions. Yajñavalkya

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

praised the questioner only to show that the query was relevent and difficult to answer.

It is common that the child first hears his or her mother pronounce words and sentences and observes every now and then, her actions. When the child begins to pronounce syllables and words mother corrects it with deep affection and regulates his or her habits. After the 3rd or the 4th year father also steps in as guru. Parents are teachers not only in training the child mother-tongue but also in every other action of the child through instruction and example. Thus a child's natural activities are so regulated by parents as to be conducive to his or her physical, moral, mental, social and spiritual progress.

It is worth mention in this connection an age-cold custom prevalent in orthodox Hindu families that selected portions from the *Ramayana*, the *Mahabharata* and other *Puranas* are read out before a pregnant woman. This clearly shows that according to ancient Indian custom the regulation of child's habits begins even while it is in mothers womb. Parents continue to be the guru until the child attains the age suitable to stay with the '*Acharya*'. The seeds of sound habits, behaviour and character are sown in child by parents in the Universal *gurukula*—the sweet home.

Upanayanam is generally performed in one's eighth year. Before that the child will be well-versed in three Ys. since, according to *sastraic* injunctions *Aksharabhyasa* begins when the child is $3\frac{1}{2}$ year old ; and will be familiar with the illustraions characters and morals in the Ramayana the Mahabharata, and other puranas having heard several stories from elders in the family. Firm foundation for the acquisition of further knowledge from the acharya is carefully laid at home.

Upanayanam is the ceremony performed in connection with the sending of the boy to the custody of Acharya. Word 'upanayanam' literally means 'leading near'. During the course of ceremonies Acharya instructs the boy as follows. sip the water. Do your duty, Don't sleep. Perform *bhikshacharan*. Be obedient to Acharya. Boy answers '*Bodham*'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

which means 'I will obey your instructions'. That day onwards commences the life of the boy in Gurukula.

In old days Gurukulas were not established near towns or thickly populated villages. They were in the vicinity of mountain slopes surrounded by natural sceneries with plenty of pure water and food. *Asramas* usually grew their own supply of food. As regards clothes and other bare necessities rulers and philomthic public supplied them. Gurukulas were autonomous and guru's word was the supreme law. The parents had hardly any voice in affairs of the Asrama. Neither emperor nor his ministers could even interfere with the management of Asrama. Tution, boarding, and lodging were free. All the inmates led a simple and contended life. Every student born high or low, prince or priest was treated alike and taught without any discrimination. Some Gurukulas had more than thousand students at a time. Guru of such an Asrama was known as *Kulapati*.

Gurukulas imparted instructions not only in Vedas and Shastras but also in secular subjects such as medicine, music, archery, politics, commerce, engineering etc. Many students from outside *Bharata* (India) attended these Gurukulas. Even householders after retiring from active life spent the eve of their life near the asramas to enjoy peace and seclusion. Amidst such surroundings the students life was moulded. Duration of stay at asrama was generally 12 years but it increased or decreased according to the intellectual capacity of the student.

The curricula of studies is also preseribed in shastras. *Manu* says 'छन्दान्सि शुक्लेषु नियतः पठेत् । वेदांगानिसमस्तानि कृष्णपक्षे तु संपठेत् । Vedas should be learnt during the bright half of the month and *vedangas* during the dark half. Education should be formative as well as informative. Manu declares शौचाचारांश्च शिक्षयेत् meaning students should be instructed about cleanliness and customs.

Discipline was strictly enforced on every inmate of the asrama. Students should get up early in the morning before that of Acharya. They should pray to god established in every

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

heart and then study lessions taught the previous day. Last quarter of night is conducive to the increase of intelligence. This is called ब्राह्ममुहूर्त:. *Kulluka Bhatta*, the celebrated commentator of Manusmrithi interprets this word as ब्राह्मी भारती तत्प्रबोधहेतुत्वात् ब्राह्म:. *Kalidasa* confirms this by this inimatable Simile. "पश्चिमद्यामिनीयामात्प्रसादमिव चेतना". Students were not permitted to keep awake after 9 P.M. Sound sleep for six hours was considered enough to be physically fit and healthy. Before sunrise guru proceeded to nearby river with all his students. After morning ablutions and *Sandhya*, acharya returns to Asrama with students then each student performs *Samidadhan* i.e. offering of samith in the fire.

Students of primary and higher classes were taught by guru. Students in the middle classes were taught by senior students under the strict and vigilent supervision of guru. Students had their own utensils for personal use. In the forenoon pupils collected bhiksha from near by houses and submitting the same to the guru partook only such portion of bhiksha allotted to them. Though asramas were self sufficient in the matter of food, bhiksha was enforced on all, prince and priest alike, as a measure of discipline and opportunity to be informed of this world.

Students had their tution in forenoon and afternoon. They were permitted in the evenings to play or work in open air in the adjoning gardens. Physical fitness was considered essential. Before sun set Acharya proceeded with all students to perform sandhya in the open air along the river side. Sandhya consists of *Pranayam* and *Tapa*. Pranayam in open fresh air coupled with concentration of mind reinvigorates the students. They collect bhiksha even in night and partake them as they did in the forenoon. They went to bed after their guru.

As part of discipline many injunctions were strictly enforced. Some of them are as follows :

(i) Students should sleep or sit on bare ground.
(ii) Should not sleep during day-time.
(iii) Should not attend dance recitals or performances.
(iv) Should not attend public meetings and assemblies.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(v) Should not indulge in self elevation.
(vi) Should speak to women only if unaviodable and that too in the presence of elders only.
(vii) Should come up for study whenever called for.
(viii) Should not indulge in wordly affairs.
(ix) Should clean their utensils and wash their clothes themselves.
(x) Should always be soft tempered.

There are amny does 'and don'ts' eleborated in *Dharma Shastras*. Although mother, father, and acharya are regarded as gurus, acharya is the most prominent of them. It is acharya who gives perfection through vidya by which he castes away all the bondages forever.

Acharya was custodian of students. In him were combined the mother, the father and all reletives. Guru has to take care of students as his own children. Students should revere acharya as god personified. Swetaswatera upanishad says,

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिताह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ।।

Students should know that Guru is *Easwara* who has assumed out of compassion a visible form to instrict him in the subject desired.

To err is human. If the pupil does not obey the rules of asrama what are the measures to be adopted to correct him? *Gautham* says "शिष्यशिष्टिरवधेन" "At the first instance only harsh words are to be used. If he does not improve he should be hit by a small rope or lean bamboo without causing any injury. If per chance guru hits hard by his hand or some injurious articles than he is permishable by the King. Some times an intelligent student may observe a tiny flaw or transgression of some Vedic injunctions by the guru himself deliberately or otherwise. Then the pupil should remined the guru about it in private.

After the completion of the study students return home permitted by the guru. The Convocation address delivered

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to students is mentioned in *Sikshavalli of Taittireya Upanishad* which is well-known.

For one interested in the acquisition of knowledge and wisdom world itself is a Gurukula. Twenty-four Gurus some sentient and some non-sentient are explained in the 7th adhyaya of 11th *Skandha* in *Bhagavatha*. I give one illustration

अणुभ्यश्च महद्भ्यश्च शास्त्रेभ्यः कुशली नरः ।
सर्वतस्सारमादद्यात्पुष्पेभ्य इव षट्पदः ॥

Sciences are vast and innumerable. One can not study all of them in a life time. An intelligent aspirant should collect the essence from them like a bee collecting honey, from several flowers.

Guru-bhakti and *Gurudakshina* are most essential in teacher-taught relation. *Yudhishtira* was a model Gurubhakta. When the rival armies were ready to clash, Yudhishtira jumped down from his chariot and walked barefooted towards *Bhishma*, *Drona*, and *Kripa* his Gurus in *Dhanurvidya* (Acharery) to obtain their blessings, though they were for the time being the strongest apponents in the rival camp. This is the type of bhakti that a student should possess of his Guru.

I have just tried to touch the essential rudiments that go to build the back-bone of the teacher-taught relation. This has been very claborately dealt with in our ancient literature. I feel that if our present day educationists care to take a glimpse of these old texts dealing with this subject, then they will surely find many good points worthy of introduction in modern educational institutions. While Gurukula may not re-appear as in the past the ancient discipline of teacher and taught, I presume, will have immense value even in present day educational institutions.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मृत्यु अथवा मूर्च्छा

डॉ० डी० के० गुप्त
उपनिदेशक, हिन्दी प्रकाशन समिति, का० वि० वि०

सन् १८९६ ई० की घटना है। कलकत्ते में कुछ युवक अंग्रेज अधिकारी जलपान के समय आपस में हँसी-मजाक कर रहे थे। अचानक उनमें से फ्रैंक लेसली नामक एक व्यक्ति का सिर लटक गया और वह टेबुल पर गिर गया। उसके दूसरे साथियों ने उसे शीघ्रता-पूर्वक उठा कर विस्तर पर लिटा दिया और प्राथमिक उपचार द्वारा उसे होश में लाने का प्रयास करने लगे। उनके सभी प्रयत्न निष्फल हुए। इससे पहले उसके खानदान में कई व्यक्ति दिल की बीमारी से मर चुके थे स्वयं फ्रैंक लेसली को दिल की बीमारी थी जिसका उसने कई बार इलाज करवाया था। इसलिए सबने निश्चय किया कि दिल की धड़कन रुक जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इसके पश्चात् उसे रस्मों-रिवाज के अनुसार कुनूर के कब्रिस्तान में गाड़ दिया गया। उसके परिवार के अन्य व्यक्ति उसे ऊटकमंड के सेंटजान चर्च के अहाते में दफनाना चाहते थे। छः महीने के बाद उन्हें शव स्थानान्तरित करने की आज्ञा प्राप्त हुई। उन लोगों न कब्र खोदकर ताबूत बाहर निकलवाया। यह निश्चित करने के लिए कि लाश लेसली की ही है, किसी अन्य व्यक्ति की नहीं; रस्मी तौर पर यह आवश्यक हुआ कि ताबूत खोलकर लाश की पहचान की जाय। जब ताबूत खोल-कर लोगों ने देखा तब वे एकदम घबड़ा कर पीछे हट गए। छः महीने पहले, जब लाश दफनाई गई थी तब उसे नए कपड़े पहनाए गए थे। लेसली का शव चित लिटा दिया गया था और दोनों हाथ सीने पर क्रास बनाते हुए रखे गए थे। परन्तु इस समय लाश मुँह के बल औंधी पड़ी थी, पैंट बायें घुटने के पास फट गई थी। सीने पर कमीज के चीथड़े पड़े थे। उसके मुँह के पास ताबूत के फर्श पर भी ढेर-सा खून सूख कर जम गया था। उसने अपनी ऊँगलियाँ चबा डाली थीं और सिर कई जगह नोच डाला था। इससे स्पष्ट था कि उस अभागे युवक को मरने से पूर्व ही दफना दिया गया था। कब्र में जब उसे पुनः होश आया तो उसने निकलने की पूरी कोशिश की। भय तथा क्रोध से उसने कपड़े और बाल नोच डाले और अन्त में, दम घुट जाने ले वास्तव में मर गया।

वस्तुतः भ्रमवश ऐसी अनेक घटनाएँ हुई हैं। ऐसी ही एक दर्दनाक घटना इटली में मान्टुआ के पास मजोला ग्राम में हुई। लावरीनिआ मेर्ली नामक गर्भिणी स्त्री, मिर्गी के दौर के कारण बृहस्पतिवार ३ जुलाई १८९० को मूर्छित हो गई। उसे ताबूत में बन्द कर शनिवार ५ जुलाई को दफनाने के लिए सब रिश्तेदार इकट्ठे हुए। जब अन्तिम दर्शन के लिए ताबूत खोला गया तो सब लोगों ने भय और आश्चर्य से देखा कि औरत ताबूत में उल्टी पड़ी हुई ह। ताबूत से बाहर निकलने के प्रयास में उसने सब कपड़े फाड़ डाले थे। ताबूत के अन्दर उसने सात महीने के बच्चे को जन्म दिया था। परन्तु ताबूत खुलने तक जच्चा और बच्चा दोनों ही दम घुटने के कारण मर चुके थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन घटनाओं से यह सन्देह हो सकता है कि वास्तव में "मृत व्यक्ति" पुनः जीवित हुआ था या उठाने, रखने, लाने या ले जाने में ताबूत के अन्दर लाश उलट गई थी और खरोंच लगने से कपड़े फट गए थे। परन्तु ऐसी भी घटनाएँ हुई हैं जिनमें "मृत व्यक्ति" उठ बैठा और फिर बहुत दिनों तक जीवित रहा। श्वार्त्स नामक मिशनरी पादरी का भारतवर्ष में देहान्त हुआ। तीन दिन पश्चात् अन्तिम संस्कार के लिए कुछ लोग इकट्ठे हुए और लाश के चारो ओर बैठ कर उनका प्रिय भजन गाने लगे। अपने प्रिय भजन की धुन कान में पड़ने से पादरी महोदय के शव में चेतना का संचार हुआ और लेटे ही लेटे वे भी गाने लगे। उनकी आवाज सुनकर लोगों ने जाना कि वे जीवित हैं।

उपर्युक्त घटनाओं में "मृत व्यक्ति" पुनः जीवित नहीं हुआ था बल्कि उसे मृत्यु से पहले ही मृत समझ लिया गया था। इससे ज्ञात होता है कि व्यक्ति को यदा कदा ऐसी मूर्छा आ जाती है जिससे वह मरा हुआ प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में उसकी साँस रुक जाती है। दिल की धड़कन या तो एक दम बन्द हो जाती है अथवा इतनी कम हो जाती है कि उसका आसानी से पता नहीं चलता। मनुष्यों में ऐसे उदाहरण यदा-कदा मिलते हैं परन्तु कुछ जानवरों में ऐसा नियमित रूप से होता है। ध्रुवों के समीप रहने वाले भालू जाड़े भर सोते हैं। इसे उनकी शीत निद्रा कहते हैं। वे बर्फ की मोटी तह के नीचे दबे पड़े रहते हैं जिससे उनकी शारीरिक क्रियाएँ न्यूनतम हो जाती हैं। यदि उन्हें बर्फ के ताप से भी अधिक ठण्डा किया जाय तो इनकी शारीरिक क्रियाएँ, जो पहले से ही बहुत कम थीं, अब इतनी कम हो जाती हैं कि उनकी चेनता का पता भी नहीं चलता। ऐसी स्थिति में यदि भालू का एक पंजा काटा जाय तो घमनियों से रक्त धारा के रूप में निकलने के बजाय बूंद-बूंद टपकता है। उसके दिल के पास थपथपाने से भी धड़कन नहीं होती पर गर्म वातावरण में रख कर यदि भालू धीरे-धीरे गर्म किया जाय तो वह शीघ्र ही उठ बैठता है।

सिद्ध योगियों की समाधि की बात सर्व विदित है। ऐसे योगी इच्छानुसार चेतना-हीनता की अवस्था प्राप्त कर लेते हैं। साधारण व्यक्ति भी कभी-कभी मूर्छा के शिकार हो जाते हैं। परन्तु वे स्वेच्छा से नहीं बल्कि किसी दुर्घटना अथवा बीमारी के कारण मूर्छित हो जाते हैं और कुछ देर बाद स्वयं ही चैतन्य हो जाते हैं। साधारणतया यह मूर्छा कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों की होती है। एक विस्मयकारी घटना ऐसी भी हुई है जिसमें एक महिला २० वर्ष तक बेहोश रही। मार्गरीट बोजेनवाल नामक २१ वर्षीय अविवाहित युवती को १८८३ में एक अवैध सन्तान उत्पन्न हुई। उसकी एक सहेली ने उससे मजाक में कहा कि पुलिस तुम्हें पकड़ने आ रही है। इससे उसे ऐसा भय हुआ कि वह बेहोश हो गई। और २० वर्ष तक बहोश रही। डाक्टरों ने उसके सामने के दाँत तोड़ कर एक नली गले तक पहुँचा दी थी जिससे उसे खाना पहुँचाया जाता रहा। २० वर्ष बाद उसे होश आया फिर तीन दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के दिन उसने आँखें खोलीं कुछ बात-चीत भी की। शायद उसका कमजोर शरीर इतना परिश्रम न सह सका और वह मर गई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी-किसी को ऐसी मूर्छा आती है कि उसमें जीवन का कुछ भी चिह्न शेष नहीं रह जाता। कुछ घंटे ऐसी अवस्था में रहने पर उन्हें मृत समझ लिया जाता है। प्रायः ऐसी मूर्छा शरीर गर्म करने पर दूर हो जाती है। पारसी लोगों में एक प्रथा है कि वे मृतक के अन्तिम संस्कार के समय उसे गर्म पानी से धोते हैं। तत्पश्चात् कई घंटे तक उसके समीप आग जलाकर उसमें सुगन्धि आदि डालते हैं। हिन्दू जब लाश चिता पर रख कर आग लगाते हैं तब चिता की गर्मी से भी मूर्छा दूर हो सकती है। कुछ घटनाएँ ऐसी घटी हैं जिनमें मृत व्यक्ति चिता पर उठ बैठा। परन्तु सम्बन्धियों ने उसे प्रेत समझ कर बाँस से मारना शुरू किया और उस वास्तव में मार डाला।

जब कोई व्यक्ति मरता है तब साधारणतया उसके दिल की धड़कन तथा नाड़ी की परीक्षा करते हैं। यदि पास में कोई डाक्टर हुआ तो उसे बुला लेते हैं। वह स्टेथेस्कोप की सहायता से दिल की धड़कन सुनने का प्रयत्न करता है अन्यथा मृत्यु निश्चित समझी जाती है। परन्तु ऊपर दिए गए उदाहरण इस बात के प्रमाण हैं कि ऐसी "मृत्यु" धोखा भी हो सकती है।

मृत्यु की परीक्षा के लिए निम्नलिखित अन्य विधियाँ भी हैं। हल्की बिजली लगाने से मृत व्यक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता परन्तु यदि जीवन है तो शरीर में हरकत हो सकती है। ठंडे प्रदेशों में नाक के पास स्वच्छ दपण लगा देते हैं। यदि थोड़ी बहुत भी साँस चल रही हो तो शीशे पर धुंध छा जाती है। शरीर यदि कड़ा पड़ने लगे तो यह भी मृत्यु का प्रतीक होता है। जिस व्यक्ति की परीक्षा करनी हो उसकी हथेली फैला देते है और ऊँगलियाँ आपस में सटा कर तेज प्रकाश के सामने रखते हैं। यदि ऊँगलियों के बीच से छन कर लाल रंग का प्रकाश दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि शरीर में रक्त संचार बन्द नहीं हुआ है और व्यक्ति जीवित है। मृत्यु का केवल एक ही निश्चित प्रमाण है शरीर का सड़ना। जीवित व्यक्ति में किसी प्रकार का हरकत हो अथवा नहीं, शरीर वैसा ही ताजा बना रहेगा। मृत शरीर कुछ समय बाद सड़ने लगता है। अपने देश में गर्म वातावरण होने के कारण कुछ घंटों में ही शरीर से बदबू आन लगती है। इडिनबर्ग में लड़कियों के एक होस्टल की एक लड़की बीमार पड़ी और कुछ दिनों बाद मृतप्राय हो गई। वहाँ के सुप्रसिद्ध अस्पतालों के बड़ अनुभवी डाक्टरों ने उसकी मौत प्रमाणित की ताकि उसे दफना दिया जाय। परन्तु वहाँ की वार्डेन ने उसे दफनाने से इन्कार कर दिया और कहा कि जब तक शरीर में सड़ने के चिह्न प्रगट नहीं होते भगवान के कहने पर भी इसे दफनाया नहीं जा सकता। दस दिनों तक लड़की के शरीर में सड़न या दुर्गन्धि का कोई चिह्न प्रगट नहीं हुआ तब वहाँ के डाक्टरों को अपने पर अविश्वास होने लगा। तेरहवें दिन लड़की उठ बैठी और बिल्कुल चंगी हो गई।

आस्ट्रिया में एक व्यक्ति की ऐसी ही मृत्यु हुई। तीन दिन बाद उसे दफनाने की तैयारी होन लगी। परन्तु मृत व्यक्ति का कुत्ता बराबर उसकी लाश के पास बैठा रहा वह लाश के पास आने वालों को भौंकता था और जब ताबूत गढ्ढे में उतारा जाने लगा तब कुत्ता ताबूत उठाने वालों को काटने दौड़ा। इससे ताबूत उनके हाथ से छूट कर गिर पड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और टूट गया। उसके अन्दर से व्यक्ति जीवित बाहर निकल आया। कई घटनाओं के अनुसार संभवतः जानवर यह पता लगा सकते हैं कि व्यक्ति वास्तव में मरा है अथवा नहीं।

मृत्यु की परीक्षा एवं मृत्यु का कारण जानने के लिए लाश की चीर-फाड़ अथवा पोस्ट मार्टम परीक्षा की जाती है। परन्तु कई मामलों में चीर फाड़ करने पर पता लगा कि व्यक्ति वास्तव में मरा नहीं था उसका दिल धड़क रहा था और वह चीर फाड़ के कारण ही मर गया। न्यूयार्क के एक अस्पताल में एक व्यक्ति अचानक मृतप्राय हो गया। मृत्यू का कारण न निश्चित कर सकने पर डाक्टर ने पोस्टमार्टम (शव परीक्षा) करने का निश्चय किया। उसन जैसे ही छुरी से पहला चीरा लगाया वैसे ही व्यक्ति उठ बैठा और डाक्टर का गला पकड़ लिया। भय के कारण डाक्टर के दिल की धड़कन बन्द हो गई और वह वहीं मर गया परन्तु टेबुल पर पड़ा "मृत" समझा जाने वाला व्यक्ति पूरी तरह भला चंगा हो गया।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाकवि राजशेखर

डॉ शिवनाथ शर्मा पाण्डेय
शोध-सहायक, हिन्दी का ऐतिहासिक-व्याकरण विभाग

अलंकारशास्त्र भारतीय आलोचकों की सूक्ष्म आलोचना पद्धति का परिचायक है। कहा जाता है कि अलंकारों के ज्ञान के बिना वेदार्थ को भी समझना कठिन है[१]। इसके उपयोग पर ध्यान देकर ही **राजशेखर** ने इसे वेद का सप्तम अंग माना है[२]। भारतीय आलोचकों के मध्य अलंकार-विवेचन सदा से एक रोचक विषय बना रहा; इसी का परिणाम है कि आचार्य भरत से लेकर पण्डितराज जगन्नाथ तक अलंकारों का सतत विवेचन होता आया है। इस विचार-विमर्श के फलस्वरूप अलंकारों की संख्या भी बढ़ती गई। **भरत** के समय अलंकारों की संख्या ४ थी पर **अप्पय दीक्षित** तक आते आते १२४ हो गई। आलंकारिक, अलंकारों के बिना काव्य की स्थिति ही स्वीकार नहीं करते। इन लोगों ने काव्य के रूप में कथित समस्त उक्तियों में अलंकारों की स्थिति स्वीकार की है।

काव्य का आत्मभूत तत्त्व रस है और उसी के अंगों का विवेचन अलंकारशास्त्र का उद्देश्य है। अलंकार-शास्त्र वास्तव में रस-शास्त्र है। आलंकारिकों ने अपनी सूक्ष्म विषयग्राहिणी प्रतिभा द्वारा जिन तत्वों को खोजा, वे संपूर्ण आलोचना-जगत् के लिए नितान्त उपादेय हैं।

भारतीय आलंकारशास्त्र के इतिहास में महाकवि राजशेखर ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त की है। इन्होंने अनेक काव्यग्रन्थों तथा नाटकों का प्रणयन किया है। '**काव्य मीमांसा**' उनमें विशेष महत्वपूर्ण है। **बालभारत, बालरामायण, कर्पूरमंजरी** तथा **विद्धशाल भंजिका** प्रभृति इनकी नाट्य-रचनाएँ हैं। केवल काव्यप्रतिभा के कारण ही नहीं, प्रत्युत इनके ग्रन्थों में मिलने वाली पर्याप्त ऐतिहासिक भौगोलिक एवं सामाजिक सूचनाओं के कारण भी इनका महत्व माना जाता है। राजशेखर ने 'काव्यमीमांसा' में अपने मतों का उपस्थापन '**यायावर**' नाम से किया है। राजशेखर के पूर्व पुरुष भी अपने नाट्य-कौशल एवं विद्वता के लिए प्रसिद्ध हो चुके थे। उदाहरणार्थ इनके प्रपितामह अकाल जलद का नाम लिया जा सकता है, जिन्होंने '**कादम्बरी राम**' नाम के नाटक की रचना थी[३]। राजशेखर के पिता, जिनका नाम दर्दुक या दुहिक था, किसी राज्य के महामंत्री थे। राजशेखर की पत्नी अवन्तिसुन्दरी भी विदुषी थीं, जिनके मतों का यत्र-तत्र उल्लेख 'काव्यमीमांसा' में किया गया है[४]।

---

[१] 'ऋते च तत्स्वरूपपरिज्ञानाद्वेदार्थानवगतिः' **काव्यमीमांसा** पृ० ३

[२] 'उपकारकत्वादलंकारः सप्तमंगमिति' यायावरीयः—वही

[३] 'अकालजलदश्लोकैश्चित्रमात्मृतैरिव।
जातः कादम्बरी रामो नाटके प्रवरः कविः।' **सूक्तिमुक्तावली** में उद्धृत।

[४] 'इयमशक्तिर्न पुनः पाकः' इत्यवन्तिसुन्दरी। —काव्यमीमांसा पृ० २०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजशेखर के नाटकों में मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर उनका समय निर्धारण करने में पर्याप्त सहायता मिलती है। ये कन्नौज के राजा **महेन्द्रपाल** के उपाध्याय थे। उक्त राजा के उत्तराधिकारियों द्वारा भी इन्हें पर्याप्त सम्मान मिलता रहा। सिडोनी शिलालेख से पता चलता है कि महेन्द्रपाल का राज्यकाल ९०३ ईस्वी से ९०७ ईस्वी के मध्य था। राजशेखर ने **'गउड़वहो'** के रचयिता **वाक्यपतिराज**; **उद्भट** तथा **आनंदवर्धन** को अपने ग्रन्थों में उद्धृत किया है। अतः इनका समय ८०० ईस्वी से ९२० ईस्वी का मध्यभाग रहा होगा।

राजशेखर ने 'काव्यमीमांसा' में अपने को 'कविराज' कहा है। कवियों का श्रेणी विभाजन करते समय उन्होने कवियों की दस श्रेणियाँ मानी हैं, जिनमें सातवाँ स्थान **'कविराज'** का है। कविराज वह कहलाता है, जो विभिन्न भाषाओं में, विभिन्न प्रकार के प्रबंधों की, विभिन्न रसों म रचना कर सके।

'कर्पूरमंजरी' के अध्ययन से पता चलता है कि राजशेखर ने अपने कवि-जीवन का प्रारंभ 'बाल-कवि' के स्तर से किया था। उस समय उन्होंने 'बालभारत' तथा 'बालरामायण' की रचना की थी। 'विद्वशालभंजिका' भी इसी समय की रचना है। 'कर्पूरमंजरी' तथा 'काव्यमीमांसा' इनकी बाद की रचनाएँ हैं, जो काफी प्रौढ़ हैं। **'हरविलास'** नाम का एक प्रबन्ध भी इनके द्वारा निर्मित किया गया है। इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में प्राचीन कवियों की प्रशंसा की गई है। साधारणतया कवि के पारिवारिक इतिहास तथा उसकी कवित्व-शक्ति की प्रशंसा करने की यह परिपाटी आख्यायिकाओं तथा कथाकाव्यों में भी मिलती है। उदाहरण के लिए **'हर्षचरित'**, **'तिलकमंजरी'** तथा **'उदयसुन्दरी'** आदि ग्रन्थों में यह परंपरा देखी जा सकती है। प्राकृत ग्रन्थों (१२ वीं शती के आसपास के) में भी यह परम्परा चलती रही।

राजशेखर ने **'भुवनकोश'** नामक, एक अन्य ग्रन्थ का भी प्रणयन किया था, जिसमें संसार का भूगोल वर्णित था। 'काव्यमीमांसा' में राजशेखर द्वारा उक्त ग्रंथ के निर्मित किए जाने का संकेत मिलता है[1]। इनकी बहुत सी ऐसी रचनाएँ हैं, जिनका उल्लेख यत्रतत्र ग्रंथों में है, किन्तु वे मिलती नहीं। उदाहरण के लिए 'कविविमर्श' नाम के एक ग्रन्थ का उल्लेख 'सूक्ति मुक्तावली' में किया गया है, किन्तु उक्त-ग्रंथ के राजशेखर कृत होने में विद्वानों को संदेह है।

'काव्यमीमांसा' के प्रारम्भिक अध्यायों को देखने से पता चलता है कि कवि जिस समारंभ के साथ ग्रन्थ रचना पूरा करने को उद्यत हुआ था उसे वह उतने विस्तृत रूप में पूरा नहीं कर सका। उपलब्ध 'काव्यमीमांसा', प्रस्तावित ग्रंथ का पूर्वभाग है। कवि उसे संभवतः इसी रूप में पूरा कर सका।

---

[1] 'इत्थं देश विभागो मुद्रामात्रेण सूत्रितः सुधियाम्।
यस्तु जिगीषत्यधिकं पश्यतु मद्भुवनकोशमसौ।'
—काव्यमीमांसा—पृ० ९८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. काव्यपुरुष—

काव्यपुरुष और उसकी पत्नी साहित्य विद्यावधू की कल्पना साहित्य में बड़ी ही रोचक वस्तु है। ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने इसकी कल्पना ऋग्वेद में वेदपुरुष की प्रशंसा में कहे गए मन्त्रों के आधार पर की है[१]। विद्या की मअधिष्ठातृ देवी सरस्वती पुत्र की कामना से हिमालय जाकर तपस्या करती है उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा उन्हें पुत्र होने का वरदान देते हैं। कुछ दिनों बाद उन्हें काव्यपुरुष नाम का पुत्र उत्पन्न होता है। पैदा होते ही वह छंदोमयी वाणी में बोलता है। सरस्वती उसके मुख से छंदोमयी वाणी सुनकर बड़ी प्रसन्न होती है और उसकी प्रशंसा में कहती हैं कि 'तुम्हारा शरीर शब्द-अर्थमय है। संस्कृत मुख, प्राकृत बाहु, अपभ्रंश जंघा, पैशाची पैर और मिश्रकाव्य उरःस्थल है। विभिन्न प्रकार की उक्तियाँ ही तुम्हारी वाणी हैं। रस आत्मा है, अनेक प्रकार के छन्द, रोमावली तथा विविध प्रकार के प्रश्नोत्तर एवं प्रहेलिका आदि ही तुम्हारी वाक्केलि हैं, उपमा तथा अनुप्रासादि अलंकार तुम्हें अलंकृत करते हैं[२]।

२. साहित्यिक सभामण्डप :—

काव्यपुरुष की कल्पना की तरह राजशेखर ने कवियों की परीक्षा तथा काव्यगोष्ठी के आयोजन के लिए एक प्रकार के साहित्यिक सभामण्डप की भी व्यवस्था की है, जिसका आयोजन राजकवि (King Poet) को करना चाहिए। उक्त सभामण्डप में विभिन्न विद्वानों के स्थान नियत किए गए हैं। उस सभामण्डप में १६ खम्भे, ४ दरवाजे तथा ८ मत्तवारणियाँ होनी चाहिए। उसे राजा के केलिगृह से सटा होना चाहिए। सभा-मण्डप के बीचोबीच चार खम्भों से युक्त एक हाथ ऊँची मणिवेदिका बनाई जानी चाहिए, जिस पर राजा को बैठने की व्यवस्था हो। राजा के उत्तर ओर संस्कृत कवियों को बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, उनके पीछे वेद-विद्याविद, नैयायिक, पौराणिक, स्मार्त्त, वैद्य, ज्यौतिषी तथा अन्य लोगों को बैठाना चाहिए। पूर्व दिशा की ओर प्रकृति कवि बैठें, उनके पीछे नटों, नर्तकों, गायकों तथा वादकों को बैठाना चाहिए। पश्चिम दिशा की ओर अपभ्रंश कवियों को बैठाने की व्यवस्था करनी चाहिए, उनके पीछे चित्रकार, माणिक्यबन्धक, वैकटिक (जौहरी), स्वर्णकार, बढ़ई तथा लोहकार आदि बैठें। दक्षिण दिशा की ओर भूतभाषा के कवियों (पैशाची कवियों) को बैठना चाहिए, उनके पीछे भुजङ्गगणिका, प्लवक, शौभिक, जम्भकमल्ल तथा शस्त्रोपजीवियों को बैठाना चाहिए। ऐसी विशिष्ट सभा को आयोजित करके राजा को काव्य-परीक्षा करनी चाहिए[३]।

---

१ 'चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तासोऽस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मर्त्यामाँविवेश।' का० मी० पृ० ६

२ 'शब्दार्थौ ते शरीरम्। संस्कृतं मुखं, प्राकृतं बाहुः, जघनमपभ्रंशः पैशाचं पादौ, उरो मिश्रम्। समः प्रसन्नो मधुरउदार ओजस्वी चासि। उक्तिचणंच ते वचो, रस आत्मा, रोमाणि छन्दांसि। प्रश्नोत्तर प्रवेहिकादिकं च वाक्केलिः। अनु-प्रासोपमादयश्च त्वामलङ्कुर्वन्ति। का० मी० पृ० ६

३ 'राजाकविः कवि समाजं विदधीत।···स काव्यपरीक्षायै सभां कारयेत्···तत्र यथासुखमासीनः काव्यगोष्ठीं प्रवर्त्तयेत् भावयेत् परीक्षेत् च।'
का० मी० पृ० ५४-५५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ काव्य-शास्त्र की परीक्षा :—

राजशेखर ने बतलाया है कि राजा को काव्य की परीक्षा करने के लिए सभा का आयोजन करना चाहिए। उसे स्वयं सभापति बनकर उनकी काव्य रचनाओं को सुनना चाहिए। जिसकी रचना उसे अच्छी लगे, उसे पुरस्कार भी देना चाहिए। ऐसी सभा शिक्षित लोगों की होनी चाहिए और उसका आयोजन किसी बड़े नगर में किया जाना चाहिए। प्राचीन समय में ऐसी सभाओं का आयोजन किया जाता था। उज्जयिनी में आयोजित ऐसी ही सभा में कालिदास, मेण्ठ, अमर आदि कवियों की परीक्षा हो चुकी थी, ऐसा उल्लेख मिलता है[1]। पाटलिपुत्र में भी शास्त्रकारों की परीक्षा होती थी। ऐसी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के अनन्तर ही पाणिनि, उपवर्ष, वर्ष, पिंगल, व्याडि, वररुचि तथा पतंजलि आदि ने प्रसिद्धि प्राप्त की थी[2]।

४. साहित्यिक-परम्परा का निर्देश :—

राजशेखर ने संस्कृत साहित्य में प्रचलित विभिन्न परम्पराओं की भी चर्चा की है। 'काव्य-मीमांसा' से पता चलता है कि मेधाविरुद्र तथा कुमारदास जात्यन्ध कवि थे। 'काव्यमीमांसा' में रामायण, महाभारत, गीता, रघुवंश, कुमार सम्भव, विक्रमोर्वशीय, शाकुन्तल, किरातार्जुनीय, जानकीहरण, कादम्बरी, हयग्रीववध, मालतीमाधव, सूर्यशतक, वेणी संहार, शिशुपालवध, महानाटक तथा महिम्नस्तोत्र आदि ग्रन्थों के उद्धरण मिलते हैं। आलंकारिकों में सुरानन्द, श्यामदेव, वामन, उद्भट, रुद्रट, वाक्पतिराज, अवंतिसुन्दरी तथा आनन्दवर्द्धन के मतों का यत्रतत्र उल्लेख मिलता है। 'काव्यमीमांसा' में कई श्लोकों की पुनरावृत्ति भी हुई है। उदाहरण के लिए—'स्तेमः स्तोकोऽपि (पृ० २५ तथा ८३), स्नानार्द्रैः (पृ० ६७ तथा ७६), संविधातुमभिषेक (पृ० ७३ तथा ७४), एतास्ताः (पृ० ४५ तथा ८२) तथा एतां विलोकय (पृ० १९ तथा ४५) आदि श्लोक कई बार पुनरावृत्त हुए हैं।

५. लाटदेश से कवि का विशेष प्रेम :—

राजशेखर के ग्रंथों को देखने से यह पता चलता है कि उनका महोदय, कन्नौज, पांचाल तथा लाटदेश से विशेष सम्बन्ध था। कन्नौज के राजा के दरबार में उपाध्याय होने के कारण उन्होंने उक्त देश की प्रशंसा की है।[3] महोदय तथा पांचाल देश की प्रशंसा करते

---

[1] श्रूयते चोज्जयिन्यां काव्यकारपरीक्षा —
'इहकालिदास मेण्ठावत्रामररूपसूरभारवयः।
हरिश्चन्द्रचन्द्रगुप्तौ परीक्षितावह विशालायाम्।'

[2] श्रूयते च पाटलिपुत्रे शास्त्रकारपरीक्षा—
'अत्रोपवर्षवर्षाविह पाणिनिपिङ्गलाविह व्याडिः।
वररुचिपतञ्जली इह परीक्षिताः ख्यातिमुपजग्मुः।' का० मी० पृ० ५५

[3] 'इदं द्वयं सर्वमहापवित्रं परस्परालङ्करणैकहेतुः।
पुरं च हे जानकि! कान्यकुब्जं सरिच्चगौरीपतिमौलिमाला।'
बालरामायण—१०।८९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए उन्होंने बतलाया है कि निर्देशों का परीक्षण महोदय देश से ही हो सकता है। कवि ने वहाँ की स्त्रियों की प्रशंसा की है। राजशेखर ने पांचाल को अन्तर्वेद का भूषण बतलाया है[1]। 'कर्पूरमंजरी' नाम के नाटक में उन्होंने जिसे अपनी नायिका चुना है, वह भी लाट-देश के राजा की कन्या थी। इसी प्रकार 'विद्धशालभंजिका' भी लाटदेश से सम्बन्धित थी। 'बालरामायण' में भी लाटदेश की प्रशंसा की गई है। यहाँ के कवियों के कवितापाठ की प्रशंसा तथा यहाँ की स्त्रियों के सौन्दर्य का हृदयग्राही वर्णन कवि ने अपने ग्रंथों में यत्रतत्र किया है।

६. भौगोलिक वर्णन :—

'काव्यमीमांसा' के १७ वें अध्याय में, भारत के भौगोलिक स्थानों का वर्णन मिलता है। दशम अंक में राम के लंका से अयोध्या आने तक के मार्ग में पड़ने वाले देशों का विस्तृत वर्णन किया गया है। हेमचन्द्र तथा वाग्भट ने, काव्यमीमांसा' के उपर्युक्त प्रसंग से, अपने ग्रंथ के प्रणयन में, काफी सहायता ली है। 'भुवनकोश' नाम के इनके एक अन्य ग्रंथ का संकेत मिलता है, जो आजकल प्राप्त नहीं है। उसमें अवश्य भौगोलिक वर्णन विस्तार के साथ रहा होगा।

राजशेखर ने आर्यावर्त को पाँच भागों में विभाजित किया है :—(१) पूर्वदेश (२) दक्षिणापथ (३) पश्चाद्देश (४) उत्तरापथ (५) मध्यदेश।

बनारस के पूर्व दिशा की ओर पूर्वदेश स्थित माना गया है। यहाँ के प्रसिद्ध स्थानों में अङ्ग, कलिङ्ग, कोसल, तोसल, उत्कल, मगध, मुद्गर, विदेह, नेपाल, पुण्ड्र, तामलिप्तक, मलद, मल्लवर्तक, सुह्म तथा ब्रह्मोत्तर आदि का निर्देश किया गया है। यहाँ के प्रसिद्ध पर्वतों में लोहितगिरि, चकोर, दर्दुर, कामरूप आदि का तथा प्रसिद्ध नदियों में शोण (सोन नद) लौहित्य, गंगा, करतोया एवं कपिशा आदि का नामोल्लेख मिलता है।

माहिष्मती की दूसरी ओर दक्षिणापथ स्थित है। इसमें महाराष्ट्र, माहिषक, अश्मक, विदर्भ, कुन्तल, ऋथकैशिक, सूर्पारक, काञ्ची, केरल, कावेर, मुरल, वानवासक, सिंहल, चोड, दण्डक, पाण्ड्य, पल्लव, गाङ्ग, नाशिक्य (नासिक), कोङ्कण, कोल्लगिरि तथा वल्लर आदि देश हैं। दक्षिणापथ के प्रसिद्ध पर्वतों में विन्ध्य का दक्षिणपाद, महेन्द्र, मलय, मेकल, पाल, मञ्जर, सह्य तथा श्रीपर्वत का नाम लिया जाता है। यहाँ की प्रसिद्ध नदियों में नर्मदा, तापी, पयोष्णी, गोदावरी, कावेरी, भैमरथी, वेणा, कृष्णवेणा, वञ्जुरा, तुङ्गभद्रा, ताम्रपर्णी, उत्पलावती, तथा रावणगंगा आदि का निर्देश मिलता है।

देवसभ पर्वत की दूसरी ओर पश्चाद्देश स्थित था। इसमें देवसभ, सुराष्ट्र, श्रवण, भृगुकच्छ, कच्छीय, आनर्त, अर्बुद तथा यवन आदि देश स्थित थे। यहाँ के प्रसिद्ध पर्वतों

---

[1] 'यत्रार्थे न तथानुरज्यति कविर्ग्रामीणगीर्गुम्फने-
शास्त्रीयासु च लौकिकेषु च यथा भव्यासु नव्योक्तिषु।
पाञ्चालास्तव पश्चिमेन त इमे वामा गिरां भाजनाः
त्वद्दृष्टेरतिथी भवन्तु यमुनां त्रिस्रोतसं चान्तरा।' —वही १०।८६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में गोवर्धन, गिरिनगर, देवसभ, माल्यशिखर तथा अर्बुद आदि का और प्रसिद्ध नदियों में सरस्वती, श्वभ्रवती, वार्तघ्नी, मही एवं हिडिम्बा आदि का नामोल्लेख किया गया है।

पृथूदक की दूसरी ओर उत्तरापथ स्थित था। यहाँ के प्रसिद्ध देशों में शक, केकय, वोक्काण, हूण, वाणयुज, काम्बोज, वाह्लीक, तुरुष्क, बर्बर तथा हंसमार्ग आदि की गणना की गई है। उत्तरापथ के पर्वतों में हिमालय, कलिन्द, इन्द्रकील एवं चन्द्राचल की और प्रसिद्ध नदियों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, शतद्रु, चन्द्रभागा, यमुना तथा वितस्ता आदि की गणना की जाती है।

इन देशों के मध्य में मध्यदेश स्थित था।

७. भारत के विभिन्न भागों में बोली जाने वाली भाषाएँ :—

गौड़ देश के लोग संस्कृत, लाटदेशीय, प्राकृत तथा टक्कदेशीय अपभ्रंश बोलने में विशेष पटु थे। अवन्तिका तथा दशपुर में रहने वाले भूतभाषा (पैशाची प्राकृत) का प्रयोग करते थे। मध्यदेशीय सभी भाषाओं को बोलने में सक्षम थे[१]।

८. राजशेखर का प्राकृत प्रेम :

"बाल रामायण" की प्रस्तावना में कहा गया है कि राजशेखर सभी भाषाओं के अच्छे ज्ञाता थे। अपने लिए उन्होंने "कविराज" शब्द का जो प्रयोग किया है, उससे भी इसी बात की ओर संकेत मिलता है। उन्होंने एक स्थल पर कहा भी है कि अच्छे कवि को अपनी योग्यता, रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप सभी भाषाओं में प्रवीणता प्राप्त करनी चाहिए। एक ही विचार, कवि की योग्यता के अनुसार, विभिन्न भाषाओं के माध्यम से प्रकट किए जाने पर, पृथक्-पृथक् सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। वह कवि जिसकी बुद्धि सभी भाषाओं में काव्य-रचना करते समय समान गति से चलती है, विश्व में अनन्त ख्याति को प्राप्त करता है[२]। "बाल रामायण" में प्राकृत के माधुर्य की चर्चा करते हुए बताया गया है कि प्राकृत में स्वाभाविक माधुर्य होता है। अपभ्रंश की रचना भी भव्य एवं सुन्दर होती है। भूतभाषा की रचनाएँ सरस होती हैं[३]। "कर्पूरमंजरी" में एक स्थल पर तो यहाँ

---

१. 'गौड़ाद्याः संस्कृतस्थाः परिचितरुचयः प्राकृते लाटदेश्याः
सापभ्रंशप्रयोगाः सकलमरुभुवष्टक्कभादानकाश्च।
आवन्त्याः पारियात्राः सह दशपुरजैर्भूतभाषां भजन्ते
यो मध्ये मध्यदेशं निवसति स कविः सर्वभाषा निषण्णः।'—का० मी० पृ० ५१.

२. "एकोऽर्थ संस्कृतोक्त्या स सुकविरचनः प्राकृतोनापरोऽस्मिन्
अन्योऽपभ्रंशगीर्भिः किमपरमपरो भूतभाषाक्रमेण।
द्वित्राभिः कोऽपि वाग्भिर्भवति चतसृभिः किञ्च कश्चिद्विवेक्तुं
यस्येत्थं धीः प्रपन्ना स्तपयति सुकवेस्तस्य कीर्तिर्जगन्ति"
का० मी० पृ० ४८–४९

३. "गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतधुरः
सुभव्योऽपभ्रंशः सरस रचनं भूतवचनम्।
विभिन्नाः पन्थानः किमपि कमनीयाश्च त इमे-
निबद्धा यस्त्वेषां स खलु निखिलेऽस्मिन् कवि वृषा।" बाल रामायण १।१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तक कहा गया है कि संस्कृत रचना परुष तथा प्राकृत रचना सुकुमार होती है[1]। यद्यपि आज संस्कृत-कविता हम लोगों को प्राकृत कविताओं की अपेक्षा अधिक सुकुमार प्रतीत होती है।

९. भारतीय कवियों का कविता-पाठ और उसकी सरसता :—

"काव्य मीमांसा" के सातवें अध्याय में बताया गया है कि भारतीय कवियों का कविता-पाठ किस प्रकार का होता था ? राजशेखर का विचार है कि संस्कृत को जानने वाले काव्य-रचना तो यथाकथंचित् कर लेते हैं, किन्तु कविता को अच्छी तरह वे ही पढ़ सकते हैं, जिन्हें सरस्वती सिद्ध हों[2]। यह पाठ सौन्दर्य एक जन्म के प्रभाव से नहीं होता, प्रत्युत जन्मान्तर में किए गए अभ्यास से प्राप्त होता है, सुन्दर, काकु-समन्वित, उज्ज्वल, अर्थ को स्पष्ट करने के लिए टुकड़े-टुकड़े में अलग करके पढ़ा जाने वाला तथा कानों को सुख देने वाला पाठ ही प्रशंसनीय माना गया है[3]।

राजशेखर ने बताया है कि वाराणसी के पूर्व मगध आदि देशों की ओर रहने वाले कवि लोग संस्कृत तो बड़े अच्छे ढंग से पढ़ते थे किन्तु प्राकृत पढ़ने में वे कुण्ठमति होते थे[4]। गौड़ देश के लोग भी प्राकृत अच्छी तरह नहीं बोल पाते थे[5]। द्रविड़ देश के कवि गद्य, पद्य तथा मिश्र सभी को गाकर पढ़ते थे[6]। लाट देशीय संस्कृत से द्वेष करते थे, किन्तु वे प्राकृत को बड़े अच्छे ढंग से पढ़ते थे[7]। सौराष्ट्र और त्रवण देश के लोग अपभ्रंश की तरह संस्कृत को भी अधिक सुष्ठुता के साथ पढ़ते थे[8]। उत्तरापथ के कवि (पहाड़ी लोग) सानुनासिक पाठ करते थे[9]। सर्वोत्तम पाठ पांचाल देश के कवियों का होता था। वे सम्पूर्ण रचना को

---

१. "परुसा सक्कअबन्धा पाउअबन्धो वि होइ सुउमारो।
पुरिसमहिलाणं जेत्तिअमिहन्तरं तेत्तिअमिमाणं।"—कर्पूर मंजरी १।४

२. "करोति काव्यं प्रायेण संस्कृतात्मा यथा तथा।
पठितुं वेत्ति स परं यस्य सिद्धा सरस्वती।" का० मी० पृ० ३३

३. "यथा जन्मान्तराभ्यासात्कण्ठे कस्यापि रक्तता।
तथैव पाठसौन्दर्यं नैकजन्मविनिर्मितम्।"—वही० पृ० ३३

४. ललितं काकुसमन्वितमुज्जवलमर्थवशकृतपरिच्छेदम्।
श्रुति सुखविविक्तवर्णं कवयः पाठं प्रशंसन्ति।—वही

५. पठन्ति संस्कृतं सुष्ठु कुण्ठाः प्राकृतवाचि ते।
वाराणसीतः पूर्वेण ये केचिन्मगधादयः।—वही

६. गद्ये पद्येऽथवा मिश्रे काव्ये काव्यमना अपि।
गेयगर्भे स्थितः पाठे सर्वोऽपि द्रविड़ः कविः।—का० मी० पृ० ३४

७. पठन्ति लटभं लाटाः प्राकृतं संस्कृतद्विषः।
जिह्वया ललितोल्लापलब्धसौन्दर्यमुद्रया।—वही

८. सुराष्ट्रत्रवणाद्या ये पठन्त्यर्पितसौष्ठवम्।
अपभ्रंशावदंशानि ते संस्कृतवचां स्यपि।—वही

९. "ततः पुरस्तात्कवयो ये भवन्त्युत्तरापथे।
ते महत्यपि संस्कारे सानुनासिकपाठिनः।"—वही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यति से पृथक्-पृथक् करके पढ़ते थे। उनका कविता पाठ कान में अमृत क्षरण की भाँति सुनने में सुखकर होता था[1]।

१०. स्त्री शिक्षा :

स्त्री-शिक्षा के सम्बन्ध में राजशेखर के विचार महत्त्वपूर्ण हैं। उनका कहना है कि स्त्रियाँ भी पुरुषों की तरह कवि हो सकती हैं। कवित्व-संस्कार स्त्री पुरुष दोनों में समान होता है। सुना और देखा गया है कि राज कन्याएँ, आमात्यों की पुत्रियाँ तथा गणिकाएँ भी शास्त्रप्रहत बुद्धि वाली तथा कवि हुई हैं।

---

१. "मार्गानुगेन निनदेन निधिर्गुणानां
सम्पूर्णवर्णरचनो यतिभिर्विभक्तः।
पाञ्चालमण्डलभुवां सुभगः कवीनां
श्रोत्रे मधु क्षरति किंचन काव्यपाठः।"—वही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्व मध्यकाल में जैन धर्म की समन्वयवादी प्रवृत्ति

श्री सिद्धनाथ झा
भारती महाविद्यालय

पूर्व मध्यकाल में दक्षिण-भारत में जैन, शैव तथा वैष्णव धर्म में पारस्परिक संघर्ष चल रहा था। वैष्णवधर्म की अपेक्षा शैवधर्म, जैनधर्म को आत्मसात् किए जा रहा था। इस काल में दक्षिण भारत में शैवधर्म के प्राबल्य के अनेक साक्ष्य प्राप्त होते हैं। परिस्थिति-वश धर्मवेत्ताओं तथा आचार्यों को अपने धर्म की रक्षा के लिए समाज में प्रचलित सिद्धान्तों को अपनाना आवश्यक हो जाता है। इस स्थिति में बहुत सी बातें धर्मसम्मत न होकर भी लौकिक स्थिति पर प्रकाश डालने वाली होती हैं। जैनधर्म के आचार्य जिनसेन के ऊपर भी तत्सामयिक धार्मिक आन्दोलन का प्रभाव स्पष्ट रूप से लक्षित होता है।

पूर्व मध्यकाल में जिन के लिए 'सहस्र नामों' का प्रयोग होने लगा था। जैन ग्रन्थों में जिन के एक हजार आठ नामों का सर्वप्रथम उल्लेख आदिपुराण में आया है। जैन परम्परा में जिन के लिए प्रयुक्त एक हजार आठ नामों में से बहुत से नाम शिव तथा विष्णु के एक हजार आठ नामों में से लिए गए प्रतीत होते हैं। शिव तथा विष्णु के एक हजार आठ नामों की परम्परा का आभास महाभारत काल से लक्षित होता है। पुराणों में इस प्रकार की नामावलियों का अत्यधिक विकास पाया जाता है। आदिपुराण २५।६७, १००-१०१, १०४, १०५, १०७-११३, ११७, १२०, १२८, १३३, १४४, १४९, १६७, २०१, २१०-११ में उलिखित जिन के नाम विष्णु के सहस्र नामों में से लिए गए जान पड़ते हैं। इसी प्रकार दिगम्बर त्रिपुरारि, त्रिलोचन, अर्धनारीश्वर, यद्योजात, वामदेव ईशान शंकर, महादेव इत्यादि प्रमुख रूप से शिव-सहस्रावली में पाए जाते हैं। बुद्ध, प्रबुद्ध इत्यादि नाम बौद्धधर्म के समन्वय की ओर संकेत करते हैं; जिन के लिए ब्रह्मा के पर्याय-वाची स्वयंभू विधि, विधाता, पितामह इत्यादि नामों का व्यवहार एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

इस काल में जिन के लिए अन्यान्य देवताओं के नाम ही प्रयुक्त नहीं हुए प्रत्युत उनका अनेक देवताओं से तादात्म्य भी स्थापित किया गया। ग्यारहवीं शती के कतिपय जैन आचार्यों ने जिन, बुद्ध, विष्णु और शिव को एक ही माना[1]। इस प्रकार शैव तथा जैनधर्म की बात प्रबन्धचिन्तामणि द्वारा ज्ञात होती है, जहाँ जैनाचार्य ने सोमनाथ की प्रार्थना की है—

---

[1] जो सिउ संकरु विराहु सो रुद्दवि सो बुद्धु।
सो जिणु ईसरु बंभु सो, सो आणंतु सो सिद्धु॥ योगसार १०५
विम्भलु जिवकलु सुद्धु जिणु विराहु बुद्धु सिवं संतु।
जो परमप्पा जिणमणउ रूहिउ जाणि णिभंतु॥ वही ९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यत्र तत्र समये यथा तथा योऽसि सोऽस्यभिधया तथा ।
वीतदोषकलुषश्चेद्भवान् एक एव भगवन्तभोऽस्तुते ।।
भववीजांकुरजननाः रागाद्याः क्षयमुपागता यस्य ।
ब्रह्मा विष्णुर्वा महेश्वरो वा नमस्तस्मै ।। प्रबन्धचिंतामणि पृ० ८५

कहा जाता है कि जैन आचार्य हेमचन्द्र के कहने पर कुमारपाल ने सोमनाथ मंदिर का निर्माण करवाया था। ऐसी ही कथा हरिभद्र सूरि के सम्बन्ध में प्रचलित है[1]।

जयसिंह के वेलूर शिलालेख से ज्ञात होता है कि अक्खादेवी ने जैन, बौद्ध और अनन्त विधि तथा शास्त्रों के अनुसार क्रियाये की[2]। कतिपय शिलालेखों में जिन, विष्णु, शम्भु को एक रूप में नमस्कार किया गया है[3]।

खजुराहो से प्राप्त एक अभिलेख में जिन, विष्णु तथा बुद्ध को शिव का रूपान्तर माना गया है[4]। नाडोल से प्राप्त एक ताम्रशासन के श्लोक में ब्रह्मा, श्रीधर और शंकर को जगत् में ख्यात विरागवान जिनों के रूप में दिखलाया गया है[5]। पूर्व मध्यकाल में जैन आचार्यों ने जिन, बुद्ध, विष्णु और शिव को एक ही तत्त्व के रूप में माना था।[6] इसी तरह की मिलती जुलती बात दशवीं ग्यारहवीं शती के अपभ्रंश ग्रन्थ योगसार में कही गई है।[7]

---

[1] भूपोऽन्यदा मुनिं प्रपच्छ 'कयापि युक्त्याऽस्माकमपि यशः प्रसरः कल्पान्तस्थायी भवति'? इति तदीय गिरिश्रुत्वा' विक्रमाकं इव विश्वस्यानृण्यकरणवत, यद्वा श्री सोमेश्वरस्य काष्ठंमयं प्रासादं, वारिधिशीकरनिकरासन्नाम्भोधिर्नृपस्तमेव महर्षि पितरं गुरं दैवतं मन्यमानो विजातीनितरद्विजान् निन्दन् ततः प्रसादोद्धाराय तदैव दैवज्ञनिवेदितसुलग्नस्तत्र पंचकुलं प्रस्ताप्य प्रासादप्रारम्भचीकरत्। प्रबंधचिंतामणि पृ० ८२।

[2] इण्डियन ऐन्टीक्वेरी जि० १७, पृ० २७४

[3] इण्डियन एण्डीक्वेरी जि० ४ पृ० १७९: शम्भु तथा जिन को:, एप्रीगेफिया कर्नाटिका जि० ६ मुदगिरि पृ० ६७: जिन, आदिवराह तथा शम्भु

[4] यं वेदान्तविदो विदन्ति मनसः संकल्पभूतं शिवं
ब्रह्मैकं परमक्षरं तमजरं तं चामरं तद्विदः
अन्ये तच्छिवमेव बुद्धममलं त्वन्ये जिनं वामनं
तस्मै सर्वमयैक्यकारणपतेश्शर्वाय नित्यंनमः ।। ए० इं० जि० १, पृ० १४९।

[5] ऐपीग्रेफिया इण्डिका जि० ९ पृ० ६६

[6] आदिपुराण २५।७९–२१७

[7] जो सिउ संकरु विण्हूसो, सो रुद्दवि सो बुद्धु ।
सो जिणु ईसरु बंभु सो, सो आणंतु सो सिद्धु ।। योगसार १०५
विम्मलु जिक्कलु सुद्धु जिणु विण्हु बुद्धु सिव संतु ।
सो परमप्पा जिणमणउ एहिउ जाणि णिमन्तु ।। ९
कोक्कल के वैद्यनाथ मंदिर खजुराहो से प्राप्त शिलालेख में जिन, वामन, बुद्ध तथा ब्रह्म को शिव का रूप बतलाया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस काल तक हिन्दू धर्म के अन्तर्गत विष्णु के दशावतारों की कल्पना की जा चुकी थी। विष्णु के विभिन्न अवतारों में जैन धर्म के आद्य प्रवर्तक ऋषभदेव को भी सम्मिलित कर लिया गया था। हिन्दुओं की इस आवतारिक कल्पना से प्रभावित होकर मध्ययुगीन जैन आचार्य भी ऋषभदेव के दश भवों (पूर्वजन्म) की कल्पना करते हुए पाए जाते हैं[1]। जैन आचार्यों की इस प्रकार की कल्पना बहुत कुछ हिन्दुओं की दशावतार परम्परा से मिलती जुलती है। आदिपुराण में ऋषभदेव पूर्व के नौ भवों से श्रेष्ठ बतलाए गए हैं:—

दशावतारचरमप रमोदारिकत्विषे।
सूनवे नामिराजस्य नमोऽस्तु परमेष्ठिने ॥ आ० पु० १४।५१

श्लेषालंकार के व्यवहार से ऋषभदेव के दशावतारों की कल्पना स्पष्ट हो जाती है। सामान्यतः दशावतार का यह सिद्धान्त समन्वय के प्रयत्नों का परिणाम माना जा सकता है। जैन वैष्णव सम्मिलन के प्रमाण मूर्तियों तथा अभिलेखों में उपलब्ध होते है[2]। इसी सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि पर मूर्तियाँ बनाई गईं। दशावतारों की कल्पना तथा शलाका पुरुषों में राम, पुरुषोत्तम, पुरुष सिंह, नारायण तथा कृष्ण की गणना से जैन तथा वैष्णव धर्म के सम्मिलन की ओर संकेत होता है। पर जैनधर्म वैष्णव धर्म की अपेक्षा शैवधर्म के अधिक निकट लक्षित होता है। पूर्व मध्यकालीन शैव तथा जैन धर्म के पारस्परिक आदान-प्रदान की अपनी एक कहानी है।

जैन अभिलेख प्रायः जिनकी सम्बोधनात्मक संज्ञा 'ऊं नमो सर्वज्ञाय' तथा शैव अभिलेख 'ऊं नमः शिवाय' से प्रारम्भ होते हैं। तन्त्रालोक में शैवधर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में आर्हत (जैन) की भी गणना हुई है[3]।

पूर्व मध्ययुगीन राजाओं द्वारा जैन तथा शैव धर्मों को प्रश्रय देना उपर्युक्त कथन की पुष्टि करता है। कदम्बवंशी राजा ब्राह्मण धर्मानुयायी होते हुए भी जैन धर्मानुयायियों को भूमिदान देते थे[4]। राष्ट्रकूट वंशी अमोघवर्ष प्रमुख रूप से जैन था, साथ ही साथ उसके महाकाली के पूजक होने की बात ज्ञात होती है[5]। इसी प्रकार जैनों द्वारा शैवों तथा शैवों द्वारा जैनियों को दानादि दिए जाने का उल्लेख मिलता है[6]। शैव धर्म से अत्यधिक प्रभावित

---

[1] दसवें भव में महावल विद्याधर, नौवें भव में ऐशान स्वर्ग के ललितांगदेव, आठवें में वज्रजंघ, सातवे में भागभूमिज, छठे में श्रीधर, पाचवें में सुविधि, चौथे में अच्युतेन्द्र, तीसरे में वज्रनाभि, तथा दूसरे भव में सर्वार्थ सिद्धि विभान के अधिपति बतलाए गए हैं।

[2] जैन ऐन्टीक्वरी, जि० २०, पृ० १-३, राष्ट्रकुटाज एण्ड देअर टाइम्स पृ० २७३।

[3] तंत्रालोक के रचयिता त्रिकदर्शनाचार अभिनवगुप्त बतलाए गए हैं जो काश्मीर के रहने वाले थे।

[4] इण्डियन एण्डीक्वेरी जिन० ७ पृ० ३४

[5] एपीग्रेफिया इण्डिका जिल्द १८ पृ० २४८

[6] जे० बी० बी० आर० ए० एस० जि० १० पृ० १९३; ब्राह्मणों द्वारा जैन संघ को भूमि दान का उल्लेख :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने के कारण शिव की भाँति जिनेन्द्र को भी आठ मूर्तियों का धारण करने वाला बतलाया गया[१]। शैवधर्म के अन्तर्गत शिव की आठ मूर्तियों का प्रचलन कालिदास के पूर्व से ही लक्षित होता है। कालिदास अभिज्ञानशाकुन्तलम् के मंगलाचरण में शिव की आठ मूर्तियों की वन्दना करते हैं[२]। शिव महापुराण के शत रुद्रीय संहिता में शिव की आठ मूर्तियों का उल्लेख हुआ है[३]। हर्षचरित में बाण अवनि, पवन, जल, गहन, दहन, तपन, तुहिन किरण तथा यजमान-इन आठ मूर्तियों का उल्लेख करते हैं। इन आठों मूर्तियों का ध्यान करके शिवलिंग पर अष्ट पुष्टिका चढ़ाने की बात कही गई है। मन्दसोर से प्राप्त अष्टमुखी शिवलिंग इस प्रकार की पूजा पद्धति का निदर्शन है[४]। परन्तु अभी तक जिन की अष्टमूर्ति प्राप्त नहीं हुई।

जिनेन्द्रदेव की कल्पना सद्योजात, वाम तथा अघोर के रूप में की गई है[५]। पुराणकार की दृष्टि में शिव की त्रिमुख मूर्तियाँ रही होंगी। शिव की त्रिमुख मूर्तियों का उल्लेख विष्णुधर्मोत्तर पुराण में हुआ है[६]। पूर्व मध्यकाल में इस प्रकार की त्रिमूर्तियों के पर्याप्त उदाहरण सुरक्षित हैं। आदि पुराण में उल्लिखित सद्योजात वाम तथा अघोर रूप तीर्थंकरों की एक भी मूर्ति प्राप्त नहीं। इस प्रकार के उल्लेख से शैव मूर्तियों के जैनीकरण का अनुमान लगाया जा सकता है।

इस प्रकार पूर्व मध्ययुगीन विशाल भारत में व्याप्त विभिन्न धार्मिक तत्त्वों में जैन आचार्यों ने समन्वय स्थापित करने का प्रयत्न किया। जैन आचार्य समग्र भारत में पूर्व, पश्चिम, तथा उत्तर दक्षिण तक अंगों और तत्त्वों से आकलित संस्कृति को विशाल और व्यापक बनाना चाहते थे तथा अपने इस प्रयत्न में वे सफल भी हुए।

---

[१] तीर्थकृद्भाविने तुभ्यं नमः स्तादष्टमूर्तये ॥ आ० पु० १४।४७

[२] या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हवियां च होत्री
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा मा स्थिता व्याप्य विश्वम्
यामाहुः सर्ववीजप्रकृतिरितियया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिखतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः ॥ अभिज्ञानशाकुन्तलम्
अष्टाभियस्य कृत्स्नं जगदपि तनुभिर्बिभ्रतो नाभिमानः ।
मालविकाग्निमित्र
आवेहि मां किंकरमष्टमूर्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम् । र० ब० २।३५ मा० पु० अध्याय ५२, श्लोक ३–८ :

[३] शि० पु० शतरुद्रसंहिता ३, अ० २, प० ३

[४] हर्षचरित प्रथम उच्छवास

[५] ग्वालियर राज्य में प्राचीन मूर्तिकला पृ० २५

[६] सद्योजातस्त्वमाघेऽमूः कल्याणे वामतामतः ।
प्राप्तोऽनन्तकल्याणे धत्से सम्प्रत्यघोरताम् ॥ आ० पु० १७।६५,

[७] सद्योजातं वामदेवमघोरंच महाभुज । वि० धु० ४८।१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संगीतशास्त्र की प्रस्थानत्रयी

श्री गोपाल भट्ट
शोध-सहायक, श्री कला संगीत-भारती

वैदिक युग में सूक्तों को उदात्तानुदात्त एवं स्वरित स्वरों के साथ गाने की एक विशिष्ट शैली थी। यज्ञ-पुरुष एवं देवों को प्रसन्न करने एवं अभीष्ट फलप्राप्ति का एकमात्र साधन इन सूक्तों का सस्वर गान ही माना जाता था। इन सूक्तों के सस्वर गायक को उद्गाता कहते थे। यज्ञ के आचार्यों में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। कालान्तर में इन उदात्तानुदात्त स्वरित स्वरों में क्रमिक विकास हुआ। तथा धीरे-धीरे इस साधना पर गम्भीर विचार हुए। भरतमुनि प्रणीत "नाट्यशास्त्र" इस कला का प्राचीनतम उपलब्ध लाक्षणिक ग्रंथ है जिसमें इस कला के उपयोग, उसके अंग, उसकी साधना आदि पर गम्भीर विवेचन हुआ है। पुराणादिकों में भी यत्र-तत्र संगीत का वर्णन मिलता है। गायन, वादन एवं नृत्य की चर्चा तो प्रायः सभी काव्यों, नाटकों, स्मृतियों, आगमों और पुराणादिकों में हुई है पर भरतमुनि ने ही इस कला पर सर्व-प्रथम गम्भीर विचार किया है। अब तक प्राप्त साधनों से यही सिद्ध है कि भरत मुनि से पूर्व इतना व्यापक विश्लेषण अन्य किसी ग्रन्थकार ने स्वतन्त्र रूप से नहीं किया।

समूचे मानव जीवन के यथार्थ एवं आदर्श का दिग्दर्शन भरतमुनि नाटक के द्वारा ही मानते हैं। वे कहते हैं "अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्" जिस क्रिया के द्वारा समाज की समस्त अवस्थाओं का प्रदर्शन किया जा सके, वह नाटक है। अर्थात् समस्त मानव जीवन एवं उसकी प्रत्येक अवस्था का दिग्दर्शन नाट्य कला द्वारा सम्पन्न किया जा सकता है।

इसी आधार पर नाटक में आने वाली सारी विद्याओं और कलाओं को उन्होंने अपने विवेचन का विषय बनाया है। वे कहते हैं—

न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
न स योगो न तत्कर्म नाट्येस्मिन् यन्न दृश्यते॥
सर्वशास्त्राणि शिल्पाणि कर्माणि विविधानि च।
अस्मिन्नाट्ये समेतानि तस्मादेतन्मयाकृतम्॥

अर्थात् सारी विद्याएँ, कलाएँ, सारा ज्ञान, सारा शिल्प सारा योग-साधन एवं कर्म इस नाट्य कला में सम्पृक्त है।

मानव जीवन में कुछ ऐसी अवस्थायें होती हैं जिनको देखने, सुनने या उन पर विचार करने से इस मानव देह और उसके ऐहिक जीवन से भी घृणा होने लगती है; किन्तु काव्य-शास्त्र ने अपने गम्भीर विवेचन में जीवन की उन सूक्ष्मातिसूक्ष्म वृत्तियों का विश्लेषण करके उस आनन्द तत्त्व को खोज निकाला है जिससे बीभत्स, भयानक एवं रौद्र सरीखे वर्णनों में और उसके दर्शन में भी आनन्द मिलता है। महाकवि कालिदास अपने प्रसिद्ध नाटक "अभिज्ञान शाकुन्तलम्" की भूमिका प्रस्तुत करते हुए इसी सत्कल्पना को अपने प्रयोग का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधार मानते हैं। वे कहते है—"आपरितोषद् विदुषां न साधुमन्ये प्रयोग विज्ञानम्" जब तक रसज्ञ और जीवन के मर्मज्ञ इस प्रयोग से पूर्णरूपेण संतुष्ट होकर उसकी सराहना में साधुवाद के शब्दों का उच्चारण करते हुए आपका अभिनन्दन नहीं करते, तब तक हम आपके प्रयोग को सफल नहीं मान सकते।" अतः नाटक का प्रयोग सर्वांग से रसज्ञों में परम संतुष्टि को उत्पन्न करने वाला होना चाहिए। जन-साधारण अपने ऐहिक जीवन के विविध द्वन्द्वजन्य कष्टों को भूलकर एक दिव्य मनोभूमि पर पहुँच सकें और एक आदर्श जीवन की शिक्षा ले सकें। इस आनन्द-साधना की पुष्टि में जिन कलाओं की उपयोगिता भरत मुनि ने मानी है उसमें संगीतकला अपना विशिष्ट स्थान रखती है। संगीत कला के तीन अंग गीत, वाद्य, एवं नृत्य माने गए हैं; जिनमें गीत की प्रधानता मानी गई है, किन्तु विविध वाद्यों के प्रयोग पर भी विशेष बल दिया गया है। भरत मुनि ने ३३ वें अध्याय के अंतिम श्लोक २७० में कहा है :—

वाद्येषु यत्नः प्रथमं तु कार्यः शय्या हि नाट्यस्य वदन्तिवाद्यम्।
वाद्येऽपि गीतेऽपि च सम्प्रयुक्ते नाट्यस्य योगो न विनाशमेति॥

नाटक के प्रयोग में रससिद्धि एवं जन-मनोरंजन और आकर्षण के लिए वाद्यवादन में ही सबसे प्रथम प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि वे ही नाटक की शैय्या यानी आधार होते हैं इन वाद्यों के होने पर एवं गीतों के प्रयोग से नाटक कभी भी बिगड़ नहीं सकता अर्थात् उस प्रयोग में रोचकता, सजीवता एवं आकर्षण बना रहेगा और इससे नाटक का प्रयोग पूर्ण सफल सिद्ध हो सकेगा।

नृत्य एवं गायन के विविध अंग प्रत्यंगों की चर्चा भरत मुनि ने अधिक नहीं की है। गायकों के मधुर कण्ठ की आवश्यकता पर बल देते हुए भरतमुनि स्त्रीजनों में कण्ठ की मधुरता स्वभावसिद्ध बतलाते हुए उनके लिए गायन की व्यवस्था एवं पुरुषों के लिए पठन यानी पाठ्य विधि की व्यवस्था करते हैं[1]।

वे स्पष्ट रीति से स्त्रीजनों के मधुर कण्ठ एवं उनके अंगों की कोमलता का विचार रखते हुए स्वभावसिद्ध इन गुणों के आधार पर उनकी गायन के लिए व्यवस्था करते हैं और पुरुषों के लिए वाद्यों की योजना। किन्तु यदि इस विधान का विपर्यय दृष्टिगत हो तो उसे भी उन्होंने एक विशेषता ही माना है।

भरत मुनि ने नाटक के प्रयोग और उसमें प्रयुक्त इन कला विशेषों की जो दिव्यता प्रतिष्ठित की है उस पर परवर्त्ती अनेकानेक आचार्यों ने अनेक ग्रन्थों की रचनाएँ की हैं और लोकमान्य सिद्धान्तों के शास्त्रीय आधार प्रस्तुत किए हैं। समय के प्रवाह के साथ-साथ इन कलाओं के प्रयोग उनकी साधनाएँ और शास्त्रीय आधारों का सुन्दर समन्वय इन ग्रन्थों की विशेषता है। इस क्रमिक विकास का समाहार ग्रन्थ मध्यकालीन युग का शार्ङ्गदेव कृत 'संगीतरत्नाकर' है। इस ग्रन्थकार ने अपने समय तक होने वाले इस

---

[1]. प्रायेण तु स्वभावात् स्त्रीणां गानं नृणां च वाद्यविधिः
स्त्रीणां स्वभावमधुरः कण्ठो नृणां बलत्वन्च।
यः स्त्रीणां वाद्यगुणे भवति नृणान्च गानमधुरतम्।
ज्ञेयः सोऽलंकारो नहि स्वभावो भवति तेषाम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकासक्रम की एक सुन्दर परम्परा एवं अन्यान्य ग्रन्थकारों (ज्ञात या अज्ञात) के विचारों का सुन्दर समन्वय उपस्थित किया है। 'संगीत रत्नाकर' को कल्लिनाथी एवं 'सुधाकर' टीका के साथ प्रकाशित करते हुए आडियार पुस्तकालय, मद्रास के तत्कालीन अधिकारी 'सी० कुन्हन राजा' लिखते हैं।

'अब तक प्राप्त अनेकानेक संगीतशास्त्र के ग्रन्थों में' 'संगीत रत्नाकर' सबसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह संस्कृत में इस विषय पर लिखा गया सबसे बड़ा विस्तृत एवं विशाल ग्रन्थ है जिसमें संगीत विषय के सभी अंगों की विशद् व्याख्या की गई है ग्रन्थ के निर्माणकाल से ही यह ग्रन्थ संगीत का आधार एवं प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाता रहा है। इस ग्रन्थ ने प्रायः अपने पूर्ववर्ती अनेक प्राप्य या अप्राप्य ग्रन्थों के वर्णित-अवर्णित सभी विषयों की विशद् व्याख्या की है। इस ग्रन्थ के कारण अनेकानेक ग्रन्थ तो छिप ही गए किन्तु इस ग्रन्थ की प्रतिष्ठा को अब तक कोई अन्य ग्रन्थ नहीं पा सका है।'[१]

शार्ङ्गदेव ने अपने ग्रन्थ 'संगीतरत्नाकर' की प्रमाणिकता के लिए कुछ प्राचीन आचार्यों के नाम गिनाए हैं। इससे स्पष्ट है कि प्रस्तुत ग्रन्थ में ग्रन्थकार ने अपने निजी सिद्धान्त नहीं दिए हैं, बल्कि अति प्राचीन काल से चले आ रहे आधारभूत सिद्धान्त-वाक्य और लोक-प्रचलित उसके रूप और शास्त्रीय आधारों का समन्वय ग्रन्थ का आलोच्य विषय है। आचार्य अभिनवगुप्त से किसी पूर्वपक्षीय ने आचार्य लोल्लट आदि के विषयों पर आलोचना के विषय में पूछा, 'उच्यतां तर्हि परिशुद्धं तत्वम्' जिस पर अभिनवगुप्त ने उत्तर दिया 'उक्त-मेव हि तत् मुनिना न तु अपूर्व किंचित्' तात्पर्य है कि अपने पास कुछ नवीन नहीं; सब कुछ पूर्वाचार्यों ने पहले से ही कह रखा है। उसी का यथाधीत यथामति स्पष्टीकरण और विवेचन करते हैं। ठीक इसी तरह इन आचार्यों के ग्रन्थ प्रतिपादन की भी यही परंपरा रही है।

शार्ङ्गदेव ने जिन आचार्यों की परंपरायें उद्धृत की हैं वे इस प्रकार हैं—

सदाशिवः शिवा ब्रह्मा भरतः कश्यपो मुनिः।
मतंगो याष्टिको दुर्गा शक्तिः शार्दूल कोहलौ॥
विशाखिलो दत्तिलश्च कम्बलीऽश्वतरस्तथा।
वार्युविश्वावसू रम्भाऽर्जुनो नारदतुम्बुरुः॥
आर्ज्जनेयो मातृगुप्तो रावणो नन्दिकेश्वरः।
स्वातिर्गणो बिन्दुराजः क्षेत्रराजश्च राहलः॥
रुद्रटो नान्यभूपालो ओजः श्री वल्लभस्तथा।
परमर्दी च सेमेशो जगदेक महीपतिः॥

1. The Sangita Ratnakara of Sarngadeva is one of the most important works on music now available. It is, besides, one of the longest works on music in Sanskrit. It is a very comparehensive exposition of the subject, dealing with all aspects. Eversince it was written it has remained the standard work on music, it has been drawn upon profusely, as authority, by all subsequent writers on the subject. Perhaps it has supersheded many earlier works and obscured them and they have disappeared from the field. But it has never been supersheded till now.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्याख्यातारो भारतीये लोल्लटोम्दटशंकुकाः ।
भट्टाभिनवगुप्तश्च श्रीमत्कीर्तिधरः परः ।।
अन्ये च बहवः पूर्वे ये संगीत विशारदाः ।
अगाध बोध मन्थेन तेषां मत पयोनिधिम् ।।
निर्मथ्य श्री शार्ङ्गदेवः सारोद्धारमिमं व्यधात् ।।

उपर्युक्त आचार्यों की गणना में अनेक हमारी प्राचीन परंपराओं के आद्याचार्य एवं पुराणों में वर्णित पौराणिक देवों के नाम हैं। जिनमें से कुछेक के ग्रन्थ अभी भी उपलब्ध हैं कुछेक के नाम केवल मात्र परंपरा से स्मरण किए जाते रहे हैं। इस परंपरा से प्राचीन सिद्धान्तों की परंपरा एवं अपने विवेचन की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज, बड़ौदा, से प्रकाशित श्री कण्ठ कवि-विरचित रसकौमुदी साहित्य एवं संगीत का सुन्दर समन्वित ग्रन्थ है। भर्तृहरि के वाक्य 'साहित्य संगीत कला विहीनः साक्षात्पशुः पुच्छ विषाणहीनः' एवं 'साहित्यमथसंगीतं सरस्वत्याःस्तन द्वयम्' की युक्तियुक्त साधना इस ग्रन्थ में दीख पड़ती है। जहाँ प्रारम्भ के ५ अध्यायों में संगीत के विषयों का प्रतिपादन है वहाँ सातवें अध्याय से १० वें तक साहित्य का सुन्दर सरस वर्णन है। यह क्रिया-पक्ष और भाव-पक्ष की दृष्टि से संगीत का अपूर्व ग्रन्थ है। साहित्य को भले ही संगीत की अपेक्षा रहे या न रहे किन्तु संगीत का भाव-पक्ष साहित्य की पृष्टभूमि बिना खड़ा नहीं हो सकता या स्थायित्व को प्राप्त नहीं हो सकता; इस कथन को यह ग्रन्थ युक्तियुक्त प्रमाणित करता है।

विद्याविलासी और कलाप्रिय राजा-महाराजों के आश्रय में अनेक कवि विद्वानों एवं कलाकारों ने अनेकानेक अमूल्य ग्रंथों की रचनाएँ की हैं। शार्ङ्गदेव एवं श्री कण्ठ ऐसे ही विद्वान कलाकार रहे हैं। राज्याश्रित कवियों के अतिरिक्त अनेक राजा संगीत कला के मर्मज्ञ एवं शास्त्र प्रणेता रहे हैं। संगीत शास्त्रकारों की श्रेणी में मेवाड़ाधिपति महाराणा कुम्भा अपनी एक विशिष्टता रखते हैं। पहले महाराणा का ग्रन्थ केवल कोशों, शिलालेखों एवं इतिहासों में ही प्राप्त होता था; किंतु सौभाग्य से उनका ग्रन्थ **'संगीतराज'** अब राजा-महाराजाओं के निजी पुस्तकालयों से निकल कर जन-साधारण के पठन-पाठन एवं गम्भीर चिंतन का आधार हो सका है।

यह विशालकाय ग्रन्थ संगीत के शास्त्रीय विवेचन क्षेत्र में सारङ्गदेव के "संगीतरत्नाकर" के बाद परम महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। सारङ्गदेव के सं० रत्नाकर एवं भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को आधार बनाकर चलने वाले इस ग्रन्थकार ने उक्त ग्रन्थों के ज्ञात और अज्ञात सभी विषयों एवं पूर्वाचार्यों के मतों की पूर्ण समृद्ध आलोचना–विवेचना के सहित अपना मत स्थापित किया है। शार्ङ्गदेव के पूर्व के ग्रन्थकारों की परंपरा शार्ङ्गदेव से ज्ञात होती है, किन्तु परवर्ती ग्रन्थकारों की स्वतंत्र विवेचना का आधार ज्ञात नहीं था। 'संगीतराज' शार्ङ्गदेव के परवर्ती ग्रन्थकारों का समाहार ग्रन्थ है अतः कह सकते हैं कि संगीतशास्त्र पर अध्ययन करने वाले उत्साही विद्वानों को संगीत की इस 'प्रस्थानत्रयी' का गम्भीर अध्ययन करना अपेक्षित है।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ROLE OF UNION GOVERNMENT IN FINANCING THE DEVELOPMENT OF UTTAR PRADESH

DR. G. S. BARANWAL

Deptt. of Commerce

In a federation the role of the federal government in financing the development of states cannot be over-emphasised. The federal government with its major and flexible sources of revenue helps the states in tiding over their financial difficulties. In India the union government helps the states to meet their budgetary needs on revenue account as well as to finance their development programmes. Under the Government of India Acts of 1919 and 1935 the states were given the responsibility of spending on nation building activities e.g., medical, education, public health, famine relief, agriculture, veterinary, co-operative societies and industries etc. Though this heavy responsibility, was put on the shoulders of the states it was not accompanied with commensurate sources of revenue required for financing the developmental programmes. When India was proclaimed a sovereign democratic republic on 26th January, 1950, the new constitution of India came into force which adopted more less the same financial provisions as accepted under the Government of India Act of 1935 with minor modifications here and there. Therefore the substantial financial help of the union government to the states became imperative. Further the increased responsibilities of the states for development under the five year plans have given a new colour and added new importance to this problem.

The principal sources through which the union government renders financial assistance to the states is through share of income tax, union excise duties, grants-in-aid and loans. As grants-in-aid and loans are advanced mainly for development purposes our study will be confined to these two items alone. For grants-in-aid offered to the States one has to look to the recommendations of the three Finance Commissions which

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

were appointed for the same purpose. The following principles were laid down for grants-in-aid by the first Finance Commission and were accepted by the second and the third Finance Commissions. Firstly, adjustment should be made in the budgets of the State in respect of unusal and non-recurring items of revenue and expenditure. Secondly, it should be seen if the States have maximised tax efforts. Thirdly, credit should be given to the States for economy in expenditure. Fourthly, special assistance should be given if the standards of social services are remarkably low and also to meet the increased expenditure due to abnormal conditions. Lastly grants should be made for purposes of National importance e.g. primary education.

Taking into consideration the above principles of grants-in-aid we shall examine how far Utter Pardesh has been benefited by the recommendations of the Finance Commissions. Utter Pradesh is one of the most populous states of India and occupies the fourth position with a population of 649 persons per sq. mile. However, this state has not been so fortunately placed in respect of net income and per capita income. The net income of U.P. stood at about Rs. 1805 crores in 1963 and the per capita income was only Rs. 246 as against per capita income of Rs. 327 of the whole country for the same period. In this context Shri N. N. Agrawal, Industrial Advisor U.P. Government has observed, "The per capita income of U.P. happens to be the lowest in India and It would be observed that this low income pulls down the all India average."* In respect of literacy Utter Pradesh with the percentage literacy of 17.6% occupies the last place among all the states.

In the light of the foregoing description of conditions in U.P. a perusal of the recommendations of all the Finance Commissions leads one to inescapable conclusion that Uttar Pradesh with lowest per capita income, lowest percentage of literacy among all the states and grinding poverty failed to arrest the attention of the various Finance Commissions and

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

was not recommended any special grant by any of them. It is a melancholy conclusion indeed. So far as ordinary grant-in-aid is concerned, though a sum of Rs. 2 crores was recommended for it by the third Finance Commission ,it was not at all commensurate even with the urgent requirements of the state. The strength of a chain lies in the strength of its weakest link. Can India prosper when a state with the largest population remains economically so weak and poverty stricken? Certainly not. We have stated in the beginning of this paper the suggestion made by the first Finance Commission and supported by the succeding ones that special grants should be made to some states for the advancement of broad purposes of national importance such as primary education. If for nothing else Uttar Pradesh could have been recommended special assistance on the ground of lowest percentage of literacy. Further is the bringing of lowest per capita income at least up to the average per capita income of the country not a purpose of national importance ? There would not be difference of opinion that certainly it is so and on this ground also Uttar Pradesh could have been accorded adequate assistance. But most unfortunately no assistance was recommended for Uttar Pradesh on this ground as well.

It may argued that the resources of Uttar Pradesh Government were quite enough for its requirements and so the various Finance Commissions did not feel the necessity of recommending any grant-in-aid for this state. Theoretically speaking it would be quite unreasonable to suppose that a state with the lowest per capita income will have enough resources for its development. Practically also the figures of per capita net revenue of Uttar Pradesh do not bear testimony to this assumption. By net revenue we mean total revenue minus states share of income tax, union excise, grants-in-aid and other contributions by the union. The per capita net revenue of Uttar Pradesh stood at Rs. 9.65 on an average for the period 1951-52 to 1960-61. This figure was the minimum excepting the figures for Bihar and Orissa. Punjab enjoyed the per capita net revenue of Rs. 14.51

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

for the same period which was the maximum among all the states. Assam, Madras, Mysore and West Bengal had the per capita net revenue exceeding Rs. 13.00. Thus the argument of adequate resources as a reason for not recommending grants-in-aid to the state of Uttar Pradesh also remains untenable.

It may be further contended that the Finance Commissions recommended grants to the states on the basis of tax efforts made by them and those states who raise more revenue deserve increased grant-in-aid accordingly. Judging by this criterion as well Uttar Pradesh does not lag behind other states, rather it is ahead of them. The average per capita net revenue for all the states stood at Rs. 11.20 for the period 1951-52 to 1960-61. As has been mentioned earlier the per capita income of Uttar pradesh is 25 per cent less than the all India average. If we take into consideration this relationship the per capita net revenue for Uttar Pradesh should amount to only Rs. 8.4 whereas it is Rs. 9.65. Thus there is not an iota of doubt that the tax efforts of the Uttar Pradesh Government has been much more than what can reasonably be expected of it. Yet it has been denied any special grant what so-ever.

Now we can make a study of the resources made available by the union Government to the states. The per capita resources obtained by Uttar Pradesh from the union ranged from Rs. 13.31 in 1961-62 to Rs. 18.77 in 1964-65. This happens to be the minimum among all the states. Assam is the biggest beneficiary in this respect as it secured from union government per capita resources of Rs. 34.50 in 1961-62 which increased to Rs. 43.14 in 1963-64. Next in importance stands Rajasthan whose share ranges between Rs. 31.51 and Rs. 33.73. Orissa started with the share of Rs. 19.92 in 1961-62 and reached the figure of Rs. 37.52 in 1964-65 The condition of other states excepting Bihar in this respect appears to be reasonable. As compared with Uttar Pradesh though Bihar's position is slightly better with its share of Rs. 14.28 in 1961-62 rising to Rs. 19.87 in 1964-65 it does not occupy an honourable place in this respect among other states.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

With the minimum per capita amount of resources obtained from the union government and its own meagre resources it is not at all surprising that the government of Uttar Pradesh incurred a very low per capita expenditure of Rs. 13.10 on development in 1960-61 which increased to Rs. 20.89 in 1964-65. This entire range of expenditure is minimum among all the states. The overall position of Andhra Pradesh seems to be best in this respect. It starts with per capita development expenditure of Rs. 25.14 in 1961-62 and by 1964-65 this expenditure reaches the figure of Rs.54.78. Next in importance, ranks Orissa whose percapita development expenditure amounted to Rs. 27.18 in 1961-62 and showing a continuous increase it reached the figure of Rs.48.94 in 1964-65. Mysore starting with this expenditure of Rs.32.15 in 1961-62 reached the figure of 38.38 in 1964-65. Assam's expenditure ranged from 24.65 in 1961-62 to 37.16 in 1964-65. Bihar's position is more or less the same as that of Uttar Pradesh. Though in 1961-62 it started with Rs.17.42 about 25 per cent more than that of Uttar Pradesh during the rest of the period there is not much difference. The position of other states is approaching the average which stands for Rs.34 during 1964-65 for all the states.

A perusal of the above analysis leads one to the following inevitable conclusions :

Firstly, the state of Uttar Pradesh fulfils nearly all the conditions required for special assistance, grants-in-aid, and loans etc. It has the lowest per capita income and suffers from lowest percentage of literacy among all the states. The development of its social services also cannot be compared favourably with other states. Its tax efforts have been much more than can be reasonably expected of it. Further it has introduced economy in expenditure. Since Chinese attack the problem of defence of northern boarder of Uttar Pradesh has become exigent.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Secondly this state has been most neglected by the Finance Commissions as well as the union government. None of the three Finance Commissions recommended any special assistance for Uttar Pradesh. The grant-in aid recommended by the third Finance Commission was so inadequate that it may be better termed as an apology for grant rather than real assistance. The resources available from the union Government are minimum among all the states and too inadequate for the development needs of the states.

Thirdly due to lack of resources both its own and from the union Government the per capita development expenditure of the state has been minimum leading to many socio-economic problems.

In view of the above conclusions the task before the fourth Finance Commission would be to consider favourably the grant in-aid that may be recommended for its future development. The union Government may also augment its resources for this state to the extent of double of its present contributions if it wants to enable the state to raise its per capita development expenditure to the average figure for all the states.

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शान्तिपर्व का राजधर्म

वशिष्ठ नारायण सिनहा
शोधछात्र, भारती-महाविद्यालय

शान्तिपर्व 'महाभारत' का बारहवाँ पर्व (भाग) है। इसमें 'राजधर्म' तथा 'दण्डनीति' शब्दों के प्रयोग ज्ञान-विज्ञान के उस अंग के लिए हुए हैं जिसे हम आधुनिक भाषा में राजनीति-शास्त्र (Politics) कहते हैं। शान्तिपर्व का प्रथम भाग राजधर्म के नाम से पुकारा गया है। इस संदर्भ में प्रयुक्त 'दण्ड' शब्द का प्रयोग भी राजधर्म तथा राजनीति के अर्थ में हुआ है। अर्जुन ने कहा है :

"दण्डःशास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड स्वाभिरक्षति।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्म विदुर्बुधाः॥ १५।२
दण्डनीत्यां प्रणीतायां सर्वे सिद्धयन्त्युपक्रमाः।
कौन्तेय सर्वभूतानां तत्र मे नास्ति संशयः॥ २५।२९

अर्थात् 'दण्ड' सभी प्रजाओं पर शासन करता है, दण्ड के द्वारा उनकी सब प्रकार से रक्षा होती है तथा दण्ड उस समय भी जागता रहता है जब कि अन्य सभी सोते रहते हैं। अतः विद्वानों ने दण्ड को राजा का धर्म माना है। यह संशय रहित है कि जब दण्डनीति का सुचारु रूप से प्रयोग होता है तो सभी प्राणियों के कार्य सकुशल संचालित तथा सिद्ध होते हैं। यह दण्डनीति ही है जिसे दीक्षितार[1] ने शासन की कला और विज्ञान दोनों ही बताया है और जो आगे चलकर अर्थशास्त्र, राजधर्म, राजशास्त्र, राजनीति और नीतिशास्त्र आदि नामों से अभिहित हुई है।

दण्ड या दण्डनीति की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भीष्म ने एक कथा (अध्याय १२ में) कही है—'एक समय ब्रह्मा ने काफी तैयारी के साथ यज्ञ किया जिसकी प्रधानता से उनका शासन सूत्र ढीला पड़ गया, और संसार में अराजकता छा गई। अतः वे दौड़े-दौड़े भगवान विष्णु और शिव के पास गए; उनकी साहाय्य-प्रार्थना पर शिव ने अपने को दण्ड रूप में प्रकट किया; जिसके फलस्वरूप सभी कार्य पहले की तरह उचित ढंग से होने लगे। इस प्रकार दण्ड की वजह से सुचारु धर्माचरण देखकर सरस्वती ने दण्डनीति की रचना की, जिसका सारे संसार में प्रचार हुआ। बाद में शिव ने दण्ड, विष्णु को सुपुर्द कर दिया, किन्तु वह बहुत से शासकों के हाथों से गुजरता हुआ फिर शिव के पास आ गया, इस वजह से दण्ड को शिव स्वरूप माना जाता है।" तात्पर्य यह है कि शान्तिपर्व की दण्डनीति या राजधर्म दैव प्रदत्त है।

सामान्यतः राजनीति-शास्त्र म राज्य, राष्ट्र एवं सरकार आदि के विषय में अध्ययन किया जाता है तथा राष्ट्र के नागरिकों के लिए कायदे-कानून निर्धारित किए जाते

[1] Dikshitar, U. R. Ram Chandra, Hindu Administrative Institutions, पृ० २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। यह अध्ययन प्रणाली बहुत ही प्राचीन काल से चली आ रही है, और इस सम्बन्ध में अनेक प्रकार के मत-मतान्तर पाए जाते हैं। ग्रीक लोगों ने अपने राजनीति-शास्त्र में राष्ट्र के सामाजिक जीवन पर अधिक जोर दिया है किन्तु भारतीय राजनीति-शास्त्र में राजा के व्यक्तिगत गुण-दोषों की विवेचना खास तौर से पाई जाती है। ऐसी बात शान्तिपर्व में भी है। इस क्षेत्र में दो प्रकार के विचारक देखे जाते हैं; एक, जो राजा को दैवी शक्ति का प्रतीक मानते हैं तथा दूसरे, जो राजा को सामाजिक एवं नैतिक दृष्टियों से देखते हैं। परन्तु इसमें शक नहीं कि शान्तिपर्व के राजधर्म में राजसत्ता को प्रधानता मिली है।

राज्य की उत्पत्ति के संबंध में आधुनिक विद्वानों ने चार प्रकार के सि प्रस्तुत किए हैं :—(१) शक्ति सिद्धान्त (Force Theory), (२) सहज सिद्धान्त (Natural Theory) (३) दैविक सिद्धान्त (Divine Theory), तथा सामाजिक संविदा का सिद्धान्त (Social Contract Theory), किन्तु, शान्तिपर्व में दो ही सिद्धान्तों के वर्णन पाए जाते हैं—दैविक सिद्धान्त तथा सामाजिक संविदा का सिद्धान्त।

दैविक सिद्धान्त—

इस सिद्धान्त के अनुसार राज्य की उत्पत्ति दैवी शक्ति के द्वारा मानी जाती है। भीष्म के कथनानुसार[1] सत्ययुग के प्रथम चरण में न कोई राज्य था और न दण्ड देने वाला ही कोई था, सभी लोग धर्मानुसार जीवन व्यतीत करते थे। किन्तु, वह अवस्था स्थायी न बन सकी। कुछ दिनों के बाद लोगों पर क्रमशः मोह, लोभ, काम एवं राग ने अधिकार जमाना शुरु किया जिसके फलस्वरूप समाज में सभी नियमों का उल्लंघन होने लगा। वाच्य-अवाच्य, भक्ष्य-अभक्ष्य तथा दोष-अदोष किसी का भी विचार मनुष्यों के मन में न रह गया। वैसी परिस्थिति में देवगण बहुत ही घबड़ा गए और पितामह ब्रह्मा के पास पहुँचे। ब्रह्मा ने सारी बातें सुनी और देवों के कष्ट निवारण के लिए एक लाख अध्यायों का एक नीतिशास्त्र रचा और उसमें धर्म, अर्थ और काम के वर्णन किए। उसके एक अलग वाले भाग में मोक्ष का भी वर्णन किया। तत्पश्चात् देवताओं का समूह विष्णु के पास पहुँचा और उन्हें सारी कहानी सुनाई। तब विष्णु ने एक मानस पुत्र की सृष्टि की जिसे 'विरजा' नाम से पुकारा गया। किन्तु, विरजा ने राजा होकर पृथ्वी पर शासन करने से इनकार कर दिया; साथ ही उसके वंशज क्रमशः कीर्तिमान, कदर्म तथा अनंग भी राज्य भार ग्रहण करने से विमुख होते गए। अन्त में अनंग के पुत्र 'अतिबल' ने राजा होना स्वीकार किया जो नीतिशास्त्रज्ञ होते हुए भी इन्द्रियों का चाकर बन गया। अतः उसके बाद मृत्यु की मानस पुत्री 'सुनीथा' के पुत्र 'वेन' ने राज्य-भार ग्रहण किया, किन्तु उसने भी राग-द्वेष से प्रभावित होकर प्राणियों पर अत्याचार करना शुरु किया। उसका अत्याचार देख ऋषियों ने उसे मंत्रों के द्वारा मार डाला और उसकी दाहिनी बाँह का मंथन किया जिससे पृथु नाम का एक अत्यन्त सुयोग्य व्यक्ति पैदा हुआ। उससे ऋषियों ने ऐसी प्रतिज्ञा करने को कहा—

[1] शान्तिपर्व, अध्याय ५९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अदण्ड्या मे द्विजाश्चेति प्रति जानी हि हे विभो ।
लोकं च संकरात्कृत्स्नं मातास्मीति परंतपः ॥५९।१०८

अर्थात्, "ब्राह्मण मेरे लिए अदण्डनीय होंगे तथा मेरे राज्य में यानी सम्पूर्ण जगत में किसी प्रकार की वर्णसंकरता तथा धर्मसंकरता नहीं होगी ।" ऐसी प्रतीज्ञा करने के बाद पृथु राजा हुआ । इस कथा से ऐसा लगता है कि अराजकता की अवस्था संसार में बहुत दिनों तक रही किन्तु बाद में जो राजा हुआ वह दैवी-शक्ति के फलस्वरूप ही हुआ, कारण राजा बनाने का प्रारम्भ विष्णु ने ही किया था । इस कहानी में बाँह मन्थन करने तथा मंत्र से मारने की बात अस्वाभाविक लगती है किन्तु दैवी शक्ति का ख्याल रखते हुए हमें उन्हें भी मानना पड़ेगा ।

सामाजिक संविदा का सिद्धान्त—

इस सिद्धान्त के अनुसार राजा और प्रजा या समाज के लोग आपस में एक-दूसरे की रक्षा तथा सहायता करने की बात निश्चित करते हैं । यदि राजा स्वयं कर लेता है तो उसके बदले वह प्रजावर्ग की सब तरह से रक्षा करता है । इस सिद्धान्त की व्याख्या एवं पुष्टि हाब्ज, लाक तथा रूसो के विचारों में विस्तृत रूप में होती है । शान्तिपर्व में मनु तथा पृथ्वी के अन्य लोगों के बीच जो संविदा बनाई गई, उसका उल्लेख मिलता है । संकट-कालीन अवस्था में पृथ्वी के लोगों के कहने पर ब्रह्मा ने मनु को राजा बनने को कहा, किन्तु उन्होंने इनकार कर दिया । तब लोगों ने बहुत आग्रह के साथ कहा कि हम लोग आपको अपने पशुओं तथा बहुमूल्य रत्नों का पचासवाँ भाग तथा अपने अन्न का दसवाँ भाग आपके खजाने की पूर्ति के लिए देंगे, साथ ही कर के रूप में विवाह के योग्य अपनी कन्याओं में से एक सुन्दरतम कन्या आपको देंगे । इसके अलावा आपके राज्य में किए गए यज्ञों के फल के चौथाई भाग आपको प्राप्त होंगे । और इन सबके बदले आप हमलोगों की रक्षा करें ! इस प्रकार लोगों के कहने पर मनु ने राजा होना स्वीकार किया । यद्यपि मनु और संसार के लोगों के बीच संविदा बनाई गई परन्तु उसका ऐसा रूप नहीं था जैसा हम आधुनिक विचारों में पाते हैं । आधुनिक संविदा के सिद्धान्त में आग्रह का प्रश्न नहीं होता, प्रश्न होता है अपने-अपने अधिकार का, जिसकी वजह से संविदा टूट जाती है जब कोई एक दल या व्यक्ति संविदा के खिलाफ काम करता है । लेकिन शान्तिपर्व में संविदा के लिए एकांगी आग्रह किया गया है जिससे लगता है कि राजा की ओर से संविदा के खिलाफ कोई काम होने पर भी जनता शायद आवाज न उठाती ।

राज्य के अंग :—

आधुनिक राजनीतिशास्त्रज्ञों के अनुसार किसी भी राज्य के प्रमुख चार अंग होते हैं :—१—आबादी (Population), २—देश या भूमि (Territory), ३—सरकार (Government) तथा ४—सत्ताधिकारी या राजा (Sovereign or king) । इस संबंध में शान्तिपर्व में दो प्रकार के विचार मिलते हैं । भीष्म के अनुसार राज्य के सात अंग होते हैं :—१—राजा, २—मंत्री, ३—मित्र एवं सहायक, ४—खजाना (Treasury),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५ देश या भूमि (Territory), ६--दुर्ग (Fort) तथा ७ सैनिक (Army)[1] दूसरा मत सुलाभा का है। इनके अनुसार भी राज्य के सात ही अंग होते हैं किन्तु इनके द्वारा बताए गए सात अंग भीष्म के द्वारा बताए गए अंगों से कुछ भिन्न हैं, मित्र, मंत्री, शहर, राष्ट्र, दण्ड, खजाना तथा राजा। ध्यान पूर्वक देखने पर ऐसा लगता है कि उन दोनों के ही विचारों में कुछ न कुछ कमी रह गई है। भीष्म ने 'दण्ड' को छोड़ दिया ह जो किसी भी राज्य का एक आवश्यक अंग माना जा सकता है तथा सुलाभा ने 'सेना' को राज्य के अंगों में स्थान नहीं दिया है जिसके बिना राज्य की रक्षा असम्भव कही जा सकती है। इन अंगों में से हम कुछ का वर्णन प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे।

राजा :—

राज्य के सभी अंगों में राजा का स्थान प्रमुख माना गया है। अतः कर्मानुसार राजा को भिन्न नामों से सम्बोधित किया गया है[2]। जैसे 'राजा' इसलिए कहा जाता है कि वह अपनी प्रजा को रंजित करता है अर्थात् सुख प्रदान करता है, वह 'क्षत्रिय' कहा जाता है क्योंकि ब्राह्मणों की रक्षा करता है; उसे 'ऐन्द्र' कहते हैं क्योंकि इन्द्र के समान बलवान होता है। इस प्रकार राजा विभिन्न समयों में विभिन्न रूपों को धारण करता है[3]। राजा को उसके कर्मानुसार दैवी शक्तियों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया तथा उसके शास्त्रोक्त कर्त्तव्यों को प्रधानता दी गई है। राजा के इन कर्त्तव्यों के दो प्रकार दिखाए गए हैं, १—वे कर्त्तव्य, जो राज्य की सामान्य स्थिति में करना राजा के लिए आवश्यक है, तथा २—वे कर्त्तव्य, जो असामान्य स्थिति में उसके द्वारा किए जाते हैं।

राज्य की सामान्य अवस्था में राजा के कर्त्तव्यः—

जब देश में सुख, शान्ति व्याप्त हो तो राजा के लिए निम्न कार्य उचित बताए गए है—(क) वह सभी जीवों की रक्षा करे, (ख) धन संग्रह करे किन्तु उस प्रकार करे जिस प्रकार लोग जंगल से फूल चुनते हैं, (ग) शत्रुओं के बीच फूट डालकर उनके लोगों को अपने में मिलाने की कोशिश करे तथा बिना किसी सूचना के उन पर चढ़ाई कर दे, (घ) वर्षाकाल में युद्ध न करे तथा अपने को महल में छिपाए रखे, जैसे मोर आधी रात में अपने को एकान्त स्थान में छिपाए रहते हैं, (ङ) अपनी रक्षा करते हुए भलीभाँति राज्य का पालन-पोषण करे तथा राज्य की उन्नति के लिए यथोचित प्रयास करे, (च) प्रिय वचनों के द्वारा समझा-बुझाकर दूसरों के मन में अपने प्रति विश्वास पैदा करे, समय आते

---

[1] शान्तिपर्व, अ० ५७, श्लोक ५

[2] वही अ० ३२०, श्लोक, १५६

[3] शान्तिपर्व, अध्याय ६०, श्लोक २०।

[4] करुणे पंचरूपाणि कालयुक्तानि यः सदा।
भवत्यग्निस्तथाऽऽदित्यो मृत्युर्वैश्रवणोयमः
शा० प०, अ० ६८।४१

[5] वही, अध्याय १२०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शक्ति का भी प्रदर्शन करे तथा बुद्धि के आधार पर उचित कर्त्तव्य निश्चित करे, (छ) राजा अपने को तथा अपने प्रजावर्ग को शास्त्रोक्त कर्मों में लगाए, (ज) विनम्र, विद्वान तथा वीर पुरुषों की नियुक्ति करे तथा नीच लोगों को शीघ्रातिशीघ्र हटा दे एवं (झ) जो व्यक्ति सभी विषयों के ज्ञाता हों उन्हें मंत्री के रूप में नियुक्त कर ले तथा उनकी सुरक्षा करे। इन कार्यों के अलावा ब्राह्मणों को खुश रखना भी राजा का सनातन कर्त्तव्य माना गया है।

राज्य की असामान्य अवस्था में राजा के कर्त्तव्य :—

किसी भी राज्य की अवस्था असामान्य समझी जाती है जब कि उस पर आपत्ति आ जाती है, यानी उस पर शत्रु चढ़ जाते हैं, खजाना घट जाता है, सेना नष्ट हो जाती है, मंत्री सही सलाह नहीं देते तथा जिस वक्त किसी राज्य पर वह चढ़ाई करता है, ठीक उसी समय कोई अन्य बलशाली राज्य उस पर भी चढ़ाई कर देता है आदि। इस आपत्तिकाल में एक राजा के लिए क्या करना उचित है इस संबंध में युधिष्ठिर को समझाते हुए भीष्म ने कहा है कि खजाना नष्ट हो जाने पर राजा बलहीन हो जाता है, अतः जिस प्रकार जल-विहीन स्थान पर भी जमीन खोदकर आदमी जल निकाल लेता है उसी प्रकार राजा संकट काल में अपनी जनता से धन संग्रह करके कोष की वृद्धि करे और आपत्ति हट जाने पर इस धन से प्रजा की भलाई करे, यह धर्म सनातन काल से मान्य है। धन संग्रह कर लेने पर जीवन निर्वाह का साधन जो धर्म से भी बड़ा है, प्राप्त हो जाता है। संकट काल में अधर्म भी धर्म समझा जाता है, किन्तु कुछ अन्य विचारकों के मतानुसार आपत्तिकाल में भी धर्म के विपरीत कर्म करने से अधर्म के फल की ही प्राप्ति होती है। आपत्ति के समय खास तौर से राजा और प्रजा का सहयोग महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। राजा को अपनी सारी सम्पत्ति और बल लगाकर प्रजा को संकट से मुक्त करना चाहिए साथ ही प्रजा को भी चाहिए कि वह सब तरह से राजा की सहायता करे।

राजा के इन दोनों प्रकार के कर्त्तव्यों में करीब-करीब सभी बातें उचित प्रतीत होती हैं किन्तु एक बात ऐसी नज़र आती है जहाँ प्रश्न उठ सकता है कि ब्राह्मण को ही प्रसन्न रखना राजा के लिए एक कर्त्तव्य क्यों बताया गया है? इस तरह का प्रश्न हमारे मन में इसलिए उठता है, और उठना स्वाभाविक भी है, क्योंकि आजकल के ब्राह्मण और अन्य जातियों में हमें कोई विशेष अन्तर नहीं दीख पड़ता। साथ ही इस समय का जो जाति विचार है वह वैसा ही नहीं है जैसा पहले था। प्राचीन काल के ब्राह्मण विद्या, बुद्धि एवं सच्चरित्रता के प्रतीक समझे जाते थे। वे केवल ब्राह्मण जाति में जन्म लेने ही से ब्राह्मण नहीं होते थे बल्कि उनमें अच्छे-अच्छे गुण भी पाए जाते थे जो उन्हें साधारण लोगों की कोटि से ऊपर उठा देते थे। अतः यहाँ पर ब्राह्मण को प्रसन्न रखने का तात्पर्य है विद्वान, बुद्धिमान तथा सच्चरित्र व्यक्ति को प्रसन्न रखना, उसका आदर करना।

मंत्री :—

शान्तिपर्व में मंत्री और मंत्रालय के विषय में भी हमें एक अच्छी जानकारी प्राप्त होती है। आज की तरह उस समय भी एक राज्य में बहुत से मंत्री होते थे जो राज्य के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलग-अलग विभागों की देख-रेख करते थे। इसका ज्वलन्त प्रमाण हम उस समय पाते हैं जब युधिष्ठिर का राज्याभिषेक होता है[1]। राजगद्दी पर बैठने के बाद युधिष्ठिर ने भीम को युवराज बनाया। इसके बाद उन्होंने छः मंत्रियों की नियुक्ति की जिनके निम्नलिखित नाम और काम थे—

(१) विदुर—मंत्रणा, कर्तव्यनिश्चय तथा छः गुणों (सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव तथा समाश्रय) से संबंधित कार्य।

(२) संजय—आय-व्यय तथा अन्य आवश्यक हुए और न हुए कार्यों का ख्याल करना।

(३) नकुल—सेना की गणना, उसे भोजन एवं वेतन देना तथा सब तरह से देख-भाल करना।

(४) अर्जुन—शत्रुओं पर चढ़ाई करना तथा दुष्टों का दमन करना।

(५) धौम्य—ब्राह्मणों एवं देवताओं से सम्बन्धित कार्य।

(६) सहदेव—राजा की व्यक्तिगत रक्षा तथा राजा के साथ रहना।

युधिष्ठिर की मंत्री-परिषद बहुत ही संगठित एवं सुदृढ़ थी इसमें संदेह नहीं, कारण उनके सभी मंत्री अपने समय के इने-गिने धीर, वीर, विद्यावान एवं बुद्धिमान पुरुषों में से थे। फिर भी उनमें से अधिकतर एक ही परिवार के थे, इस संबंध में आधुनिक वातावरण में पले हुए लोगों के मन में कुछ हिचकिचाहट पैदा हो सकती है कि ऐसा होना कहाँ तक सही था[1] किन्तु उस समय राजतन्त्र की प्रधानता थी जिसमें वंश एवं वंशज का ध्यान खास तौर से रखा जाता था। अतः मंत्रि-परिषद में राजघराने के अधिक लोगों का होना समयानुकूल था। लेकिन, ऐसी भी मंत्रि-परिषद की चर्चा मिलती है जिसमें हर वर्णों के लोग लिए जाते थे तथा उन सबकी संख्या निर्धारित थी। भीष्म ने कहा है कि राजा के मंत्रि-परिषद में चार ब्राह्मण, जो वेदविद्या के विद्वान, निर्भीक, हर तरह से शुद्ध तथा स्नातक हों, आठ क्षत्रिय, जो बलवान एवं शस्त्रविद्या में निपुण हों, इक्कीस वैश्य, जो काफी सम्पन्न हो, तीन शूद्र, जो सच्चरित्र एवं विनम्र हों तथा एक सूत, जो आठ गुणों से सम्पन्न, पुराण-विद्या का ज्ञाता हो तथा उसकी उम्र पच्चास साल की हो, होने चाहिए। अर्थात् मंत्रियों की संख्या सैंतीस होनी चाहिए किन्तु दूसरी जगह पर भीष्म ने ही कहा है कि किसी भी राज्य की मंत्रि परिषद में मंत्रियों की संख्या कम से कम तीन होनी चाहिए। इसका मतलब यह हुआ कि मंत्रियों की संख्या कम से कम तीन और ज्यादे से ज्यादे सैंतीस होनी चाहिए।

दुर्ग एवं सेना—

शान्तिपर्व (अ० ८६) में छः प्रकार के दुर्ग बतलाए गए हैं–१–धन्व दुर्ग–जिसके चारो तरफ बालू का घेरा हो, २—मही दुर्ग–जो समतल जमीन के अन्दर बना हो, जिसे तहखाना भी कहते हैं, ३—गिरि दुर्ग—जो पर्वतमालाओं से घिरा हो तथा पर्वत शिखर पर बना हो, ४—मनुष्य दुर्ग–यानी फौजी किला, ५—जल दुर्ग जिस किले के चारों तरफ पानी हो तथा

[1] शान्तिपर्व, अध्याय, ४१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६—वन दुर्ग—जो काँटेदार जंगलों से घिरा हो; ऐसा विचार भीष्म का है। सेना संबंधी जानकारी हमें वृहस्पति तथा इन्द्र के संवाद में प्राप्त होती है। वृहस्पति ने कहा है कि सेना के छः अंग होते हैं— हाथी, घोड़ा, रथ, पैदल, कोश और धनी वैश्य। इन छः अंगों में चार हाथी, घोड़ा, रथ, एवं पैदल सैनिक, की चर्चा स्पष्ट मिलती हैं किन्तु शेष दो के लिए वृहस्पति के शब्दों में हमें कोई सबूत नहीं मिलता, फिर भी कुछ लोगों ने धन और धनी वैश्य को सेना के पाँचवे तथा छठें अंग के रूप में मान लिया है। ऐसा मानना सर्वथा अनुचित नहीं लगता क्योंकि धन के बिना सेना की माँगों की पूर्ति नहीं हो सकती।

राज्य के प्रमुख कार्य—

राज्य के राजा तथा उनके अन्य पदस्थ अधिकारियों आदि के जो कार्य होते हैं उनके मिले-जुले रूप को ही राज्य का कार्य कहते हैं अर्थात् सब मिल कर जो करते हैं उसके परिणामों को हम देखते हैं फिर उससे राज्य के कार्य का अन्दाजा लगाते हैं। इस प्रकार राज्य के निम्नलिखित कार्य होते है—

शान्ति एवं व्यवस्था कायम रखना (Peace and Order)

किसी भी राज्य में शान्ति और शासन तभी कायम रह सकता है जब राजा को या उच्च पदस्थ अधिकारियों को राज्य के विषय में सभी बातों की जानकारी होती रहे तथा उनके संबंध में यथोचित कार्य किए जाएँ। इस संबंध में भीष्म ने ही एक जगह कहा है कि हर नगर में एक ऐसा अधिकारी हो जो सभी कार्यों के विषय में चिन्तन तथा सभी कार्यों का निरीक्षण कर सके। उच्च स्थित नक्षत्र की तरह वह परिभ्रमण करे तथा सभासदों के कार्य की भी जाँच पड़ताल किया करे। रक्षा (Protection)—अन्य राष्ट्रों से अपनी रक्षा करना राज्य का दूसरा कर्त्तव्य है। इस संबंध में राजा के कर्त्तव्यों के विषय में चर्चा करते समय काफी जानकारी हो जाती है।

न्यायः—(Judicial Settlement) —राज्यों में न्यायालयों की स्थापना होती है जिसका काम अपराधियों को यथोचित सजा देना होता है। शान्तिपर्व में न्याय के संबंध में बहुत ही ईमानदारी बरतने का सिद्धान्त प्राप्त होता है। खासतौर से गणराज्य के नागरिकों के विषय में, जैसा कि हम आगे देखेंगे, ऐसा कहा गया है कि वे अपने भाइयों और पुत्रों को अपराधी होने पर भी सजा देते हैं। इसका ज्वलन्त उदाहरण हमें शंख और लिखित दो भाइयों की कहानी में मिलता (अ० ८७) है। एक बार लिखित ने बिना पूछ-ताछ किए शंख के बागीचे से कुछ फल तोड़ लिए जिसकी वजह से शंख ने उसे उचित दण्ड प्राप्त करने के लिए राजा के पास भेजा और वह दण्डित हुआ।

अधिकार निश्चय (Fixation of Right) —राज्य का कर्त्तव्य होता है कि वह प्रजावर्ग के अधिकार का निश्चय करे अन्यथा आपसी मतभेद होन की सम्भावना रहती है। इस संबंध में व्यास ने ऐसा कहा है[1] कि पुत्र नहीं रहने पर पिता की सम्पत्ति का अधिकार पुत्री को मिल सकता है।

[1] शान्तिपर्व, अ० ३३, श्लोक ४५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद्यपि राज्य के कार्य संबंधी विचार विभिन्न व्यक्तियों के द्वारा विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किए गए हैं, किन्तु ये सभी युधिष्ठिर के समक्ष उपस्थित किए गए हैं, ताकि वे समझ सकें कि राज्य या राजा के लिए क्या करना श्रेयष्कर है।

सरकार का स्वरूप—हर राज्य में एक ही तरह की सरकार हो, यह जरूरी नहीं; समय और परिस्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों की विभिन्न प्रकार की सरकारें होती हैं। शान्तिपर्व में वर्णित सरकार के स्वरूप पर विचार करते समय समाज या राष्ट्र की दो स्थितियों की ओर ध्यान जाता है, १—राज्य निर्माण से पूर्व की अवस्था तथा २—राज्य निर्माण के बाद की अवस्था। राज्य निर्माण से पूर्व की अवस्था में भी दो रूप मिलते हैं, एक शान्तिपूर्ण अवस्था जिसमें लोग सुख-समृद्धि के साथ शान्तिपूर्ण जीवन यापन करते थे तथा दूसरी अवस्था जो बाद में आई, जिसमें समाज में अनाचार और अत्याचार का प्रसार था, इस बादवाली अवस्था को आधुनिक राजनैतिक भाषा में अराजकता की स्थिति (State of Anarchism) कह सकते हैं। इस स्थिति के विषय में हम लोगों ने थोड़ा बहुत जान लिया है फिर भी भीष्म का मत जान लेना श्रेयष्कर होगा। भीष्म ने कहा है कि सर्वप्रथम एक राष्ट्र को चाहिए कि वह अपना राजा बनाए अन्यथा नृपविहीन राज्य में (खास तौर से अराजकता की स्थित में) कमजोर को मजबूत लूट लेता है, एक दूसरे की सम्पत्ति हड़प लेना चाहता है। अतः व्यक्ति को वहाँ नहीं रहना चाहिए जहाँ राजा न हों, कारण उस देश में अग्नि भी अपनी आहुति नहीं लेती अर्थात् अग्नि जैसी बलशाली वस्तु जो जिसे चाहे जलाकर राख कर दे, ठीक से अपना धर्म निभा नही पाती।

राज्य निर्माण के बाद की स्थिति का अध्ययन करने से दो प्रकार की सरकारों की जानकारी होती है १—राजतंत्र (Monarchism) और २—गणतंत्र (Republicanism)।

राजतंत्र—वेद में राजतंत्र सरकार की चर्चा मिलती है साथ ही राजा, महाराजा एवं सम्राट आदि शब्दों के प्रयोग भी मिलते हैं। जैसा कि डा० अलटेकर ने लिखा है प्राचीन काल में राजा लोग अपनी-अपनी शक्ति एवं समृद्धि के अनुसार राजा, महाराजा तथा सम्राट आदि पदवियों से अलंकृत होते थे। ये तीनों शब्द क्रमशः शक्ति की अधिकता के सूचक थे। किन्तु शान्तिपर्व में हम ऐसा नहीं पाते क्योंकि एक ही युधिष्ठिर को नृपसत्तम्, राजन्, महीपति, महाराज एवं भूपाल आदि शब्दों के द्वारा सम्बोधित किया गया है। इसमें राजा के अधिकार को वंशगत बताया गया है और इसी वजह से इच्छा रहते हुए भी युधिष्ठिर को राज्यभार ग्रहण करने को मजबूर किया गया है। जहाँ तक राज्य सत्ता की बात है राज्य की सभी शक्तियों पर राजा का ही अधिकार था। यद्यपि राजा की सहायता के लिए कुछ मंत्री भी रखे जाते थे किन्तु उन्हें नियुक्त करना तथा बर्खास्त करना राजा के हाथ की बात थी[1]।

---

[1] संक्रुद्धश्चैकदा स्वामी स्थानाच्चैवापकर्षति।
वाचाक्षिपति संरंब्धःपुनः पश्चात् प्रसीदति ॥३२॥ अ० ८३, शा० प०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गणतंत्र—

इस प्रकार की सरकार में राज्यसत्ता किसी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं अपितु कुछ वैसे व्यक्तियों के हाथ में होती है जो राष्ट्र के विभिन्न भागों से निर्वाचित होकर आते हैं, और राष्ट्र के लिए कायदे कानून बनाते हैं। इसमें जनसमूह की प्रधानता होती है किसी एक व्यक्ति की नहीं। पाणिनि ने गण, युग, संघ एवं "व्राट" आदि शब्दों का प्रयोग किया है[1] जिसमें खासतौर से गण और संघ के प्रयोग उसी अर्थ में हुए हैं जिस अर्थ में हम अंग्रेजी के यूनियन (Union) शब्द का प्रयोग करते हैं। शान्तिपर्व में 'जनपद', 'संघ' एवं 'गण' आदि शब्दों के प्रयोग मिलते हैं जिनमें 'जनपद'[2] शब्द का प्रयोग 'संघ' के अर्थ में हुआ है किन्तु इसके संबंध में कोई विस्तृत वर्णन नहीं मिलता। संघ और गण के विषय में भीष्म ने विस्तार से वर्णन किया है। वन्दोपाध्याय ने अपनी पुस्तक में लिखा है[3] कि प्राचीन काल में यादव, मालव, शिव, औद्मराज, वृष्णि, वातधान, माध्यमकेय, तृगरतस एवं अम्वष्ट आदि बहुत से गण थे जो विभिन्न कुलों और गोत्रों के संगठित रूप थे और उन्हीं कुलों के निर्वाचित व्यक्तियों के द्वारा शासित होते थे। शान्तिपर्व में यादवगण का वर्णन प्राप्त होता है जो यादव, कुकुर, भोज, अन्धक एवं वृष्णि आदि कुलों के मिलने से वना था और उसके प्रधान श्री कृष्ण थे [4]।

युधिष्ठिर के द्वारा गणराज्य संबंधी प्रश्न पूछे जाने पर भीष्म ने अपना मत प्रकट किया है कि गणों, कुलों एवं राजाओं में फूट पैदा करने वाले दो कारण हैं, लोभ और अमर्ष। आपस में फूट हो जाने से गणराज्य नष्ट हो जाते हैं क्योंकि भेद की अवस्था में शत्रुओं को बहुत प्रकार की सहूलियत मिलती है और वे अनायास चढ़ बैठते हैं। अतः गणराज्य में एकता आवश्यक है। ज्ञान-वृद्ध लोग गणराज्य के नागरिकों की प्रशंसा करते हैं क्योंकि उन लोगों (गणराज्य के नागरिक) के मन में एक दूसरे के प्रति कुभावना नहीं होती, वे लोग आपस में किसी को धोखा देना नहीं चाहते, वे एक दूसरे की सेवा करते हैं और सुख के साथ रहते हैं। गणराज्य के नागरिक अपने भाइयों और पुत्रों को भी सजा देते हैं यदि वे कुमार्गगामी बनते हैं। वे अच्छी शिक्षा का प्रचार करते हैं तथा शिक्षित व्यक्तियों को अपनाते हैं, आदर करते हैं। गणराज्य के सभी नागरिक गुप्त मंत्रणा सुनने

---

[1] पाणिनि ३, ३, १२७
,, ४, ३, ५२
,, ५, २, ८६

[2] पौरजनपदा यस्मिन विश्वासं धर्मसोगतः ।४६। शा० प०, अ० ८३

[3] Bandopadhyaya, N. C; Development of Hindu Polity and Political Sciences, Part I, p. 201

[4] भेदाद् विनाशः संघानां संयमुख्योऽसि केशव ।
यथा त्वां प्राप्य नोत्सीदेयं संघस्तथा कुरु ।।२५।।
यादवांकुकुरा भोजाः सर्वे चान्यकृष्णयः ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अधिकारी नहीं होते। मंत्रणा जानने तथा गुप्तचरों की नियुक्ति करने के अधिकार मुख्य-मुख्य व्यक्तियों को प्राप्त होते हैं[1]।

शान्तिपर्व के गणराज्य और वर्तमान युग के गणराज्य में बहुत कुछ समता दिखाई पड़ती हैं। आधुनिक काल में गणराज्य के नागरिकों को जिस प्रकार बहुत से अधिकार प्राप्त होते हुए भी कुछ ऐसे अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है जो निर्वाचित एवं उच्च-पदस्थ व्यक्तियों को मिलते हैं; वैसे ही शान्तिपर्व में भी गणराज्य के नागरिकों को गुप्त बातें सुनने से वंचित रखने का विचार है तथा वह अधिकार मुख्य लोगों को देने की सलाह है। जहाँ तक न्याय की बात है, इस संबंध में पक्षपात सभी के लिए वर्जित है जिसे आज भी हम सिद्धान्ततः मान चुके हैं भलें ही व्यवहार में इसका रूप हमें स्पष्ट नजर न आता हो।

नियम—शान्तिपर्व के राजधर्म में तीन प्रकार के नियमों के उल्लेख प्राप्त होते हैं, १—सैन्य संचालन की नीति (Code of War), २—कर संबंधी नियम (Law of Taxation) एवं अन्तर्राष्ट्रीय नियम (International Law) सैन्य संचालन की नीति—इस संबंध में भीष्म ने विचार व्यक्त किया है कि युद्ध की सब तरह से तैयारी हो जाने पर चैत्र या मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को युद्ध के लिए प्रस्थान करना चाहिए। गुप्तचरों की बहाली होनी चाहिए जो जंगलों से गुजरते हुए सैनिक का पथ प्रदर्शन करें। पैदल सैनिक को सबसे आगे रहना चाहिए। सेना को उस स्थान पर आराम करना चाहिए जो शत्रुओं के आक्रमण से सुरक्षित हो, जहाँ से शत्रुओं पर आसानी से चढ़ाई की जा सके तथा जरूरत पड़ने पर जहाँ से भागना भी सुगम हो। उन लोगों पर आघात नहीं करना चाहिए जो शस्त्र और कवच उतार दिए हैं, जो युद्धस्थल से बाहर जा रहे हों, जो घूम-फिर रहे हों, जो खा-पी रहे हों, जो बहुत घबड़ाए हुए हों, पागल हों, घायल हों, दुर्बल हों, निश्चिन्त होकर बैठे हों, किसी अन्य काम में लगे हों, लिख रहे हों, पीड़ित हों, दूर से सैनिकों के लिए सामान लाने का काम कर रहे हों तथा जो छावनी की ओर भागे जा रहे हों। वीरता से लड़कर शत्रु की सेना को तितर-बितर कर देने की तथा अपनी सेना को संगठित रखने की क्षमता रखनेवाले व्यक्तियों को दुगना वेतन मिलना चाहिए। सैनिकों में नायक नियुक्त करने में योग्यता का ख्याल रखना अति आवश्यक है। योग्यता के आधार पर ही किसी को दस सैनिकों का, किसी को सौ सैनिकों का तो किसी को एक हजार सैनिकों का नायक बनाना चाहिए। राजा को चाहिए कि प्रमुख योद्धाओं को एकत्रित करके प्रतिज्ञा करवाए कि प्राण रहते वे एक दूसरे को छोड़ेंगे नहीं बल्कि रक्षा करेंगे।

---

[1] त्वय्यय सक्ताः महाबाहो लोका लोकेश्वराश्च ये ॥२९॥
उपासने हि त्वद्बुद्धिमृषयश्चापि माधवः।
शा० प०, अ० ८१

शा० प०, अ० १०७, श्लोक १०, २४
पूर्व अध्याय देखे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर संबन्धी नियम

किसी भी राज्य का आधार उसका कोष होता है और कर को कोष का श्रोत समझा जाता है। सरकार प्रजावर्ग से कर न ले तो द्रव्याभाव में उसके सारे कार्य रुक जाएँ। अतः यह परमावश्यक है कि राज्य अपनी जनता से कर वसूल करे किन्तु कोई-कोई राज्य इसके लिए कठिन नियम बनाते हैं और काफी सख्ती से काम लेते हैं और कोई कोई राज्य इस संबंध में विनम्रता और चतुराई को अपनाते हैं। शान्ति पर्व (अ० ८८) में कहा गया है कि राजाओं को विनम्रता से पैसे प्रजावर्ग से लेने चाहिए जिस प्रकार भौंरा धीरे-धीरे फूल से पराग लेता है किन्तु फूल के पौधे को काटता नहीं, तथा जिस प्रकार बछड़े को कोई तकलीफ दिए बिना और थन को कुचले बिना गाय को दुहा जाता है। साथ ही उसे चतुराई का भी उपयोग करना चाहिए जैसे जोंक दूसरे के शरीर से खून चूसती है तथा बाघिन अपने बच्चों को बिना कष्ट दिए हुए अपने दाँत से पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। अर्थात् पैसे वसूल करने से प्रजा को कोई तकलीफ न हो। यदि राजा को कर बढ़ाने की आवश्यकता हो तो एक बार ही अधिक कर न लाद दे बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाए। कोई कर्मचारी उचित कर से अधिक वसूल करता है तो वह दण्डनीय समझा जाना चाहिए। कर संबंधी औचित्य को प्रधानता देने के लिए ऐसा भी कहा गया है कि राजा किसी भी व्यापारी पर कर बाँधने के पहले उसके माल की खरीद-बिक्री, माल मँगाने का खर्च, नौकरों के वेतन, बचत तथा योग-क्षेम आदि पर विचार कर ले। किसी शिल्पी पर कर बाँधने के लिए राजा को उसके शिल्प की उत्तम-मध्यम श्रेणियों पर तथा माल की तैयारी एवं खपत पर दृष्टि डालनी चाहिए। इस प्रकार हर किसी की हैसियत को ध्यान में रखते हुए उस पर कर बाँधना श्रेयष्कर समझा गया है। इन सबके आधार पर यह निर्धारित किया गया है (अ० २४, श्लोक १२) कि राजा को किसी से भी उसकी आय का छठाँ भाग कर के रूप में लेना चाहिए। किन्तु, मनु को राजा बनाने के समय प्रजावर्ग के साथ जो संविदा बनी है उसमें जनता अपने जानवरों और बहुमूल्य रत्नों का पचासवाँ भाग, और अन्न का दसवाँ भाग तथा विवाह योग्य कन्याओं में से एक सुन्दरतम कन्या कर के रूप में देने को तैयार है। इस संबंध में ऐसा कहा जा सकता है कि जिस वक्त वह संविदा बनी देश की अवस्था असामान्य थी और लोग बहुत ही संतप्त थे। अतः व्याकुल होकर जल्द से अपनी आपत्ति हटाने के लिए ऐसा किया होगा। शान्तिपूर्ण अवस्था के लिए सिर्फ आय का छठा भाग ही कर के रूप में देना उचित लगता है।

अन्तर्राष्ट्रीय नियम—

जिस प्रकार एक व्यक्ति को सुखमय जीवन यापन करने के लिए अपने समाज के लोगों से सम्बन्ध रखना पड़ता है, उसी प्रकार एक राष्ट्र को दूसरे राष्ट्र से संबंध रखना पड़ता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे एक दूसरे की मदद कर सकें। यह संबंध मनमाना नहीं होता बल्कि इसके कुछ नियम होते हैं जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय नियम कहते हैं। आधुनिक युग में संसार के बहुत से राष्ट्रों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) बनाया जिसका काम राष्ट्रों के आपसी-मतभेद को मिटाना है। यद्यपि शान्तिपर्व में ऐसे संघ का उल्लेख हमें नहीं मिलता, फिर भी बहुत से नियम ऐसे मिलते हैं जो एक से अधिक राष्ट्रों से संबंध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रखते हैं। भीष्म ने कहा है (८५।२६) कि किसी भी हालत में राजदूत की हत्या नहीं करनी चाहिए, और यह कि इस नियम की अवहेलना करने वाला व्यक्ति अपने मंत्रियों तथा पूर्वजों सहित नरक में जाता है। इसके अलावा वामदेव के कथन में ऐसा पाया जाता है (अ० ९३।६) कि पराजित राजा यदि विजेता का पहले उपकार किए हो तो बाद में कुछ अपकार करने के बावजूद भी उसे कष्ट नहीं देना चाहिए, ऐसा न करने से क्षत्रिय-धर्म की अवहेलना होती है। यद्यपि इन नियमों का संबंध नरक और कर्त्तव्य से जोड़कर उन्हें धार्मिक एवं सामाजिक बन्धनों के अन्दर ला दिया गया है फिर भी इन सबकी सार्थकता राष्ट्रों के आपसी मेल को कायम रखने में ही उपयोगी सिद्ध होती है। अतः इन्हें हम धार्मिक और सामाजिक नियम न कहकर अन्तर्राष्ट्रीय नियम ही कहेंगे।

ये बातें विभिन्न लोगों द्वारा कही गई हैं और विभिन्न समयों से संबंध रखती हैं। हम ऐसा नहीं कह सकते कि ये सारी बातें युधिष्ठिर तथा उनके समाज या राज्य के साथ लागू थीं, किन्तु ऐसा भी मानने में हमें कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि ऊपर कथित बातें युधिष्ठिर के समाज के लोगों को मालूम थीं और इन सबकी अच्छाई-बुराई से भी वे परिचित थे तथा सभी गुण-अवगुण को ध्यान में रखते हुए काम करने का प्रयास करते थे। धार्मिकता तथा नैतिकता का बोलबाला था अतः कोई भी काम इन दोनों से अलग रह कर नहीं किया जा सकता था। इसीलिए राजदूत को मारने वाले को दूसरे राष्ट्र का शत्रु न बताकर नरक का भागी बताया गया है। इन सब बातों से शान्तिपर्व का राजधर्म बहुत ही ठोस और सुदृढ़ प्रतीत होता है जिससे निश्चित होता है कि इससे संबंधित राष्ट्र एक बहुत ही विकसित, सुव्यवस्थित एवं समृद्ध राष्ट्र रहा होगा।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SOME SUGGESTIONS FOR THE EDUCATION OF THE GIFTED IN INDIA

KM. K. BOKIL
Teacher's Training College

The problem of the education of the gifted children attracts the attention of educators for various reasons. For one, in our country at present, there appears to be a big gap between the demand and supply of talented and trained leadership in every field of national life—political, economic, industrial, educational and social. Every successor to former leader somehow appears to be less qualified, both by ability and training, than the person he replaces. This may be partly due to our lack of appreciation of our contemporaries but there must also be some truth in this observation. Secondly, vast new opportunities have opened up during the last ten years. With the withdrawal of the British from India, many positions formerly occupied by them are now being filled up by the Indians. In addition to this, big strides are being taken in industrializing the country and in starting services to improve the lot of common man. Trained men are needed to operate these. Social barriers of caste are falling and new resources in talent are opening up. But many children lack the advantages of rich environment which middle class can offer. It is therefore necessary to pick up these youngsters and give them the experiences which will stimulate their growth.

In the over crowded school, it is the average child that the teacher has in view irrespective of whether the imaginary average child exists or not. Those who adjust to this average standard go through the school without much difficulty. The exceptional children at both ends shift for themselves. They may be a problem to their parents but not much of a problem to their teachers except perhaps as an individual needing disciplinary action. Many conscientious teachers try to do the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

best of their job but very often the name of their school and the personal happiness that good work brings to them is their primary concern and not any basic philosophy about the need to meet the challenge of the unique personality of the child.

Many children leave school because they find the curriculum too boring. Among our old literary figures we can list many who could not pass the high school examination, the list being headed by no less a person than Nobel Prize winner Ravindra Nath Tagore. This situation needs to be corrected.

Present Position

The problem of the gifted child in school is being met by double promotions. Among the educated parents there has been a craze to get the boys through high school at as early an age as possible. This led to various undesirable practices, pressure on children and the instances of kids entering college at fourteen or fifteen was not uncommon. But they lack the maturity which comes with age and hence lower age limit for college entrance was fixed. The implications of this step have not been taken into consideration but this will bring to the forefront the problem of the gifted in school with greater emphasis. Gifted children of the economically handicapped families are neglected.

The Government is aware of the last problem and gives some financial help to deserving students. Besides this, the special schools which were formerly run by the princes exclusively for their children are being thrown open to others. Every year different states, select about ten to fifteen boys for admission to these schools and the parents pay for the education of their children only in proportion to their income. But this is only a drop in the ocean. Also, at times, many parents from middle class families hesitate to send their children to these schools lest they get into the habits and ways of thinking of the old aristocratic families which may make adjustments to their families nd social group difficult.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Many school authorities find it convenient to group children on the basis of achievement. But this is more a matter of administrative convenience than any basic concept that leads to the separation of better learners.

There are some private schools started by social workers and enlightened educators with the idea of meeting the needs of the individual child. Here, the gifted get a scope to express their talents. But very often they turn out to be young men who are polished gentlemen with alround education but fail to achieve much academic success at the universities. There are some mission schools which do a good job of training the minds of the young. But they are few, are getting fewer and their standards are also falling.

We therefore need a programme that will not remove the talented children from their homes and will meet their needs. This means doing something about them in government schools.

What can be done about the Gifted

Special Schools :

In some countries there are special schools where only the top five to fifteen percent of the children are admitted. Their admission is based on the score on an intelligence test. A very rich and stimulating programme that gives freedom to study independently and secures children's participation in planning their school work is offered.

Many other institutions at different levels do the same. By fixing minimum requirements for admission, these schools, colleges and universities cut off the entrants at the lower end of the scale.

Almost complete segregation in the same school :

This device is often attempted in big schools where children of the same grade are divided into defferent sections on the basis of their ability and the great work proceeds at a rate suitable for that particular group. At times this is accompanied by differences in curricula, brighter sections preparing for university

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

entrance and the less gifted children preparing to take up jobs after attending the high school.

This type of programme makes the work easier for the teacher, he is not required to have a separate plan for each child, children can be more easily challenged, they stimulate one another and make better use of their capacities. When different curricula are offered their needs are met with.

Many educators think that this type of arrangement would make the gifted snobbish and their later social adjustment would be difficult. This has not proved to be so in practice. There is almost equal chance, if not more, of their being snobbish in ordinary classes where they may find themselves very much superior to other children than in special classes. Some conditions in special classes are more favourable to better social adjustment. They are all more or less at the same physiological age and so peer relationship is easier.

But teachers who are left in charge of the lowest ability group find their task very hard. Children do not stimulate one another, and the outlook is gloomy. In high schools the lowest ability group may consist of grown up boys bordering on delinquency, without very healthy attitude towards disciplinary behaviour. When segregation goes to that extreme teacher's task is likely to be difficult. Children do learn much from one another. Class discipline is smoother in mixed groups.

Partial Segregation :

